# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

(2020-2021)

कक्षा : बारहवीं

# भूगोल

<u>मार्गदर्शनः</u>

**श्रीमती मनीषा सक्सेना**

सचिव (शिक्षा)

**श्री बिनय भूषण**

निदेशक (शिक्षा)

**डॉ. सरोज बाला सेन**

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

*समन्वयक:*

**श्रीमती मुक्ता सोनी**
उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा)

**श्री राजकुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**श्री कृष्ण कुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**उत्पादन मंडल**

**अनिल कुमार शर्मा**

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में **प्रभजोत सिंह**, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा **मुद्रक :** सुप्रीम ऑफसेट प्रेस, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

**MANISHA SAXENA**
**IAS**

सत्यमेव जयते

सचिव ( शिक्षा )
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष : 23890187 टेलीफैक्स : 23890119

Secretary (Education)
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187 Telefax : 23890119
e-mail : secyedu@nic.in

## MESSAGE

The importance of adequate practice during examinations can never be overemphasized. I am happy that support material for classes IX to XII has been developed by the Examination Branch of Directorate of Education. This material is the result of immense hard work, co-ordination and cooperation of teachers and group leaders of various schools. The purpose of the support material is to impart ample practice to the students for preparation of examinations. It will enable the students to think analytically & rationally, and test their own capabilities and level of preparation.

The material is based on latest syllabus prepared by the NCERT and adopted by the CBSE for the academic session 2020-21 and covers different levels of difficulty. I expect that Heads of Schools and Teachers will enable and motivate students to utilize this material during zero periods, extra classes and regular classes best to their advantage.

I would like to compliment the team of Examination Branch for their diligent efforts of which made it possible to accomplish this work in time. I also take this opportunity to convey my best wishes to all the students for success in their endeavours.

(Manisha Saxena)

**BINAY BHUSHAN, IAS**

सत्यमेव जयते

**Director**
Education & Sports
Govt. of NCT of Delhi
Old Secretariat, Delhi- 110054
Tel.: 23890172, Fax : 23890355
E-mail : diredu@nic.in
Website : www.edudel.nic.in

**D.O. No.**

**Date : 03-10-19**

Dear Students,

Directorate of Education is committed to providing qualitative and best education to all its students. The Directorate is continuously engaged in the endeavor to make available the best study material for uplifting the standard of its students and schools.

Every year, the expert faculty of Directorate reviews and updates Support Material. The expert faculty of different subjects incorporates the changes in the material as per the latest amendments made by CBSE to make its students familiar with new approaches and methods so that students do well in the examination.

The book in your hand is the outcome of continuous and consistent efforts of senior teachers of the Directorate. They have prepared and developed this material especially for you. A huge amount of money and time has been spent on it in order to make you updated for annual examination.

Last, but not the least, this is the perfect time for you to build the foundation of your future. I have full faith in you and the capabilities of your teachers. Please make the fullest and best use of this Support Material.

**BINAY BHUSHAN**
**DIRECTOR (EDUCATION)**

**Dr. (Mrs.) Saroj Bala Sain**
Addl. Director of Education
(School / Exam / EVGB/IEB/ VOC.)

सत्यमेव जयते

Govt. of NCT of Delhi
Directorate of Education
Old Secretariat, Delhi-110054
Tel.: 23890023, 23890093
D.O. No. PA/Addl.DE(Sch)/86
Date : 03-10-2019

I am very much pleased to forward the Support Material for classes IX to XII. Every year, the Support Material of most of the subjects is updated/revised as per the most recent changes made by CBSE. The team of subject experts, officers of Exam Branch, members of Core Academic Unit and teachers from various schools of Directorate has made it possible to make available unsurpassed material to students.

Consistence use of Support Material by the students and teachers will make the year long journey seamless and enjoyable. The main purpose to provide the Support Material for the students of government schools of Directorate is not only to help them to avoid purchasing of expensive material available in the market but also to keep them updated and well prepared for exam. The Support Material has always been a ready to use material, which is matchless and most appropriate.

I would like to congratulate all the Team Members for their tireless, unremitting and valuable contributions and wish all the best to teachers and students.

S. Sain

**(Dr. Saroj Bala Sain)**
**Addl.DE (School/Exam)**

# शिक्षा निदेशालय

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**


# सहायक सामग्री

(2020-2021)

# भूगोल

कक्षा : बारहवीं

**( हिन्दी माध्यम )**

**निःशुल्क वितरण हेतु**

---


**दिल्ली पाठ्य-पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित**

# SUPPORT MATERIAL
# 2020-2021

## SUBJECT : Geography
## CLASS-XII

## Reviewed and prepared by :-


**Group Leader**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | O.P. OJHA (Vice Principal) | | GBSSS, No. 1<br>Ghonda, Delhi |
| | | School Id | (1104006) |

**Subject Expert**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | DR. ANIL KUMAR SHARMA<br>(Lecturer Geography) | | GMSBV. GT<br>Road, Shahadra<br>Delh - 32 |
| | | School Id | (1105001) |
| 2. | GEETA DALAL<br>(Lecturer Geography) | | **GSKV No.2, NARELA**<br>Delhi - 40 |
| | | School Id | (1310170) |
| 3. | BHAWNA JAIN<br>(Lecturer Geography) | | **GGSSS, KHAJOORI KHAS**<br>Delhi - |
| | | School Id | (1104153) |
| 4. | Abrar Ahmed<br>(Lecturer Geography) | | **GBSSS, DDA FLAT PH-II**<br>Kalkaji, New Delhi |
| | | School Id | (1925016) |

# भारत का संविधान

भाग 4क

# नागरिकों के मूल कर्तव्य

**अनुच्छेद 51क**

**मूल कर्तव्य** – भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –

1. संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे।
4. देश की रक्षा करे।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे।
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका निर्माण करे।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन करे।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे।
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे।
11. माता–पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (86वां संशोधन)।

# CONSTITUTION OF INDIA

**Part IV A (Article 51 A)**

# Fundamental Duties

**Fundamental Duties :** It shall be the duty of every citizen of India —

1. to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;
2. to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;
3. to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;
4. to defend the country and render national service when called upon to do so;
5. to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;
6. to value and preserve the rich heritage of our composite culture;
7. to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life, and to have compassion for living creatures.
8. to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;
9. to safeguard public property and to adjure violence;
10. to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement.
11. who is a parent or guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक **(सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य)** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की समता

प्राप्त करने के लिए,

तथा उन **सब में,**

व्यक्ति की गरिमा और **(राष्ट्र की एकता**

**और अखंडता)** सुनिश्चित करने वाली बंधुता

बढ़ाने के लिए

हम दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं।

# THE CONSTITUTION OF INDIA

# PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a **(SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC)** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political,

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship,

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the **(unity an integrity of the Nation)**;

WE DO HEREBY GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

# Geography (Code No. 029)
# Class – XII (2020 - 2021)

One Theory Paper **3 Hours**
**70 Marks**

| | | |
|---|---|---|
| **Part A** | **Fundamental of Physical Geography** | 35 Marks |
| | Unit - 1: Human Geography | 30 |
| | Unit - 2: People | |
| | Unit - 3: Human Activities | |
| | Unit - 4: Transport, Communication and Trade | |
| | Unit - 5: Human Settlements | |
| | Map work | 5 |
| **Part B** | **India-People and Economy** | 35 Marks |
| | Unit - 6: People | |
| | Unit - 7: Human Settlements | |
| | Unit - 8: Resources and Development | |
| | Unit - 9: Transport, Communication and International Trade | 30 |
| | Unit - 10: Geographical Perspective on selected issues and problems | |
| | Map Work | 5 |
| **Part C** | **Practical Work** | 30 Marks |
| | Unit 1: Processing of Data and Thematic Mapping | 15 |
| | Unit 2: Field study or Spatial Information Technology | 10 |
| | Unit 3: Practical Record Book and Viva Voce | 5 |

# Geography (Code No. 029)
# Class – XII

**Part-A Fundamentals of Human Geography 90 Periods 35 Marks**

**Unit 1: Human Geography: Nature and Scope 05 Periods**

**Unit 2: People 18 Periods**

- Population-distribution, density and growth
- Population change-spartial patterns and structure; determinants of population change;
- Age-sex ratio; rural-urban composition;
- Human development - concepts; selected Indicators, international comparisons

**Unit 3: Human Activities 28 Periods**

- Primary activities - concepts and changing trends; gathering, pastoral, mining, subsistence agriculture, modern agriculture; people engaged in agriculture and allied activities - some examples from selected countries.
- Secondary activities-concept; manufacturing: types - household, small scale, large scale; agro based and mineral based industries; people engaged in secondary activities - some examples from selected countries.

- Tertiary activities-concept; trade, transport and tourism; services; people engaged in tertiary activities - some examples from selected countries. • Quatenary activities-concept; people engaged in quatenary activities case study from selected countries.

**Unit 4: Transport, Communication and Trade** **24 Periods**

- Land transport - roads, railways; trans-continental railways.
- Water transport- inland waterways; major ocean routes.
- Air transport- Intercontinental air routes.
- Oil and gas pipelines.
- Satellite communication and cyber space- Importance and usage for geographical information; use of GPS.
- International trade-Bases and changing patterns; ports as gateways of international trade, role of WTO in International trade.
- Ocean: National rights and international treaties.

**Unit 5: Human Settlements** **10 Periods**

- Settlement types - rural and urban; morphology of cities (case study); distribution of mega cities; problems of human settlements in developing countries.

Map Work on identification of features based on 1-5 units on the outline/Physical/Political map of World. **05 Periods**

**Part B. India: People and Economy** **90 Periods**

**Unit 6: People** **15 Periods**

- Population: distribution, density and growth; composition of population - linguistic, religious; sex, rural-urban and occupational-regions variations in growth of population.
- Migration: international, national-causes and consequences.
- Human development: selected indicators and regional patterns.
- Population, environment and development

**Unit 7: Human Settlements** **10 Periods**

- Rural settlements - types and distribution
- Urban settlements - types, distribution and functional classification.

**Unit 8: Resources and Development** **30 Periods**

- Land resources- general land use; agricultural land use, Geographical conditions and distribution of major crops (Wheat, Rice, Tea, Coffee, Cotton, Jute, Sugarcane and Rubber), agricultural development and problems.
- Water resources-availability and utilization-irrigation, domestic, industrial and other uses; scarcity of water and conservation methods-rain water harvesting and watershed management.
- Mineral and energy resources- distribution of metallic (Iron ore, Copper, Bauxite, Manganese); non-metallic (Mica, Salt) minerals; conventional (Coal, Petroleum, Natural gas and Hydroelectricity) and non-conventional energy sources (solar, wind, biogas) and conservation.

- Industries - types, factors of industrial location; distribution and changing pattern of selected industries-iron and steel, cotton textiles, sugar, petrochemicals, and knowledge based industries; impact of liberalization, privatization and globalization on industrial location; industrial clusters.
- Planning in India- target group area planning (case study); idea of sustainable development (case study).

**Unit 9: Transport, Communication and International Trade 15 Periods**

- Transport and communication-roads, railways, waterways and airways: oil and gas pipelines; Geographical information and communication networks.
- International trade- changing pattern of India's foreign trade; sea ports and their hinterland and airports.

**Unit 10: Geographical Perspective on Selected Issues and Problems**

**15 Periods**

- Environmental pollution; urban-waste disposal.
- Urbanisation, rural-urban migration; problems of slums.
- Land degradation.

**Map work on locating and labeling of features based on above units on outline map of India. 05 Marks**

**Part-C Practical Work 40 Periods**

**Unit 1: Processing of Data and Thematic Mapping 25 Periods**

- Type and Sources of data: Primary, Secondary and other sources.
- Tabulating and processing of data; calculailtion of averages, measures of central tendency, deviation and rank correlation.
- Representation of data- construction of diagrams: bars, circles and flowchart; thematic maps; construction of dot; choropleth and isopleth maps.
- Data analysis and generation of diagrams, graphs and other visual diagrams using computers.

**Unit 2: Field Study or Spatial Information Technology 15 Periods**

Field visit and study: map orientation, observation and preparation of sketch; survey on any one of the local concerns; pollution, ground water changes, land use and land-use changes, poverty, energy issues, soil degradation, impact of floods and drought, catchment area of school, Market survey and Household survey (any one topic of local concern may be taken up for the study; observation and questionnaire survey may be adopted for the data collection; collected data may be tabulated and analysed with diagrams and maps). Students can be given different topics to get more insight into various problems of society.

**OR**

**Spatial information Technology**

Introduction to GIS; hardware requirements and software modules; data formats; raster and vector data, data inputs, editing and topology building; data analysis; overlay and buffer.

**Prescribed Books:**

1. Fundamentals of Physical Geography, Class XI, Published by NCERT
2. India, Physical Environment, Class XI, Published by NCERT
3. Practical Work in Geography, Class XI, Published by NCERT
4. Fundamentals of Human Geography, Class XII, Published by NCERT
5. India - People and Economy, Class XII, Published by NCERT
6. Practical Work in Geography, Class XII, Published by NCERT

Note: The above textbooks are also available in Hindi medium.

**1. Weightage to content (Chapter nos. of NCERT textbooks are given against unit within brackets)**

**Part A: Fundamentals of Human Geography (Text Book-1) 35 Marks**

| Part A | Fundamental of Human Geography | 35 Marks |
|---|---|---|
| | Unit 1: Human Geography (Ch-1) | 30 |
| | Unit 2: People (Ch-2 to 4) | |
| | Unit 3: Human Activities (Ch-5 to 7) | |
| | Unit 4: Transport, Communication and Trade (Ch-8 and 9) | |
| | Unit 5: Human Settelments (Ch-10) | |
| | Map work world map (for identification only relating to Units 1 to 5) | 5 |
| | **Total** | 35 |

**2. Weightage to content (Chapter nos. of NCERT textbooks are given against unit within brackets)**

**Part B: India People and Economy (Textbook II) 35 Marks**

| Part B | India-People and Economy | 35 Marks |
|---|---|---|
| | Unit 6: People (Ch- 1-3) | 30 |
| | Unit 7: Human Settlements (Ch -4) | |
| | Unit 8: Resources and Development (Ch - 5 - 9) | |
| | Unit 9: Transport, Communication and International Trade(Ch.10 -11) | |
| | Unit 10: Geographical perspective on selected issues and problems (Ch-12) | |
| | Map work | 05 |
| | Total | 35 |
| | Grand Total | 70 |

**Note: Value Based Question from any Unit 1-10**

**III. Weightage to Difficulty Level**

| Estimated Difficulty Level | | Percentage |
|---|---|---|
| (i) | Easy (E) | 20% |
| (ii) | Average (AV) | 60% |
| (iii) | Difficult (D) | 20% |

Scheme of Option : No internal Choice for blind students.

**Fundamental of Human Geography**
**Textbook I (NCERT)**
**Map items for Identification only on the outline political map of the world.**

| | | |
|---|---|---|
| Unit-1 | Ch.-1 | Nil |
| Unit-2 | Ch. 2 to 4 | 1 A large country in each continent in terms of area. |
| Unit-3 | Ch. 5 to 7 | 1 Areas of subsistence gathering. |
| | Primary Activities. | 2 Major areas of nomadic herding of the world. |
| | | 3 Major areas of commercial livestock rearing. |
| | | 4 Major areas of extensive commercial grain faming. |
| | | 5 Major areas of mixed farming of the World. |
| | | 6 Major areas of mediterranean agriculture of the World. |
| | Secondary Activities | 1 Ruhr region, Silicon Valley, Appalachian region, Great lakes region. |
| Unit - 4 | Ch. 8 to 9 | 2 Transcontinental Railways: Terminal Stations of transcontinental railways- Trans siberian, Trans Canadian, Tran Australian Railways |
| | | 3 Major Sea Ports :<br>Europe: North Cape, London, Hamburg<br>North America: Vancouver, San Francisco, New Orleans<br>South America: Rio De Janeiro, Colon, Valparaiso Africa: Suez, Durban and Cape Town Asia: Yokohama, Shanghai, Hongkong, Aden, Karachi, Kolkata<br>Australia: Perth, Sydney, Melbourne |
| | | 4. Inland Waterways: Suez canal, Panama canal, Rhine waterway and St. Lawrence Seaway |
| | | 5. Major Airports:<br>Asia: Tokyo, Beijing, Mumbai, Jedda, Aden<br>Africa : Johannesburg & Nairobi<br>Europe: Moscow, London, Paris, Berlin, and Rome<br>North America: Chicago, New Orleans, Mexico City<br>South America: Buenos Aires, Santiago<br>Australia: Darwin and Wellington |
| Unit - 5 | Ch. 10 | Mega cities of the world - Tokyo, Delhi, Shanghai, Mumbai, Saopaulo |

**Indian - People and Economy**
**Textbook II (NCERT)**
**Map 2 tems for locating and labelling only on the outline political map of India**

Units - 6 & 7 Ch. 1 to 4

- State with high level of urbanization and low level of urbanization
- One state with high level of HDI Et One with low level of HDI
- State with higher level of pop pressure on land Et one state lower level of pop pressure on land.
- One out - migrating state
- One in - migrating State
- Any city with more than 10 million population - Greated Mumbai, Delhi, Kolkata, Chennai, Bengaluru.

Unit - 8 Ch. 5 to 9

Leading producing states of the following crops:

(a) Rice, (b) Wheat, (c)IJowar, (d) Cotton, (e) Jute,

(f) Sugarcane, (g) Tea, and (h) Coffee

**Mines:**

- Iron-ore mines: Mayurbhanj, Bailadila, Ratnagiri, Bellary.
- Manganese mines: Balaghat, Shimoga.
- Copper mines: Hazaribagh, Singhbhum, Khetari.
- Bauxite mines: Katni, Bilaspur and Koraput
- Coal mines: Jharia, Bokaro, Raniganj, Neyveli.
- Oil Refineries: Mathura, Jamnagar, BaroniIndustries.

**Iron and Steel Plants:** Bhadravati, Bhilai, Bokaro, Durgapur, Rourkela and Jameshedpur.

**Cotton Textile:** Surat, Gwalior, Varanasi, Murshidabad, Solapur and Coimbatore.

**Software Technology Parks:** Gandhinagar, Shrinagar, Noida, Indore, Hyderabad, Bengaluru and Major Industrial region

Unit - 9 Ch. 10 - 11

Transport:

(i) Important tower on North South Corridor, East West Corridor & Golden Quadrilateral.

(ii) Major Sea Ports: Kandla, Mumbai, Marmagao, Kochi, Ennore, Tuticorin, Chennai, Vishakhapatnam, Paradwip, Haldia.

(iii) International Air ports: Ahmedabad, Mumbai, Bangalore, Chennai, Kolkata, Guwahati, Delhi, Amritsar, Panaji, Kochi, Thiruvanantpuram and Hyderabad

Unit - 10 Ch. 12

NIL

## भाग : क
## मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त


| अध्याय | विषय | पृष्ठ स० |
|---|---|---|
| अध्याय 1 | मानव भूगोल : प्रकृति एंव विषय क्षेत्र | 03 |
| अध्याय 2 | विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि | 13 |
| अध्याय 3 | जनसंख्या संघटन | 26 |
| अध्याय 4 | मानव विकास | 40 |
| अध्याय 5 | प्राथमिक क्रियाएँ | 49 |
| अध्याय 6 | द्वितीयक क्रियाएँ | 63 |
| अध्याय 7 | तृतीयक एवं चतुर्थ क्रियाकलाप | 74 |
| अध्याय 8 | परिवहन एवं संचार | 84 |
| अध्याय 9 | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार | 96 |
| अध्याय 10 | मानव बस्तियाँ | 106 |

# भाग : क

# मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त

# अध्याय–1

# मानव भूगोल : प्रकृति एंव विषय क्षेत्र

अवधारणा मानचित्र–1

## भूगोल
पृथ्वी का मानव आवास के रूप में अध्ययन

### भौतिक भूगोल
विभिन्न प्रदेशों के भौतिक पर्यावरण का अध्ययन

### "मानव भूगोल
भौतिक पर्यावरण और मानव जगत के अन्तर्सम्बंधों का अध्ययन

#### मानव भूगाल की प्रकृति
- मानव भूगोल मानव केन्द्रित विज्ञान है।
- मानव भूगोल मानव पारिस्थितिकी है।
- मानव भूगोल के तत्व पार्थिव एकता से संबंधित हैं।
- मानव भूगोल सामाजिक विज्ञान है।
- मानव भूगोल क्षेत्रीय भिन्नताओं पर आधारित है।

#### मानव भूगोल का विषय क्षेत्र
- जनसंख्या एंव क्षमता का अध्ययन
- प्रदेश संसाधनों के उपयोग व नियोजन का अध्ययन
- सांस्कृतिक वातावरण का अध्ययन
- वातावरण समायोजन का अध्ययन
- वातावरण समायोजन का कालिक अनुक्रमण

#### अध्ययन के उपागम
- पारिस्थितिकीय उपागम
- क्षेत्रीय उपागम
- व्यवहार परक उपागम
- कल्याणपरक उपागम
- तन्त्र उपागम

# अवधारणा मानचित्र–II






## एक अंक वाले प्रश्न/अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है। ''मानव भूगोल की यह परिभाषा किस भूगोल वेत्ता द्वारा दी गई है?**

उत्तरः रैटजेल

**प्रश्न 2. मनुष्य ने रहने के लिये घर बनाया, नदी पार करने के लिये पुल बनाया मनुष्य के इन प्रयासों को हम मानव भूगोल की किस विचारधारा के अन्तर्गत रख सकते हैं।**

उत्तर : संभावना वाद या संभव वाद।

**प्रश्न 3. प्राकृतिक पर्यावरण से अन्योन्यक्रिया की आरंभिक अवस्था में मानव प्राकृतिक पर्यावरण से अत्याधिक प्रभावित हुआ उसने प्रकृति के आदेशों के अनुसार अपने आप को ढाल लिया मानव के सामाजिक विकास की इस अवस्था को किस नाम से जाना जाता है।**

उत्तर : पर्यावरणीय निश्चयवाद

**प्रश्न 4. नवनिश्चयवाद अथवा रूको और जाओ निश्चयवाद की संकल्पना किस भूगोलवेता द्वारा प्रस्तुत की गई।**

उत्तर : आस्ट्रेलियाई भूगोलवेता ग्रिफिथ टेलर

**प्रश्न 5. उपनिवेश युग में अन्वेषणों को गति मिली इससे मानव भूगोल के अध्ययन में क्या मदद मिली ?**

उत्तर : 1) विश्व के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित हुआ।

2) विभिन्न प्रदेशों के संसाधनों का ज्ञान हुआ और पहुँच बनी।

**प्रश्न 6. राजनीतिक भूगोल के दो उपक्षेत्र कौन से हैं ?**

उत्तर : निर्वाचन भूगोल व सैन्य भूगोल।

**प्रश्न 7. भूगोल में द्वैतवाद बौद्धिक अध्ययन का महत्वपूर्ण विषय रहा है। परन्तु अंततः प्रकृति एंव मानव के बीच वैध द्वैधता नही है। क्यों कारण स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : क्योंकि प्रकृति और मानव अविभाज्य तत्व है, इन्हें समग्रता में ही देखना उचित है।

## तीन अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 8. मानव भूगोल की परिभाषा दीजिए एंव इसके प्रमुख अध्ययन क्षेत्र बतायें।**

उत्तर : भौगोलिक वातावरण तथा मानवीय क्रियाओं के अर्न्तसंबंधों तथा विभिन्नताओं का अध्ययन ही मानव भूगोल है। रैटजल के अनुसार – "मानव भूगोल मानव समाजों तथा धरातल के बीच सम्बन्धों का संश्लेषित अध्ययन हैं।"

मानव भूगोल के प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित है :–

(क) सांस्कृतिक भूगोल (ख) सामाजिक भूगोल

(ग) नगरीय भूगोल (घ) जनसंख्या भूगोल

(ड़) राजनीतिक भूगोल (च) आवास भूगोल

(छ) आर्थिक भूगोल

**प्रश्न 9. ''भौतिक भूगोल और मानव भूगोल के तत्वों के मध्य परस्पर अन्योन्यक्रिया होती है। 'इस कथन को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। (बोर्ड परीक्षा 2014)**

उ. भौतिक भूगोल और मानव भूगोल के तत्वों के मध्य परस्पर अन्योन्यक्रिया होती है। भौतिक भूगोल के विभिन्न लक्षण जैसे भूमि की बनावट, जलवायु, मिट्टी, पदार्थ जल तथा वनस्पति मनुष्य के रहन – सहन तथा आर्थिक सामाजिक क्रियाओं पर प्रभाव डालते हैं। प्रकृति मनुष्य के कार्य एंव जीवन को निश्चित करती हैं मानव जीवन को निश्चित करती है। मानव जीवन प्राकृतिक साधनों पर ही आधारित है उन्हीं प्राकृतिक साधनों द्वारा मानव के रोजगार फसल चक्र परिवहन के साधन आदि सभी प्रभावित होते हैं। प्रकृति मानव विकास के भरपूर अवसर प्रदान करती है और मानव इन अवसरों का उपयोग विकास के लिए करता है।

**प्रश्न 10. प्रकृति और मनुष्य आपस में इतनी जटिलता से जुडे हुए हैं कि उन्हे एक दूसरे से अलग नही किया जा सकता है। ''कथन को प्रमाणित कीजिए।**

उत्तर : प्रकृति और मनुष्य आपस में जटिलता से जुड़े है।

1. प्रकृति और मानव को एक दूसरे से अलग नही किया जा सकता।
2. आपसी अन्योन्य क्रिया द्वारा मनुष्य ने प्राकृतिक पर्यावरण में सामाजिक और सांस्कृतिक पर्यावरण की रचना की है।
3. भौतिक और मानवीय परिघटनाओं का वर्णन प्राय रूपकों के रूप में किया जाता है जैसे पृथ्वी के रूप, तूफान की आंख, नदी का मुख आदि।

**प्रश्न 11. मानव भूगोल के अध्ययन की विषय वस्तु क्या है किन्ही तीन तथ्यों की व्याख्या कीजिए ?**

उत्तरः मानव भूगोल के अध्ययन की विषय वस्तु के तीन महत्व पूर्ण तथ्य निम्न है।

1) भौतिक पर्यावरण व मानव जगत के बीच अन्योन्यक्रिया द्वारा निर्मित सांस्कृतिक वातावरण का अध्ययन।

2) पृथ्वी को मानव के घर के रूप में समझना और उन सभी तत्वों का अध्ययन करना जिन्होनें मानव को पोषित किया है।

3) धरातल पर रहने वाले समस्त मानवीय जगत एंव उसकी क्षमता का अध्ययन करना।

**प्रश्न 12. पर्यावरण निश्चयवाद के विचार को उपयुक्त उदाहरणो सहित स्पष्ट कीजिए**

**अथवा**

**प्रश्न अपनी प्रारभिक अवस्था में मानववाद प्रकृति से अत्यधिक प्रभावित हुआ। इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर : 1) प्राकृतिक पर्यावरण से अन्योन्य क्रिया की आरंभिक अवस्था में मानव की प्रौद्योगिक ज्ञान का स्तर अत्यन्त निम्न था उस समय सामाजिक विकास की अवस्था भी आदिम थी

2) इस अवस्था में प्रकृति के समक्ष मानव निष्किय था प्रकृति के अनुसार ही मानव ही मानव स्वयं को ढालता था।

3) इस अवस्था में मानव प्रकृति की सुनता था उसकी प्रचण्डता से भयभीत होता था मानव प्रकृति की पूजा करता था।

4) इस अवस्था में मानव ने अपने आप को प्रकृति के द्वारा दी गई सुविधाओं के अनुसार ढाल लिया था इस सामंजस्य को पर्यावरण निश्चयवाद कहा है।

**प्रश्न 13. ''प्रकृति अवसर प्रदान करती है और मानव उसका उपयोग करता है इस प्रकार धीरे – धीरे प्रकृति का मानवीकरण हो जाता है। '' मानव भूगोल की इस विचारधारा को किस नाम से जाना जाता है इसकी दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए ?**

उत्तर : 1) मानव भूगोल की इस विचारधारा को संभववाद के नाम से जाना जाता है।

2) समय के साथ मानव बेहतर तकनीक विकसित कर लेता है और पर्यावरण से प्राप्त संसाधनों के द्वारा संभावनाओं को जन्म देता है।

3) इस अवस्था में मानवीय क्रियाएँ सांस्कृतिक भू पृष्ठ का निर्माण करती है। और मानवीय क्रियाओं की छाप चारों और नजर आती है।

**प्रश्न 14. ''नव निश्चयवाद संकल्पनात्मक ढंग से एक संतुलन बनाने का प्रयास करता है। '' स्पष्ट कीजिए ?**

**अथवा**

**''नव निश्चयवाद .... टेलर की देन है जो दो विचारधाराओं के मध्य सतुंलन बनाने का प्रयास है'' । स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**प्रश्न नव निश्चयवाद की कोई तीन विशेषताएँ बताइए।**

उत्तर : इस विचारधारा के जनक ग्रिफिथ टेलर महोदय है।

1. यह विचारधारा पर्यावरणीय निश्चयवाद और सम्भावनावाद के बीच के मार्ग को प्रस्तुत करती है।
2. यह पर्यावरण को नुकसान किये बगैर समस्याओं को सुलझाने पर बल देती है।
3. पर्यावरणीय निश्चयवाद के अनुसार मनुष्य न तो प्रकृति पर पूरी तरह निर्भर हो कर रह सकता और न ही प्रकृति से स्वतन्त्र रह कर जी सकता है
4. प्रकृति पर विजय पाने के लिये प्रकृति के ही नियमों का पालन करना एंव उसे विनाश से बचाना होगा।
5. प्राकृतिक देनों का प्रयोग करते हुये प्रकृति की सीमाओं का ख्याल रखना चाहिये। उदाहरणार्थ औद्योगीकरण करते हुये जंगलों को नष्ट होने से बचाना। खनन करते समय अति दोहन से बचाना।

**प्रश्न 15. मानव भूगोल की मानवतावादी विचारधारा से क्या आशय है ?**

उत्तर : 1) मानवतावादी विचारधारा से आशय मानव भूगोल के अध्ययन को मानव के कल्याण एवं सामाजिक चेतना के विभिन्न पक्षों से जोड़ना था।

2) इसका उदय 1970 के दशक में हुआ।

3) इसके अन्तर्गत आवास, स्वास्थय एंव शिक्षा जैसे पक्षों पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

4) यह मनुष्य की केन्द्रीय एवं क्रियाशील भूमिका पर बल देता हैं।

5) प्रादेशिक असमानतायें, निर्धनता, अभाव जैसे विषयों के कारण एवं निवारण पर ध्यानाकर्षित करता है

## पाँच अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 16. प्रौद्योगिकी के विकास के लिए प्रकृति का ज्ञान किस प्रकार महत्वपूर्ण है ? उपयुक्त उदाहरणों से स्पष्ट करो?**

उत्तर :
1) प्रो़द्योगिकी किसी भी समाज के सांस्कृतिक विकास के स्तर की सूचक हाती है।
2) मानव प्रकृति के नियमों को समझकर ही प्रौद्योगिक का विकास कर सकता है। जैसे घर्षण व ऊष्मा की सोच ने आग की खोज में सहायता की।
3) डी.एन.ए. तथा आनुवांशिकी की रहस्यों ने अनेक बीमारियों पर विजय पाने में सहायता की।
4) वायु की गति के नियमों के प्रयोग से अधिक तीव्र गति से चलने वाले वायुयान विकसित किए गए।
5) प्रकृति के ज्ञान के आधार पर ही सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण होता है।

**प्रश्न 17. ''प्रकृति पर मानव प्रयासों की छाप स्पष्ट दिखाई देती है।'' उपर्युक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : प्रकृति अवसर प्रदान करती है और मानव उनका उपयोग करता है। धीरे–धीरे प्रकृति का मानवीकरण हो जाता है तथा प्रकृति पर मानव प्रयासों की छाप पड़ने लगती है जैसे –

- तरंगित पहाड़ियों में चरागाहों का उपयोग।
- महासागरों का समुद्री मार्ग के रूप में उपयोग।
- उच्च भूमियों पर स्वास्थ्य विश्राम स्थल।
- अन्तरिक्ष में उपग्रह प्रक्षेपण।
- कृषि, नगर, पुलों का निर्माण आदि।

**प्रश्न 18. समय के साथ मानव भूगोल को स्पष्ट करने वाले उपागमों में परिवर्तन आया है। मानव भूगोल के उपगमों में यह गात्यात्मकता विषय की परिवर्तन शील प्रकृति को दर्शाती हैं। इस कथन के संदर्भ में मानव भूगोल के प्रमुख उपागमों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर :
1) पहले विभिन्न समाजों के बीच अन्योन्यक्रिया नगण्य थी और एक दूसरे के विषय में ज्ञान सीमित था
2) संसार के विभिन्न देशों में यात्रा करने वाले यात्री क्षेत्रों के विषय में सूचनाओं का प्रचार किया करते थे।

3) 15 वीं शताब्दी के अन्त में यूरोप में अन्वेषणों के प्रयास शुरू हुए और धीरे – धीरे लोगों व देशों के विषय में मिथक व रहस्य खुलने शुरू हुए।

4) उपनिवेशिक युग में अन्वेषणों को आगे बढाने के लिए गति प्रदान की ताकि प्रदेशों के संसाधनों तक पहुंचा जा सके और उनके विषय में तालिका युक्त सूचनाएँ प्राप्त हो सकें।

5) 1970 के बाद के दशकों में मानव भूगोल में मानवतावादी आमूलवादी और व्यवहारवादी विचारधाराओं का उदय हुआ इनके उदय ने मानव भूगोल को सामाजिक–राजनितिक यथार्थ के प्रति अधिक प्रासंगिक बना दिया।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 19. निम्न में कौन सा मानव भूगोल का उपागम नही हैं**

**1) अन्वेषण और विवरण**

**2) भूगोल मे उदार आधुनिकवाद**

**3) क्षेत्रिय विभेदन**

**4) प्रकृति का मानवीकरण**

उत्तर : 4) प्रकृति का मानवीकरण

**प्रश्न 20. निम्न में किस भूगोल वेता का संबंध संभववाद से है**

**1) रैटजेल 2) विडालडी ला ब्लाश**

**3) एलन सी सेपला 4) इमेनुअलकांट**

उत्तर विडाल डी ला ब्लाश

**प्रश्न 21. निम्न लिखित कथनों का अध्ययन कीजिए तथा दिए गए विकल्पो से उचित विकल्प चुनिए।**

**1) भौतिक भूगोल भौतिक पर्यावरण का अध्ययन करता है।**

**2) मानव भूगोल भौतिक पर्यावरण और मानवीय जगत के बीच संबंधो का अध्ययन है।**

**(A) केवल 1 सही हैं (B) केवल 2 सही है**

**(C) 1 और 2 दोनो सही है (D) दोनो में से कोई सही**

**नही है।**

उत्तर (C) 1 और 2 दोनो सही है

**प्रश्न 22.मानव भूगोल की निम्न परिभाषा का संबंध किस भूगोल वेता से है "मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील संबंधो का अध्ययन है"**

**1) हंटिगटन 2) एलान सी.सेंपल**

**3) विडाल डी ला ब्लाश 4) ग्रिफिथ टेलर**

उत्तर 1) एलन सी सेंपल

**प्रश्न 23.विकास की आरंभिक अवस्था में मानव⁄पकृति सुनता थाउसकी प्रचडता से भयभीत था और उसकी पूजा करता था यह कथन मानव भूगोल की किस विचार धारा का समर्थन करता है।**

**1) निश्चयवाद 2) संभववाद**

**3) नव निश्चयवाद 4) व्यवहार वादी विचारधार**

उत्तर 1) निश्चयवाद

**प्रश्न 24. निम्न में से कौन सी मानव भूगोल की शाखा नही है**

**1) आवास भूगोल 2) जनसंख्या भूगोल**

**3) नगरीय भूगोल 4) समुद्र विज्ञान**

उत्तर 4) समुद्रविज्ञान

**प्रश्न 25.भूगोलवेता ग्रिफिथ टेलर का संबंध किस विचार धारा से है।**

**1) पर्यावरण निश्चयवाद 2) नव निश्चयवाद**

**3) संभववाद 4) प्रत्यक्षवाद**

उत्तर 2) नव निश्यचवाद

**प्रश्न 26.निम्न लिखित कथनो का अध्ययन कीजिए तथा उपयुक्त कथनों में से सही कथन का चुनाव कीजिए**

**या**

**निम्न में कौन सा कथन सही है।**

**1) भूआकृति विज्ञान मानव भूगोल की महत्वपूर्ण शाखा है**

**2) रैटजेल ने नवनिश्चयवाद की विचारधारा का प्रतिपादन किया।**

**3) प्रौद्योगिकी किसी समाज के सांस्कृतिक विकास के स्तर का सूचक होती है।**

**4) मानव द्वारा 'विशाल नगरीय प्रसार' निश्यचवाद का सूचक है।**

उत्तर 3) प्रौद्योगिकी किसी समाज के सांस्कृतिक विकास के स्तर का सूचक होती है।

# अध्याय–2

# विश्व जनसंख्या वितरण घनत्व और वृद्धि

## अवधारणा मानचित्र

### विश्व जनसंख्या

**वितरण**

भूपृष्ठ पर लोग किस प्रकार फैले हैं। इस फैलाव को ही जनसंख्या वितरण कहते़ हैं।

विश्व में जनसंख्या वितरण असमान है केवल 10 प्रतिशत भू–भाग पर विश्व की 90 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है

मात्र 10 देशों में विश्व की 60 प्रतिशत आबादी निवास करती है इनमें 6 देश एशिया में हैं।

चीन और भारत विश्व के दो सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश हैं।

**घनत्व**

$$\text{घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$$

सघन आबाद
- उ.पू. अमेरिका
- द.पू. यूरोप
- द.पू एशिया
- नील नदी की घाटी

विरल आबाद
- ध्रुवीय क्षेत्र
- शीत मरूस्थल
- उष्ण मरूस्थल
- उच्च वर्षा के क्षेत्र

मध्यम आबाद
- द.भारत
- नार्वे स्वीडन
- प. चीन
- पू.. यूरोप

**जनसंख्या परिवर्तन के घटक**

- जन्मदर
- मृत्युदर
- प्रवास

परिवर्तन के प्रमुख घटक है

50 करोड़ से 1 अरब होने में 200 वर्ष का समय लगा परन्तु 5 अरब से 6 अरब होने में मात्र 12 वर्ष का समय लगा

लाइबेरिया, सोमालिया यमन, सऊदी अरब यमन उच्च वृद्धि वाले देश हैं

लैटविया, एस्टोनिया, रूस, आलवानिया, जर्मनी, पुर्तगाल निम्न वृद्धि वाले देश हैं।

**प्रभाव**

संसाधनों का हास व पर्यावरण निम्नीकरण

बीमारियाँ व एड्स जैसे संक्रमण रोग

विकास का अवरूद्ध होना

प्राकृतिक विपदाएँ व युद्ध

**नियन्त्रण**
- परिवार नियोजन सुविधाओं का विस्तार
- शिक्षा का प्रचार–प्रसार

## अतिलुघुउत्तरी प्रश्न (एक अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं ?**

उत्तर : प्रति इकाई क्षेत्रफल पर निवास करने वाले व्यक्तियों की औसत संख्या को जनसंख्या घनत्व कहतें हैं। इसकी गणना निम्न प्रकार की जाती है

$$\text{घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$$

**प्रश्न 2. जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि की गणना कैसे की जाती है ?**

उत्तर : जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि की गणना दिए गए सूत्र द्वारा की जा सकती है। जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि = (जन्म–मृत्यु) + (आप्रवास–उत्प्रवास)

**प्रश्न 3. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का क्या उपयोग है ?**

उत्तर : जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का उपयोग किसी क्षेत्र की जनसंख्या का वर्णन करने तथा भविष्य की जनसंख्या के पूर्वानूमान के लिए किया जा सकता है।

**प्रश्न 4. किसी प्रदेश की मृत्यु दर किस प्रकार प्रभावित होती है ?**

उत्तर : किसी प्रदेश की मृत्यु दर वहाँ की जनांकिकीय संरचना /सामाजिक /सामाजिक उन्नति/ आर्थिक विकास के स्तर द्वारा प्रभावित होती है।

**प्रश्न 5. एशिया की जनसंख्या के सम्बन्ध में जार्ज क्रेसी की टिप्पणी क्या हैं?**

उत्तर : ''एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते है।

**प्रश्न 6. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की प्रथम अवस्था के दो महत्वपूर्ण लक्षण बताइए ?**

उत्तर : उच्च प्रजननशीलता तथा उच्च मर्त्यता।

**प्रश्न 7. विश्व में किस देश की जनसंख्या की वृद्धि दर सर्वाधिक है ?**

उत्तर : लाईबेरिया (8.2 प्रतिशत)

**प्रश्न 8. जनांकिकीय चक्र क्या है?**

उत्तर : जैसे ही समाज ग्रामीण खेतीहर और अशिक़्षित अवस्था से उन्नति करके नगरीय औद्योगिक व साक्षर बनता है वहाँ भी जनसंख्या उच्च जन्मदर व उच्च मृत्युदर से निम्न जन्मदर व निम्न मृत्युदर में परिवर्तित हो जाती है। ये परिवर्तन विभिन्न अवस्थाओं में होते है। इन्हें जनांकिकीय चक्र कहते हैं।

**प्रश्न 9. 'जनसंख्या वितरण' की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर : जनसंख्या वितरण शब्द का अर्थ भूपृष्ठ पर वितरित लोगों के स्वरूप से है।

**प्रश्न 10. जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि कब होती है ?**

उत्तर : जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि तब होती है जब दो समय अन्तरालों के बीच जन्म–दर, मृत्यु–दर से अधिक हो या जब अन्य देशों से लोग स्थायी रूप से उस देश में प्रवास करें।

**प्रश्न 11. ''लोगों की संख्या खाद्य आपूर्ति की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ती है। जिसका परिणाम अकाल, महामारी तथा युद्ध जैसी विपदाओं के रूप में नजर आता है।'' जनसंख्या के विषय में यह विचार किस विद्वान का है।**

उत्तर : थामस माल्थस का

**प्रश्न 12. जनसंख्या की अधिकतर वृद्धि विकासशील विश्व में हो रही है जहाँ जनसंख्या विस्फोट हो रहा है। ऐसा क्यों? कारण बताइए।**

उत्तर : विकासशील विश्व के देशों ने मृत्युदर पर तो काफी हद तक नियन्त्रण कर लिया है परन्तु अभी जन्मदर उच्च बनी हुई है इसलिए इन देशों में अधिकतर जनसंख्या वृद्धि हो रही है।

**प्रश्न 13. माल्थस सिद्धान्त क्या है ?**

उत्तर : थामस माल्थस सिद्धान्त (1893) के अनुसार लोगों की संख्या खाद्य आपूर्ति की अपेक्षा तेजी से बढ़ेगी। जनसंख्या में वृद्धि का परिणाम अकाल, बीमारी तथा युद्ध द्वारा उसमें अचानक गिरावट के रूप में सामने आएगा।

**प्रश्न 14. किसी देश की जनसंख्या का वितरण व घनत्व क्यों महत्वपूर्ण है ?**

उत्तर : जनसंख्या का वितरण व घनत्व उस देश की जनांकिकीय विशेषताओं को समझने में मदद करते हैं।

## तीन अंक वाले प्रश्न (लघुउत्तरीय)

**प्रश्न 15. जनसंख्या वृद्वि दर क्या है? यह कितने प्रकार की होती है? संक्षेप में बताईए। (3 अंक)**

उत्तरः किसी क्षेत्र में निश्चित समयावधि में जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन को जनसंख्या वृद्वि कहते हैं। जब जनसंख्या परिवर्तन को प्रतिशत में व्यक्त किया है उसे जनसंख्या वृद्वि दर कहते हैं। जनसंख्या वृद्वि दर 2 प्रकार की होती हैः–

**(1) जनसंख्या की धनात्मक वृद्वि दर**–किन्ही दो समय अंतरालों के बीच जब जन्म दर, मृत्यु दर से अधिक हो जाती है, तब वह जनसंख्या की

धनात्मक वृद्धि दर कहलाती है।

**(2) जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि दर**—किन्हीं दो समय अंतरालों के बीच जब जन्मदर, मृत्यु दर से कम हो जाती है, तब वह जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि दर कहलाती है।

**प्रश्न 16. प्रवास के प्रमुख अपकर्ष कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : प्रवास के अपकर्ष कारक गंतव्य स्थान को उद्गम स्थान की अपेक्षा अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये कारक निम्न हैं :—

1) काम के बेहतर अवसर
2) रहन—सहन की अच्छी दशाएँ
3) शान्ति व स्थायित्व
4) अनुकूल जलवायु
5) जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा

**प्रश्न 17. प्रवास के प्रमुख प्रतिकर्ष कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : प्रवास के प्रतिकर्ष कारक उद्गम स्थान को उदासीन स्थल बनाते है। इन कारणों की वजह से लोग इस स्थान को छोड़कर चले जाते है। ये प्रमुख कारक निम्न है :—

1) रहन — सहन की निम्न दशाएँ
2) राजनैतिक परिस्थितियाँ
3) प्रतिकूल जलवायु
4) प्राकृतिक विपदाएँ
5) महामारियाँ
6) आर्थिक पिछड़ापन

**प्रश्न 18. जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख घटक निम्न है।

1) **जन्मदर** :— अशोधित जन्म दर को प्रति हजार स्त्रियों द्वारा जन्म दिए गए जीवित बच्चों के रूप में व्यक्त किया जाता है। इसके उच्च होने या निम्न होने का जनसंख्या परिवर्तन से सीधा संबंध है।

2) **मृत्युदर** :— मृत्युदर भी जनसंख्या परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाती है। जनसंख्या वृद्धि केवल बढ़ती जन्मदर से ही नहीं होती अपितु घटती मृत्युदर से भी होती है।

3) **प्रवास** :– प्रवास के द्वारा जनसंख्या के आकार में परिवर्तन होता है इसके अन्तर्गत उद्‌गम स्थान को छोड़कर जाना व गंतव्य स्थान पर आकर बसना दोनों सम्मिलित है। प्रवास स्थायी व मौसमी दोनों प्रकार का हो सकता है। यह जनसंख्या परिवर्तन में योगदान देता है।

**प्रश्न 19. किसी क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि व ह्रास के प्रमुख परिणामों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : किसी देश की जनसंख्या वृद्धि वहाँ के आर्थिक विकास पर धनात्मक व ऋणात्मक दोनो प्रकार का प्रभाव डाल सकती है।

**जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याएँ :–**

1) संसाधनों पर अत्याधिक भार।
2) संसाधनों का तीव्र गति से ह्रास।
3) जनसंख्या के भरण पोषण में कठिनाई।
4) विकास की गति का अवरूद्ध होना।

**जनसंख्या ह्रास के परिणाम :–**

1) संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता।
2) समाज की आधारभूत संरचना स्वयं ही अस्थिर हो जाती है।
3) देश का भविष्य चिंता व निराशा में डूब जाता है।

**प्रश्न 20. विश्व में उच्च जनसंख्या घनत्व वाले प्रमुख क्षेत्रों के नाम बताइए ?**

उत्तर : विश्व में उन स्थानों को जहाँ जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रतिवर्ग कि. मी. से अधिक है सधन आबाद या उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में सम्मिलित करते है। संसार मे ऐसे चार प्रमुख क्षेत्र है।

1) संयुक्त राज्य अमेरिका का उत्तरपूर्वी भाग
2) यूरोप का उत्तर पश्चिमी भाग
3) दक्षिणी एंव दक्षिणी पूर्वी एशिया
4) नील नदी की घाटी

**प्रश्न 21. विज्ञान व प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार जनसंख्या वृद्धि में सहायता की है। तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**जनसंख्या की वृद्धि व नियन्त्रण दोनों परिस्थिति में विज्ञान व प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।**

उत्तर : 1) विज्ञान प्रौद्योगिकी ने कृषि व औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई तथा जनसंख्या में वृद्धि हुई।

2) विज्ञान व प्रौद्योगिकी के बल पर ही भयंकर बीमारियों व संक्रामक रोगों के रोकथाम हुई व मृत्युदर पर नियन्त्रण हुआ।

3) विज्ञान व प्रौद्योगिकी की उन्नति ने लोगों के रहन–सहन की दशाओं में सुधार किया उन्हें आरामदायक बनाया, जिससे जनसंख्या में वृद्धि हुई।

**प्रश्न 22. मानसून एशिया में जनसंख्या के उच्च घनत्व के प्रमुख कारण बताइए।**

उत्तर : इस क्षेत्र में चीन, भारत, बांगलादेश, जापान, सिंगापुर, तथा इण्डोनेशिया व जावा द्वीप प्रमुख है।

- इन क्षेत्रों में मिट्टी उपजाऊ है तथा वर्ष पर्याप्त मात्रा में हो जाती हैं
- अनुकूल दशाओं के कारण चावल की एक वर्ष में दो तीन फसलें उगाई जाती है।
- अधिकतर जनसंख्या कृषि पर आधारित है।
- कहीं–कहीं तो जनसंख्या का घनत्व 400 से 800 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. है।

**प्रश्न 23. जनसंख्या नियन्त्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सरकार क्या तरीके अपना रही है ?**

उत्तर : 1) परिवार नियोजन कार्यक्रमों का विस्तार

2) अच्छे गर्भ निरोधकों का प्रचार व सरलता से उपलब्ध कराना।

3) शिक्षा का प्रसार, विशेषकर स्त्रियों में।

**प्रश्न 24. सघनता के आधार पर विश्व को कितने वर्गों में बाँटों जा सकता है। उदाहरण सहित बताईए। (3 अंक)**

**उत्तर:** सघनता के आधार पर विश्व को मोटे तौर पर 3 वर्गों में बाँटा जा सकता है–

1. 200 व्यक्ति / कि.मी$^2$ / सघन आबाद क्षेत्र :–सयुंक्त राज्य अमेरिका का उत्तर पूर्वी भाग, यूरोप का उत्तर पश्चिम व दक्षिण भाग, दक्षिण, दक्षिण पूर्वी एशिया।
2. 11 से 50 व्यक्ति / कि.मी. / मध्यम घनत्व क्षेत्रः–एशिया में पश्चिम चीन, दक्षिण, यूरोप में नार्वे और स्वीडन।

3. < 1 व्यक्ति / कि.मी$^2$ / विरल प्रदेशः—उत्तर व दक्षिण ध्रुवों के निकट, उष्ण व शीत मरूस्थल, विषुवत रेखा के निकट के क्षेत्र।

**प्रश्न 25. विश्व में जनसंख्या परिवर्तन के स्थानिक प्रतिरूप को समझाये।**

**उत्तरः** विश्व में जनसंख्या परिवर्तन के स्थानिक प्रतिरूप :—

- जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में ऋणात्मक संबंध है। इसी कारक से विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है।
- विश्व में जनसंख्या परिवर्तन की दर बहुत निम्न (1.4%) है, फिर भी जनसंख्या तेज़ी से बढ़ रही है।
- जब निम्न वार्षिक दर बहुत बड़ी जनसंख्या पर लागू होती है तो इससे कुल जनसंख्या में विशाल परिवर्तन होता है।

## पाँच अंको वाले प्रश्न (दीर्घउत्तरीय)

**प्रश्न 26. विश्व में जनसंख्या के वितरण एंव घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।**

**या**

**'विश्व में जनसंख्या का वितरण असमान है। 'इस कथन के संदर्भ में प्रमुख कौन्—से कारक जनसंख्या वितरण को प्रभावित करते हैं?**

उत्तर : विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक निम्न है।

**1. प्राकृतिक कारक**

**(क) उच्चावच** :— पर्वतीय, पठारी अथवा ऊबड़—खाबड़, प्रदेशों में कम लोग रहते हैं जबकि मैदानी क्षेत्रों में लोगों का निवास अधिक होता है क्योंकि इन क्षेत्रों में भूमि उर्वरक होती है और कृषि की जा सकती है। यही कारण है कि नदी घाटियों जैसे गंगा, ब्रह्मपुत्र, हांग—हो आदि की घाटियाँ अधिक घनी बसी है।

**(ख) जलवायु** :— अत्याधिक गर्म या अत्याधिक ठंडे भागों में कम जनसंख्या निवास करती है। ये विरल जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं जैसे मरूस्थल व पहाड़ी क्षेत्र मानसून प्रदेशों में अधिक जनसंख्या निवास करती है — जैसे एशिया के देश।

**(ग) मृदा** :— जनसंख्या के वितरण पर मृदा की उर्वरा शक्ति का बहुत प्रभाव पड़ता है। उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्रों में खाद्यान्न तथा अन्य

फसलें अधिक पैदा की जाती हैं तथा प्रति हैक्टेयर उपज अधिक होती है। इसलिए नदी घाटियों की उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्र अधिक घने बसे हैं।

(घ) **खनिज पदार्थ** :– विषम जलवायु होने पर भी उपयोगी खनिजों की उपलब्धता से लोग वहाँ बसने लगते हैं। उदाहरण के लिए, सऊदी अरब के भीषण गर्मी वाले क्षेत्र में खनिज तेज के मिल जाने से अधिक घने बसे हैं। कालगूर्डी और कूलगर्डी की गर्म जलवायु में सोने की प्राप्ति तथा अलास्का में तेल कुओं की उपलब्धता के कारण वहाँ अधिक लोग रहते हैं।

(ड़) **वनस्पति** :– अधिक घने वनों के कारण भी जनसंख्या अधिक नहीं पाई जाती है लेकिन कोणधारी वनों की आर्थिक उपयोगिता अधिक है। इसलिए लोग उन्हें काटने के लिए वहाँ बसते हैं।

**2) आर्थिक कारक** :–

1) परिवहन का विकास :– परिवहन के साधनों के विकास से लोग दूर के क्षेत्रों से परिवहन के बेहतर साधनों से जुड़ जाते हैं विश्व के सभी परिवहन साधनों से जुड़े क्षेत्र सघन आबाद हैं।

2) नगरीकरण और औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों और नगरीय केन्द्रों की वृद्धि एक उच्च जनसंख्या घनत्व को आकर्षित करती है।

**3) धार्मिक एंव सांस्कृतिक कारक** :–

**1) धार्मिक कारक** :– धार्मिक कारणों से लोग अपने देश छोड़ने को मजबूर हो जाते है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान यहूदियों को यूरोप छोडकर रेगिस्तान क्षेत्र में नया देश इजराइल बसाना पड़ा था। इसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीति के कारण जनसंख्या का वितरण प्रभावित हुआ है।

**2) राजनैतिक कारक** :– किसी देश में गृह युद्ध, अशान्ति आदि के कारण भी जनसंख्या वितरण पर प्रभाव पड़ता है उदाहरण के लिए, फारस की खाड़ी का युद्ध, श्रीलंका में जातीय संघर्ष आदि के कारण जनसंख्या का पलायन हुआ।

**प्रश्न 27. किसी देश की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ने पर वहाँ आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

उत्तर : जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के कारण अनेक प्रकार की आर्थिक और सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है :

1. **भोजन की समस्या** :– तीव्र गति से जनसंख्या की वृद्धि के कारण भोजन पदार्थों की आवश्यकता की पूर्ति कठिन हो जाती है।
2. **आवास की समस्या** :– बढती जनसंख्या के कारण निवास स्थानों की कमी होती जा रही है। लाखों लोग झुग्गी तथा झोपड़ी में निवास करते हैं।
3. **बेरोजगारी** :– जनसंख्या वृद्धि के कारण बेकारी एक गम्भीर समस्या के रूप में उभर कर सामने आई है। आर्थिक विकास कम हो जाने से रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं और बेरोजगारी बढ़ जाती है।
4. **निम्न जीवन स्तर** : अधिक जनसंख्या के कारण प्रति व्यक्ति आय कम हो जाती है इसलिए स्तर गिर जाता है।
5. **जनसंख्या का कृषि पर अधिक दबाव** : बढ़ती जनसंख्या को खाद्यान्नों की पूर्ति करने के लिए कृषि योग्य भूमि पर दबाव बढ़ जाता है।
6. **बचत में कमी** : जनसंख्या वृद्धि के कारण कीमतें बढ़ जाती है तथा बचत कम होती है।
7. **स्वास्थ्य** : नगरों में गन्दगी बढ़ जाती है स्वास्थ्य और सफाई का स्तर नीचे गिर जाता है।

**प्रश्न 28. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत क्या है?**

**जनांकिकीय संक्रमण अवस्थाओं को चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त किसी क्षेत्र की जनसंख्या के वर्णन तथा भविष्य की जनसंख्या के पूर्वानुमान लगाने में मदद करता है। इस सिद्धान्त के अनुसार जैसे–जैसे कोई देश या समाज ग्रामीण खेतीहर और अशिक्षित में उन्नति करके नगरीय औद्योगिक और साक्षर बनता है तो उस समाज में उच्च जन्म व उच्च मृत्युदर से निम्न जन्म व निम्न मृत्युदर की स्थिति आने लगती है ये परिवर्तन विभिन्न अवस्थाओं में होते हैं। इन्हे सामूहिक रूप से जनांकिकीय चक्र कहते हैं। ये अवस्थाएँ निम्न प्रकार हैं:–

**प्रथम अवस्था** : प्रथम अवस्था में उच्च जन्मदर और उच्च मृत्युदर होती

है। जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है और अधिकतम लोग प्राथमिक व्यवसाय में लोग होते हैं। बड़े परिवार संपत्ति माने जाते हैं जीवन प्रत्याशा निम्न होती है।

**द्वितीय अवस्था** : इस अवस्था में आरंभ में उच्च जन्मदर बनी रहती है किन्तु समय के साथ घटती है। इस अवस्था में मृत्युदर घट जाती है। जन्मदर व मृत्युदर में अंतर के कारण जनसंख्या तेजी से बढ़ती है। बाद में घटने लगती है।

**तृतीय अवस्था** :– इस अवस्था में जन्म दर तथा मृत्युदर बहुत कम हो जाती है। लगभग संतुलन की स्थिति होती है। जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है अथवा बहुत कम वृद्धि होती है। इस अवस्था में जनसंख्या शिक्षित हो जाती है तथा तकनीकी ज्ञान के द्वारा विचार पूर्वक परिवार के आकार को नियन्त्रित करती है।




**प्रश्न 29. विश्व में बहुत अधिक क्षेत्रफल पर बहुत कम लोग व बहुत कम क्षेत्र पर बहुत अधिक लोग रहते है। "उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि करो।**

**अथवा**

**''विश्व में जनसंख्या वितरण का प्रतिरूप अपने आप में अनूठा है।'' स्पष्ट करें।**

उत्तर : 1. विश्व की 90% जनसंख्या इसके 10% स्थल पर निवास करती है।

2. संयुक्त राज्य अमेरिका का पूर्वी भाग यूरोप का उत्तरी पश्चिमी भाग, दक्षिणी, दक्षिणी पूर्वी एशिया के क्षेत्र सर्वाधिक घनत्व वाले क्षेत्र है जहां 200 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. से भी अधिक लोग रहते हैं।

3. उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों के निकट, उष्ण व शीत मरूस्थल व अधिक वर्षा वाले स्थानों का जनसंख्या घनत्व 1 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. से भी कम है।

4. उत्तरी गोलार्ध में जनसंख्या अधिक तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में कम है क्योंकि द. गोलार्ध में स्थल भाग कम है।

5. संसार की अधिकांश जनसंख्या $5^0$ उत्तरी अक्षांश से $45^0$ उत्तरी अक्षांश के मध्य ही निवास करती हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न 30. एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते है।" यह कथन किस विद्धान का है।**

**1) जार्ज बी क्रेसी**

**2) माल्थस**

**3) बाल्डो इमरसन**

**4) रैटजेल**

उत्तर : 1) जार्ज बी क्रेसी

**प्रश्न 31. दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**1) जन संख्या वितरण शब्द का अर्थ भूपृष्ठ पर लोग किस प्रकार वितरित है इस बात से लगाया जाता है।**

**2) विश्व की 90% जन संख्या इसके 10% सथल भाग में निवास करती है**

**1) केवल 1 सही है** **2) केवल 2 सही है**

**3) दोनो कथन सही है** **4) दोनो कथन गलत है**

उत्तर 3) दोनो कथन सही है

**प्रश्न 32. निम्न में कौन सा कारण जनसंख्या वितरण को प्रभावित नही करता है।**

**1) जल की उपलब्धता** **2) भू आकृति**

**3) जलवायु** **4) मनोरंजन के साधन**

उत्तर 4) मनोरंजन के साधन

**प्रश्न 33. जब लोग एकस्थान से दूसरे स्थान पर जाते है तो वह स्थान जहाँ से लोग गमन करते हैं कहलाता है।**

**1) गंतव्य स्थान** **2) उदगम स्थान**

**3) अप्रवास** **4) उप्रवास**

उत्तर 2) उदगम स्थान

**प्रश्न 34. मिलान करिए**

**1) अप्रवास** **i) बेरोजगारी**

**2) उत्प्रवास** **ii) रहन सहन की अच्छी दशाएँ**

**3) प्रतिकर्ष कारक** **iii) प्रवासी जो किसीनए स्थान पर जाते है**

**4) अपकर्ष कारक** **iv) प्रवासी जो एक स्थान से बाहर चले जाते है**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| A | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| B | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| C | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| D | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

उत्तर A (iii) (iv) (i) (ii)

**प्रश्न 35. निम्न मैं कौन सा जनसंख्या परिवर्तन का घटक नही है?**

**1) नगरीकरण** **2) जन्म**

**3) मृत्यु** **4) प्रवास**

उत्तर 1) नगरीकरण

**प्रश्न 36.निम्न में से कौन सी दशा जनाकीकीय संक्रमण की अंतिम अवस्था को दर्शाती है**

**1) उच्च प्रजननशीलता उच्च मर्त्यता**

**2) महामारियाँ व भोजन की अनिश्चितता**

**3) जनसंख्या का अशिक्षित होना**

**4) नगरीय जनसंख्या व उच्च तकनीकी ज्ञान**

उत्तर 4) नगरीय जनसंख्या व उच्च तकनीकी ज्ञान

प्रश्न 37. निम्न में कौन सा सुमेलित नही है?

1) जन्म – मृत्यु = जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि

2) जन्म – मृत्यु + आप्रवास – उत्प्रवास = जनसंख्या की वारत्राविक वृद्धि

3) प्रति हजार जनसंख्या के पीछे मृतको की संख्या = जन्म दर

4) जनसंख्या का एकस्थान से दूसरे स्थान पर जाना = प्रवास

# अध्याय–3

# जनसंख्या संघटन

## अवधारणा मानचित्र

### जनसंख्या संघटन

**आयु संरचना**

- 0–14 आयु का वर्ग आश्रित वर्ग
- 15–59 आयु का वर्ग कार्यशील जनसंख्या
- 60 से अधिक आयु का वर्ग वृद्ध जनसंख्या
- आयु लिंग संरचना का विवरण जनसंख्या पिरामिड से मिलता है।

**साक्षरता**

- 7 वर्ष से अधिक आयु का वह व्यक्ति जो समझ के साथ पढ़ लिख सकता है तथा अंकगणितीय परिकलन की योग्यता रखता है वह साक्षर कहलाता है
- साक्षरता देश के सामाजिक व आर्थिक विकास का सूचक होती है।

**लिंग संघटन**

- अनुसंधान व वैचारिक विकास से जुड़े कार्य चतुर्थक क्रियाओं में आते है।
- प्रतिहजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या के अनुपात को लिंग अनुपात कहते हैं
- विश्व की जनसंख्या का औसत लिंग अनुपात 990 स्त्रियां है। (2003 के अनुसार)
- विश्व में लैटविया में उच्चतम लिंग अनुपात (1187) है।
- सबसे कम लिंग अनुपात (468) संयुक्त अरब अमीरात मे है।

**व्यवसायिक संरचना**

- प्राथमिक क्रियाओं में लगे लोग विकासशील देशों में अधिक मिलते है
- विकसित देशों में द्वितीय व तृतीय व्यवसायों में अधिक लोग लगे होते है।

## एक अंक वाले / अति लघु प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1. विश्व में निम्नतम लिंग अनुपात किस देश का है ? इसका एक प्रमुख कारण बताइए ?**

उत्तर : संयुक्त अरब अमीरात (468–1000)। कारण–पुरूष कार्यशील जनसंख्या का चयनित प्रवास।

**प्रश्न 2. विश्व के अधिकांश विकसित देशों में जनसंख्या में बच्चों का अनुपात लगातार घट रहा है। एक कारण दीजिए।**

उत्तर : जन्मदर में लगातार ह्रास का होना।

**प्रश्न 3. विश्व में सबसे अधिक लिंगानुपात किस देश का है ?**

उत्तर : लैटिविया (1187 / 1000)।

**प्रश्न 4. आयु संरचना को जनसंख्या संघटन का एक महत्वपूर्ण सूचक क्यों माना जाता है ? एक कारण दीजिए। (सी.बी.एस.ई. 2016)**

उत्तर : जनसंख्या अनुमान के लिए, विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की संख्या जानने के लिए तथा भविष्य में योजना प्रक्रिया में मदद के लिए।

**प्रश्न 5. ह्रासमान जनसंख्या पिरामिड़ की प्रमुख विशेषता क्या है ?**

उत्तर : जन्म दर व मृत्युदर दोनो ही निम्न है जिसके कारण जनसंख्या वृद्धि ऋणात्मक होती है। जैसे : जापान।

**प्रश्न 6. विस्तारित होती जनसंख्या के पिरामिड की एक प्रमुख विशेषता बताइए।**

उत्तर : उच्च जन्म दर, जिसके कारण निम्न आयुवर्गों में विशाल जनसंख्या पाई जाती है। जैसे : नाइजीरिया, बांग्लादेश व मैक्सिको।

**प्रश्न 7. 'वृद्ध होती जनसंख्या' से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर : जनसंख्या का वृद्ध होना एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे बुजुर्ग जनसंख्या का हिस्सा अनुपात की दृष्टि से बडा हो जाता है। विश्व के अधिकांश देशों में उच्च जीवन प्रत्याशा एवं निम्न जन्मदर के कारण उच्च आयु वर्गों की जनसंख्या बढी है।

**प्रश्न 8. 'आयु–लिंग' पिरामिड / संरचना का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : जनसंख्या की आयु–लिंग संरचना का अभिप्राय विभिन्न आयु वर्गों में स्त्रियों व पुरूषों की संख्या से है। पिरामिड का प्रयोग जनसंख्या की आयुलिंग संरचना को दर्शाने के लिए किया जाता है।

**प्रश्न 9. लिंगानुपात क्या है ? इसका सूत्र लिखिए।**

उत्तर : प्रति हजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या लिंगानुपात कहलाता है।

$$\text{लिंगानुपात :–} \frac{\text{पुरूष जनसंख्या}}{\text{स्त्रियों की जनसंख्या}} \times 1000$$

या प्रति हजार स्त्रियों पर पुरुषों की संख्या

$$\text{लिंगानुपात :–} \frac{\text{स्त्रियों की जनसंख्या}}{\text{पुरूष जनसंख्या}} \times 1000$$

**प्रश्न 10. यूरोप के कुछ देशों में लिंगानुपात स्त्रियों के पक्ष में क्यों पाया जाता है ?**

उत्तर : 1) यूरोप के कुछ देशों में महिलाओं का सामाजिक आर्थिक स्तर बेहतर है।

2) पुरूष जनसंख्या के उत्प्रवास के कारण

## तीन अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 11. जनसंख्या संघटन से आप क्या समझते हैं ?**

उत्तर :

- जनसंख्या संघटन जनसंख्या की उन विशेषताओं को प्रदर्शित करता है जिसमें आयु व लिंग का विशलेषण, निवास का स्थान, जनजातियाँ, भाषा, धर्म, साक्षरता, व्यवसायिक विशेषताएँ आदि का अध्ययन किया जाता है।
- इसके अन्तर्गत ग्रामीण नगरीय संघटन व उनकी विशेषताओं का भी अध्ययन किया जाता है।
- किसी देश के भावी विकास की योजनाओं को बनाने तथा निश्चित करने में जनसंख्या संघटन का महत्वपूर्ण योगदान है।

**प्रश्न 12. विश्व के विभिन्न भागों में आयु–लिंग में असन्तुलन के लिए उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : आयुलिंग असन्तुलन के लिए उत्तरदायी कारक :–

1. **जन्मदर व मृत्युदर**–विकासशील देशों में मृत्यु दर अधिक होने के कारण लिंग अनुपात में असन्तुलन उत्पन्न हो जाता है। पुरुष जन्म स्त्री जन्म से अधिक होता है और समाज में स्त्रियों को गौण समझा जाता है।
2. **प्रवास**–प्रवास के कारण भी उद्‌भव व गन्तव्य दोनों में लिंगानुपात प्रभावित होता है। रोजगार व शिक्षा के कारण पुरुष प्रवास अत्याधिक

होता है।

3. **ग्रामीण व नगरीय जीवन**–गाँव के लोग रोजगार व सुविधाओं के कारण नगरों में जाकर बस जाते हैं जिससे नगरीय जीवन में लिंगानुपात में अन्तर आ जाता है।
4. **सामाजिक आर्थिक स्थिति**–जिन देशों में स्त्रियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति दयनीय है वहाँ भी स्त्रियों की संख्या प्रत्येक आयुवर्ग में पुरुषों की तुलना में कम है।

**प्रश्न 13. 'किसी देश में साक्षर जनसंख्या का अनुपात उसके सामाजिक – आर्थिक विकास का सूचक होता है 'कैसे ? उचित कारकों द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

**या**

**संसार के विभिन्न देशों के बीच साक्षरता दर में बडी असमानता क्यों है ? कारण बताइए।**

उत्तर : साक्षरता दर किसी भी देश की जनसंख्या का गुणात्मक पहलू है और किसी भी देश में साक्षर जनसंख्या का अनुपात उसके सामाजिक व आर्थिक विकास का सूचक होता है क्योंकि साक्षरता दर को निम्नलिखित कारक प्रभावित करते हैं।

- **आर्थिक विकास का स्तर** :– अल्पविकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों में साक्षरता की निम्न दर तथा उन्नत नगरीय अर्थव्यवरूथा वाले देशों में उच्च साक्षरता दर पाई जाती है।
- **नगरीकरण** :– जिन प्रदेशों में जनसंख्या का अधिकांश भाग नगरों में निवास करता है वहाँ साक्षरता दर ऊँची है जैसे यूरोप के देश। लेकिन जिन देशों में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत अधिक है वहां साक्षरता दर निम्न है।
- **महिलाओं की सामाजिक स्थिति** :– कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं में महिलाओं की स्थिति गौण होती है इसलिए महिला साक्षरता दर निम्न पाई जाती है जबकि औद्योगिक अर्थव्यवस्था वाले देशों में महिलाओं में साक्षरता दर उच्च होती है।

**प्रश्न 14. प्रतिकूल लिंग अनुपात तथा अनुकूल लिंग अनुपात में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : **प्रतिकूल लिंग अनुपात**—जिन देशों में पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या कम होती है वहाँ स्त्रियों के लिए निश्चित रूप से प्रतिकूल परिस्थितियाँ होती है। स्त्री भ्रूणहत्या, स्त्री शिशु हत्या व स्त्रियों के प्रति घरेलू हिंसा के कारण ऐसा होता है। विश्व के 72 देश इसी श्रेणी में आते हैं।

**अनुकूल लिंग अनुपात**—जिन देशों में पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक होती है, वहाँ स्त्रियाँ निश्चित रूप से अनुकूल स्थिति में है। स्त्री शिक्षा, रोजगार तथा इनके जीवन के विकास की अनुकूल दशाएँ तथा सरकारी नीतियाँ, स्त्रियों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करती है। विश्व के 139 देश इसी श्रेणी में आते हैं।

**प्रश्न 15. 'व्यवासायिक संरचना के विभिन्न खण्डों में कार्यरत जनसंख्या का अनुपात किसी राष्ट्र के आर्थिक स्तरों का एक अच्छा सूचक है—कथन के समर्थन में उचित तर्क दीजिए।**

उत्तरः यह कथन सत्य है क्योंकि :

- केवल उद्योगों तथा अवसंरचना से युक्त विकसित अर्थव्यवस्था में ही द्वितीयक, तृतीयक व चतुर्थक सेक्टरों में अधिक कर्मी समायोजित हो सकते हैं।
- यदि अर्थव्यवस्था अविकसित या आदिम अवस्था में है तो प्राथमिक क्रियाओं में संलग्न लोगों का अनुपात अधिक होगा।
- ऐसी अवस्था में मात्र प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है।



*आँकड़ा स्रोत: जनांकिकीय ईअर, 2009-10, संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी प्रभाग।*

**प्रश्न 16. उपर्युक्त चित्र के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

1) इस पिरामिड को किस प्रकार का पिरामिड कहते हैं?

उ0. विस्तृत आकार वाला त्रिभुजाकार पिरामिड़।

2) इस पिरामिड़ में किस आयु वर्ग की जनसंख्या सर्वाधिक है और क्यों?

उ0. 0–4 वर्ष वायु आयु वर्ग या निम्न आयु वर्ग। उच्च जन्म दर के कारण।

3) यह पिरामिड किस प्रकार के देशों की जनसंख्या का प्रतिरूप है ? उदाहरण दीजिए।

उ. यह अल्प विकसित देशों का प्रतिरूप है।
उदाहरण :– बांग्लादेश, मैक्सिको व नाइजीरिया आदि।




*आँकड़ा स्रोत: जनांकिकीय ईअर, 2009-10, संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी प्रभाग।*

**प्रश्न 17. उपर्युक्त चित्र के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1) इस पिरामिड़ का नाम लिखिए

उ. घंटी के आकार का पिरामिड़ या स्थिर जनसंख्या।

2) इस पिरामिड़ की दो विशेषताएँ लिखो।

उ क) यह शीर्ष की ओर शुंडाकार होता जाता है।

ख) इसमें जन्म दर व मृत्यु दर लगभग एक समान हैं।

ग) इस प्रकार के जनसंख्या पिरामिड़ वाले देशों के नाम लिखो।

उ. आस्ट्रेलिया, स्वीडन व संयुक्त राज्य अमेरिका आदि।




*आँकड़ा स्रोत: जनांकिकीय ईअर, 2009–10, संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी प्रभाग,*

**प्रश्न 18. उपर्युक्त चित्र के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

1. इस पिरामिड़ का नाम लिखिए।

उ. ह्रासमान जनसंख्या पिरामिड़।

2. इस पिरामिड़ की विशेषताएँ लिखिए।

उ. 1) इसका आधार संकीर्ण व शीर्ष शुंडाकार होता है।
2) यह निम्न जन्मदर व निम्न मृत्युदर को दर्शाता है।
3) इसमें वृद्धि दर शून्य या ऋणात्मक होती है।

3. इस प्रकार के जनसंख्या पिरामिड़ वाले कुछ देशों के नाम लिखिए।

उ. जापान, लेटविया व एस्टोनिया आदि।

**प्रश्न 19. 'शिक्षा व रोजगार के बढ़ते अवसरों ने किस प्रकार आयु व लिंगानुपात को प्रभावित किया है? स्पष्ट किजिए।**

उत्तर : शिक्षा व रोजगार के बढ़ते अवसर जहाँ एक और विकास को दर्शाते हैं वही दूसरी ओर यह प्रवास के महत्वपूर्ण कारक है :–

1. शिक्षा व रोजगार के बढ़ते अवसरों के कारण पुरूष जनसंख्या अत्याधिक प्रवास करती है जिसके कारण आयु व लिंग संरचना में गम्भीर असन्तुलन पैदा हो जाते हैं।
2. गन्तव्य स्थानों पर पुरूष जनसंख्या तथा 20–60 वर्ष की आयु के लोग अधिक हो जाते हैं अर्थात् उत्पादक जनसंख्या जबकि उद्गम क्षेत्रों में आश्रित जनसंख्या व स्त्री जनसंख्या बढ़ जाती है।
3. पुरूषों में प्रवास की अधिकता शिक्षा व रोज़गार के बढ़ते अवसरों का

ही परिणाम है। जैसे संयुक्त अरब अमीरात में लिंगानुपात 468 / 1000 प्रवासी पुरूषों के ही कारण प्रतिकूल है और इसी प्रकार की प्रतिकूलता दिल्ली व मुंबई जैसे शहरों में भी देखी जा सकती है।

**प्रश्न 20. 'किसी क्षेत्र का लिंगानुपात उस क्षेत्र की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का सूचक है।' इस कथन को उचित तर्कों द्वारा स्पष्ट कीजिए। (बहुविषयक प्रश्न)**

उत्तरः जनसंख्या में स्त्रियों व पुरूषों की संख्या के बीच के अनुपात को लिंगानुपात कहते हैं। 'किसी भी क्षेत्र का लिंगानुपात उस क्षेत्र की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का सूचक है' क्योंकि –

1) जिन क्षेत्रों में लिंग भेदभाव अनियन्त्रित होता है वहाँ लिंगअनुपात निश्चित रूप से स्त्रियों के प्रतिकूल होता है।
2) जिन देशों / क्षेत्रों में स्त्री भ्रूण हत्या, स्त्री शिशु हत्या व स्त्रियों के प्रति घरेलू हिंसा की प्रथा प्रचलित है वहाँ लिंगानुपात निश्चित ही स्त्रियों के प्रतिकूल होगा।
3) इसका मुख्य कारण वहाँ की स्त्रियों या समाज का गिरता आर्थिक स्तर है जिसके कारण समाज साक्षर नही हो पाता और स्त्रियों के प्रति जागरूक नहीं हों पाता।

**प्रश्न 21. आयु संरचना जनसंख्या की किन विशेषताओं को दर्शाती है।**

उत्तर :
- आयु संरचना विभिन्न आयु वर्गों में लोगों की संख्या को प्रदर्शित करती है। इसी के आधार पर यह ज्ञात किया जा सकता है कि विभिन्न आयु वर्गों में लोगों का कितना प्रतिशत है।
- यदि जनसंख्या में 0–14 आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है तो आश्रित जनसंख्या का अनुपात अधिक होगा। जिसके कारण आर्थिक विकास धीमा होगा।
- 15–59 वर्ष की आयु में अधिक जनसंख्या होने पर कार्यशील अथवा अर्जक जनसंख्या अधिक होने की संभावना होती है जो देश के संसाधनों के दोहन करने में सहायक होती है।

- 60 वर्ष के ऊपर की आयु संरचना वर्ग में बढ़ती हुई जनसंख्या से वृद्धों की देखभाल पर अधिक व्यय होने का संकेत मिलता है। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि जनसंख्या के जनांकिकीय निर्धारक के रूप में आयु संरचना का अध्ययन बहुत महत्वपूर्ण है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 22. संसार के ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या संघटन का उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए।**

उ. संसार के ग्रामीण व नगरीय जनसंख्या संघटन के महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न है।

- जनसंख्या का ग्रामीण और नगरीय विभाजन निवास के आधार पर होता है।
- ग्रामीण व नगरीय जीवन आजीविका और सामाजिक दशाओं में एक दूसरे से भिन्न होता है।
- विश्व की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है।
- ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में आयु व लिंग संघटन, व्यवसायिक संरचना, जनसंख्या का घनत्व तथा विकास का स्तर अलग–अलग होता है।
- नगरीय क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावनाओं के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों से स्त्रियों के प्रवास के परिणामस्वरूप पश्चिमी यूरोप व कनाडा में नगरीय क्षेत्रों में पुरूष प्रधान प्रवास के कारण पुरूषों की अधिकता है।
- नगरीय क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावनाओं के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों से स्त्रियों के प्रवास के परिणामस्वरूप पश्चिमी यूरोप व कनाडा में नगरीय क्षेत्रों में पुरूष प्रधान प्रवास के कारण पुरूषों की अधिकता है।
- ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों में प्रवास से नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।

**प्रश्न 23. विश्व की जनसंख्या का औसत लिंग अनुपात कितना है? विश्व में**

**लिंग अनुपात स्त्रियों के प्रतिकूल होने के तीन कारण बताइए। स्त्रियों के प्रतिकूल एंव अनुकूल लिंग अनुपात वाले अधिकतर देश क्रमशः किस महाद्वीप में है ?**

उत्तर : विश्व की जनसंख्या का औसत लिंग अनुपात प्रति हजार पुरूषों पर 990 स्त्रियां हैं।

- लिंग अनुपात स्त्रियों के प्रतिकूल होने के प्रमुख कारण निम्न हैं :
  - (क) स्त्री–भ्रूण हत्या।
  - (ख) स्त्रियों के प्रति घरेलू हिंसा।
  - (ग) स्त्रियों के सामाजिक आर्थिक स्तर का निम्न होना।
- प्रतिकूल लिंगानुपात वाला महाद्वीप–एशिया
- अनुकूल लिंगानुपात वाला महाद्वीप–यूरोप

**प्रश्न 24. कनाडा व फिनलैंड जैसे विकसित देशों में ग्रामीण नगरीय लिंग संघटन जिम्बाब्वे और नेपाल के ग्रामीण नगरीय लिंग अनुपात से किस प्रकार भिन्न है। इस भिन्नता के उत्तरदायी कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) कनाडा व फिनलैंड जैसे देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों की अपेक्षा पुरूषों की संख्या अधिक है। जबकि नेपाल व जिम्बाव्वे जैसे देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है।

2) कनाडा व फिनलैंड जैसे विकसित देशों में नगरों में पुरूषों की अपेक्षा स्त्रियों की संख्या अधिक है जबकि नेपाल व जिम्बावें जैसे विकासशील देशों में स्थिति विपरीत है। वहाँ नगरों में पुरूषों की संख्या अधिक पायी जाती है।

3) विकसित देशों में रोजगार की अधिक संभावनाओं के चलते नगरीय क्षेत्रों में स्त्रियां गावों से प्रवास कर आ बसती हैं। इसलिए महिलाओं की संख्या नगरों में अधिक है।

4) विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य मशीनीकृत, भारी व पुरूष प्रधान है इसलिए पुरूषों की शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में

रोजगार की संभावनाएँ अधिक होती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में पुरूषों की संख्या इन देशों में अधिक पायी जाती है।

5) विकासशील देशों में शहरों में स्त्रियों के लिए असुरक्षा की भावना अधिक होती है और रोजगार के लिए पुरूष गावों से नगरों की और प्रवास करते है इसलिए नेपाल व जिम्बावे जैसे देशों में नगरों में पुरूष व ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियाँ अधिक निवास करती है।

**प्रश्न 25. जनसंख्या का वृद्ध होना एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे बुजुर्ग जनसंख्या का हिस्सा बड़ा हो जाता है। वृद्ध होती जनसंख्या 20 वीं शताब्दी की एक नई परिघटना है। यह विश्व के किन भागों की घटना है। इस घटना के दो कारण एवं दो परिणाम बताइए।**

उत्तर : जनसंख्या का वृद्ध होना एक ऐसी घटना है जिसमें बुजुर्ग जनसंख्या का हिस्सा अनुपात की दृष्टि से बड़ा हो जाता हैं यह 20वीं शताब्दी की विश्व के विकसित देशों की परिघटना है।

**कारण :–**

1) अधिकांश विकसित देशों में स्वास्थ्य का स्तर ऊँचा होता है।
2) इन देशों में सामाजिक संरचनाओं और आर्थिक स्तर अत्यन्त उच्च अवस्था में होते हैं जिसके कारण जीवन प्रत्याशा उच्च हो गई और जनसंख्या में बुजुर्ग या वृद्ध होती जनसंख्या का अनुपात बढ़ गया है।

**परिणाम :–**

1) इन देशों में जनसंख्या में बच्चों व युवाओं का अनुपात घट रहा है। जो भविष्य के लिए शुभ नही है।
2) इन देशों में वृद्ध जनसंख्या के स्वास्थ्य की देखभाल पर काफी खर्चा बढ़ रहा है।

**प्रश्न 26. जनसंख्या संघटन के अन्तर्गत आने वाले पाँच घटकों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : जनसंख्या संघटन के पाँच घटक निम्नलिखित है :–

1. **आयु संरचना** :– विभिन्न आयु वर्गों में लोगों की संख्या को जनसंख्या की आयु संरचना कहते हैं। जिसके अन्तर्गत तीन आयु

वर्ग आते हैं :–

1) बाल वर्ग (0–14 वर्ष) (2) प्रौढ़ वर्ग (15–59 वर्ष)

3) वृद्ध वर्ग (60 वर्ष से अधिक)

बाल वर्ग व वृद्ध वर्ग की गणना आश्रित जनसंख्या व प्रौढ़ की गणना अर्जक जनसंख्या के रूप में की जाती है।

2. **लिंग संघटन** :– जनसंख्या में लिंग अनुपात पुरूष और स्त्रियों के बीच संतुलन का सूचक होता है। यह प्रति हजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या के रूप में मापा जाता है। एशिया में लिंगानुपात निम्न है जबकि रूस सहित यूरोप के देशों में पुरूष अल्प संख्या में है।

3. **साक्षरता** :– यह जनसंख्या की गुणात्मक विशेषता है जो किसी क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक विकास का सूचक है। आर्थिक विकास का स्तर साक्षरता का कारण व परिणाम दोनों ही है।

4. **ग्रामीण व नगरीय संघटन** :– इसका निर्धारण लोगों के निवास स्थान के आधार पर किया जाता है। यह आवश्यक भी है क्योंकि ग्रामीण व नगरीय जीवन आजीविका व सामाजिक दशाओं में एक दूसरे से भिन्न होते हैं।

5. **व्यवसायिक संरचना** :– पारिश्रमिक युक्त व्यवसाय कार्यों में संलग्न तथा इन्हीं कार्यों से जीविकोपार्जन करने वाली जनसंख्या के स्वरूप को व्यवसायिक संरचना कहते हैं। जिन देशों में अधिकतर लोग प्राथमिक व्यवसाय में लगे होते हैं उनका आर्थिक स्तर निम्न होगा तथा वहाँ की व्यवस्था कृषि पर आधारित होगी। जहाँ अधिकांश लोग द्वितीयक, तृतीयक तथा चतुर्थक व्यवसाय में लगे होते हैं उनका आर्थिक स्तर ऊँचा होगा।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न 27. भारत में लिंग अनुपात की गणना की जाती है**

A प्रति हजार स्त्रियो पर पुरुषो की सख्या के रूप में

B प्रति हजार बच्चों पर स्त्रियों की संख्या के रूप में

C प्रतिहजार पुरूषो पर स्त्रियों की संख्या के रूप में

D प्रतिहजार बच्चो पर पुरूषो की संख्या के रूप में

उत्तर C प्रतिहजार पुरूषो पर स्त्रियों की संख्या के रूप में

**प्रश्न 28. सयुक्त अरब अमीरात में निम्नतम लिग अनुपात का कारण है।**

A महिला आप्रवास

B पुरूषो का आप्रवास

C महिलाओं का उत्प्रवास

D पुरूषो का उत्प्रवास

उत्तर B पुरूषो का आप्रवास

**प्रश्न 29. निम्न में जनसंख्या कौन सा वर्ग कार्यशील जन संख्याको दर्शाता है।**

A 15 से 59 वर्ष

B 0 से 14 वर्ष

C 60 वर्ष से अधिक

D 0 से 6 वर्ष

उत्तर A 15 से 59 वर्ष

**प्रश्न 30. लिंग अनुपात का अर्थ है।**

A जनसंख्या में वयस्कों की संख्या

B जनसंख्या में स्त्री और पुरूषो की संख्या के बीच अनुपात

C जनसंख्या में बच्चों की संख्या का अनुपात

D जनसंख्या में पुरूषो की संख्या

उत्तर B जनसंख्या में स्त्री और पुरूषो की संख्या के बीच अनुपात

**प्रश्न 31. निम्न कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए?**

**1) यूरोप के एक बड़े भाग में पुरूष अल्पसंख्या में है।**

**2) इन क्षेत्रो में लिंग अनुपात प्रतिकूल पाया जाता है**

A केवल 1 सही है। B केवल 2 सही है।

C दोनो कथन सही है। D दोनो कथन गलत है

उत्तर A केवल 1 कथन सही है।

**प्रश्न 32. विभिन्न आयुवर्गो में लोगो की संख्या को प्रदर्शित करना कहलाता**

**है।**

A लिंग अनुपात | B साक्षरता

C आयु सरंचना | D व्यावसायिक संरचना

उत्तर C आयु संरचना

# अध्याय–4

# मानव विकास

## अवधारणा मानचित्र




## एक अंक वाले प्रश्न (अतिलघुउत्तरीय)

**प्रश्न 1. सार्थक जीवन का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : सार्थक जीवन केवल दीर्घ नहीं होता। जीवन का कोई उद्‌देश्य होना जरूरी है। अर्थात् लोग स्वस्थ हो विवेक पूर्वक सोचकर समाज में प्रतिभागिता करें व उद्‌देश्यों को पूरा करने में स्वतन्त्र हों।

**प्रश्न 2. स्वतन्त्रता में वृद्धि भी विकास लाने वाला सर्वाधिक प्रभावशाली माध्यम है। मानव विकास की इस विचारधारा की शुरूआत किसने की?**

उत्तर : नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने।

**प्रश्न 3. मानव विकास के प्रमुख केन्द्र बिन्दु क्या है ?**

उत्तर : स्वास्थ्य, शिक्षा व संसाधनों तक पहुँच।

**प्रश्न 4. मानव विकास शब्द का अभिप्राय क्या है ?**

उत्तर : मानव विकास से तात्पर्य लोगों के विकल्पों में वृद्धि करना तथा उनके जीवन में सुधार लाना है। यह व्यक्ति के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करता है।

**प्रश्न 5. मानव विकास सूचकांक में संसाधनों तक पहुंच का क्या आशय है?**

उत्तर : यह लोगों की क्रय शक्ति को प्रकट करता है। यह आर्थिक सामर्थ्य का सूचक है। इसे किसी देश की प्रति व्यक्ति आय से जाना जाता है।

**प्रश्न 6. 'मानव विकास सूचकांक' से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर : 'मानव विकास सूचकांक' एक मापक है जिसके द्वारा किसी देश के लोगो के विकास का मापन, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा के स्तर तथा संसाधनों तक उनकी पहुंच के संदर्भ में किया जाता है। यह सूचकांक 0–1 के बीच कुछ भी हो सकता है।

**प्रश्न 7. स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए किस सूचकांक का प्रयोग किया जाता है ?**

उत्तर : जन्म के समय जीवन प्रत्याशा।

**प्रश्न 8. यूरोप के अधिकतर देश मानव विकास सूचकांक के उच्च्च स्कोर के अन्तर्गत आते हैं। इन देशों का अधिकतर निवेश किस सेक्टर में होता है और क्यों ?**

**अथवा**

**मानव विकास के उच्च्च स्तरों वाले देश किस सेक्टर में अधिक निवेश करते हैं और क्यों ?**

उत्तर : मानव विकास के उच्च्च स्तरों वाले देश सामाजिक सेक्टरों जैसे शिक्षा व स्वास्थ्य में अधिक निवेश है क्योंकि वे देश राजनैतिक उपद्रव तथा अस्थिरता से प्रायः स्वतन्त्र होते हैं।

**प्रश्न 9. निम्न मानव विकास सूचकांक वाले देशों की दो कमजोरियाँ क्या हैं?**

उत्तर : (1) राजनैतिक उपद्रव (2) सामाजिक अस्थिरता

**प्रश्न 10. दक्षिण एशिया के उन दो अर्थशास्त्रियों के नाम लिखो जिन्होंने मानव विकास रिपोर्ट पर साथ काम किया है।**

उत्तरः डॉ. महबूब उल हक और प्रो. अमर्त्य सेन।

## तीन अंक वाले प्रश्न (लघुउत्तरीय)

**प्रश्न 11.** "विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्तन से है जो सदैव मूल्य सापेक्ष होता है" किन्हीं तीन तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि करो।

**उत्तर:** **(1)** विकास तब ही सार्थक माना जाता है। जब तक वर्तमान दशाओं में वृद्धि हो।

**(2)** विकास तब होता है जब सकारात्मक वृद्धि होती है।

**(3)** परन्तु केवल सकारात्मक वृद्धि होना ही विकास ही नहीं है। विकास उस समय होता है जब गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन होता है। अर्थात् किसी स्थान पर यदि जनसंख्या बढ़ने के साथ–साथ उसकी मूलभूत सेवाओं की व्यवस्था भी बढ़ जाती है, जब वह वृद्धि के साथ विकास कहा जाऐगा।

**प्रश्न 12. विकास और वृद्धि में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) वृद्धि समय के संदर्भ के मात्रात्मक एंव मूल्य निरपेक्ष परिवर्तन को सूचित करती है। यह धनात्मक व ऋणात्मक दोनों हो सकती है।

2) विकास का अर्थ गुणात्मक परिर्वन से है जो मूल्य सापेक्ष होता है।

3) विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक वर्तमान दशाओं में सकारात्मक वृद्धि ना हो। यह गुणात्मक एवं पूर्ण सकारात्मक परिवर्तन की सूचक है।

**प्रश्न 13. डॉ. महबूब उल हक द्वारा मानव विकास का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?**

उत्तर : 1) विकास मानव के लिए विकल्पों में वृद्धि करता है।

2) मानव विकास जीवन में सार्थक सुधार लाता है।

3) विकास परिवर्तनशील है इसका उद्देश्य ऐसी दशाऐं उत्पन्न करना है जिसमें लोग सार्थक जीवन जी सकें।

**प्रश्न 14. विश्व में मानव विकास के 'कल्याण उपागम' की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : मानव विकास के कल्याण उपागम की प्रमुख विशेषताएँ।

- यह उपागम मानव को सभी विकासात्मक गतिविधियों के लाभार्थी के रूप में देखता है।
- यह उपागम शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सुख साधनों पर उच्चतर सरकारी व्यय का तर्क देता है।

- लोग विकास में प्रतिभागी नहीं है किन्तु वे केवल निष्क्रिय प्राप्तकर्त्ता है।
- सरकार कल्याण पर अधिकतम व्यय करके मानव विकास के स्तरों में वृद्धि करने के लिए उत्तरदायी है।

**प्रश्न 15. संसार में मानव विकास के 'आधारभूत आवश्यकता उपागम' को स्पष्ट कीजिए ?**

उत्तर : इस उपागम को मूल रूप से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था।

- छः न्यूनतम आवश्यकता जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता और आवास की पहचान की गई थी और इन आवश्यकताओं की पूर्ति सबसे पहले आवश्यक है।
- इसमें मानव विकल्पों की वृद्धि पर जोर नहीं दिया जाएगा।
- मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था पर जोर दिया गया है।

**प्रश्न 16. संसार के विभिन्न देशों में मानव विकास के निम्न अथवा उच्च स्तर क्यों दिखाई पड़ते हैं ? उपयुक्त कारण देकर उत्तर की पुष्टि करें?**

उत्तर : उच्च स्तर वाले देश :—

- इन देशों में सेवाओं जैसे शिक्षा एंव स्वास्थ्य पर सरकार द्वारा अत्याधिक निवेश किया जाता है तथा इन सेवाओं को उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होती है।
- राजनैतिक उपद्रव एवं सामाजिक अस्थिरता यहाँ पर नहीं पाई जाती है।
- यहाँ बहुत अधिक सामाजिक विविधता नहीं है।
- इस देशों में नार्वे, आईसलैंड, आस्ट्रेलिया, लेक्जेमबर्ग, कनाडा आदि।

**निम्न स्तर वाले देश :—**

- सामाजिक सेवाओं में सरकार द्वारा आवश्यक निवेश किया जाता है।
- इन देशों में प्रतिरक्षा एवं गृहकलह शान्त करने में अधिक व्यय होता है।
- अधिकांश देशों में आर्थिक विकास की गति बहुत धीमी है।
- अधिकांश देश राजनैतिक उपद्रवों गृहयुद्ध, सामाजिक अस्थिरता—अकाल अथवा बीमारियों के दौर से गुज़र रहे हैं।

**प्रश्न 17. मानव विकास के 'आय उपागम' की किन्ही तीन विशेषताओं को स्पष्ट करें।**

उत्तर : विश्व में मानव विकास के आय के उपागम की प्रमुख विशेषताएँ–

• आय उपागम मानव विकास के सबसे पुराने उपागमों में से एक है। इस विचार के अनुसार आय बढ़ने से ही मानव विकास हो जायेगा।

• इस उपागम में मानव विकास को आय के साथ जोड़कर देखा जाता है।

• आय का स्तर ऊंचा होने पर विकास का स्तर भी ऊँचा होगा।

**प्रश्न 18. मानव विकास सूचकांक के मुख्य्य सूचकांको का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : मानव विकास के मापन के तीन प्रमुख सूचकांक है।

1) **स्वास्थ्य** :– स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए चुना गया सूचक जन्म के समय जीवन प्रत्याशा है जो दीर्घ एंव स्वस्थ्य जीवन का सूचक है।

2) **शिक्षा** :– शिक्षा का मूल्यांकन करने के लिए प्रौढ़ साक्षरता दर और सकल नामांकन अनुपात को आधार माना जाता है। यह मनुष्य की ज्ञान तक पहुंच को प्रदर्शित करता है।

3) **संसाधनों तक पहुंच** :– यह लोगों की क्रय शक्ति को प्रकट करता है। यह आर्थिक सामर्थ्य का सूचक है।

**प्रश्न 19. सतत पोषणीयता' मानव विकास के लिए किस प्रकार आवश्यक है?**

उत्तर :

- सतत् पोषणीयता का अर्थ है अवसरों की सतत प्राप्यता ।
- सभी पर्यावरणीय, वित्तीय व मानवीय संसाधनों का उपयोग भविष्य को ध्यान में रखकर करना चाहिए ताकि प्रत्येक पीढ़ी को समान अवसर मिल सके।
- इन संसाधनों में से किसी भी एक का दुरूपयोग भावी पीढ़ियों के लिए अवसरों को कम करेगा।

**प्रश्न 20. किसी देश / क्षेत्र के आकार व प्रति व्यक्ति आय का मानव विकास से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है '' – कैसे? स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**''मानव विकास की अंतराष्ट्रीय तुलनाएँ रूचिकर हैं।'' उपयुक्त उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : किसी प्रदेश के आकार व प्रति व्यक्ति आय का मानव विकास से प्रत्यक्ष संबंध नही है क्योंकि,

- प्रायः मानव विकास में बडे देशों की अपेक्षा छोटे देशों का कार्य बेहतर रहा है। मानव विकास का स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास से मापा जाता है जो देश के आकार से प्रभावित नहीं होते।
- मानव विकास में अपेक्षाकृत निर्धन राष्ट्रों का कोटि क्रम धनी पड़ोसियों से ऊँचा रहा है।
- छोटी अर्थव्यवस्थाएँ जैसे श्रीलंका व टोबैगो का मानव विकास सूचकाँक भारत से ऊँचा है वहीं कम प्रति व्यक्ति आय के बावजूद मानव विकास में केरल का प्रर्दशन पंजाब व गुजरात से कहीं बेहतर है।

## 5 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 21. मानव विकास के विभिन्न उपागमों का वर्णन करें ?**

उत्तर : मानव विकास से सम्बन्धित समस्याओं के लिए अनेक उपागम है। उनमें से कुछ महत्वपूर्ण निम्न है :–

**आय उपागम** :– यह मानव के सबसे पुराने उपागमों में से एक है। इसमें मानव विकास को आय के साथ जोड़कर देखा जाता है। आय का उच्च स्तर विकास के ऊंचे स्तर को दर्शाता है।

**कल्याण उपागम** :– यह उपागम मानव को लाभार्थी अथवा सभी विकासात्मक गतिविधियों के लक्ष्य के रूप में देखता है। सरकार कल्याण पर अधिकतम व्यय करके मानव विकास के स्तरों में वृद्धि करने के लिए जिम्मेदार है।

**आधारभूत आवश्यकता उपागम** :– इस उपागम को मूलरूप से अन्तराष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था। इसमें छः न्यूनतम् आवश्यकताओं जैसे–शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य और आवास की पहचान की गई थी। इनमें मानव विकल्पों के प्रश्न की उपेक्षा की गई है।

**क्षमता उपागम** :– इस उपागम का संबंध प्रो. अमर्त्य सेन से है। संसाधनों तक पहुंच के क्षेत्रों में मानव क्षमताओं का निर्माण करना बढ़ते मानव विकास की कुंजी है।

**प्रश्न 22. मानव विकास सूचकांक का मापन किस प्रकार किया जाता है ? महत्वपूर्ण सूचकों को संदर्भ में रखते हुए स्पष्ट करे।**

उत्तर : संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'मानव विकास लोगों के विकल्पों को विकसित व परिवर्द्धित करने की प्रक्रिया है। मानव विकास सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा तथा संसाधनों तक पहुंच जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निष्पादन के आधार पर देशों का क्रम तैयार करता है। यह क्रम 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित

होता है, जो किसी देश के मानव विकास सूचकों के रिकार्ड से प्राप्त किया जाता है। इसके महत्वपूर्ण सूचक –

1) स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा को सूचक माना है। उच्च जीवन प्रत्याशा का अर्थ है लोगों के पास अधिक लम्बा व स्वस्थ जीवन जीने के अधिक अवसर हैं।
2) प्रौढ़ साक्षरता दर व सकल नामांकन अनुपात शिक्षा को प्रदर्शित करते हैं जिसे पढ़ लिख सकने वाले व्यस्कों की संख्या व विद्यालयों में नामांकित बच्चों की संख्या से ज्ञात किया जाता है।
3) संसाधनों तक पहुँच को क्रय शक्ति के संदर्भ में मापा जाता हैं। इनमें से प्रत्येक आयाम को 1/3 अंक भारित दी जाती है और मानव विकास सूचकांक इन सभी आयामों को दिए गए अंको का कुल योग होता है।

**प्रश्न 23. मानव विकास से आपका क्या अभिप्राय है ? मानव विकास के चार प्रमुख स्तम्भों (घटकों) का वर्णन कीजिए ?**

उत्तर : डा. महबूब–उल–हक के अनुसार –

''मानव विकास का अभिप्राय ऐसे विकास से है जो लोगों के विकल्पों में वृद्धि करता है और उनके जीवन में सुधार लाता है। विकास का मूल उद्देश्य ऐसी दशाओं को उत्पन्न करना है जिनमें लोग सार्थक जीवन व्यतीत कर सकें।''

**मानव विकास के चार स्तम्भ :–**

1) **समता** :– उपलब्ध अवसरों में प्रत्येक व्यक्ति को समान भागीदारी मिलना ही समानता है। लोगों को उपलब्ध अवसर लिंग, प्रजाति, आय और भारत के संदर्भ में जाति के भेदभाव के विचार के बिना समान होने चाहिए।
2) **सतत् पोषणीयता** :– सतत् पोषणीयता का अर्थ अवसरों की उपलब्धि में निरन्तरता है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक पीढ़ी को समान अवसर मिलें। भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखकर पर्यावरणीय, वित्तीय और मानव संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। इनमें से किसी भी संसाधन का दुरूपयोग भावी पीढ़ी के लिए अवसरों को कम करेगा।

3) **उत्पादकता** :– यहाँ उत्पादकता शब्द का प्रयोग मानव श्रम की उत्पादकता के संदर्भ में किया जाता है। लोगों को समर्थ और सक्षम बनाकर मानव श्रम की उत्पादकता को निरन्तर बेहतर बनाना चाहिए। लोगों के ज्ञान को बढ़ाने के प्रयास तथा उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी।

4) **सशक्तीकरण** :– सशक्तिकरण का तात्पर्य आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े हुए लोगों को हर तरह से समर्थ बनाना। जिससे वे विकल्प चुनने के लिए स्वतंत्र रहे।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 24. निम्न में कौन सा मानव विकास का स्तंभनही हे।**

**1) समता 2) सतत पोषणीयता**

**3) उत्पादकता 4) व्यापारिकरण**

उत्तर : 4) व्यापारिकरण

**प्रश्न 25. अपने विकल्पो को चुनने की शक्ति का विचार करना कहलाता है?**

**1) समता 2) सशक्तीकरण**

**3) उचापकता 4) सतत पोषणीयता**

उत्तर 2) सशक्तीकरण

**प्रश्न 26. निम्न में कौन–सा मानव विकास का मापन (सूचक) नही है?**

**1) शिक्षा 2) स्वास्थय**

**3) संसाधनों तक पहुंच 4) नागरिक अधिकार**

उत्तर 4) नागरिक अधिकार

**प्रश्न 27. निम्न में किस विधान का संबंध मानव विकास सूचकांक से है?**

**1) जार्ज वी. क्रेसी 2) माल्थस**

**3) वाल्डो इमरसन 4) डॉ. महबूब उलहक**

उत्तर 4) डॉ. महबूब उलहक

**प्रश्न 28. निम्न में कौन सी विशेषता मानव विकास के निम्न स्तरों वाले देशो में नही होती?**

**1) सामाजिक खंडो में अधिक निवेश**

**2) राजनैतिक उपद्रव**

**3) सामाजिक अस्थिरता**

**4) अकाल व बीमारियां**

उत्तर 1)सामाजिक खंडो में अधिक निवेश

प्रश्न 29. उचित मिलान कर सही विकल्प चुनिए

| | |
|---|---|
| **1) आय उपागम का** | **i) से साधनोतक पहुंच के लिए क्षमताओ का निर्माण** |
| **2) कलयाण उपागम** | **ii) न्यूनतम आवश्यकताओ की व्यवस्था** |
| **3) आधार भूत आवश्यकता उपागम** | **iii) सरकार द्वारा मानव कल्याण पर व्यय** |
| **4) क्षमता उपागम** | **iv) आय में निरंतर वृद्धि** |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| **A** | **iv)** | **(iii)** | **(ii)** | **(i)** |
| **B** | **(iii)** | **(ii)** | **(iv)** | **(i)** |
| **C** | **(i)** | **(iii)** | **(ii)** | **(iv)** |
| **D** | **(iv)** | **(i)** | **(iii)** | **(ii)** |

उत्तर A (iv) (iii) (ii) (i)

# पाठ–5
# प्राथमिक क्रियाएँ

**अवधारणा मानचित्र**



– स्थानांतरी कृषि, प्राथमिक क्रिया का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

– भारत के उत्तरी पूर्वी राज्यों में स्थानांतरी कृषि को झूमिंग, मध्य अमेरिका एवं मैक्सिको में मिल्पा, मलेशिया तथा इंडोनेशिया में लांदाग कहते हैं।

## प्रमुख क्षेत्र

| | | |
|---|---|---|
| चलवासी पशुचारण | – | उत्तरी अफ्रीका, यूरोप तथा एशिया के टुंड्रा प्रदेश, दक्षिण पश्चिमी अफ्रीकातथा मेडागास्कर दीप |
| वाणिज्य पशुपालन | – | न्यूजीलैण्ड, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटाइना, संयुक्त राज्य अमेरिका। |
| आदिकालीन निर्वाह कृषि | – | अफ्रीका, दक्षिण व मध्य अमेरिका का उष्णकटिबंधीय भाग तथा दक्षिण पूर्वी एशिया। |
| विस्तृत वाणिज्य | – | स्टेपीज यूरेशिया के, उ. अमेरिका के प्रेयरीज, अर्जेंटाइना के पम्पास, द. अफ्रीका का वेल्डस, आस्ट्रेलिया का डाउन्स तथा न्यूजीलैण्ड के कैंटरबरी घास के मैदान। |
| डेयरी कृषि | – | उत्तरी पश्चिम यूरोप, प० कनाडा तथा न्यूजीलैण्ड व आस्ट्रेलिया एवं तस्मानिया। |
| सहकारी कृषि | – | पश्चिम यूरोप के डेनमार्क, नीदरलैण्ड बेल्जियम, स्वीडन तथा इटली। |
| पुष्पोत्पादन | – | नीदरलैंड– (ट्यूलिप) |
| उद्यान कृषि | – | पश्चिम यूरोप व उत्तरी अमेरिका |
| मिश्रित कृषि | – | अत्याधिक विकसित भाग जैसे उत्तरी अमेरिका, उ. पश्चिमी यूरोप, यूरेशिया के कुछ भाग तथा दक्षिणी महाद्वीप के समशीतोष्ण अक्षांश वाले भाग |
| सामूहिक कृषि | – | सोवियत संघ (कोलखहोज) |
| भूमध्य सागरीय कृषि | – | दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका में टयूनिशिया, द. कैलिफोर्निया, मध्यवर्ती चिली, द. अफ्रीका का द. प. भाग आदि। |

## एक अंक वाले प्रश्न (अति लघू उत्तरीय प्रश्न)

**प्रश्न 1. विश्व के कौन–से क्षेत्र है जहाँ भोजन संग्रह प्रमुख आर्थिक क्रिया दक्षिण चिली है।**

उत्तरः 1. उच्च अंक्षांशीय क्षेत्र, जिसमें उत्तरी कनाड़ा, उत्तरी यूरेशिया तथा दक्षिणी चिली है।

2. निम्न अक्षांशीय क्षेत्र, जिसमें दक्षिण अमेरिका का अमेजन बेसिन, उष्ण कटिबंधीय अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया एवं दक्षिणी पूर्वी एशिया का आंतरिक प्रदेश।

**प्रश्न 2. आर्थिक क्रिया किसे कहते हैं (CBSE Exam 2015)**

उत्तरः मानव के वो क्रियाकलाप जिनसे आय प्राप्त होती है, आर्थिक क्रिया कहा जाता है।

**प्रश्न 3. प्राचीनतम ज्ञात आर्थिक क्रियाएँ कौन–सी है?**

उत्तरः भोजन संग्रह एवं आखेट।

**प्रश्न 4. चलवासी पशुचारण किसे कहते हैं?**

उत्तरः चलवासी पशुचरण एक प्राचीनजीवन निर्वाह व्यवसाय रहा है। इस में समुदाय अपने पालतू पशुओं के साथ पानी एवं चरागाह की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के अनुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थांतरित होते रहते हैं।

**प्रश्न 5. निर्वाह कृषि किसे कहते हैं?**

उत्तरः इस प्रकार की कृषि में कृषि क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय उत्पादों का संपूर्ण अथवा लागभग का उपायोग करते हैं।

**प्रश्न 6. स्थानांतरी कृषि क्या है?**

**अथवा**

**कर्तन एवं दहन कृषि क्या हैं?**

**अथवा**

**झूम खेती किसे कहते हैं?**

**अथवा**

**कर्तन व दहन कृषि की व्याख्या कीजिए (2018)**

उत्तरः इस प्रकार की कृषि में क्षेत्रों की वनस्पति को काटा व जला दिया जाता है। एवं जली हुई राख की परत उर्वरक का कार्य करती है। इसमें बोए गए खेत बहुत छोटे–छोटे होते हैं। एंव खेती भी पुराने औजारों से की जाती है। जब मिट्टी का उपजाऊपन समाप्त हो जाता है, तब कृषक नए क्षेत्र में वन जलाकर कृषि भूमि तैयार करता है। भारत के उत्तरपूर्वी राज्यों में इसे झूमिंग कृषि कहते हैं।

**प्रश्न 7. विकासशील देश खनन कार्य को महत्व क्यों दे रहे हैं?**

उत्तरः विकासशील देश अपने विशाल श्रमिक शक्ति के बल पर अपने देशवासियों के ऊँचे रहन–सहन को रखने के लिए खनन कार्य को महत्व दे रहे हैं।

**प्रश्न 8. ''विश्व स्तर पर भोजन संग्रहण का अधिक महत्व नहीं है''। स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**विश्व स्तर पर भोजन संग्रहण के महत्त्वपूर्ण होने के, न के बराबर अवसर क्योंहै? एक कारण स्पष्ट कीजिए। (2017)**

उत्तरः 1. इन क्रियाओं के द्वारा प्राप्त उत्पाद विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते ।

2. कृत्रिम उत्पादों ने ऊष्ण कटिबंधीय वन के भोजन संग्रह करने वाले समूहों के उत्पाद का स्थान ले लिया है।

**प्रश्न 9. ब्राजील के कॉफी के बागानों को क्या कहा जाता है ये किसके नियन्त्रण में है?**

उत्तरः फेजेंडा यूरोपवासियों के नियंन्त्रण में।

**प्रश्न 10. ऋतु प्रवास किसे कहते हैं?**

उत्तरः नए चारागाहों की खोज में चलवासी पशुचारक समतल भागों एवं पर्वतीय क्षेत्रों में लंबी दूरियाँ तय करते हैं। गर्मियों में मैदानी भाग से पर्वतीय चरागाह की ओर एवं शीत ऋतु में पर्वतीय भाग से मैदानी चरागाहों की ओर प्रवास करते हैं। इस गतिविधि को ऋतुप्रवास कहते हैं।

**प्रश्न 11. धरालीय खनन, खनन का सबसे सस्ता तरीका क्यों हैं?**

उत्तरः धरातलीय खनन सस्ता तरीका है, क्योंकि इस विधि में सुरक्षात्मक पूर्वोपायों एवं उपकरणों पर अतिरिक्त खर्च कम होता है।

**प्रश्न 12. उस देश का नाम बताइए जहाँ व्यावहारिक रूप से प्रत्येक किसान सहकारी समिति का सदस्य है।**

उत्तरः डेनमार्क

**प्रश्न 13. ट्रक कृषि किसे कहते हैं?**

उत्तरः जहाँ केवल सब्जियों की खेती है वहाँ ट्रक, फार्म एवं बाजार के मध्य दूरी रात भर में तय करते हैं। इन्हें ट्रक कृषि कहते हैं।

## अति लघुउत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 14. "कृषि व्यापार फार्म यंत्रीकृत तथा आकार में बड़े होते है" इस कथन की परख कीजिए। (2016)**

उत्तर विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि में खेतों का आकार बहुत बड़ा तथाखेत जोतने से फसल काटने तक सभी कार्य यंत्रो द्वारा पूर्ण किये जाते है।

**प्रश्न 15. अमेजिन बेसिन में कौन–सी प्राथमिक आर्थिक क्रिया मुख्यतः प्रचलित है? (** comptt **2016)**

उत्तर भोजन संग्रह

**प्रश्न 16. विवृत खदान का अर्थ क्या है?**

उत्तर इसे धरातलीय खनन भी कहा जाताहै। यह एक सस्ता तरीका हैं जिसमें सुरक्षात्मक पूर्वोपायों एवं उपकरणों पर अतिरिक्त खर्च कम तथा उत्पादन शीघ्र व अधिक होता है।

## पांच अंक वाले प्रश्न (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**प्रश्न 17. डेयरी कृषि की सफलता किन बातों पर निर्भर करती है?**

**अथवा**

**संसार में डेरी कृषि, कृषि दुधारू पशुपालन का सर्वाधिक उन्नत और दक्ष प्रकार है? उदाहरण सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**डेरी कृषि का क्या महत्व है? विश्व में यह नगरीय और औद्योगिक केंद्रों के निकट मुख्य रूप से क्यों की जाती है।**

**अथवा**

**डेरी कृषि की विशेषतायें बताइये**

उ. 1) **अर्थ** – यह एक विशेष प्रकार की कृषि है, जिसके अन्तर्गत पशुओं को दूध के लिए पाला जाता है, और उनके स्वास्थ्य, प्रजनन एवं चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

2) **पूँजी** – पशुओं के लिए छप्पर, घास संचित करने के भंडार एवं दुग्ध उत्पादन में अधिक यंत्रों के प्रयोग के लिए पूँजी भी अधिक चाहिए।

3) **श्रम** – पशुओं को चराने, दूध निकालने आदि कार्यों के लिए वर्ष भर श्रम की आवश्यकता होती हैं।

4) नगरीय और औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित यातायात के साधन प्रशीतकों का उपयोग तथा पाश्चुरीकरण की सुविधा उपलब्ध होने के कारण इन केंद्रों के निकट स्थापित की जाती है।

5) **बाजार** – डेरी कृषि का कार्य नगरीय एवं औद्योगिक केंद्रों के समीप किया जाता हैं, क्योंकि ये क्षेत्र ताजा दूध एवं अन्य डेरी उत्पाद के अच्छे बाजार होते हैं।

6) **मुख्य क्षेत्र** –(1) उत्तरी पश्चिमी यूरोप
(2) कनाडा
(3) न्यूजीलैंड, दक्षिण पूर्वी, आस्ट्रेलिया एवं तस्मानिया।

**प्रश्न 18.भूमध्य सागरीय कृषि की विशेषताएँ बताइये।**

उत्तर : 1) यह कृषि भूमध्यसागरीय जलवायु वाले प्रदेशों में की जाती है।

2) यह विशिष्ट प्रकार की कृषि है, जिसमें खट्टे फलों के उत्पादन पर विशेष बल दिया जाता है।

3) यहाँ शुष्क कृषि भी की जाती है। गर्मी के महीनों में अंजीर और जैतून पैदा होते हैं।

4) शीत ऋतु में जब यूरोप एवं संयुक्त राज्य अमेरिका में फलों एवं सब्जियों की माँग होती है, तब इसी क्षेत्र से इसकी आपूर्ति की जाती है।

5) इस क्षेत्र के कई देशों में अच्छे किस्म के अंगूरों से उच्च गुणवत्ता वाली मदिरा (शराब) का उत्पादन किया जाता है।

**प्रश्न 19.बाजार के लिए सब्जी खेती एवं उद्यान कृषि की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2008)**

उत्तर : 1) इस प्रकार की कृषि में अधिक मुद्रा मिलने वाली फसलें, जैसे सब्जियाँ, फल एवं पुष्प लगाए जाते हैं जिनकी मांग नगरीय क्षेत्रों में होती है।

2) इस कृषि में खेतों का आकार छोटा होता है।

3) खेत यातायात के अच्छे साधनों द्वारा

**प्रश्न 20.चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन में अंतर बताइये।**

**(CBSE Exam 2010)**

**संसार में चलवासी पशुचारकों के जीवन जीन`के तरीको का वर्णन कीजिए। (2017)**

**अथवा**

**किन्ही पाँच भिन्नता प्रतिपादक बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए मिश्रित कृषि और डेरी कृषि में अन्तर स्पष्ट कीजिए (2016)**

**अथवा**

**चलवासी पशुचारण की परिभाषा लिखिए। इसकी किन्ही चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**किन्ही पाँच भिन्नता प्रतिपादक बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में चलवासी पशुचारण की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : चलवासी पशुचारण

1) **अर्थ** – चलवासी पशुचारण में पशुपालक समुदाय चारे एवं जल की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं।

2) **पूँजी** – यह पूँजी प्रधान नहीं है। पशुओं को प्राकृतिक परिवेश में पाला जाता है।

3) **पशुओं की देखभाल** – पशु प्राकृतिक रूप से बड़े होते हैं और उनकी विशेष देखभाल नहीं की जाती।

4) **पशुओं के प्रकार** – चलवासी पशुपालक एक ही समय में विभिन्न प्रकार के पशु रखते हैं। जैसे सहारा व एशिया के मरुस्थलों में भेड़, बकरी व ऊँट पाले जाते हैं।

5) **क्षेत्र** – यह पुरानी दुनिया तक की सीमित है। इसके तीन प्रमुख क्षेत्र हैं:–

   क) उत्तरी अफ्रीका के एटलांटिक तट से अरब प्रायद्वीप होते हुए मंगोलिया एवं मध्य चीन

   ख) यूरोप व एशिया के टुंड्रा प्रदेश

   ग) दक्षिण पश्चिम अफ्रीका एवं मेडागास्कर द्वीप।

**वाणिज्य पशुधन पालन**

1) **अर्थ** – वाणिज्य पशुधन पालन एक निश्चित स्थान पर विशाल क्षेत्र वाले फार्म पर किया जाता है और उनके चारे की व्यवस्था स्थानीय रूप से की जाती है।

2) **पूँजी** – चलवासी पशुचारण की अपेक्षा वाणिज्य पशुधन पालन

अधिक व्यवस्थित एवं पूँजी प्रधान है।

3) **पशुओं की देखभाल** – पशुओं को वैज्ञानिक तरीके से पाला जाता है और उनकी विशेष देखभाल की जाती है।

4) **पशुओं के प्रकार** – इसमें उसी विशेष पशु को पाला जाता है जिसके लिए वह क्षेत्र अत्यधिक अनुकूल होता है।

5) **क्षेत्र** – यह मुख्यतः नई दुनिया में प्रचलित हैं। विश्व में न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटाइना, युरुग्वे, संयुक्त राज्य अमेरीका में वाणिज्य पशुधन पालन किया जाता है।

**प्रश्न 21.'मिश्रित कृषि' की विशेषताएं बताते हुये इसके प्रमुख क्षेत्रों के नाम लिखिए।**

उत्तर : 1) इस प्रकार की कृषि में फसल उत्पादन एवं पशुपालन दोनों को समान महत्व दिया जाता हैं। फसलों के साथ–साथ पशु जैसे मवेशी, भेड़, सुअर, कुक्कुट आय के प्रमुख स्रोत है।

2) चारें की फसलें मिश्रित कृषि के मुख्य घटक हैं।

3) इस कृषि में खेतों का आकार मध्यम होता है।

4) इसमें बोई जाने वाली अन्य फसलें गेहूँ, जौ, राई, जई, मक्का, कंदमूल प्रमुख है। शस्यावर्तन एवं अंतः फसली कृषि मृदा की उर्वरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

5) इस प्रकार की कृषि विश्व के अत्यधिक विकसित भागों में की जाती है, जैसे उत्तरी पश्चिमी यूरोप, उत्तरी अमेरिका का पूर्वी भाग, यूरेशिया के कुछ भाग एवं दक्षिणी महाद्वीपों के समशीतोष्ण अंक्षाश वाले भाग।

**प्रश्न 22.आदिमकालीन निर्वाह कृषि की विशेषताएँ बताए।**

उत्तर : **1) अर्थ आदिमकालीन** – निर्वाह कृषि, कृषि का वह प्रकार है जिसमें कृषक अपने व अपने परिवार के भरण पोषण (निर्वाह) हेतु उत्पादन करता है। इसमें उत्पाद बिक्री के लिए नहीं होते। आदिमकालीन निर्वाह कृषि का प्राचीनतम रूप है, जिसे स्थानांतरी कृषि भी कहते हैं, जिसमें खेत स्थाई नहीं होते।

**2) खेत का आकार** – खेत छोटे–छोटे होते हैं।

**3) कृषि की पद्धति** – इसमें किसान एक क्षेत्र के जंगल या वनस्पतियों

को काटकर या जलाकर साफ करता है। खेत का उपजाऊपन समाप्त होने पर उस स्थान को छोड़कर भूमि का अन्य भाग कृषि हेतु तैयार करता है।

4) **औजार** – औजार पारम्परिक होते हैं, जैसे लकड़ी, कुदाली एवं फावड़े।

5) **क्षेत्र** – ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्र जहाँ आदिम जाति के लोग यह कृषि करते हैं:–

(1) अफ्रीका

(2) उष्णकटिबंधीय दक्षिण व मध्य अमेरीका

(3) दक्षिण पूर्वी एशिया।

**प्रश्न 23.चावल प्रधान गहन निर्वाह कृषि की मुख्य विशेषताएं बताए?**

**अथवा**

**संसार में गहन निर्वाह कृषि मुख्यतः कहाँ की जाती है? गहन निर्वाह कृषि के दोनो प्रकारो को स्पष्ट कीजिए**

**अथवा**

**संसार के विभिन्न देशो में प्रचलित निर्वाह कृषि के दो प्रकार कौन से है? निर्वाह कृषि के इन प्रकारों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में प्रचलित निर्वाह कृषि की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए (2016)**

**(A) चावल प्रधान गहन निर्वाह कृषि**

उत्तर : 1) **अर्थ** – इस प्रकार की कृषि में लोग परिवार के भरण पोषण के लिए भूमि के छोटे से टुकड़े पर काफी बड़ी संख्या में लोग चावल की कृषि में लगे होते हैं। यहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है।

2) **मुख्य फसल** – जैसा कि इस कृषि के नाम से ही पता चलता है कि इसमें चावल प्रमुख फसल होती है। सिंचाई वर्षा पर निर्भर होती है।

3) **खेतों का आकार** – अधिक जनसंख्या घनत्व के कारण खेतों का आकार छोटा होता है तथा खेत एक दूसरे से दूर होते हैं।

4) **श्रम** – भूमि का गहन उपयोग होता है एवं यंत्रों की अपेक्षा मानव श्रम का अधिक महत्व है। कृषि कार्य में कृषक का पूरा परिवार लगा रहता

है।

5) **प्राकृतिक खाद** – भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए पशुओं के गोबर की खाद एवं हरी खाद का उपयोग किया जाता है।

6) **क्षेत्र** – मानसून एशिया के घने बसे प्रदेश।

**b. चावल रहित गहन निर्वाह कृषि।**

उत्तर : 1) इस कृषि में चावल मुख्य फसल नहीं होती है और इसके स्थान पर गेहूँ, सोयाबीन, जौ तथा सोरपम आदि फसलें बोई जाती है।

2) यह कृषि उन क्षेत्रों में की जाती है, जहाँ पर चावल की फसल के लिए पर्याप्त वर्षा नहीं होती इसलिए इसमें सिंचाई की जाती है।

3) इस प्रकार की कृषि में भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक रहता हैं।

4) खेत बहुत ही छोटे तथा बिखरे हुए होते हैं।

5) मशीनों के स्थान पर खेती के अधिकतर कार्य पशुओं द्वारा होते है।

6) मुख्य क्षेत्रों में उत्तरी कोरिया, उत्तरी जापान, मंचूरिया, गंगा सिंधु के मैदानी भाग (भारत) हैं।

**प्रश्न 24.रोपण कृषि की मुख्य विशेषताएँ बताइये।**

**अथवा**

**संसार के विभिन्न क्षेत्रों मेंप्रचलित रोपण कृषि की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2017, 2019)**

उत्तर : 1) **अर्थ** – रोपण कृषि एक व्यापारिक कृषि है जिसके अन्तर्गत बाजार में बेचने के लिए चाय, कॉफी, कोको, रबड़, कपास, गन्ना, केले व अनानास की पौध लगाई जाती है।

2) **खेत का आकार** – इसमें कृषि क्षेत्र (बागान) का आकार बहुत बड़ा होता है।

3) **पूँजी निवेश** – बागानों की स्थापना व उन्हें चलाने, रखरखाव के लिए अधिक पूँजी की आवश्यकता होती है।

4) **तकनीकी व वैज्ञानिक विधियाँ** – इसमें उच्च प्रबंध तकनीकी आधार तथा वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।

5) **एक फसली कृषि** – यह एक फसली कृषि है जिसमें एक फसल के उत्पादन पर ही ध्यान दिया जाता है।

6) **श्रम** – इसमें काफी श्रमिकों की आवश्यकता होती है। श्रम स्थानीय

लोगों से प्राप्त किया जाता है।

7) **परिवहन के साधन** – परिवहन के साधन सुचारु रूप से विकसित होते हैं जिसके द्वारा बागान एवं बाजार भली प्रकार से जुड़े रहते हैं।

8) **क्षेत्र** – इस कृषि को यूरोपीय एवं अमेरिकी लोगों ने अपने अधीन उष्ण कटिबंधीय उपनिवेशों में स्थापित किया था।

## पाँच अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 25 "भोजन संग्रह एंव आखेट जनजातीय समाजों के जीवन निर्वाह के लिए आदिमकालीन आर्थिक क्रियाएँ हैं, परंतु आधुनिक समय में भोजन संग्रह के कार्य का व्यापारीकरण भी हो गया है" इस कथन की जाँच कीजिए।**

**अथवा**

**भोजन संग्रहण प्राचीनतम आर्थिक क्रिया है, परन्तु विश्व स्तर पर भोजन संग्रहण का अधिक महत्व नही है।" इस कथन को प्रमाणित कीजिए। (Comptt. 2017)**

उत्तरः भोजन संग्रहक कीमती पौधों की पत्तियों, छाल औषधीय पौधों को बाजार में बेचने के उद्देश्य से इनको संग्रहीत करते हैं।

’ पोधों के विभिन्न भागों का ये उपयोग करते हैं। जैसे–छाल का उपयोग कुनेन, चमड़ा तैयार करना एवं कार्क के लिए।

’ दृढ़ फल को भोजन एवं तेल के लिए एकत्रित किया जाता है। अनेक उद्योगों में पेड़ के तने का उपयोग रबड़, बनाना, गोंद व राल बनाने के लिए किया जाता है, पेड़ की पत्तियों का उपयोग पेय पदार्थ, दवाइयाँ तथा कांतिवर्धक वस्तुएँ बनाने के लिए किया जाता है।

**प्रश्न 26.संसार में प्रचलित वाणिज्य पशुधन पालन की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2014)**

**अथवा**

**संसार में वाणिज्य पशुधनपालन व्यवस्थित और पूंजी प्रधान गतिविधि हैं इस कथन को प्रमाणित किजिए। (Comptt. 2017)**

उत्तर (i) वाणिज्य पशुधन पालन अधिक व्यवस्थित एवं पूँजी प्रधान है।

(ii) पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित, इसमें फार्म स्थायी होते हैं, जो विशाल क्षेत्र पर फैले होते है जिन्हें छोटी–छोटी इकाइयों में बाँट दिया जाता है।

(iii) चराई के नियंत्रण के लिए बाड़ लगाकर इन इकाइयों को एक दूसरे से अलग कर दिया जात है।

(iv) पशुओं की संख्या चरागाह की वहन क्षमता के अनुसार रखी जाती हें

(v) एक विशिष्ट गतिविधि है, जिसमें एक ही प्रकार के प्रशु पाले जाते है!

(vi) प्रमुख पशुओं में भेड़, बकरी, गाय–बैल एवं घोड़े हैं।

(vii) पशुफार्म में पशुधन पालन वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थित किया जाता है।

(viii) विशेष ध्यान पशुओं के प्रजनन, मानसिक सुधार, बिमारियों पर नियन्त्रण तथा उनके स्वास्थय पर दिया जाता हैं। इस प्रकार प्रत्येक कार्य के लिए पूंजी आवश्यक हैं।

**प्रश्न 27.किन्ही पाँच भिन्नता प्रतिपादक बिन्दुओं का उल्लेख करते हुये, सहकारी कृषि और सामूहिक कृषि में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर (i) सरकारी कृषि में कृषक स्वेच्छा से अपने संसाधनों का समाहित कर, सहाकरी संस्था बनाकर कृषि कार्य सम्पन्न करते हैं, जबकि सामूहिक कृषि में उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सम्पूर्ण समाज एवं सामूहिक श्रम पर आधारित होता है।

(ii) सहकारी कृषि में व्यक्तिगत फार्म अक्षुण्ण रहते हैं, परन्तु सामूहिक कृषि में कृषक अपने सभी संसाधनो को मिलाकर कृषि करते हैं, किन्तु भूमि का छोटा सा हिस्सा अपने अधिकार में रख सकते हैं।

(iii) सहकार समितियाँ कृषकों की सभी रूपों में सहायता करती हैं परन्तु सामूहिक कृषि में सरकार सभी तरह से नियन्त्रण करती है।

(iv) सहकारी समितियाँ अपने उत्पादों को अनुकूल शर्तो पर बेचती हैं, सामूहिक कृषि में उत्पादन को सरकार ही निर्धारित मूल्य पर खरीदती है।

(v) डेनमार्क, नीदरलैंड, बेल्जियम, स्वीडन, इटली आदि यूरोप के देशों में सहकारी कृषि का चलन हैं, जबकि रूस में सामूहिक कृषि का प्रचलन है।

**प्रश्न 28.संसार में चलवासी पशुचारको की संख्या घट रही है एवं इनके द्वारा उपयोग में लाए गये क्षेत्रों में कमी हो रही हैं।**

**इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर चलवासी पशुचारकों की संख्या तथा उनके द्वारा उपयोग में लाए गए क्षेत्र लाए गए क्षेत्र में कमी हो रही है। इसके दो कारण है–

(क) राजनीतिक सीमाओं का अधिरोपण

(ख) कई देशों द्वारा नई बस्तियों की योजना बनाना।

**(क) विश्व के चलवासी पशुचारण के प्रमुख क्षेत्रों में अधिकांशत :** उपनिवेश शासन के समय में राजनीति क सीमाओं का अधिरोपण किया गया है। जिनमें शासन इकाइयों का बटँवारा किया गया जिस कारण अनेक क्षेत्रों में पशुचारकों के आवगमन पर प्रभाव पड़ा अथवा उनका क्षेत्र सीमित कर दिया गया

(ii) उननिवेश काल में चरागाहों को कृषि फार्मो में परिवर्तित करने का कार्य किया गया, वेस्टलेंड रूल, लागू किया गया।

(iii) अफ्रीका में स्थानीय किसानों को कृषि क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए प्रतिपादित किया गया।

**(ख) (i) कुछ चारागाहों को श्वेत बस्तियों के रूप में परिवर्तित किया गया।**

(ii) पशुचारको के कुछ समूहों ने शहरों में रहना शुरू कर दिया तथा व्यापार में शामिल हो गये।

बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न 29.प्राथमिक क्रियाएँ प्रत्यक्ष रूप में निम्न में से किस पर निर्भर है?**

**(अ) आखेट (ब) पशुचारण (स) पर्यावरण (द) खनन**

उत्तर (स)

**प्रश्न 30. आदिम कालीन समाज किस प्रकार के पशुओं पर निर्भर था?**

**(अ) जंगली (ब) पालतू (स) जंगली तथा पालतू दोनों**

**(द) किसी पर भी नही**

उत्तर (अ)

**प्रश्न 31. जेपोटा वृक्ष के दूध से क्या बनाया जाता है?**

**(अ) पेय पदार्थ (ब) कुनैन (स) कार्क (द) चिकल**

उत्तर (द)

**प्रश्न 32.रेडियर विश्व के किन क्षेत्रों पाला जाता है?**

**(अ) तिब्बत (ब) अफ्रीका (स) एंडीज के पर्वतीय**

**(द) आर्कटिक और उप उत्तरी ध्रुवीय**

उत्तर (द)

**प्रश्न 33.भूटिया लोग किस पर्वतीय क्षेत्र में रहते है?**

**(अ) रॉकी (ब) एंडीज (स) हिमालय (द) आल्यस**

उत्तर (स)

**प्रश्न 34. चराई को नियंत्रित करने के लिए क्या किया जाता है?**

**(अ) फार्म का आकार बढ़ाया जाता है**

**(ब) फार्म को बाड़ लगाकर एक दूसरे से अलग किया जाताहै**

**(स) पशुधन पालन पूँजी प्रधान है**

**(द) एक प्रकार के पशु पाले जाते है।**

उत्तर (ब)

**प्रश्न 35.निम्न में से किस देश में वाणिज्य पशुधन पालन नही किया जाता है?**

**(अ) न्यूजीलैंड (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका**

**(स) कनाडा (द) अर्जेंटाइना**

उत्तर (स)

**प्रश्न 36. स्थानातरणशील कृषि को लादाग किस देश में नही कहाजाता?**

**(अ) मलेशिया (ब) इडोनेशिया**

**(स) भारत (द) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर (स)

**प्रश्न 37. मिश्रित कृषि में बोई जानेवाली फसलों के सन्दर्भ में निम्न कथनो को ध्यानपूर्वक पढ़े तथा उचित विकल्प चुनें।**

**(अ) गेहूँ, जो, राई (ब) जई, मक्का चारे की फसल**

**(स) कपास (द) चाप**

1. अ तथा स
2. ब तथा द
3. अ तथा ब
4. स केवल

उत्तर 1. अ तथा स

**प्रश्न 38. सामूहिक कृषि को प्रारम्भ करने का क्या उद्देश्य था?**

**(अ) आत्मनिर्भरता प्राप्ति करना (ब) उत्पादन वृद्धि के लिए**

**(स) कृषि की दशा सुधारने के लिए**

**(द) सामूहिक श्रम को विकसित के लिए में से सही विकल्प चुने।**

1. (स) व (द) 2. (अ), (ब) तथा (स)

3. केवल (द) 4. (स) तथा (अ)

उत्तर 2. (अ), (ब) तथा (स)

# अध्याय–6

# द्वितीयक क्रियाएँ

## अवधारणा मानचित्र

## उद्योगों का वर्गीकरण



## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. द्वितीयक आर्थिक क्रिया का अर्थ बताइये।**

उत्तर : प्राकृतिक रूप से प्राप्त कच्चे माल को जब मनुष्य अपना कौशल ज्ञान एवं श्रम लगाकर नये उपयोगी उत्पाद में बदल देता है तो इस द्वितीयक आर्थिक क्रिया कहा जाता है।

**प्रश्न 2. द्वितीयक गतिविधियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का मूल्य बढ़ जाता है। एक कारण बताइये।**

उत्तर : द्वितीयक गतिविधियों के अन्तर्गत विनिर्माण द्वारा कच्चे माल का रूप बदलकर उसे उपयोगी उत्पाद के परिवर्तित कर देते हैं जिससे वह कच्चा माल एक मूल्यवान उत्पाद बन जाता है।

**प्रश्न 3. वृहत एकीकृत इस्पात उद्योग की स्थिति कच्चे माल के स्रोत के निकट क्यों होती है? (2016)**

उत्तर : ताकि उत्पादन लागत कम आए।

**प्रश्न 4. कृषि प्रसंस्करण एवं डेरी उत्पाद कृषि उत्पादन क्षेत्रों अथवा दुग्ध आपूर्ति स्त्रोतों के समीप ही संसाधित किए जाते हैं। एक कारण बताइए।**

उत्तर : कच्चे माल (दूध) की शीघ्र नष्ट होने वाली प्रकृति के कारण।

**प्रश्न 5. विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों को उनके वृहत् पैमाने पर किए गए निर्माण के आधार पर कितने समूहों में बांटा जा सकता है?**

उत्तर :
1) परंपरागत वृहत् औद्योगिक प्रदेश जिनके समूह कुछ अधिक विकसित देशों में है।
2) उच्च प्रौद्योगिकी वाले वृहत् औद्योगिक प्रदेश जिनका विस्तार कम विकसित देशों में हुआ है।

**प्रश्न 6. गैर आधारभूत उद्योग क्या है?**

**अथवा**

**उपभोक्ता वस्तु उद्योग क्या है ? उदाहरण सहित बताइए।**

उत्तर : उपभोक्ता वस्तु उद्योग ऐसे सामान का उत्पादन करते हैं जो प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ता द्वारा उपयोग कर लिया जाता है। जैसे ब्रेड़ एंव बिस्कुट, चाय, साबुन इत्यादि।

**प्रश्न 7. धुएँ की चिमनी वाला उद्योग किसे कहते हैं ?**

उत्तर : परंपरागत बड़े पैमाने वाले औद्योगिक प्रदेश जिसमें कोयला खादानों के समीप स्थित धातु पिघलाने वाले उद्योग भारी इंजीनियरिग, रसायन, निर्माण इत्यादि का कार्य किया जाता है। इन्हें धुएं की चिमनी वाला उद्योग भी कहतें हैं।

**प्रश्न 8. कृषि व्यापार या कृषि कारखानों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : कृषि व्यापार एक प्रकार की व्यापारिक कृषि है जो औद्योगिक पैमाने पर की जाती है इसका वित्त पोषण वह व्यापार करता है जिसकी मुख्य रूचि कृषि के बाहर हो। यह फार्म से आकार में बड़े यन्त्रीकृत, रसायनों पर निर्भर व अच्छी संरचना वाले होते हैं। इनकों कृषि कारखानें भी कहा जाता है।

**प्रश्न 9. लौह इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ?**

उत्तर : लौह–इस्पात उद्योग के उत्पाद को अन्य वस्तुएँ बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में प्रयोग में लाया जाता है इसलिए इसे आधारभूत उद्योग कहते हैं। जैसेः– लौह इस्पात उद्योग, वस्त्र उद्योग व अन्य उद्योगों के लिए मशीनें बनाता है। अतः यह सभी उद्योगों का आधार है।

**प्रश्न 10. प्रौद्योगिक ध्रुव किसे कहते हैं ?**

**अथवा**

**प्रौद्योगिक ध्रुव के दो उदाहरण दीजिए।**

उत्तर : वे उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग जो प्रादेशिक रूप में सकेन्द्रित हैं, आत्मनिर्भर तथा उच्च विशिष्टता लिए होते हैं उन्हें प्रौद्योगिक ध्रुव कहा जाता है जैसे उदाहरण– सिलीकन घाटी (स.रा.अ.) बेंगलूरू (भारत में), सियटल के समीप सिलीकन वन।

**प्रश्न 11. विनिर्माण का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : विनिर्माण से आशय किसी भी वस्तु के उत्पादन से है। हस्तशिल्प से लेकर लोहे व इस्पात को गढ़ना, अंतरिक्ष यान का निर्माण इत्यादि सभी प्रकार के उत्पादन को विनिर्माण के अन्तर्गत ही माना जाता है।

**प्रश्न 12. छोटे इस्पात कारखानों के लिए कच्चे माल की अपेक्षा बाज़ार का समीप होना क्यों महत्वपूर्ण हैं?**

उत्तरः छोटे इस्पात कारखानों के लिए बाजार का समीप होना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि कच्चे माल के रूप में रद्दी धातु बाजार से उपलब्ध हो जाती है।

## लघू उत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले)

**प्रश्न 13. छोटे पैमाने के उद्योग की कोई तीन विशेषताएँ बताइऐ।**

**अथवा**

**छोटे पैमाने व बड़े पैमाने के उद्योग में अंतर स्पष्ट करें।**

उत्तर– **छोटे पैमाने के उद्योगः**

1. **निर्माण स्थलः**– इस प्रकार के उद्योग मे निर्माण स्थल घर से बाहर करखाना होता है।
2. **कच्चा माल** :– इसमें स्थानीय कच्चे माल का उपयोग होता है।
3. **रोजगार के अवसर** :– रोजगार के अवसर इस उद्योग में अधिक होते हैं जिससे स्थानीय निवासियों की क्रय शक्ति

**बड़े पैमाने के उद्योग**–

1. उत्पादन, विकसित प्रौद्योगिक तथा कुशल श्रमिकों द्वारा किया जाता है।
2. उत्पादन अथवा उत्पादित माल को विशाल बाज़ार में बेचा जाता है।
3. इसमें उत्पादन की मात्रा भी अधिक होती है।
4. अधिक पूंजी तथा विभिन्न प्रकार के कच्चे माल का प्रयोग किया जाता है।

**प्रश्न 14. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।**

**स्वामित्व के आधार पर उद्योग**

**सार्वजनिक क्षेत्र** | **निजी क्षेत्र** | **संयुक्त क्षेत्र**

**1. सार्वजनिक क्षेत्र** :–

1) ऐसे उद्योग सरकार के अधीन होते हैं।
2) सरकार ही इनका प्रबंध करती है।
3) भारत में बहुत से उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के बीच है जैसे लोह इस्पात उद्योग।
4) अधिकतर समाजवादी, साम्यवादी देशों में ऐसा होता हैं।

**2. निजी क्षेत्र** :–

1) ऐसे उद्योगों का मालिक एक व्यक्ति या एक कम्पनी होती है।
2) व्यक्ति या निजी कंपनियां इन उद्योगों का प्रबंधन करती है।

3) पूंजीवाद देशों में यह व्यवस्था होती है।

4) भारत में टाटा समूह, विरला, रिलायंस इंडस्ट्री इसके उदाहरण है।

**3. संयुक्त क्षेत्र :–**

1) कुछ उद्योगों का संचालन सरकार और निजी कंपनियाँ मिलकर करती है।

2) हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कोर्पोटेशन लिमिटेड (HPCL) तथा मित्तल एनर्जी लिमिटेड साझेदारी (HPCL Mittal energy limited (HMFL) इसका उदाहरण है।

**प्रश्न 15. कुटीर उद्योग से क्या तात्पर्य है? इसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : कुटीर उद्योग उन उद्योगों को कहते हैं जिनमें लोग अपनें परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर स्थानीय कच्चें माल की सहायता से घर पर ही दैनिक उपयोग की वस्तुओं का निर्माण करते है।

1) पूँजी एंव परिवहन के साधन इन उद्योगों को प्रभावित नही करते।

2) कच्चा माल एंव बाजार दोनों ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होते है।

3) किसी शक्तिचालित मशीन की आवश्यकता नहीं होती। हाथ के साधारण औजार ही उपयोग में आते हैं।

**प्रश्न 16. संसार में हथकरघा उद्योगों की किन्ही तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए? (C.B.S.E.-2012 Delhi)**

उत्तर : हथकरघा उद्योग की विशेषताएँ :–

1) हथकरघा उद्योग में अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

2) यह अर्धकुशल श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है।

3) इसमें पूँजी की आवश्यकता कम होती है।

4) इसके अन्तर्गत सूत की कताई, बुनाई आदि का कार्य किया जाता है।

**प्रश्न 17. स्वच्छंद उद्योगों की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या किजिए ? (C.B.S.E.-2012 Delhi)**

उत्तर : स्वच्छंद उद्योग की विशेषताएँ :–

1) स्वच्छंद उद्योग व्यापक विविधता वाले स्थानों में स्थित होते हैं।

2) ये किसी विशिष्ट प्रकार के कच्चे माल पर निर्भर नहीं होते हैं।

3) ये उद्योग संघटन पुरजो पर निर्भर होते हैं।

4) इनमें कम मात्रा में उत्पादन होता है।

5) इन उद्योगों में श्रमिकों की भी कम आवश्यकता होती है।

6) सामान्यतः ये उद्योग प्रदूषण नही फैलाते हैं।

**प्रश्न 18. खनिज आधारित उद्योग किस प्रकार रसायन आधरित उद्योगो से भिन्न हैं? स्पष्ट कीजिए**

उत्तर (a) उद्योगों में खनिजो को कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाता हैं जिनमें कुछ उद्योग लौहे अंश वाले धात्विक खनिजों का उपयोग करते है तथा कुछ अलौह धात्विक खनिजों का उपयोग करते है एल्यूमिनियम, तांबा, सीमेंट आदि

(b) जबकि रसायन आधारित उद्योगों में प्राकृतिक रूप मं पाये जाने वाले रासायनिक खनिजो का उपयोग होता है। पेट्रों रसायन उद्योगे में खनिज तेल का उपयोग होता हैं नमक, गधंक एवं पोटाश उद्योगो में भी प्राकृतिक खनिजों को काम में लेते हैं कुछ उद्योग लकड़ी एवं कोयले से प्राप्त कच्चे माल पर भी निर्भर हैं।

**प्रश्न 19. लोह इस्पात उद्योग को आधार भूत उद्योग क्यों कहाँ जाता है? चार प्रकार के कच्चे माल से इस्पात कैसे बनाया जाता है? (comptt 2016)**

उत्तर (a) इसके लिए प्रश्नोत्तर संख्या 17 देखें

(b) (i) लोहा निकालने के लिए लौह अयस्क को झोका भटि्टयों में कार्बन एवं चूना पत्थर के साथ प्रगलन किया जाता है।

(ii) पिछला हुआ लौह बाहर निकलकर जब ठंडा हो जाता है तो उसे कच्चा लोहा कहते है। इस कच्चे लोहे में मैगनीज मिलाकर इस्पात बनाया जाता हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंको वाले)

**प्रश्न 20. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं।**

**अथवा**

**उद्योगों का स्थानीकरण किन तत्वों पर निर्भर करता है ?**

**अथवा**

**संसार में उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारको की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में उद्योगो की स्थिति का प्रभावति करने वाले किन्ही पाँच कारको को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**बड़े पैमाने पर लगाए जाने वाले उद्योग विभिन्न स्थितियों का चुनाव क्यों करते है? औद्योगिक स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्ही चार कारकों को स्पष्ट कीजिए (2017)**

उत्तर




1. **कच्चे माल की उपलब्धता** :– उद्योग के लिए कच्चा माल अपेक्षाकृत सस्ता एंव सरलता से परिवहन योग्य होना चाहिए। भारी वजन सस्ते मूल्य एंव वजन घटाने वाले पदार्थों व शीघ्र नष्ट होने वाले पदार्थों पर आधारित उद्योग कच्चे माल के स्त्रोत के समीप ही स्थित हो। जैसे लौह–इस्पात उद्योग, चीनी उद्योग।

2. **अनुकूल जलवायु** :– कुछ उद्योग विशेष प्रकार की जलवायु वाले क्षेत्रों में ही स्थापित किये जाते हैं। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में सूती वस्त्र उद्योग विकसित होने में नमी वाले पर्यावरण का लाभ मिला है। नमी के कारण कपास से वस्त्र की कताई आसान हो जाती है। अत्याधिक ठंडे व अत्याधिक गर्म प्रदेशों में उद्योगों की स्थापना कठिन कार्य है।

3. **शक्ति के साधन** :– वे उद्योग जिनमें अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है वे ऊर्जा के स्रोतों के समीप लगाए जाते हैं, जैसे एल्यूमिनियम उद्योग।

4. **श्रम की उपलब्धता** :– बढ़ते हुए यंत्रीकरण, स्वचालित मशीनों इत्यादि में उद्योगों में श्रमिकों पर निर्भरता को कम किया है, फिर भी कुछ प्रकार के उद्योगों में अब भी कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है। अधिकांश उद्योग सस्ते व कुशल श्रमिकों की उपलब्धता वाले स्थानों पर अवस्थित होते हैं। स्विटजरलैंड का घड़ी उद्योग व जापान का

इलैक्ट्रोनिक उद्योग कुशल और दक्ष श्रमिकों के बल पर ही टिके हैं।

5. **पूँजी** :— किसी भी उद्योग के सफल विकास के लिए पर्याप्त पूँजी का उपलब्ध होना अनिवार्य है। कारखाने के लिए जमीन, मशीने, कच्चा माल, श्रमिकों को वेतन देने के लिए पर्याप्त पूँजी की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए यूरोप में पर्याप्त मात्रा में पूँजी उपलब्ध होती है तथा वहाँ उद्योग भी काफी विकसित है।

**प्रश्न 21. आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ?**

उत्तर : आधुनिक समय में बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं:—

1) **कौशल का विशिष्टीकरण** :— आधुनिक उद्योगों में उत्पादन बड़े पैमाने पर होने के कारण कौशल का विशिष्टीकरण हो जाता है जिसमें प्रत्येक कारीगर निरंतर एक ही प्रकार का कार्य करता है। कारीगर निर्दिष्ट कार्य के लिये प्रशिक्षित होते है।

2) **यन्त्रीकरण** :— यन्त्रीकरण से तात्पर्य है कि किसी कार्य को पूरा करने के लिए मशीनों का प्रयोग करना। आधुनिक उद्योग स्वचालित यन्त्रीकरण की विकसित अवस्था है।

3) **प्रौद्योगिकीय नवाचार** :— आधुनिक उद्योगों में नया तकनीकी ज्ञान, शोध व विकासमान युक्तियों को सम्मिलित किया गया है जिसमें विनिर्माण की गुणवत्ता को नियन्त्रित करना, अपशिष्टों का निस्तारण व अदक्षता को समाप्त करना व प्रदूषण के विरूद्ध संघर्ष करना मुख्य है।

4) **संगठनात्मक ढांचा व स्तरीकण** :— इसके अतिरिक्त बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण में संगठनात्मक ढाँचा बड़ा, पूँजी का निवेश अधिक कर्मचारियों में प्रशासकीय अधिकारी वर्गों का बाहुल्य होता है।

**प्रश्न 22. आधुनिक औद्योगिक क्रियाओं की मुख्य प्रवृत्तियाँ क्या हैं ?**

उत्तर : आधुनिक औद्योगिक क्रियाओं की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :—

1) आधुनिक निर्माण प्रक्रिया बहुत सारे यंत्रों पर निर्भर है। अत्याधुनिक

एंव विकसित यंत्रों का प्रयोग होता है।

2) कार्यो को विभाजित/वर्गीकृत करके विशिष्ट कुशलता प्राप्त व्यक्तियों को कार्य में लगाया जाता है।

3) प्रबंध स्तर पर प्रशासन एंव अधिकारी वर्गों की नियुक्ति की जाती है।

4) पूँजी निवेश अधिक होता है। उत्पादन में लागत कम करने का प्रयास किया जाता है।

**प्रश्न 23. छोटे पैमाने के उद्योगों को स्थापित करने के लाभ बताइये ?**

**या**

**रोजगार उत्पन्न करने की दृष्टि से छोटे पैमानें के उद्योग अधिक लाभप्रद है। छोटे पैमाने के उद्योगों की विशेषतायें बताते हुये इस कथन की सार्थकता स्पष्ट करें।**

उत्तर : **विशेषतायें :–**

1) इस श्रेणी के उद्योगों का निर्माण स्थल घर से बाहर होता है।

2) कच्चा माल स्थानीय होता है किन्तु श्रमिक अर्द्धकुशल होते हैं।

3) शक्ति के सांधनों से चलने वाले छोटे यन्त्रों का प्रयोग किया जाता है। एक बड़े पैमाने के उद्योग की अपेक्षा छोटे पैमाने के कई उद्योग यदि कार्यशील हो तो उसमें रोजगार ज्यादा होते है।

4) स्थानीय लोग रोजगार पाते है उनकी आय बढ़ती है एंव उनकी क्रय शक्ति भी बढ़ती है।

5) कच्चे माल की स्थानीय माँग में वृद्धि कच्चे माल के उत्पादकों को उत्साहित करती है। रोजगार होने पर क्रयशक्ति में वृद्धि उत्पादन को बढ़ाती है। इसलिए भारत, चीन, इण्डोनेशिया आदि देशों ने इस प्रकार के उद्योगों को प्रोत्साहित किया है।

**प्रश्न 24. उच्च प्रौद्योगिक उद्योग की विशेषताएँ बताते हुये स्पष्ट करें कि ये नगरों के परिधि क्षेत्रों में क्यों विकसित होते हैं ?**

उत्तर : 1) उच्च प्राद्योगिक उद्योग में वैज्ञानिक एंव इंजिनियरिंग उत्पादकों का निर्माण कार्य किया जाता है। इसमें शोध की जरूरत होती है।

2) इसमें श्रमिकों का अधिकांश भाग दक्षता प्राप्त होते हैं।

3) अधिकांश कार्य कम्प्यूटर एंव यंत्रों द्वारा सम्पन्न किये जाते हैं।

4) इन उद्योगों के स्थान खाफ–सुथरे विशाल भवनों, कार्यालयों एंव

प्रयोगशालाओं युक्त होते हैं।

5) इन्हें प्रौद्योगिक ध्रुव भी कहा जाता है।

6) ये नगर के परिधि क्षेत्र में इसलिये होते है क्योंकि

- नगर के बाहर क्षेत्र में सस्ती और अधिक भूमि उपलब्ध होती है।
- नगर के बाहरी क्षेत्र से आन्तरिक क्षेत्रों की तरफ यातायात की अच्छी सुविधा उपलब्ध होती है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न 25. निम्न में से कौन–सी कुटीर उद्योग की विशेषता नही है।**

**(अ) आयातित माल का उपयोग किया जाता है।**

**(ब) परिवार के सदस्य मिलकर कार्य करते हैं।**

**(स) पूंजी इन उद्योगो को प्रभावित नही करती**

**(द) तेयार माल स्थानीय बाजार में विक्रय किया जाता है।**

उत्तर (अ) आयातित माल का उपयोग किया जाता है।

**प्रश्न 26. रोजगार के अवसर किस उद्योग में अधिक होते हैं?**

**(अ) कुटीर उद्योग (ब) छोटे पैमाने के उद्योग**

**(स) बड़े पैमाने के उद्योग (द) इनमें से कोई नही**

उत्तर (ब) छोटे पैमाने के उद्योग

**प्रश्न 27. निम्न में से कौन सा कथन असत्य हैं?**

**(अ) कुटीर उद्योगों में स्थानीय कच्चे माल का उपयोग होता है**

**(ब) भारत में जनसंख्या को राजेगार उपलब्ध करवाने के लिए छोटे पैमाने के उद्योग का कोई योगदान नही है।**

**(स) बड़े पैमाने के उद्योग के लिए विकसित प्रौद्योगिकी की आवश्यकता होती है।**

**(द) विशाल बाजार बड़े पैमाने में उद्योगो की आवश्यकता है।**

उत्तर (ब) भारत में जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए छोटे पैमाने के उद्योग का कोई योगदान नही है।

**प्रश्न 28. कच्चे माल पर आधारित उद्योगों का वर्गीकरण कितने शीर्षकों में किया जाता है?**

**(अ) पाँच (ब) तीन (स) सात (द) दो**

उत्तर (अ) पाँच

**प्रश्न 29. 'कम्पयूटर आधारित डिजाइन' किस उद्योग में प्रमुख स्थान रखता है ?**

**(अ) कुटीर उद्योग (ब) सूती कपड़ा उद्योग**

**(स) उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग (द) लौह इस्पात उद्योग**

उत्तर (स) उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग

**प्रश्न 30. जंग का कटोरा किस क्षेत्र को कहा जाता है?**

**(अ) पीट्सवर्ग (ब) रूहर**

**(स) महान झील (द) अलाबामा**

उत्तर (अ) पोटसवर्ग

**प्रश्न 31. सूती वस्त्र का निर्माण कहाँ किया जाता है?**

**(अ) कारखानों में**

**(ब) हथकरघा, बिजली करघा एवं कारखाने**

**(स) कुटीर उद्योग से (द) इनमें से कोई नही**

उत्तर (ब) हथकरघा, बिजली करघा एवं कारखाने

**प्रश्न 32. जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए श्रम सधन छोटे पैमाने के उद्योग निम्न में से कौन से देशों ने शुरू किए? उचित विकल्प चुने**

**(i) भारत, चीन**

**(ii) ब्राजील व इंडोनेशिया**

**(iii) इंग्लैड**

**(iv) श्री लंका**

(अ) (i) तथा (ii) (ब) (i) तथा (iii)

(स) (ii) तथा (iii) (द) इनमें से कोई नही

उत्तर (अ) (i) तथा (ii)

**प्रश्न 33. परंपरागत औद्योगिक प्रदेशो के पहचान बिंदुओं के उचित विकल्प चुनें।**

**(अ) बेरोजगारी तथा उत्प्रवास (ब) गंदगी के ढेर व प्रदूषण**

**(स) आकर्षक वातावरण (द) इनमें से कोई नही**

(अ) (ii) तथा (iv) (ब) (i) तथा (iv)

(स) (i) तथा (ii) (द) (iii) तथा (iv)

उत्तर (स) (i) तथा (ii)

# अध्याय–7

# तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप

## अवधारणा मानचित्र




## पाठ एक नजर में

- तृतीयक क्रियाकलाप सेवा सेक्टर से सम्बन्धित हैं वे सभी प्रकार की सेवाएं जो भुगतान के बदलें प्राप्त होती हैं।

• कॉलर का रंग तथा कार्य की प्रवृत्ति

| कॉलर का रंग | कार्य की प्रकृति |
|---|---|
| लाल | प्राथमिक क्रियाएँ |
| स्वर्ण | पंचम क्रियाकलाप |
| श्वेत | उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग में अति कुशल कर्मी |
| नीला | उद्योग में वास्तविक उत्पादन से संबंधित कर्मी |

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न :– एक अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1. तृतीयक क्रियाकलाप से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर : तृतीयक क्रियाकलाप का सम्बन्ध अमूर्त सेवाओं से है। इनमें विभिन्न प्रकार की सेवाएँ सम्मिलित की जाती है। तृतीयक व्यवसायों में वस्तुओं का उत्पादन नही होता। उदाहरण शिक्षण कार्य, बैंकिंग, परिवहान व संचार वाणिज्य व व्यापार आदि।

**प्रश्न 2. व्यापारिक केन्द्र किसे कहतें हैं ? (2019)**

उत्तर : व्यापार और वाणिज्य का सारा काम कस्बों और नगरों में होता हैं जिन्हें व्यापारिक केंद्र कहा जाता है।

**प्रश्न 3. चतुर्थक क्रियाकलाप क्या है ? (2014, 2017)**

उत्तर : ये बहुत ही विशिष्ट तथा जटिल प्रकार के क्रियाकलाप हैं जिनका सम्बन्ध ज्ञान से संबंधित क्रियाकलाप से है जैसे – शिक्षा, सूचना, शोध व विकास। चतुर्थक शब्द से तात्पर्य उन उच्च बौद्धिक व्यवसायों से है, जिनका दायित्व चिंतन, शोध तथा विकास के लिए नए विचार देना है।

**प्रश्न 4. चतुर्थ क्रियाकलाप की महता का मूल्यांकन कीजिए।** (2018, CBSE)

उत्तर : (1) चतुर्थ क्रियाकलाप अनुसंधान से संबंधित होते है। जो ज्ञानोन्मुखी है।

(2) चतुर्थ क्रियाकलाप के कारण प्राथमिक क्रियाकलापों में कमी आई है।

**प्रश्न 5. ज्ञान आधारित बाहयस्रोतन (K.P.O) क्या हैं। (Comptt. 2017)**

उत्तर : यह सूचना प्रेरित ज्ञान का बाहयस्रोतन है जिसमें विशेषतया किसी विशिष्ट ज्ञान या कौशल की आवश्यकता होती है। इनमें उच्च श्रेणी के कुशल कर्मी संलग्न होते हैं। जैसे ई–लर्निंग, अनुसंधान और विकास क्रियाएँ।

**प्रश्न 6. भारत, विश्व में एक लोकप्रिय पर्यटक गंतत्य स्थान क्यों है?** (2018)

उत्तरः (1) अनुकूल जलवायु दशाओं के कारण

(2) एतिहासिक स्थल, जैसे ताजमहल आदि के कारण

(3) चिकित्सा सुविधाओं के कारण

**प्रश्न 7. द्वितीयक एंव तृतीयक क्रियाकलापों सें प्रमुख अन्तर बताइए ?**

उत्तर : द्वितीयक क्रियाकलापों में उत्पादन तकनीकी मशीनरी एवं फैक्ट्री के प्रबन्धन से प्रभावित होता है एवं उत्पादन के रूप में कोई वस्तु होती है जबकि तृतीयक क्रियाकलापों में उत्पादन कर्मियों की विशिष्ट कुशलताओं, ज्ञान एवं अनुभव पर आधारित होता है एवं उत्पादन पारिश्रमिक के रूप में होता है।

**प्रश्न 8. फुटकर व्यापार को परिभाषित कीजियें।**

उत्तर : इस व्यापार में उपभोंक्ता वस्तुओं को प्रत्यक्ष रूप में खरीदता है। इसके अन्तर्गत फुटकर दुकानें, रेहड़ी वाले, स्वचालित बिक्री मशीनें, डाक आदेश आदि आते हैं।

**प्रश्न 9. श्रृंखला भंडार क्या है ?**

उत्तर : एक भंडार चलाने के अनुभवों को अन्य भंडार पर लागू करके अनेक जगह अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान चलाना श्रृंखला भंडार है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 10. अंकीय विभाजन क्या हैं ? किसी देश में अंकीय विभाजन किस प्रकार परिलक्षित होता है ? (C.B.S.E. Delhi-2014) (2019)**

उत्तर : सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर आधारित विकास से मिलने वाले अवसरों का वितरण पूरे ग्लोब पर असमान रूप से वितरित है सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तक सभी देशों की समान पहुँच नही है। विकसित देश इस दिशा में आगे बढ़ गए है जबकि विकासशील देश पिछड़ गए हैं। इसी को अंकीय विभाजन कहते हैं।

**देशों के भीतर अंकीय विभाजन :**– देशों के भीतर भी अंकीय विभाजन दिखाई देता है उदाहरण के लिए भारत और रूस के अलग–अलग भागों में इस प्रौद्योगिकी के विकास में काफी अंतर पाया जाता है। देश के बड़े–बड़े नगरों, महानगरों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की भरपूर सुविधाएँ उपलब्ध है, जबकि ग्रामीण औरी दुर्गम क्षेत्र इस सुविधा से वंचित है।

**प्रश्न 11. चतुर्थक सेवाओं को ज्ञानोन्मुख सेक्टर क्यों कहा जाता है ?**

**अथवा**

**चतुर्थक सेवाओं को उदाहरण सहित समझायें।**

उत्तर : चतुर्थक सेवाओं के अन्तर्गत कर्मचारियों के विशिष्ट ज्ञान का उपयोग किया

जाता है दूसरे शब्दों में यह ज्ञानोन्मुख सेक्टर हैं।

प्राथमिक एंव द्वितीयक सेक्टरों से बड़ी संख्या में चतुर्थक में चतुर्थक सेक्टर की तरफ सेवाओं का प्रतिस्थापन हुआ है। सेवाओं में वृद्धि अर्थव्यवस्था के विकसित होने का प्रतीक है। एक ही प्रकार का काम तृतीयक या चतुर्थक दोनों हो सकता है जैसे अध्यापक तृतीयक श्रेणी में है किन्तु यदि कोई अध्यापक नवीन शिक्षण पद्धति के काम में संलग्न होकर किसी प्रकार का आविष्कार करता है तो वह चतुर्थक में शामिल हो जाता है।

**प्रश्न 12. व्यापार एवं वाणिज्य किस प्रकार सेवाओं को जन्म देते हैं? संक्षेप विवरण कीजिये।**

उत्तर : व्यापार में क्रय विक्रय के लिये स्थानीय से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक के व्यापार होते हैं।

इस प्रक्रिया के अन्तर्गत कई संग्रहण एंव विपणन केन्द्र जन्म लेते हैं जिन्हें हम दो श्रेणियों में रख सकते हैं।

1. ग्रामीण विपणन केन्द्र
2. नगरीय बाजार केन्द्र

**व्यापार भी दो प्रकार से किये जाते हैं** :—

1. **थोक व्यापार** :— इस व्यापार को वे बिचौलिये स्थापित करते हैं जो विनिर्माताओं से सीधे सामान उपलब्ध कराते हैं।

   इसी पूरी प्रक्रिया से बड़ी संख्या में लोग संलग्न होते हैं एंव रोजगार प्राप्त करते हैं

2. **फुटकर व्यापार** :— यह उपभोक्ताओं को वस्तुओं के प्रत्यक्ष विक्रय से सम्बन्धित है।

**प्रश्न 13. ग्रामीण विपणन केंद्र की तीन विशेषताएं बताइए।**

**अथवा**

**नगरीय बाजार केंद्रो में अधिक विशिष्टीकृत नगरीय सेवायें मिलती है। तीन बिंदुओं में स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**विश्व के ग्रामीण और नगरीय विपणन केंद्रों के लक्षणों की तुलना तीन बिंदुओं में कीजिए।**

**अथवा**

**फुटकर व्यापार का क्या अर्थ है। ग्रामीण विपणम केन्द्रों ओर**

**नगरीय विपणन केन्द्रो की किन्ही दो–दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (Comptt 2018)**

उत्तरः

| **ग्रामीण विपणन केंद्र** | **नगरीय विपणन केंद्र** |
|---|---|
| 1. ये केंद्र निकटवर्ती बस्तियों को का पोषण करते हैं। | 1. ये केंद्र अधिक विशिष्टीकृत नगरीय सेवाएं प्रदान करते है |
| 2. ये केंद्र स्थानीय संग्रहण और वितरण केंद्र की सेवाएं प्रदान करते हैं। | 2. ये केंद्र स्थानीय सेवाओं के साथ–साथ विशिष्टीकृत वस्तुएं एवं सेवाएं प्रदान करते है। |
| 3. इन केंद्रों पर व्यक्तिगत और व्यावसायिक सेवाएं सुविकसित नहीं होती है। | 3. ये केंद्र विनिर्मित वस्तुएं प्रदान करते हैं। |
| 4. ये केंद्र केवल स्थानीय ग्रामीण आवश्यकताओं की ही पूर्ति कर सकते हैं। | 4. ये केद्र व्यावसायिक सेवाएं जैसे–अध्यापक, वकील, परामर्शदाता एवं चिकित्साक की सेवाएं भी प्रदान करते है |

**प्रश्न 14. बाह्य स्त्रोतन के परिणामस्वरूप कई देशों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर खुले है। इस कथन का तीन उपयुक्त उदारहणों सहित विशलेषण कीजिए।**

**उत्तरः** (i) बाह्य स्त्रोतन बाहरी एजेंसी को कार्य में कुशलता एवं लागतें कम करने के लिए प्रदान करता है, इसी के परिणामस्वरूप भारत, चीन, पूर्वी यूरोप इजराइल, फिलीपींस में बड़ी संख्या में काल सेंटर खुले है।

(ii) व्यवसाय प्रक्रमण बाह्य स्त्रोतन (B.P.O.S) योग्य नवयुवकों एवं नवयुवतियों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करता है।

(iii) बाह्य स्त्रोतन कंपनियों को अतिरिक्त व्यवसायिक अवसरों को उत्पन्न करने में सक्षम बनाता है इसी कारण नागरीय क्षेत्रों में साइबर

कैफों का चलन बढ़ गया है।

(iv) ज्ञान प्रक्रपण बाह्यस्त्रोतन (K.P.O.S) ने कई क्षेत्रों को बढ़ाया है जैसे– ई–लर्निंग, आकँड़ा–प्रक्रमण, ई–बैंकिग सेक्टर, अनुसंधान एवं विकास इत्यादि।

**प्रशन 15.** विश्व के दो लोकप्रिय पर्यटक प्रदेश कौन से है?पर्यटन के महत्व का चार बिंदुओं में वर्णन करे।

**उत्तरः** विश्व के दो पर्यटक प्रदेश–

(i) भूमध्य सागरीय तट के चारों ओर कोष्ण स्थान

(ii) भारत का पश्चिम तट

**महत्वः**–(i) आज यह विश्व का अकेला सबसे बड़ा तृतीयक क्रियाकलाप है।

(ii) पर्यटन ने लगभग 25 करोड़ लोगों को रोज़गार प्रदान किया है।

(iii) पर्यटकों के आवास, भोजन, परिवहन, मनोरंजन जैसी सेवा उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन अनेक स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है।

(iv) पर्यटन आधारित संरचना उद्योगों, फुटकर व्यापार तथा शिल्प उद्योगो को पोषित करता है।

**प्रश्न 16.** भारत विश्व में चिकित्सा पर्यटन में अग्रणी देश बन कर उभरा है। स्पष्ट करे।

(ii) भारत में महानगरों में अवस्थित विश्वस्तरीय अस्पताल संपूर्ण विश्व के रोगियों का उपचार करते हैं।

(iii) भारत, स्विटजरलैंड के अस्पताल विकिरण बिंबों के अध्ययन से लेकर चुंबकीय अनुनाद बिंबों के निर्वाचन ओर पराश्रात्य परिक्षणों तक की विशिष्ट चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है।

(iv) इससे बाहृयस्त्रोतन रोगियों को भी लाभ होता है।

**प्रश्न 17. तृतीयक क्रियाकलापों में पर्यटन की भूमिका स्पष्ट करते हुए पर्यटन को प्रभावित करने वाले कारकों को स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**पर्यटक सेवा से क्या अभिप्राय है? पर्यटन को प्रभावित तथा**

**आकर्षित करने वाले चार प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तरः** **भूमिकाः** पर्यटन विश्व के प्रमुख तृतीयक क्रियाकलपों में अग्रणी स्थान रखता है। इसके अंतर्गत पर्यटकों के आवास, भोजन, परिवहन, मनोरंजन तथा खरीददारी जैसे सेवायें उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है जिससे बड़ी संख्या में रोज़गार का सृजन होता है।

**पर्यटन सेवा**– पर्यटन एक यात्रा है जो व्यापार की बजाय आमोद–प्रमोद के उद्देश्य से अधिक की जाती है। पर्यटन में लोग अपने निवास स्थानों एवं कार्यस्थलों से अस्थायी तौर पर थोड़े समय के लिए अन्य स्थानों पर जाकर मनोरंजन करते हैं।

**पर्यटन को प्रभावित करने वाले चार कारक–**

1. **मांग**–विगत शताब्दी से अवकाश के लिए पर्यटन की मांग तीव्रता से बढ़ी है। उच्च जीवन स्तर तथा बढ़े हुए आराम के समय के कारण अधिक लोग विश्राम के लिए पर्यटन पर जाते हैं।

2. **परिवहन**–परिवहन सुविधाओ में सुधार के कारण पर्यटन क्षेत्रों का अधिक विकास हुआ है, उदाहरण के लिए वायु परिवहन ने धरों को विश्व के सभी पर्यटन स्थलों से जोड़ दिया है।

**पर्यटन को आकर्षित करने वाले कारक**

1. **जलवायु**–कुछ ठंडे देशो के पर्यटको को गुनगुनी धूप में पुलिनों पर मौज मस्ती करने की इच्छा होती है। दक्षिणी यूरोप और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में पर्यटन के महत्व का यह एक महत्वपूर्ण कारक है।
2. **भू–दृश्य**–कुछ लोग मनोरम और मनोहर पर्यावरण में छुट्टियाँ बिताना पंसद करते हैं। इसके लिए पर्यटक पर्वतों, क्षीलों, दर्शनीय, समुद्र तटों और मनुष्य द्वारा पूर्ण से अपरिवर्तित भू–द्श्यों को चुनते हैं।

3. **इतिहास एंव कला**–प्राचीन काल के इतिहास से संबंधित स्थल एंव पुरातत्विक महत्व के भवन पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थल होते हैं।
4. **संस्कृति और अर्थव्यस्था**–मानव जातीय और स्थानीय रीतियों को पसंद करने वालों को पर्यटन लुभाता है। "घरों में रूकना" एक लाभदायक व्यापार बन कर उभरा है। उदाहरण–
   (i) गोवा में हेरिटेज होम्स
   (ii) कर्नाटक में मैडिकेरे और कुर्ग। (कोई चार)

**प्रश्न 18. परिवहन सेवायें किस तरह तृतीयक क्रिया कलापों की वृद्धि में सहायक है ?**

उत्तर : किसी व्यक्ति या वस्तु का एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाना, ले जाना परिवहन है परिवहन पर ही आधुनिक समय में सभी आर्थिक गतिविधियाँ निर्भर करती हैं।

1. परिवहन एक सेवा के रूप बहुत अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है ड्राईवर, कन्डक्टर, सामान लादने, उतारने वाले, टिकट संग्राहक आदि इस तरह सभी प्रकार की परिवहन सेवाओं में भारी संख्याओं में लोग लगे है।
2. परिवहन के कारण पर्यटन में आशातीत बढ़ोतरी हुई है।
3. परिवहन की सुविधा के कारण औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आती है और लोग इन सेवाओं में कार्य करते हैं।

**प्रश्न 19. ''किसी देश के आर्थिक विकास के लिए सेवाएँ बहुत महत्वपूर्ण हैं।'' सेवा क्षेत्र के पाँच घटकों की व्याख्या करते हुए, इस कथन का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर: किसी देश के आर्थिक विकास में सेवाओं का महत्वः

(i) वाणिज्यिक सेवाएंः विज्ञापन, कानूनी सेवाएं, जनसंपर्क और परामर्श की सभी सेवाओं का विशिष्ट उद्देश्य लाभ कमाना है।

(ii) वित्त, बीमा, वाणिज्यिक, और आवासीय भूमि और भवनों जैसी संपत्ति का क्रय विक्रय आर्थिक विकास में योगदान देता है।

(iii) उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़ने वाले थोक और फुटकर व्यापार तथा रखरखाव, सौंदर्य प्रसाधक तथा मरम्मत के कार्य जैसी सेवाएं

उपभोक्ताओं को प्रदान की जाती हैं।

(iv) परिवहन और संचार सेवाएंः रेल, सड़क, जहाज और वायुयान सेवाएं आधुनिक समाज के लिए वस्तुओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग में सहायता करती है। संचार सेवाओं में शब्दों और संदेशों, तथ्यों और विचारों का प्रेषण शामिल है। संचार सेवाएं तीव्र गति से संदेश प्रदान करती है।

(v) मनोरंजनः दूरदर्शन, रेडियो, फिल्म और साहित्य की सेवाएं लोगों को मनोरंजन प्रदान करती है।

(vi) सरकार के विभिन्न स्तरों पर सरकारी सेवाएं आर्थिक विकास को प्रभावित करती है।

**बहुविकल्पि प्रश्न**

**प्रश्न 20. विकसित अर्थव्यवस्था में बहुसंख्यक श्रमिक किस क्रियाकलापों में रोजगार पाते हैं?**

**(अ) तृतीयक क्रियाकलापों (ब) प्राथमिक क्रियाकलापों**

**(स) द्वितीयक क्रियाकलापों (द) पंचम क्रियाकलापों**

उत्तर (अ) तृतीयक क्रियाकलापों

**प्रश्न 21. तृतीयक क्रियाकलापों में मूर्त वस्तुओं के उत्पादन के बजाय क्या सम्मिलित होता है?**

**(अ) सेवाओं का व्यावसायिक उत्पादन(ब) कच्चे माल के प्रक्रमण**

**(स) ज्ञान व क्रियात्मक प्रशिक्षण (द) ये सभी**

उत्तर (अ) सेवाओं का व्यावसायिक उत्पादन

**प्रश्न 22. एक कोषपाल तथा प्रकाशक के कार्य कौन से क्रियाकलाप में शामिल किये जायेगें?**

**(अ) द्वितीयक (ब) प्राथमिक**

**(स) तृतीयक (द) चतुर्थ**

उत्तर (स) तृतीयक

**प्रश्न 23. परिवहन की मांग किससे प्रभावित होती है?**

**(अ) जनसंख्या के आकार (ब) सड़को के निर्माण**

**(स) औद्योगिकरण (द) इनमें से कोई नही**

उत्तर (अ) जनसंख्या के आकार

**प्रश्न 30 .योजक किसे कहते है?**

**(अ) प्रत्येक सड़क जो नोडो को जोड़ती है**

**(ब) प्रत्येक सड़क जी नोड़ो को नही जोड़ती है।**

**(स) एक गंतव्य बिंदु ₍ (द) माग्र के सहारे बड़ा कस्बा**

उत्तर (स) प्रत्येक सड़क जो नोडो को जोड़ती है

**प्रश्न 25. वैश्विक संचार तत्रं में क्रांति किसके द्वारा की गयी?**

**(अ) कम्प्यूटर (ब) इंटरनेट**

**(स) मोबाईल (द) टी.वी.**

उत्तर (ब) इंटरनेट

**प्रश्न 26. मुंबई की डब्बावाला सेवा किस क्रियाकलाप का अंग है?**

**(अ) चतुर्थ (ब) तृतीयक**

**(स) पंचम (द) प्राथमिक**

उत्तर (ब) तृतीयक

**प्रश्न 27. विश्व का सबसे बड़ा तृतीयक क्रियाकलाप क्या है?**

**(अ) अध्यापन (ब) अग्निशमन कार्य**

**(स) पर्यटन (द) व्यापार**

उत्तर (स) पर्यटन

**प्रश्न 28. भारत में विश्व में चिकित्सा पर्यटन में अग्रणी वेश बन कर कैसे उभरा?**

**(अ) विश्वस्तरीय अस्पतालों द्वारा रोगीयो का उत्तम इलाज द्वारा**

**(ब) विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल होने के कारण**

**(स) विकासशील वेश होने के कारण**

**(द) किसी के द्वारा भी नही**

उत्तर (अ) विश्वस्तरीय अस्पतालों द्वारा रोगीयो का उत्तम इलाज द्वारा

**प्रश्न 29. चतुर्थ क्रियाकलाप केंद्रित होते हैं विकल्प चुनें?**

**(अ) शिक्षा पर (ब) अनुसंधान व विकास**

**(स) कुशलता (द) द्वितीयक क्रियाकलाप**

(i) (अ) तथा (ब) (ii) (ब) केवल

(iii) (स) तथा (द) (iv) (अ) तथा (द)

उत्तर (ii) (ब) केवल

# अध्याय–8

# परिवहन एंव संचार

## अवधारणा मानचित्र

### परिवहन के साधन




### रेल लाइनों का वर्गीकरण (चौड़ाई के आधार पर गेज)

| बड़ी लाइन | मानक लाइन | मीटर लाइन |
|---|---|---|
| 1.5 मी. या अधिक | 1.44 मीटर | 1 मीटर |



## कुछ महत्वपूर्ण तथ्य

| | | |
|---|---|---|
| 1) सर्वाधिक सड़क घनत्व वाला महाद्वीप | – | उत्तरी अमेरिका |
| 2) उत्तरी एंव द. अमेरिका को जोड़ने वाला महामार्ग | – | पान अमेरिकन |
| 3) सर्वाधिक सड़क घनत्व वाला देश | – | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 4) सघनतम रेल तन्त्र वाला महाद्वीप | – | यूरोप |
| 5) दक्षिण अमेरिका का महाद्वीप पारीय रेल मार्ग | – | ब्यूनस आयर्स से वालपैराइजो तक है। |
| 6) विश्व का व्यस्ततम् व्यापारिक जलमार्ग | – | उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग (वृहद् ट्रंक मार्ग) |
| 7) विश्व के कुल वायुमार्गो के 60 प्रतिशत भाग का प्रयोग करने वाला देश | – | सं. राज्य अमेरिका |
| 8) उत्तरी अमेरिका में स्थित प्रसिद्ध पाइपलाइन | – | बिग इंच |

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न) एक अंकवाले प्रश्न

**प्रश्न 1. सीमावर्ता सड़क किन्हें कहते हैं? इनका क्या महत्त्व है?**

उत्तर : किसी देश में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के सहारे बनाई गई सड़को को सीमावर्ती सड़के कहा जाता है। ये सड़के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रमुख नगरों से जोडने व प्रतिरक्षा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**प्रश्न 2. आंतरिक जलमार्ग किसे कहते हैं ?**

उत्तर : नदियों, नहरों, झीलों एंव तटीय क्षेत्रों में होने वाले जल परिवहन को आंतरिक जलमार्ग कहते हैं।

**प्रश्न 3. 'सड़क घनत्व' शब्द की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर : 'सड़क घनत्व' का अर्थ है प्रति 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सड़क मार्गों की लंबाई। सर्वाधिक सड़क घनत्व उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में है।

**प्रश्न 4. नदियों की नौगम्यता बढा़ने के लिये कौन से कदम उठाये जा सकते है ?**

उत्तर : नदी तल को गहरा करना, नदीतल को स्थिर करना व बाँध बनाकर जल प्रवाह को नियंत्रित करना

**प्रश्न 5. परिवहन जाल से क्या तात्पर्य है ?** (CBSE-2015)

**अथवा**

**परिवहन जाल की परिभाषा लिखिए।**

उत्तर : परिवहन मार्ग की विविध श्रेणियों से कई स्थान आपस में जुड़ जाते है। जब एक स्थान दूसरे स्थान (केन्द्र) से कई मार्गों से जुड़ जाता है तो एक परिवहन जाल का निर्माण होता है।

**प्रश्न 6** पनामा नहर में जलबंधकों का निर्माण क्यों क्या गया? (पूरक परीक्षा–2016)

**उत्तरः** जलयान पनामा की खाड़ी में प्रवेश करने से पहले जलबंधकों से होकर विभिन्न ऊँचाई की समुद्री सतह को पर करने के लिए इन जलबंधकों का निर्माण किया गया।

**प्रश्न 7.** पश्चिम एशिया में रेल सुविधाओं का सबसे कम विकास क्यों हुआ है?एक कारण स्पष्ट कीजिए। (CBSE-2017)

**उत्तरः** विस्तृत मरूस्थलों तथा विरल जनसंख्या

**प्रश्न 8.** रूस में वोल्गाएक अत्यन्त विकसित आन्तरिक जलमार्गों में से एक है" न्याय संगत ठहराइए।

**उत्तरः** (i) यह अनेक नाव्य नहरों को जोड़ता है

(ii) रूस के विभिन्न औद्योगिक प्रदेशों को जोड़ता है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न / तीन अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 9. लोगों का जीवन स्तर व जीवन की गुणवत्ता दक्ष परिवहन, संचार एवं व्यापार पर निर्भर करती है। अपने उत्तर की पुष्टि तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :

1. दक्ष परिवहन, व्यापार एवं संचार व्यवस्था उत्पादन केन्द्रों को विनिमय और उपभोग केन्द्रों से जोड़ते है।
2. परिवहन एवं संचार का कुशल तन्त्र एवं लोगों की गतिशीलता यानी एक स्थान से दूसरे स्थान तक आवागमन को सुचारू बनाता है।
3. दक्ष परिवहन, व्यापार एंव संचार व्यवस्था लोगों के बीच सहयोग एंव

एकता को बढ़ाती है।

**प्रश्न 10. सड़क परिवहन, रेल परिवहन की अपेक्षा बेहतर कैसे है ? स्पष्ट कीजिये।**

उत्तर : 1) सड़क परिवहन से व्यक्तियों या वस्तुओं को घर तक पहुँचाया जा सकता है जबकि रेलमार्ग उन्हें एक निश्चित स्थान तक ही ला सकता है।

2) सड़कों का निर्माण पहाड़ी व अन्य दुर्गम क्षेत्रों में भी हो सकता है जबकि रेलमार्गों का निर्माण ऐसे स्थानों पर नहीं किया जा सकता।

3) छोटी–छोटी दूरियों को तय करने के लिये सड़क मार्ग ही प्रयोग किये जाते हैं।

**प्रश्न 11. महामार्गों की परिभाषा देते हुये इनकी प्रमुख विशेषतायें बताइये।**

उत्तर : महामार्ग वे पक्की सड़कें है जो दूर स्थित स्थानों को मिलाती है। इनकी प्रमुख विशेषतायें निम्न है :–

1) महामार्गों को अबाधित यातायात की सुविधा प्रदान करने के लिये इन पर फ्लाईओवर बनाये जाते है। यथा संभव लालबत्ती नहीं रखी जाती।

2) ये सड़कें गतिअवरोधकों से मुक्त एवं कई लेन वाली होती हैं।

3) इनकी चौड़ाई लगभग 80 मीटर होती है।

4) ये सड़कें देश के प्रमुख नगरों, पत्तनों को मिलाती है।

5) इन सड़कों के किनारों पर रैलिंग लगी होती है। ताकि कहीं पर भी इनको क्रास ना किया जा सके। यातायात निर्बाध गति से चलता रहे।

**प्रश्न 12. विश्व में सड़क परिवहन की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए।** (CBSE-2018)

उत्तरः (1) सड़कें प्राकृतिक आपदा के दौरान तथा खराब मौसमी दशाओं में अनुपयोगी है।

(2) यातायात की माँग को सड़क जाल पूरा नहीं कर पाता है फलस्वरूप

सड़कों पर दबाव बढ़ता है।

(3) सड़कों के निर्माण और उनके रखरखाव के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न 13. पनामा नहर ने दक्षिणी एंव उत्तरी अमेरिका को किस तरह प्रभावित किया? स्पष्ट करें। पनामा नहर की विशेषताएँ बताइए ।**

**अथवा**

**पनामा नहर की विशेषताएं बताइए। (C.B.S.E.-2009, 2011)**

**अथवा**

**पनामा नहर ने दक्षिणी अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**मनुष्य निर्मित महत्वपूर्ण नौ परिवहन नहर का नाम बतायें जो अटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोडती हैं। इस नहर की विशेषताओं को लिखिए ? (C.B.S.E.-Delhi-2010)**

उत्तर : 1) पनामा नहर उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका के मध्य 72 कि. मी. लम्बी है।

2) इस नहर के कारण उत्तरी अमेरिका के पूर्व न्यूयार्क एंव पश्चिम स्थित सानफ्रांसिस्को के मध्य जल परिवहन से 13000 कि. मी. की दूरी कम हो गयी है। इसी तरह पश्चिमी यूरोप एंव स. रा. अमेरिका के पश्चिमी तट की दूरी कम हो गयी है।

3) द. अमेरिका के पूर्वी एवं पश्चिमी तटों के मध्य आसानी से परिवहन हो पाता है।

4) यह नहर द. अमेरिका के राष्ट्रों के मध्य व्यापार को बढा़ने में सहायक हुई है।

**प्रश्न 14. वायु परिवहन, परिवहन का तीव्रतम एंव आधुनिक साधन है स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**'वायु परिवहन ने परिवहन के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, इस कथन के औचित्य को स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**अथवा**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन के किन्ही दो लाभो का उल्लेख कीजिए।**

**अथवा**

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कथन की पुष्टि कीजिए। (C.B.S.E. Outside -2012)**

उत्तर : निम्नलिखित कारक उपर्युक्त कथन को सही सिद्ध करते हैं :–

1) वायु परिवहन एक तीव्रतम साधन हैं इसके कारण आज विश्व का कोई भी स्थान 35 घंटे से अधिक दूरी पर नहीं है।
2) इसके द्वारा मूल्यवान वस्तुओं, जीवनरक्षक दवाओं को तीव्रता से कम समय में गन्तव्य तक पहुँचाया जा सकता है।
3) दुर्गम स्थलों जैसे पहाड़, दलदल, बीहड़, जंगलों आदि क्षेत्रों में वायु परिवहन द्वारा ही परिवहन संभव हो पाता है।
4) आपातकाल एंव युद्ध के समय वायु परिवहन का महत्व का महत्व बहुत अधिक बढ़ जाता है।

**प्रश्न 15. विश्व में अंतः स्थलीय जलमार्ग के विकास के लिए उत्तरदायी तीन कारकों की व्याख्या कीजिए ? (C.B.S.E. Outside-2010)**

उत्तर : अंतः स्थलीय जलमार्ग के विकास की आवश्यक दशाएँ निम्नलिखित है :–

1) नदियाँ बारहमासी होनी चाहिए। जिन नदियों में जल केवल वर्षा ऋतु में ही रहता है उनका प्रयोग वर्ष भर जलमार्गों के रूप में नहीं किया जा सकता।
2) नदियों का मार्ग जल–प्रपातों, सोपानी प्रपातों, क्षिप्रिकाओं तथा महाखड्डों से मुक्त होना चाहिए।
3) नदियों में विसर्प भी कम होने चाहिए जिससे सीधा जलमार्ग प्राप्त हो सकें।
4) शीतकाल में नदियाँ बर्फ मुक्त होनी चाहिए।
5) नदियों के मुहाने साफ रहने चाहिए, जिससे समुद्र यातायात से आन्तरिक यातायात को जोड़ा जा सके।

**प्रश्न 16. स्वेज नहर पर टिप्पणी कीजिए।**

**अथवा**

**मनुष्य निर्मित उस महत्वपूर्ण नौ परिवहन नहर का नाम बताइए जो**

**भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ती है। इस नहर की कोई चार विशेषताएँ बताइए। (C.B.S.E.-Delhi-2010)**

**अथवा**

**स्वेज नहर की विशेषताएँ लिखिए ? (C.B.S.E.-Delhi-2009)**

उत्तर : स्वेज नहर की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

1) इस नहर का निर्माण 1869 में मिस्र में हुआ।
2) यह नहर भूमध्य सागर को लालसागर से जोड़ती हैं।
3) यह लगभग180 किलोमीटर लम्बी तथा 11 से 15 मीटर गहरी है।
4) इस नहर के द्वारा यूरोप तथा दक्षिणी एशिया व आस्ट्रेलिया के मध्य की दूरी को उत्तरमाशा अंतरीप मार्ग की तुलना में कम हुई है।
5) इस नहर में प्रतिदिन 100 जलयान आवागमन करते हैं।
6) नील नदीं से नौगम्य ताजा पानी की नहर भी स्वेज नहर से मिलती है।

**प्रश्न 17. सड़कों पर संकुलन क्यों हो जाता है ? परिवहन संकुलन की समस्याओं के समाधान के उपाय स्पष्ट कीजिए ?**

**(C.B.S.E.-Delhi-2012)**

उत्तर : जब सड़क तंत्र यातायात की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाते तो सड़कों पर संकुलन बढ़ जाता है। इसे सड़को पर जाम लगना भी कहते हैं।

1) सार्वजनिक बस सेवाओं के सुधार व परिवहन के द्रुत मार्ग का विकास।
2) सड़कों को चौड़ा करना व उनकी गुणवत्ता को सुधारना।
3) पुलों, फ्लाईओवरों तथा दोहरे वाहन मार्गों का निर्माण करना।
4) उच्चतर पार्किंग शुल्क लगाकर निजी वाहनों की संख्या को नियन्त्रित करना।

**प्रश्न 18. राइन नदी जलमार्ग विश्व का अत्याधिक प्रयोग में लाया जाने वाला जलमार्ग क्यों हैं ? कोई तीन कारण बताओं।**

**(C.B.S.E.-Delhi-2013)**

उत्तर : राइन नदी जलमार्ग विश्व का अत्याधिक प्रयोग में लाया जाने वाला जलमार्ग है क्योंकि :—

1) यह यूरोप के संपन्न कोयला खनन क्षेत्रों से गुजरता हुआ परिवहन

सुविधाएं प्रदान करता है तथा संपूर्ण नदी बेसिन विनिर्माण की दृष्टि से अत्याधिक संपन्न है।

2) यह जलमार्ग स्विटजरलैंड, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम तथा नीदरलैड के औद्योगिक क्षेत्रों को उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग से जोड़ता है।

3) प्रति वर्ष 20,000 से अधिक समुद्री जलयान तथा 2 लाख से अधिक आंतरिक मालवाहक पोत इस मार्ग से वस्तुओं एवं सामतियों का आदान–प्रदान करते हैं।

4) यह जलमार्ग नीदरलैण्ड में रोटरडम से स्विटरजरलैंड में बेसल को जोड़ता है।

**प्रश्न 19. संसार में उपग्रह संचार की किन्ही तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : आधुनिक तकनीकी ज्ञान के आधार पर मनुष्य ने संचार व्यवस्था के लिए उपग्रह का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। उपग्रहों से संचार का काम लिया जाता है। उपग्रह संचार से निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं।

1) उपग्रह के माध्यम से संदेश भेजने के खर्च में कमी आई है।
2) उपग्रह संचार प्रणाली द्वारा रेडियों तथा टेलिविजन आदि का प्रयोग कर सकते हैं।
3) उपग्रह संचार से मौसम की जानकारी प्राप्त की जाती है।
4) उपग्रह संचार प्रणाली द्वारा पृथ्वी के खनिजों को ज्ञात किया जा सकता है।
5) इस प्रणाली द्वारा सैनिक और असैनिक कार्यों में सहायता मिलती है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 20. पाइप लाइन परिवहन के गुण एंव दोष स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : पाइन लाइन परिवहन ने तरल पदार्थों जैसे जल, पैट्रोंलियम एंव गैसों के परिवहन में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

पाइपलाईन परिवहन के लाभ निम्नलिखित है :–

- पाइपलाईनों को कठिन, ऊबड़–खाबड, भू–भागों तथा पानी के नीचे भी बिछाया जा सकता है।
- इनके संचालन एंव रखरखाव का खर्च अपेक्षाकृत कम है।
- यह जलीय तथा गैसीय पदार्थों के परिवहन का तीव्र, सस्ता तथा पर्यावरण हितैषी साधन है।
- पाइप लाइन परिवहन में ईंधन की बचत होती है। तथा मौसम संबंधी दशाओं का प्रभाव नहीं पड़ता।

- परिवहन के इस साधन द्वारा पदार्थों की आपूर्ति की निरंतरता बनी रहती है।

**पाइपलाईन परिवहन के दोष :–**

पाइन लाइन परिवहन के दोष निम्नलिखित है :–

- पाइन लाइनों में काई लोच नही होती।
- एक बार बनाने के बाद इसकी क्षमता को न तो घटाया जा सकता है और न ही बढ़ाया जा सकता है।
- पाइन लाइन में रिसाव का पता लगाना भी एक बड़ी समस्या होती है।
- कहीं पर पाइप लाइन के फट जाने से उसकी मरम्मत करना कठिन होता है।
- कुछ इलाकों में इनकी सुरक्षा की व्यवस्था करना कठिन होता है।

**प्रश्न 21. संसार के सबसे लंबे पार महाद्वीपीय रेलमार्ग का नाम लिखिए। इसकी किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** (CBSE-2015)

उत्तर : पार साइबेरियन रेलमार्ग

विशेषताएँ:–

(i) यह रेलमार्ग पश्चिम में सेंट पीट्स बर्ग से पूर्व में प्रशांत महासागर तट पर स्थित व्लाडि वोस्टक तक विस्तृत हैं।

(ii) यह 9322 कि.मी. लम्बा, दोहरे पथ से युक्त विद्युतीकृत एशिया का मत्त्वपूर्ण रेलमार्ग है।

(iii) यह एशियाई प्रदेश को पश्चिमी यूरोपीय बाजारों से जोड़ता है। इस रेलमार्ग को दक्षिण से जोड़ने वाले योजक मार्ग हैं।

(iv) यह रेलमार्ग यूराल पर्वत, ओब और येनीसी नदियों से गुजरता है।

**प्रश्न 22. जल परिवहन की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। उत्तरीय मार्ग पर यातायात कम क्यों है? दो कारण दीजिए।** (CBSE-2012)

**अथवा**

**जल परिवहन के प्रमुख लाभ बताइये।**

**अथवा**

**''जल परिवहन संसार का सबसे सस्ता एवं उपयोगी परिवहन का साधन हैं।''** (CBSE-2012)

उत्तर: जल परिवहन की विशेषताएँ:–

(i) जल परिवहन में मार्गों का निर्माण नहीं करना पड़ता।

(ii) महासागर एक दूसरे से जुड़े हुए होते हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के जहाज चल सकते हैं।

(iii) स्थल मार्ग की तरह जल मार्ग में घर्षण नहीं होता; ईधन की खपत कम होती है, यह परिवहन अन्य साधनों से सस्ता होता है।

**उत्तमाशा अन्तरीप मार्ग पर यातायात कम होने के कारण**

(i) दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के सीमित विकास का होना और कम जनसंख्या।

(ii) एशिया और यूरोप के देशों के बीच बहुत लम्बा जलमार्ग।

**प्रश्न 23. वाहक के रूप में मानव से लेकर आजकल के तार मार्गों तक के स्थल परिवहन के विकास की यात्रा का वर्णन कीजिए।**

(CBSE-2015)

उत्तर : आरंभिक दिनों में मानव स्वयं वाहक थे, जिसमें वे डोली/पालकी ले जाते थे। बाद के वर्षों में पशुओं का उपयोग बोझा ढोने, यात्रा आदि करने के लिए किया जाने लगा जिसमें घोड़ो, खच्चर तथा ऊँटों का उपयोग किया जाता था।

पहिए के आविष्कार के साथ गाड़ियों और माल डिब्बों का प्रयोग महत्त्वूपर्ण हो गया।

भाप के ईंधन के आविष्कार के बाद पहरवहन क्रांति आई, जिससे रेलवे सर्वाधिक लोकप्रिय तथा तीव्रतम प्रकार बन गया। अंतर्दहन इंजन के आविष्कार ने (मोटर्स, कार तथा ट्रक) सड़क परिवहन में क्रांतिला दी तथा स्थल परिवहन के नवीनतम विकास पाइप लाइनों, राजमार्गो एवं तार मार्गो ने एक नया आयाम दिया है।

**प्रश्न 24. जल, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा अन्य तरल पदार्थों के परिवहन के लिए किस साधन का उपयोग व्यापक रूप से किया जाता है? संसार में परिवहन के इस साधन के जाल का वर्णन कीजिए।**

(CBSE-2015)

उत्तर : (a) जल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आदि के अबाधित प्रवाह व परिवहन के लिए पाइपलाइनों का प्रयोग किया जाता है।

(b) पाइप लाइन जालः

(i) संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादक क्षेत्रों और उपभोग क्षेत्रों के बीच तेल पाइप लाइनों का सघन जाल पाया जाता है।

(ii) 'बिग इंच' प्रसिद्ध पाइपलाइन मैक्सिको की खाड़ी में स्थित तेल के कुओं से उत्तर–पूर्वी राज्यों में तेल ले जाती है।

(iii) यूरोप रूस, पश्चिम एशिया और भारत में पाइप लाइनों द्वारा तेल कुओं से परिष्करण शालाओं, पत्तनों तथा घरेलू बाजारों तक पहुँचाया जाता है।

(iv) तुर्कमेनिस्तान से पाइपलाइन को ईरान और चीन तक बढ़ाकर

पैट्रोलियम तथा गैस का परिवहन किया जाता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 25. परिवहन के लिए कौन सी विधि अच्छी है?**

**(अ) सड़क यातायात** **(ब) रेलयातायात**

**(स) वायु यातायात** **(द) जल यातायात**

उत्तर (स) वायु यातायात

**प्रश्न 26. किस मार्ग द्वारा उच्चमूल्य वाली तथा नाशवान वस्तमुओं का परिवहन सर्वश्रेष्ठ होता है?**

**(अ) वायु मार्ग** **(ब) रेलमार्ग**

**(स) सड़क मार्ग** **(द) इनमें से कोई नहीं**

उत्तर (अ) वायु मार्ग

**प्रश्न 27. आरंभिक दिनों में कौन स्वयं वाहक थे? विकल्प चुने।**

**(i) खच्चर** **(iii) घोड़ा**

**(ii) मानव** **(iv) ऊँट**

(अ) (i) तथा (iv) (ब) (ii) तथा (iv)

(स) (iii) केवल (द) (ii) तथा (iii)

उत्तर (स) (iii) केवल

**प्रश्न 28. सड़क परिवहन में किस प्रकार क्रांति आई?**

**(अ) सड़को के निर्माण द्वारा**

**(ब) अंतर्दहन इंजन के अविष्कार द्वारा**

**(स) राजमार्गो द्वारा** **(द) महामार्गो द्वारा**

उत्तर (ब) अंतर्दहन इंजन के अविष्कार द्वारा

**प्रश्न 29. सड़को पर संकुलन बढ़ने का निम्न में कौन सा कारण है?**

**(अ) सड़क तंत्र का यातायात के अनुसार विकसित न होना**

**(ब) सड़को का अधिक विकसित होना**

**(स) सड़को पर यातायात नियमों की अनदेखी करना**

**(द) उपयुक्त सभी**

उत्तर (अ) सड़क तंत्र का यातायात के अनुसार विकसित न होना

**प्रश्न 30. महामार्गो की चौड़ाई कितने मीटर होती है?**

**(अ) 180 मीटर** **(ब) 80 मीटर**

**(स) 70 मीटर** **(द) 60 मीटर**

उत्तर (ब) 80 मीटर

**प्रश्न 31. चीन में महामार्ग क्रिस–क्रॉस कब करते हैं?**

**(अ) जब महामार्ग प्रमुख नगरों को जोड़ते हैं**

**(ब) जब महामार्ग एक दूसरे को समकोण पर काटते हैं**

**(स) जब महामार्ग राजधानियों को जोड़ते हैं**

**(द) इनमें से कोई भी नहीं**

उत्तर (अ) जब महामार्ग प्रमुख नगरों को जोड़ते हैं

**प्रश्न 32. दक्षिणी अमेरिका में रेलमार्ग किन प्रदेशों में सघन है?**

**(अ) अर्जेटाइना के पंपास तथा ब्राजील के काफी उत्पादक ग्रुप**

**(ब) चिली तथा पेटन के तटीप क्षेत्र पेरू**

**(स) बोलीविया तथा पेरू** **(द) कोलंबिया तथा वेनेजुएला**

उत्तर (अ) अर्जेटाइना के पंपास तथा ब्राजील के काफी उत्पादक ग्रुप

**प्रश्न 33. पारसाइबेरियन रेलमार्ग का आर्थिक महत्तव क्या है?**

**(अ) विधुतीकृत पार महाद्वीपीय रेलमार्ग**

**(ब) यूराल पर्वतो से गुजरता है**

**(स) एशियाई प्रदेश को पश्चिमी यूरोपीय बाजारो से जोड़ता है**

**(द) यह 9322 किमी. लम्बा है।**

उत्तर (स) एशियाई प्रदेश को पश्चिमी यूरोपीय बाजारो से जोड़ता है

**प्रश्न 34. विश्व में कोई भी स्थान कितने घटे से अधिक की दूरी पर नही है?**

**(i) 50 घंटे** **(ii) 65 घंटे**

**(ii) 25 घंटे** **(iv) 35 घंटे**

**उचित विकल्प चुनें**

उत्तर (अ) (i) तथा (iii) (ब) (ii) तथा (iv)

(स) (ii) केवल (द) (iv) केवल

# अध्याय–9

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

## अवधारणा मानचित्र




## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (एक अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. 'व्यापार का परिमाण' का अर्थ स्पष्ट करो।** (CBSE-Outside Delhi-2016)

उत्तर : व्यापार की गई वस्तुओं तथा सेवाओं के कुल मूल्य को व्यापार के परिमाण के रूप में जाना जाता है।

**प्रश्न 2. विश्व व्यापार संगठन की कार्य प्रणाली की परख कीजिए।**

**(CBSE – 2016)**

उत्तर : (1) यह विश्वव्यापी व्यापार तन्त्र के लिये नियमों को निर्धारित करता है।

(2) यह सदस्य देशों के मध्य विवादों का निपटारा करता है।

**प्रश्न 3. उस प्रादेशिक व्यापार समूह का नाम बतायें जिसका भारत सदस्य हैं। (CBSE – 2010 Delhi)**

उत्तर : साफ्टा (साउथ एशियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट)

**प्रश्न 4. आर्गेनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (OPEC) का मुख्यालय कौन–सा नगर हैं? (CBSE – 2010 Delhi)**

उत्तर : वियना

**प्रश्न 5. डंप करने का क्या अर्थ है? (CBSE – 2009 Outside)**

उत्तर : लागत की दृष्टि से नहीं वरन् भिन्न–भिन्न कारणों से अलग–अलग कीमत की किसी वस्तु को दो देशों में विक्रय करने की प्रथा को डंप कहते हैं।

**प्रश्न 6. 'व्यापार उदारीकरण' के सकारात्मक पक्ष का मूल्यांकन कीजिए।** (Outside Delhi-2016)

उत्तर : घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं से प्रति स्पर्धा करने के लिए व्यापार उदारीकरण सभी स्थानों से वस्तुओं और सेवाओं के लिए अनुमति प्रदान करता है और लोगों को लाभ प्रदान करता है।

**प्रश्न 7. व्यापार संतुलन किस प्रकार किसी देश के आर्थिक विकास का सूचक है?** (Outside Delhi-2016)

उत्तर : यदि निर्यात का मूल्य, आयात के मूल्य की तुलना में अधिक है तो देश का व्यापार संतुलन धनात्मक अथवा अनुकूल है जिससे प्राप्त लाभ देश की प्रगतिशील योजनाओं में व्यय किया जा सकता है।

**प्रश्न 8. समुद्री–पत्तन की महत्ता किस प्रकार निर्धारित की जाती है?** (CBSE-2016)

उत्तर : पत्तन के महत्व को नौभार के आकार और निपटान किये गये जहाजों की संख्या द्वारा निश्चित किया जाता है।

**प्रश्न 9. संसार में जनजातीय समुदायों में 'वस्तु–विनिमय प्रणाली' किस प्रकार प्रचलित है?** (CBSE-2016)

उत्तर : वस्तु–विनिमय प्रणाली में वस्तुओं का प्रत्यक्ष आदान–प्रदान होता है, अर्थात सेवा या वस्तु के बदले में वस्तु ही दी जाती है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले)

**प्रश्न 10. व्यापार की आवश्यकता क्यों है? (CBSE – 2011 Delhi)**

**अथवा**

**राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को किस तरह प्रभावित करती है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।**

उत्तर : विश्व के सभी देशों में संसाधनों में भिन्नता पाई जाती है यह भिन्नता प्राकृतिक संसाधनों एवं मानवीय संसाधनों दोनों स्तरों पर होती है। इनकी गुणवत्ता एवं मात्रा में भी अन्तर होता है। इसलिए दो देशों के मध्य व्यापार की संभावना बढ़ती है। उदाहरण :—

(1) भौगोलिक संरचना में अन्तर के कारण किसी राष्ट्र में दूसरे राष्ट्र से अलग कृषि फसल होती है जैसे ब्राजील में कॉफी का उत्पादन अधिक होता है तो वहाँ से कॉफी अन्य देशों को निर्यात की जाती है।

(2) खनिज भी असमान रूप से वितरित है। द. अफ्रीका से बहुमूल्य खनिज दूसरें देशों को निर्यात किए जाते हैं। जापान जैसा विकसित देश खनिजों का आयात करता है।

(3) जलवायु से उत्पन्न विविधता भी उत्पादन की विविधता को सुनिश्चित करती है जो व्यापार को प्रभावित करती है। जैसे ऊन उत्पादन ठडे क्षेत्रों में ही हो सकता है, केला, रबड़, कहवा, उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में आ सकते हैं।

**प्रश्न 11. व्यापार संतुलन से क्या आशय है? व्यापार संतुलन के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। (C.B.S.E. 2012 Outside)**

उत्तर : एक देश दूसरे देश को कुछ वस्तुएं या सेवाएं भेजता (निर्यात) है या कुछ वस्तुओं या सेवाओं को अपने देश में मंगाता (आयात) है। इसी आयात व निर्यात के अंतर को व्यापार संतुलन कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है।

**ऋणात्मक संतुलन** :— देश दूसरे देशों से वस्तुओं के खरीदने पर उस मूल्य से अधिक खर्च करता है जितना वह अपनी वस्तुओं को बेचकर मूल्य प्राप्त करता है अर्थात् आयात का मूल्य निर्यात के मूल्य से अधिक होता है।

**धनात्मक संतुलन** :— यदि निर्यात का मूल्य (विक्रय मूल्य) आयात के मूल्य से अधिक है तो यह धनात्मक व्यापार संतुलन होता है।

**प्रश्न 12. मुक्त व्यापार क्या है? इसके गुण एवं दोष बताइये।**

उत्तर : जब दो देशों के मध्य व्यापारिक बाधायें हटा दी जाती हैं जैसे सीमा—शुल्क खत्म करना, तो इसे मुक्त व्यापार कहा जाता हैं।

**गुण** :— घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा मिलती है जिससे उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि होती है। व्यापार में भी वृद्धि होती है।

**दोष** :— विकासशील देशों में समुचित विकास न होने के कारण विकसित देश अपने उत्पादों को उनके बाजारों में अधिक मात्रा में भेज देते हैं जिसे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है उनके अपने उद्योग बंद होने लगते हैं।

**प्रश्न 13. मार्ग पत्तन एवं आंत्रपों पत्तन में क्या अन्तर है? स्पष्ट करें?**

उत्तर : **मार्ग पत्तन** :— समुद्री मार्ग पर विश्राम केन्द्र के रूप में विकसित हुए है। यहाँ पर जहाज ईंधन, जल एवं भोजन के लिए लंगर डालते हैं।

जैसे — होनोलूलू एवं सिंगापुर।

**आंत्रपों पत्तन** :— इन पत्तनों पर विभिन्न देशों से निर्यात हेतु वस्तुएं लाई जाती हैं एकत्र की जाती हैं व अन्य देशों को भेज दी जाती हैं जैसे —यूरोप का रोटरडम एवं कोपेन—हेगन।

**प्रश्न 14. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के तीन महत्वपूर्ण पक्ष क्या हैं? विश्लेषण कीजिए। (CBSE 2009, 2012 Delhi)**

उत्तर : **व्यापार का परिमाण** :— व्यापार की गई वस्तुओं का वास्तविक तौल परिमाण कहलाता है। सभी प्रकार की व्यापारिक सेवाओं को तौला नहीं जा सकता इसीलिए व्यापार की गई वस्तुओं व सेवाओं के कुल मूल्य को व्यापार का परिमाण के रूप में जाना जाता है।

**व्यापार संयोजन** :— व्यापार संयोजन से अभिप्राय देशों द्वारा आयातित व निर्यातित वस्तुओं व सेवाओं के प्रकार में हुए परिवर्तन से हैं। जैसे पिछली शताब्दी के शुरू में प्राथमिक उत्पादों का व्यापार प्रधान था। बाद में निर्माण क्षेत्र की वस्तुओं का आधिपत्य हो गया। अब सेवा क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है।

**व्यापार की दिशा** :— पहले विकासशील देश कीमती वस्तुओं तथा शिल्पकला की वस्तुओं आदि का निर्यात करते थे। 19वीं शताब्दी में यूरोपीय देशों ने विनिर्माण वस्तुओं को अपने उपनिवेशों से खाद्य पदार्थ व कच्चे माल के बदले निर्यात करना शुरू कर दिया। वर्तमान में भारत ने विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धा शुरु कर दी है। आज चीन तेजी से व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

**प्रश्न 15. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित प्रमुख समस्याओं को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2011Outside, 2009 Delhi)**

उत्तर : अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित प्रमुख समस्याएँ :—

- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का होना राष्ट्रों के लिए पारस्परिक लाभदायक होता है अगर यह उत्पादन उच्च स्तर, वस्तुओं व सेवाओं की उपलब्धता, कीमतों व वेतन का समानीकरण प्रस्तुत करता है।
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार देशों के लिए हानिकारक हो सकता है यदि यह अन्य देशों पर निर्भरता, विकास के असमान स्तर, शोषण और युद्ध का कारण बनने वाली प्रतिद्वंदिता की ओर उन्मुख होता है।
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। जिससे पर्यावरणीय व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। संसाधनों का तेजी से ह्रास हो रहा है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पांच अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 16. विभिन्न आधार लेते हुये पत्तनों का वर्गीकरण कीजिये। इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार क्यों कहा जाता हैं?**

**(CBSE 2011 Delhi)**

उत्तर : पत्तनों का वर्गीकरण दिए गए अवधारणा मानचित्र से समझा जा सकता।




**महत्व** :– पत्तन व्यापार के लिए अत्यावश्यक है क्योंकि बड़े पैमाने पर अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार समुद्री भागों से ही किया जाता है। ये पत्तन निम्न सुविधाएं प्रदान करते हैं।

(1) जहाजों के रुकने, ठहरने के लिए आश्रय प्रदान करते हैं।

(2) वस्तुओं को लादने, उतारने एवं भंडारण की सुविधा प्रदान करते हैं।

(3) अत्याधुनिक सुविधाएं, प्रशीतकों, छोटी नौकाओं की सुविधा।

(4) श्रम एवं प्रबंधकीय सुविधाएं प्रदान करते हैं।

(5) जहाजों के रखरखाव की व्यवस्था करते हैं।

**प्रश्न 17. विश्व व्यापार संगठन की भूमिका विकसित एवं विकासशील देशों के**

**लिए समान नहीं रही है। इस कथन को उचित तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में विश्व व्यापार संगठन की भूमिका क्या है? कुछ देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन की आलोचना क्यों की गई है? स्पष्ट कीजिए।** (CBSE-2014)

**अथवा**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्व व्यापार संगठन की भूमिका उसकी आलोचना के साथ स्पष्ट कीजिए? (CBSE 2011, Outside)**

उत्तर : विश्व व्यापार संगठन की नींव GATT (जनरल एग्रीमेंट आन ट्रेड एन्ड टैरिफ) के रूप में 1948 में पड़ी थी। 1995 में GATT विश्व व्यापार संगठन के रूप में परिवर्तित हो गया। इसकी भूमिका निम्नलिखित है–

- विश्व व्यापार संगठन एकमात्र ऐसा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है, जो राष्ट्रो के मध्य विवादों का निपटारा करता है।
- यह संगठन दूर संचार और बैंकिंग जैसी सेवाओं तथा अन्य विषयों जैसे बौद्धिक सम्पदा अधिकार के व्यापार को भी अपने कार्यों में सम्मिलित करता है।

**आलोचना :–**

(1) WTO ने मुक्त व्यापार एवं भूमंडलीकरण को बढ़ावा दिया है जिसके कारण धनी और धनी एवं गरीब देश और गरीब हो रहे हैं।

(2) विकसित देशों ने अपने बाजार को विकासशील देशों के उत्पादों के लिए नहीं खोला है।

(3) इस संगठन में केवल कुछ प्रभावशाली राष्ट्रो का वर्चस्व है।

(4) WTO पर्यावरणीय मुद्दों, बालश्रम, श्रमिकों के स्वास्थ्य व अधिकारों की उपेक्षा करता है।

**प्रश्न 18. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अस्तित्व में आने के प्रमुख कारण क्या है?**

**या**

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार क्या हैं? स्पष्ट करें?**

**(CBSE 2012, Outside, 2011 Outside, 2008 Delhi)**

**या**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के निम्नलिखित आधारों की व्याख्या कीजिए।**

**(Compt-2016)**

**(i) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता**

**(ii) जनसंख्या के कारक**

उत्तर : विश्व के प्रत्येक देश एक या अन्य वस्तुओं के उत्पादन में विशिष्टीकरण प्राप्त होते हैं। यही विशिष्टीकरण अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार बनता है।

1) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता

2) जनसंख्या का आकार

3) आर्थिक विकास की अवस्था।

4) विदेशी निवेश की सीमा।

5) परिवहन ।

उपर्युक्त कारक अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार के रूप में कार्य करते हैं। (कारकों को विस्तृत करके लिखें।)

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 19. निम्न में से व्यापार के तात्पर्य को छांटिएं।**

**(अ) बाजार में किसी वस्तु का विक्रय करना**

**(ब) बाजार में किसी वस्तु का क्रय करना**

**(स) वस्तुओं और सेवाओं का स्वैच्छिक आदान–प्रदान।**

**(द) वस्तुओं का बेचना**

उत्तर (स) वस्तुओं और सेवाओं का स्वैच्छिक आदान–प्रदान।

**प्रश्न 20. विनिमय व्यवस्था किस समाज प्रचलित थी। उचित विकल्प चुने?**

**(i) आदिम समाज** **(ii) पशुचारक समाज**

**(iii) खेती हर समाज** **(iv) जमींदार समाज**

(अ) (i) केवल (ब) (ii) तथा (iv)

(स) (iii) केवल (द) (iv) केवल

उत्तर (अ) (i) केवल

**प्रश्न 21. प्राचीन समय में, व्यापार कहाँ तक सीमित था?**

**(अ) दूर–दराज के क्षेत्रो तक** **(ब) स्थानीय बाजारों तक**

**(स) नगरीय क्षेत्रों तक** **(द) ग्रामीण क्षेत्रों तक**

उत्तर (ब) स्थानीय बाजारों तक

**प्रश्न 22. प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध के समय राष्ट्रों ने व्यापार क्षेत्र में क्या किया?**

**(अ) नई वस्तुओं को व्यापार में शामिल किया**

**(ब) वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि की**

**(स) व्यापार कर और संख्यात्मक प्रतिबन्ध लगाए**

**(द) अन्तराष्ट्रीय व्यापार को सीमित किया**

उत्तर (स) व्यापार कर और संख्यात्मक प्रतिबन्ध लगाए

**प्रश्न 23. विश्व व्यापार संगठन के निर्माण करने के लिए क्या उद्देश्य था?**

**(अ) सदस्य देशों के मध्य निपटारा करने के लिए**

**(ब) व्यापार नियन्त्रण करने के लिए**

**(स) सदस्य राष्ट्रों के द्वारा मुक्त एवं निष्पक्ष व्यापार को प्रोन्नत करने के लिए**

उत्तर (स) सदस्य राष्ट्रों के द्वारा मुक्त एवं निष्पक्ष व्यापार को प्रोन्नत करने के लिए

**प्रश्न 24. औद्योगिक पत्तन की निम्न में से कौन सी विशेषता है?**

**(अ) विनिर्मित वस्तुओं का निपटान करते हैं**

**(ब) थोक नौभार के लिए विशेषी कृत होते है**

**(स) विश्राम केन्द्र के रूप में कार्य करते हैं**

**(द) सामाजिक महत्त्व के पतन हैं।**

उत्तर (ब) थोक नौभार के लिए विशेषी कृत होते है

**प्रश्न 25. विश्व का सबसे बड़ा स्थलरूद्ध पतन कौन सा है।**

**(i) सैन फ्रांसिस्को** **(ii) सिंगापुर**

**(iii) कलकत्ता** **(iv) तूतीकोरिन**

**उचित विकल्प चुने**

(अ) (i) केवल (ब) (ii) केवल

(स) (iii) व (iv) (द) (iii) केवल

उत्तर (अ) (i) केवल

# अध्याय—10

# मानव बस्तियाँ

## अवधारणा मानचित्र






**प्रश्न 1. मानव बस्ती का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2011, 2012 Delhi)**

उत्तर : बस्ती मनुष्य के आवासों के उस संगठित निवास स्थान को कहते हैं जिसमें उनके रहने अथवा प्रयोग करने वाले भवनों तथा उनके आने–जाने के लिए बनाये गये रास्तों एवं गलियों को सम्मिलित किया जाता है।

**प्रश्न 2. संसार में पाई जाने वाली बस्तियों के उनकी आकृति के अनुसार दो प्रमुख प्रकार कौन–से हैं? (CBSE-2017)**

उत्तर : (i) सहंत बस्ती (ii) प्रकीर्ण बस्ती

**प्रश्न 3. संसार में सड़को, रेल लाइनों, नदियों और नहरों के किनारे कौन–सा ग्रामीण बस्ती प्रतिरूप विकसित होता है? (CBSE-2017)**

उत्तर : रैखिक प्रतिरूप।

**प्रश्न 4. संसार के आयाताकार ग्रामीण प्रतिरूप की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (CBSE-2017)**

उत्तर : (i) सड़कें आयाताकार होती हैं जो एक–दूसरे को समकोण पर काटती है।

(ii) समतल क्षेत्रों व चौड़ी अंतरा पर्वतीय घाटियों में पायी जाती है।

**प्रश्न 5. 'सन्नगर' शब्द को परिभाषित कीजिए। (CBSE-2016)**

उत्तर : ये विशाल विकसित नगरीय क्षेत्र होते हैं जो कि मूलतः अलग–अलग नगरों या शहरों के आपस में मिल जाने से एक विशाल नगरीय क्षेत्र परिवर्तित हो जाते हैं।

### अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 6. गाँवों और शहरों में व्यवसाय के आधार पर अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**शहरों और ग्रामों में आधारभूत अन्तर क्या है?**

उत्तर (i) नगरों या शहरों के निवासी द्वितीयक एवं तृतीयक गतिविधियों में संलग्न होते है।

(ii) जबकि गांवों में रहने वाले लोग प्राथमिक गतिविधियों में संलग्न होते है।

## लघु उत्तरीय/3 अंकों वाले प्रश्न

**प्रश्न 7. उदाहरण देते हुए नियोजित बस्तियों की दो विशेषताएँ बताइए।**

उत्तर : उदाहरण – भारत में इंदिरा गाँधी नहर के क्षेत्र में नहरी बस्तियों का विकास

एवं इथोपिया में ग्रामीणीकरण योजना। नियोजित बस्तियों की प्रमुख विशेषताएँ निम्न हैं :–

- ये बस्तियाँ सरकार द्वारा ग्रामवासियों से अधिगृहीत भूमि पर बसाई जाती है।
- ऐसी बस्तियों में सरकार द्वारा अधिकृत भूमि पर निवासियों को सभी प्रकार की आधारभूत सुविधाएं प्रदान की जाती है जैसे आवास, पानी, बिजली, सीवर एवं सड़के आदि।

**प्रश्न 8. बस्तियों के वर्गीकरण के क्या आधार है? किसी बस्ती को ग्रामीण कहे जाने के क्या आधार होते हैं?**

उत्तर : व्यवसाय तथा जनसंख्या के आधार पर बस्तियों को ग्रामीण तथा नगरीय बस्तियों में वर्गीकृत किया जाता है। ग्रामीण बस्तियों का वर्गीकरण उनकी स्थिति, कार्य तथा आकृति के आधार पर किया जाता है। नगरीय बस्तियों का वर्गीकरण उनकी जनसंख्या, व्यवसायिक सरंचना प्रशासनिक व्यवस्था, अवस्थिति एवं आकृति के आधार पर किया जाता है।

ग्रामीण बस्ती उसे कहते हैं जहाँ के निवासियों का मुख्य व्यवसाय प्राथमिक आर्थिक क्रियाओं से सम्बद्ध होता है जैसे कृषि पशुपालन, आदि।

इसके अतिरिक्त नगरीय बस्तियों की अपेक्षा यहाँ जनसंख्या कम होती है ग्रामीण क्षेत्र निर्धारित करने के लिए विश्व के विभिन्न देशों में जनसंख्या की सीमा अलग–अलग है।

**प्रश्न 9. किस प्रकार के नगर को आप स्वस्थ नगर की श्रेणी में रखोगे?**

उत्तर : विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक स्वस्थ नगर में निम्न विशेषताएं होनी चाहिए–

1) स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण
2) सभी निवासियों की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति
3) स्थानीय सरकार में समुदाय की भागीदारी
4) सभी के लिए आसानी से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाएँ

**प्रश्न 10.**



उपर्युक्त आरेखों को ध्यान से देखिये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

i) इन बस्तियों के प्रतिरूप का नाम लिखे।

ii) 'A' आरेख की बस्तियाँ कहाँ पाई जाती है।

iii) 'B' आरेख की बस्तियों की प्रमुख विशेषता क्या है?

उत्तर : i) A-रैखिक, B-दोहरे ग्राम

ii) रेलमार्ग या नहर के किनारे–किनारे।

iii) दोहरे ग्राम किसी नदी के दोनों ओर बसे होते है और इनका संबंध पुल या नाव से हो पाता है।

**प्रश्न 11. विकासशील देशों की अधिकतर आबादी ग्रामीण है। फिर भी यहाँ की ग्रामीण बस्तियाँ कई समस्याओं से जूझ रही है। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : भारत, पाकिस्तान, बांग्ला देश जैसे कई देशों में ग्रामीण जनसंख्या कुल जनसंख्या के 50 प्रतिशत से भी अधिक है। यही स्थिति विश्व के अन्य कई विकासशील देशों की है किन्तु इन देशों की ग्रामीण बस्तियाँ कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

**ग्रामीण बस्तियों की समस्याएँ**

- विकासशील देशों में ग्रामीण बस्तियों में जल की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होती है पर्वतीय एवं शुष्क क्षेत्रों में निवासियों को पेयजल हेतु लम्बी दूरियाँ तय करनी पड़ती है।
- जल जनित बीमारियाँ, जैसे हैजा, पीलिया आदि सामान्य समस्या है।
- दक्षिणी एशिया के देश प्रायः बाढ़ एवं सूखे से ग्रस्त रहते है।
- सिंचाई सुविधाओं का अभाव होने से कृषि कार्य प्रभावित होता है।
- कच्ची सड़के एवं आधुनिक संचार के साधनों का अभाव उनके विकास मार्ग में बाधा डालता है।
- विशाल ग्रामीण जनसंख्या के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा सम्बन्धी पर्याप्त सुविधाओं का अभाव है। (शौच घर एवं कूड़ा–कचरा निस्तारण, विद्यालयों का अभाव।
- विकास के लिए आपेक्षित आधारभूत अवसरंचना का सदैव अभाव रहता है।

## लघुउत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 12. संसार की सहंत बस्तियों की किन्ही तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

**सहंत बस्तियों अथवा प्रकीर्ण बस्तियों की किन्ही तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर सहंत बस्तियाँ (i) इनमें मकान एक दूसरे के समीप बनाए जाते है।

(ii) इन बस्तियाँ का विकास नदी घाटियों के सहारे या उपजाऊ मैदानों में होता है।

(iii) यहाँ रहने वाला समुदाय मिलकर रहते है, इनके व्यवसाय भी समान होते है।

प्रकीर्ण बस्तियाँ (i) यहाँ मकान दूर–दूर होते हैं।

(ii) ये खेतों के द्वारा एक दूसरे से अलग होते है।

(iii) पूजास्थल या बाजार बस्तियों को एक साथ बाँधता है।

**प्रश्न 13. नगर केन्द्रों के किन्ही तीन कार्यो का वर्णन कीजिए।**

उत्तर (i) वर्तमान नगरो के सुरक्षा तथा धर्म का कार्यात्मक विभेदीकरण के रूप में महत्व घटा है कुछ नए कार्य जुड़ गये है। जिनमें मनोरंजनात्मक व यातायात सम्बन्धी है।

(ii) खनन, व निर्माण जैसे कुछ विशिष्ट कार्य भी नगरो में सम्पन्न होते हैं।

(iii) आवसीय तथा नवीन सूचना प्रौद्योगिकी सम्बन्धी कार्य विशिष्ट नगरों में सम्पन्न होते हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 14. ''सभी आधारभूत सुविधाये होने के बावजूद नगरीय बस्तियाँ कई समस्याओं का सामना कर रही है।'' अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर : **नगरीय बस्तियों की प्रमुख चार समस्याएँः–**

1) **विकासशील देशों में अधिकतर शहर अनियोजित :–** विकासशील देशों में अधिकतर शहर अनियोजित है। अतः शहरों में लगातार प्रवास अत्यन्त भीड़ की स्थिति पैदा कर देते हैं। विकासशील देशों के आधुनिक शहरों में आवासों की कमी, बहु मंजिले मकान, गन्दी बस्तियों की वृद्धि प्रमुख समस्यायें हैं।

2) **आर्थिक समस्याएँ :–** विश्व के विकासशील देशों में ग्रामीण व छोटे

नगरीय क्षेत्रों में रोजगार के घटते अवसरों के कारण जनसंख्या का शहरों की और पलायन हो रहा है। नगरों में बड़ी संख्या में प्रवासी जनसंख्या के कारण अकुशल और अर्द्ध कुशल श्रमिकों का जमावड़ा हो रहा है, जबकि इन क्षेत्रों में जनसंख्या पहले से ही चरम पर होती हैं।

3) **सामाजिक–सांस्कृतिक समस्याएँ** :– उपलब्ध शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब नगरवासियों की पहुँच से बाहर है। रोजगार की कमी और शिक्षा का अभाव अपराधों की वृद्धि दर को और अधिक बदतर कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से स्थानान्तरित जनसंख्या में पुरुषों की अधिकता के कारण नगरों में लिंग अनुपात प्रतिकूल है।

4) **पर्यावरण सम्बन्धी समस्याएँ** :– विकासशील देशों में नगरों की विशाल जनसंख्या भारी मात्रा में जल का उपयोग करती है परिणाम इसमें असाधारण कमी होती जा रही हैं पीने के लिए घरेलू और औद्योगिक उपयोग के लिए नगरों में जल की भारी कमी है घरों और उद्योगों में पारम्परिक ईधन के उपयोग से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है जनसंख्या को आवास प्रदान करने के लिए विशाल कंकरीट ढांचे बनाएं जाते हैं जो नगरों को उष्म–द्वीप में परिवर्तित कर रहे हैं।

**प्रश्न 15. विश्व के विभिन्न भागों में आकृति के आधार पर ग्रामीण बस्तियों के पाँच प्रमुख प्रतिरूपों का वर्णन करो? (CBSE Delhi 2014)**

**अथवा**

**आकृति के आधार पर संसार में ग्रामीण बस्तियों के किन्हीं पांच प्रतिरूपों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : 1) **रैखिक प्रतिरूप** :– ऐसी बस्तियों का विकास सड़को, नदियों, नहर रेल लाइनों के किनारे के साथ–साथ होता है।

2) **आयताकार प्रतिरूप** :– ऐसी बस्तियाँ का विकास ऐसे स्थानों पर होता है जहां सड़के एक दूसरे को समकोण पर काटती है।

3) **वृत्ताकार प्रतिरूप** :– ऐसी बस्तियाँ मूख्य रूप से किसी तालाब, झील के चारों ओर विकसित हो जाती है।

4) **तारक प्रतिरूप** :– कभी–कभी कई सड़क मार्ग विभिन्न दिशाओं से आकर एक बिन्दु पर मिलते हैं ऐसे स्थानों पर बसे गाँवों में सभी दिशाओं से आने वाली सड़कों के किनारे मकान बने होते हैं। वहाँ तारे के आकार की बस्तियाँ बन जाती है।

5) टी आकार, वाई आकार या क्रास के आकार की बस्तियाँ–जहाँ तिराहे

मिलते हैं। वहाँ विकसित होती हैं। 'Y' आकार की बस्तियों वहाँ विकसित होती हैं जहां दो मार्ग आकार तीसरे मार्ग से मिलते हैं।

**प्रश्न 16. ग्रामीण बस्तियों की स्थिति को प्रभावित करने वाली प्रमुख भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में ग्रामीण बस्तियों की अवस्थिति के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। (CBSE-2015)**

उ. ग्रामीण बस्तियों की स्थिति को प्रभावित करने वाली भौगोलिक परिस्थितियाँ

1) **जल आपूर्ति** :– साधारणतया ग्रामीण बस्तियाँ जल स्रोतो या जलराशियों जैसे नदियों, झीलों एवं झरनों इत्यादि के समीप स्थित होती है। कभी–कभी पानी की आवश्यकता लोगों को असुविधाजनक स्थानों जैसे दलदल से घिरे द्वीपों अथवा नदी किनारों के निचले क्षेत्रों में बसने के लिए प्रेरित करती है।

2) **भूमि** :– मनुष्य बसने के लिए उस जगह का चुनाव करता है जहाँ की भूमि कृषि कार्य के लिए उपयुक्त व उपजाऊ हो। किसी भी क्षेत्र में प्रारम्भिक आदिवासी उपजाऊ एवं समतल क्षेत्रों में ही बसते थे। दक्षिणी पूर्वी एशिया में रहने वाले लोग नदी, घाटियों के लिए निम्न भाग एवं तटवर्ती मैदानों के निकट बस्तियाँ बसाते हैं जो चावल की कृषि के लिए सहायक हैं।

3) **उच्च भूमि क्षेत्र** :– मानव ने अपने निवास हेतु ऊँचे क्षेत्रों को इसलिए चुना ताकि वहां पर बाढ़ के समय होने वाली क्षति से बचा जा सके एवं मकान व जीवन सुरक्षित रह सके। उष्ण कटिबंधीय देशों में दलदली क्षेत्रों के निकट लोग अपने मकान स्तम्भों पर बनाते हैं जिससे कि बाढ़ एवं कीड़े–मकोड़ों से बचा जा सके।

4) **गृह–निर्माण सामग्री** :– लोगों ने ग्रामीण बस्तियों को बसाने के लिए उन स्थानों को चुना जहाँ निर्माण सामग्री आसानी से उपलब्ध थी जैसे लकड़ी तथा पत्थर आदि। चीन के लोयस क्षेत्र में वहां के निवासी कंदराओं में मकान बनाते थे।

**प्रश्न 17. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के नगर रणनीति में क्या प्राथमिकताएँ बताई गई है?**

उत्तर : 1) नगरीय निर्धनों के लिए आश्रय स्थल में वृद्धि।

2) आधारभूत नगरीय सुविधाओं जैसे शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य, जल व सफाई का प्रबंध।

3) महिलाओं की मूलभूत सेवाओं तथा राजकीय सुविधाओं तक पहुँच में सुधार।

4) ऊर्जा उपयोग तथा वैकल्पिक परिवहन तन्त्र को उन्नत बनाना।

5) वायु प्रदूषण को कम करना।

**प्रश्न 18. विश्व में बढ़ते हुए नगरीकरण के कारण हमें किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है?**

**या**

**नगरीकरण में वृद्धि एक तरफ विकास का प्रतीक है तो दूसरी तरफ नई–नई समस्याओं के पैदा होने का कारण। विवेचना कीजिए।**

उत्तर : नगरीकरण ने जिन समस्याओं को जन्म दिया है वे निम्न है :–

**प्रमुख समस्याएँ :–**

1) आर्थिक समस्याएँ

2) पर्यावरण का ह्रास

3) सामाजिक व सांस्कृतिक समस्याएँ

4) नगरों के आस–पास बढ़ती मलिन बस्तियाँ

5) परिवहन या बढ़ते जाम की समस्या

6) अनाधिकृत बस्तियों की वृद्धि

**प्रश्न 19. ''आवासों की कमी और गंदी बस्तियों की वृद्धि विकासशील देशों में शहरी बस्तियों की प्रमुख समस्याएं है।'' इस कथन की उदाहरणों सहित परख कीजिए।**

उत्तर : (i) लोग रोजगार के अवसर एवं नागरिक सुविधाओं के लिए शहरों की ओर आते हैं जिससे अत्यंत भीड़ की स्थिति पैदा होती है।

(ii) आधुनिक शहरों में आवासों की कमी, गंदी बस्तियों में वृद्धि और जनसंख्या का बढ़ता भाग निम्न स्तरीय आवासों में रहता है।

(iii) नगरीय बस्तियों की अनियोजित वृद्धि शहरों की सुन्दरता को धूमिल करती है।

(iv) एशिया–पेसिफिक देशों में नगरीय जनसख्ंया का 60 प्रतिशत भाग अनाधिकृत बस्तियों में रहता है।

(v) भारत में अधिकांश मिलियन सिटी 25 प्रतिशत निवासी अवैध बस्तियों में रहते हैं।

**प्रश्न 20. विश्व के विकासशील देशों में ग्रामीण बस्तियों की प्रमुख समस्याओं का वर्णन करो।**

उत्तर : ग्रामीण बस्तियों की प्रमुख समस्याएँ :–

1) जल की अपर्याप्त आपूर्ति
2) आधारभूत सुविधाओं का अभाव
3) शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अभाव
4) अनियोजित व अनाधिकृत बस्तियों की बढ़ती संख्या

# भाग –2

# भारत : लोग एवं अर्थव्यवस्था


| अध्याय | विषय वस्तु | पृष्ठ स० |
|---|---|---|
| 1. | जनसंख्या : वितरण घनत्व एवं वृद्धि | 118 |
| 2. | प्रवास : प्रकार, कारण और परिणाम | 129 |
| 3. | मानव विकास | 142 |
| 4. | मानव बस्तियाँ | 150 |
| 5. | भूसंसाधन तथा कृषि | 161 |
| 6. | जल संसाधन | 173 |
| 7. | खनिज तथा ऊर्जा संसाधन | 189 |
| 8. | निर्माण उद्योग | 199 |
| 9. | भारत के संदर्भ में नियोजन और सतत् पोषणीय विकास | 212 |
| 10. | परिवहन तथा संचार | 219 |
| 11. | अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार | 233 |
| 12. | भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे व समस्यायें | 244 |
| 13. | मानचित्र कार्य : विश्व एवं भारत | 255 |

# भाग : ख

# भारत : लोग और अर्थव्यवस्था

# अध्याय–1

# जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन

**अवधारणा मानचित्र**



## जानने योग्य तथ्य
## 2011 की जनगणना के आधार पर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारत की कुल जनसंख्या | – 1210193422 |
| 2. | भारत की कुल जनसंख्या घनत्व | – 382 व्यक्ति / कि.मी. |
| 3. | भारत की कुल स्त्री पुरूष अनुपात | – 940 / प्रति हजार पुरूषों पर |
| 4. | भारत की कुल साक्षरता दर | – 74.4 प्रतिशत |
| 5. | सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य | – उत्तर प्रदेश |
| 6. | सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य | – सिक्किम |
| 7. | सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | – बिहार (1106 व्यक्ति / कि.मी.) |
| 8. | सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | – अरूणाचल प्रदेश (17 व्यक्ति कि.मी.) |
| 9. | जनसंख्या की कुल वृद्धि दर | – 1.7 प्रतिशत वार्षिक |
| 10. | विश्व की जनसंख्या का भाग | – 17.5 प्रतिशत |
| 11. | सबसे अधिक अनुकूल लिंगानुपात वाला राज्य | – केरल (1084 / प्रति हजार पुरुष) |
| 12. | सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य | – हरियाणा (877 / प्रति हजार पुरूष) |
| 13. | वह राज्य जहाँ 2011 में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – हिमाचल प्रदेश |
| 14. | वह राज्य जहाँ 2011 में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – गोआ |
| 15. | केन्द्रशासित प्रदेश जहाँ ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| 16. | केन्द्रशासित प्रदेश जहाँ नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – दिल्ली |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (एक अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. जनसंख्या वृद्धि या परिवर्तन से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर : दो विभिन्न समय बिन्दुओं के मध्य जनसंख्या के होने वाले शुद्ध परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं।

**प्रश्न 2. जनांकिकी विशेषताओं के अंतर्गत किन बातों का अध्ययन किया जाता है।**

• उत्तर : जनसंख्या की भौतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक विशेषताओं को जनसंख्या का संघटन कहते हैं। आयु, लिंग, निवास, स्थान, भाषा, वैवाहिक स्थिति, मानव प्रजातीयता, साक्षरता शिक्षा, व्यावसायिक संरचना प्रमुख सामाजिक आर्थिक विशेषताएं हैं।

**प्रश्न 3. जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि की गणना कैसे की जाती है?**

उत्तर : जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि = (जन्म–मृत्यु) + (अप्रवास – उत्प्रवास)

**प्रश्न 4. भारत में कौन–से राज्य में बौद्ध सबसे ज्यादा है?**

उत्तर : महाराष्ट्र में (कुल जनसंख्या में सर्वाधिक प्रतिशत सिक्किम में हैं)

**प्रश्न 5. भारत में कौन–सा भाषाई समूह विशालतम है?**

उत्तर : भारतीय आर्य समूह ।

**प्रश्न 6. श्रम की प्रतिभागिता दर क्या होती है?**

उत्तर : कुल जनसंख्या में कार्यरत जनसंख्या के अनुपात को श्रम की प्रतिभागिता दर कहते हैं।

**प्रश्न 7. जनसंख्या के आंकड़ों का स्रोत क्या है?**

उत्तर : प्रति दस वर्ष बाद होने वाली जनगणना (भारतीय जनगणना विभाग)

**प्रश्न 8. भारत में उत्तर–पूर्वी राज्यों की भाषाएँ किस भाषा परिवार से संबंधित है?**

उत्तर : उत्तर पूर्वी राज्यों की भाषाएँ ''चीनी–तिब्बी भाषा परिवार'' से संबंधित है।

**प्रश्न 9. भारत के संविधान में अंग्रेजी के अतिरिक्त कितनी भाषाएं है?**

उत्तर : 22 भाषाएँ।

**प्रश्न 10. आर्थिक गतिविधियों में स्त्रियों की कम प्रतिभागिता के कारण बताइये।**

उत्तर : 1) संयुक्त परिवार 2) निम्न सामाजिक व शैक्षिक स्तर।
3) बारंबार शिशु जन्म 4) रोजगार के सीमित अवसर

## लघु उत्तरात्मक प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 11. भारत की जनसंख्या का असमान वितरण किस तथ्य को दर्शाता है?**

उत्तर : भारत की लगभग 76 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं गुजरात में बसती है। इसका मुख्य कारण है :–

1) **कृषि के लिए उपयुक्त जलवायु एवं उच्चावच** :– उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य नदियों के द्वारा निर्मित उपजाऊ मैदान के अंतर्गत आते हैं जो कृषि के लिए उपयुक्त है और बड़ी जनसंख्या का पोषण कर सकते हैं।

2) **औद्योगिक विकास** :– महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक जैसे राज्यों में कृषि के साथ–साथ औद्योगिक विकास भी जनसंख्या, संकेद्रण का कारण है।

3) सामाजिक सांस्कृतिक कारकों जैसे रीति रिवाज़ धर्म, जाति ने भी जनसंख्या के वितरण को प्रभावित किया है।

**प्रश्न 12. आर्थिक स्तर की दृष्टि से भारत की जनसंख्या को कितने वर्गों में बांटा जा सकता है? (CBSE Delhi, 2008)**

उत्तर : आर्थिक स्तर की दृष्टि से भारत की जनसंख्या को तीन वर्गों में बांट सकते हैं:–

1) **मुख्य श्रमिक** :– यह व्यक्ति जो एक वर्ष में कम से कम 183 दिन कात करता है, मुख्य श्रमिक कहलाता है।

2) **सीमांत श्रमिक** :– वह व्यक्ति जो एक व्यक्ति जो एक वर्ष 183 दिनों से कम दिन काम करता है सीमांत श्रमिक कहलाता है।

3) **अश्रमिक** :– जो व्यक्ति बेरोजगार होता है उसे अश्रमिक कहते हैं।

**प्रश्न 13. 1901–1921 की समयावधि में भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में स्थिरता या नकारात्मकता क्यों थी? कारण स्पष्ट करें?**

**(CBSE Delhi, 2011, Outside)**

उत्तर : इस अवधि में भारत में जन्मदर एवं मृत्युदर दोनों ही उच्च थे।

1) स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अभाव था।

2) लोगों में साक्षरता प्रतिशत बहुत कम थी।

3) खाद्यान्नों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के समुचित वितरण की व्यवस्था नहीं थी।

**प्रश्न 14. भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा नीति कब अपनाई गई तथा इसके मुख्य उद्देश्य क्या थे?**

उत्तर : भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा नीति 2003 में अपनाई गई और इसके मुख्य उद्देश्य थेः–

1) युवाओं व किशोरों के चहुमुखी विकास पर बल देना।
2) उनके गुणों का बेहतर मार्गदर्शन देना, ताकि देश के रचनात्मक विकास में वे अपना योगदान दे सकें।
3) उनमें देशभक्ति व उत्तरदायी नागरिकता के गुणों को बढ़ाना।

**प्रश्न 15. समाज के समक्ष किशोरों की प्रमुख चुनौतियाँ क्या है?**

**या**

**यदि किशोरों को समुचित ढंग से मार्गदर्शित न किया जाए तो वे काफी सुभेध भी होते हैं –स्पष्ट करो**

उत्तर : समाज के समक्ष किशोरों की प्रमुख चुनौतियाँ हैः–

1) **निरक्षरता** :– अधिकतर किशोर वर्ग, विशेषतम स्त्रियां निरक्षर हैं। जिसके कारण वह अपने व परिवार के विकास में योगदान नहीं दे पाती।
2) **औषध दूरूपयोग** :– अधिकतर किशोर शिक्षा पूरी किए बिना ही विद्यालय छोड़े देते हैं और औषध या मदिरापान के कारण रास्ता भटक जाते है। ऐसे लोग समाज के लिए अभिशाप बन जाते हैं और सामाजिक परिवेश को बिगाड़ते हैं।
3) **विवाह की निम्न आयु** :– विवाह की निम्न आयु उच्च मातृ मृत्यु दर का कारण बनती है। जो आगे जाकर लिंगानुपात को प्रभावित करती है।
4) **समुचित मार्गदर्शन का अभाव** :– किशारों को समुचित मार्गदर्शन देने के लिए किसी ठोस कदम का अभाव है। जिस कारण वे मार्ग से भटक जाते हैं।
5) **अन्य चुनौतियांः**–HIV, AIDS किशोरी माताओं से उच्च मातृ मृत्यु दर आदि।

**प्रश्न 16. आर्थिक कारकों के कारण जनसंख्या किस प्रकार प्रभावित होती है? उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें ।**

उत्तर : आर्थिक कारकों में प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्रियाएँ भी सम्मिलित होती है। तकनीकी ज्ञान आर्थिक क्रियाओं का अंग है। इसलिए जिस क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान पर निर्भर विकास होता है, वही अधिक जनसंख्या निवास

करती है। औद्योगिक व नगरीय क्षेत्रों में इसी कारण अधिक जनसंख्या बसी होती है। जैसे–मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलरू आदि। जिन क्षेत्रों में कृषि अधिक होती है, वहाँ उत्पादन अधिक होता है, वे क्षेत्र भी अधिक बसे होते है। जैसे –पश्चिमी, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि।

**प्रश्न 17. 1921–1951 के मध्य जनसंख्या वृद्धि स्थिर होने के तीन कारण स्पष्ट करें।**

उत्तर :

1) स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के कारण, मृत्यु दर में कमी आई।
2) लोगों में जागरूकता आई व वृद्धि दर नियमित रही।
3) समाज में शिक्षा के कारण लोगों में जागरूकता आई व जन्म दर भी कम रही।
4) परविहन एवं संचार तंत्र के बेहतर होने से वितरण प्रणाली में सुधार आना।

**प्रश्न 18. भारत के आयु पिरामिड की विशेषताएँ बताए।**

उत्तर :

1) उच्च आयु–वर्ग में पिरामिड संकरा है।
2) 22% जनसंख्या, 50 वर्ष की आयु तक पहुँच पाती है।
3) 60 वर्ष की आयु के लोगों की जनसंख्या 12% है।
4) 40–49 वर्ष आयु वर्ग में 10% जनसंख्या पाई जाती है।

**प्रश्न 19. भारत में लिंग अनुपात प्रतिकूल होने के चार कारण बताइऐ।**

उत्तर :

1) लड़कियों की अपेक्षा लड़कों के जन्म को प्राथमिकता
2) कन्या भ्रूण हत्या
3) कुपोषण के कारण बाल्यावस्था में ही कन्या शिशुओं की मृत्यु हो जाती है।
4) समाज में स्त्रियों को कम सम्मान प्राप्त होना। उनके स्वास्थ्य व पोषण पर ध्यान न दिया जाना।

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 20. भारत में चार भाषा परिवार कौन से है? दो प्रमुख भाषा परिवारों की दो–दो विशेषताएं बताइए।**

उत्तर : भारत में चार भाषा परिवार :–

1) भारतीय–यूरोपीय (आर्य)
2) द्रविड़
3) आस्ट्रिक
4) चीनी–तिब्बत

## भाषा परिवारों की विशेषताएं

**भारतीय–यूरोपीय (आर्य)**

1. कुल जनसंख्या का लगभग तीन चौथाई भाग आर्य भाषाएं बोलता है।
2. इस परिवार की भाषाओं का संकेद्रण पूरे उत्तरी भारत में हैं। इसमें हिन्दी मुख्य है।

**द्रविड़ भाषा परिवार**

1. कुल जनसंख्या का लगभग पांचवा भाग द्रविड़ भाषाएं बोलता है।
2. इस परिवार की भाषाएं मुख्यतः प्रायद्वीपीय पठार तथा छोटा पठार के क्षेत्रों में बोली जाती है। इस परिवार में तेलुगु, तमिल, कन्नड़ तथा मलयालम मुख्य भाषाएं हैं।

**प्रश्न 21. भारत में जनसंख्या के घनत्व के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए?**

उत्तर : **1)** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या की घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**2)** राज्य स्तर पर जनसंख्या के घनत्व में बहुत विषमताएं पाई जाती है। अरूणाचल प्रदेश में 17 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। जबकि बिहार में यह घनत्व 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**3)** केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली का घनत्व सबसे अधिक 11320 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं जबकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में केवल 46 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**4)** प्रायद्वीपीय भारत में केवल केरल राज्य का घनत्व सबसे अधिक 860 है इसके बाद तमिलनाडु 555 का दूसरा स्थान है।

**5)** पर्यावरण की विपरीत दशाओं के कारण उत्तरी तथा उत्तरी–पूर्वी भारतीय राज्यों की जनसंख्या घनत्व बहुत कम है। जबकि मध्य प्रदेश भारत तथा प्रायद्वीपीय भारत में मध्य दर्जे का जनसंख्या घनत्व पाया जाता है।

**प्रश्न 22. जनसंख्या वृद्धि दर का क्या अर्थ है? भारत की जनसंख्या वृद्धि में**

**बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक जो चार प्रवृत्तियाँ अवस्थाएँ स्पष्ट दिखाई देती है, उनका वर्णन कीजिए?**

उत्तर : जनसंख्या वृद्धिदर—किसी विशेष क्षेत्र में विशेष समयावधि में होने वाले जनसंख्या परिवर्तन को जब प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है उसे जनसंख्या वृद्धिदर कहते हैं।

**भारतीय जनसंख्या वृद्धि की चार प्रवृत्तियाँ**

1) **स्थिर वृद्धि की अवधि (1921 से पहले)** :— 1901 से 1921 की अवधि को भारत की जनसंख्या की वृद्धि की स्थिर अवस्था कहा जाता है, क्योंकि इस अवधि में वृद्धि दर अत्यंत निम्न थी यहां तक कि 1911—1921 के दौरान ऋणात्मक वृद्धि दर रही है। जन्म दर मृत्यु दर दोनों ऊँचे थे जिससे वृद्धि दर निम्न रही।

2) **निरंतर वृद्धि की अवधि (1921—1951)** :— इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि निरंतर बढ़ती गई क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के कारण मृत्यु दर में कमी आई इसीलिए इस अवधि को मृत्यु प्रेरितवृद्धि कहा जाता है।

3) **तीव्र वृद्धि की अवधि (1951—1981)** :— इस अवधि को भारत में जनसंख्या विस्फोट की अवधि के नाम से भी जाना जाता है। विकास कार्यों में तेजी, बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ, बेहतर जीवन स्तर के कारण मृत्यु दर में तीव्र ह्रास और जन्म दर में उच्च वृद्धि देखी गई ।

4) **घटती वृद्धि की अवधि (1981 से आज तक)** :— 1981 से वर्तमान तक वैसे तो देश की जनसंख्या की वृद्धि दर ऊँची बनी रही है परन्तु इसमें धीरे—धीरे मंद गति से घटने की प्रवृत्ति पाई जाती है। विवाह की औसत आयु में वृद्धि, स्त्रियों की शिक्षा में सुधार व जनसंख्या नियन्त्रण के कारगर उपायों ने इस वृद्धि को घटाने में मदद की है।

**प्रश्न 23. भारत में भूदृश्य पर धर्म की औपचारिक अभिव्यक्ति संपूर्ण भू—दृश्य को एक विशेष आयाम प्रदान करती है। उचित उदाहरण देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए?**

उत्तर : 1) धर्म सर्वाधिक भारतीयों के सांस्कृतिक व सामाजिक जीवन को प्रभावित करने वाला प्रमुख बल रहा है।

2) भू—दृश्य पर धर्म की अभिव्यक्ति हमारी पवित्र रचनाओं कब्रिस्तानों व शमशान घाटो, धर्म के लिए पवित्र वृक्षों और धार्मिक स्थलों के रूप में प्रकट होती है।

3) भारत के नगरों व गाँवों में हर गली व चौराहें पर विशाल मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारें, समाधियाँ पूरे भू—दृश्य को एक नया

आयाम प्रदान करती है।

4) प्रमुख नदियों के घाटों, झीलों व सरोवरों तथा पशु–पक्षियों व पेड़ों के पवित्र स्थलों के सम्मुख सम्पूर्ण भू–दृश्य पर देखे जा सकते हैं।

5) भारत का भू–दृश्य अनेकों धर्मों का जनक रहा है यहाँ पर विभिन्न धर्मों के अवतारों, पीरों, फकीरों, साधुसन्तों की लीलाओं के अवशेष चारों ओर नजर आते हैं जो इस संपूर्ण भू–दृश्य को पवित्र व अनोखा बनाते हैं।

**प्रश्न 24. जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं? जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले भौतिक कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : प्रति इकाई क्षेत्रफल पर निवास करने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

भारत में जनसंख्या वितरण घनत्व को निम्न भौतिक कारक प्रभावित करते हैं :–

**1)** **उच्चावच** :– जनसंख्या के बसाव के लिए मैदान अधिक उपयुक्त होते हैं। पर्वतीय व पठारी या घने वर्षा भागों में जनसंख्या कम केंद्रित होती है। उदाहरण के लिए भारत में उत्तरी मैदान घना बसा है जबकि उत्तर–पर्वतीय भाग तथा उत्तर–पूर्वी वर्षा वाले भागों में जनसंख्या घनत्व कम है।

**2)** **जलवायु** :– जलवायु जनसंख्या वितरण को प्रभावित करती है। थार मरूस्थल में गर्म जलवायु और पठारी भाग व हिमालय के ठंडे क्षेत्र सम–जलवायु वाले क्षेत्रों की अपेक्षा कम घने बसे है।

**3)** **मृदा** :– मृदा कृषि को प्रभावित करती है। उपजाऊ मृदा वाले क्षेत्रों में कृषि अच्छी होने के कारण इसलिए ये भाग अधिक घने बसे है। उदाहरण–उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब आदि।

**4)** **जल की उपलब्धता** :– जल की उपलब्धता बसावट को आकर्षित करती है। वे अधिक घने बसे होते हैं जैसेः– सतलुज–गंगा का मैदान, तटीय मैदान आदि।

## क्रियाकलाप

**प्रश्न 25. भारत में पुरुष श्रमिकों की संख्या स्त्री श्रमिकों की संख्या से सभी सेक्टरों में अधिक है। स्त्रियों की सहभागिता दर कम होने के प्रमुख कारकों की चर्चा कीजिए।**

**संकेत :–**

**कारण**

1. सम्मिलित परिवार व्यवस्था
2. स्त्रियों में शिक्षा का निम्न स्तर
3. रोजगार के सीमित अवसर
4. स्त्रियों पर परिवार की अधिक जिम्मेदारी होना
5. स्त्रियों की सामाजिक सुरक्षा का निम्न होना

**प्रश्न 26. लिंग के आधार पर सामाजिक भेदभाव, अलगाँव तथा बहष्किार किसी भी विकासशील आरे सभ्य समाज के लिए कए गंभीर समस्या है। इस कथन के संदर्भ मेंअपने विचार प्रस्तुत कीजिए।**

**अथवा**

**'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' सामाजिक अभियान भारत सरकार द्वारा समाज में स्त्रियों की स्थिति को मजबूत बनाता है। कथन की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर समाज का विभाजन पुरूष, महिला और ट्रांसजेंडर में प्राकृतिक और जैविक रूप से माना जाता है। जिसमे सामाजिक रूप से कोई भेदभाव नही होना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार यदि विकास में सभी जेंडर सम्मिलित नही है तो ऐसा विकास लूप्तप्राय है।

समाज में सभी लोगो को शिक्षा, रोजगारा, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान अवसर, समानकार्य के लिए समान वेतन, स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का अवसर मिले इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत सरकार ने जेंडर संवेदनशीलता तथा भेदभाव से होने वाले दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुंए राष्ट्रीय स्तर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ सामाजिक अभियान चलाया है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 27. कौन सा कथन सत्य है?**

**1. बिहार की जनसंख्या उत्तरप्रदेश से अधिक है।**

**2. प. बंगाल की जनसंख्या बिहार से कम है।**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2**

**(c) 1 व 2 दोनो**

**(d) कोई भी नही**

उत्तर (b) केवल 2

**प्रश्न 28. कौन सा कथन सत्य है?**

**1. भारत में केरल राज्य में उच्च साक्षरता दर पाई जाती है**

**2. द. भारत के सभी राज्यों में साक्षरता दर 85% से अधिक है।**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2**

**(c) 1 व 2 दोनो**

**(d) कोई भी नही**

उत्तर (1) केवल 1

**प्रश्न 29. भारत के किस राज्य में बौद्ध जनसंख्या अधिक है?**

**क. महाराष्ट्र** **ग. मध्य प्रदेश**

**ख. गुजरात** **घ. कर्नाटक**

उत्तर क. महाराष्ट्र

**प्रश्न 30. भारत के जनसंख्या पिरामिड का आधार कैसा है?**

**क. चौड़ा आधार** **ग. संकरा आधार**

**ख. क और ख दोनो** **घ. कोई नही**

उत्तर क. चौड़ा आधार

**प्रश्न 31. जो व्यक्ति वर्ष में 183 दिन लाभकारी कार्य करता है उसे क्या कहते है?**

**क. मुख्य कामगार** **ग. सीमान्त**

**ख. श्रमजीवी** **घ. उत्पादक**

उत्तर क. मुख्य कामगार

# अध्याय–2

## प्रवास : प्रकार, कारण और परिणाम

### अवधारणा मानचित्र



## अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न (एक अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. प्रवास का क्या अर्थ है?**

उत्तर : जनसंख्या के किसी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर बसने को प्रवास कहते हैं।

**प्रश्न 2. भारत की जनगणना में प्रवास की गणना किन दो आधारों पर की जाती है?**

उत्तर : भारत की जनगणना में प्रवास की गणना दो आधारों पर की जाती है :–

1) जन्म का स्थान
2) निवास का स्थान

**प्रश्न 3. प्रवास के दो मुख्य प्रकार कौन–से है?**

उत्तर : आंतरिक प्रवास (देश के भीतर) और अंतर्राष्ट्रीय प्रवास (देश के बाहर और अन्य देशों से देश के अंदर)।

**प्रश्न 4. आंतरिक प्रवास के अंतर्गत प्रवास की चार धाराएँ कौन–सी है?**

**अथवा**

**भारत में आंतरिक प्रवास की धाराएँ बताऐं। (CBSE, 2009)**

उत्तर : आंतरिक प्रवास के अंतर्गत चार धाराओं की पहचान की गई है :–

1) ग्रामीण से ग्रामीण
2) ग्रामीण से नगरीय
3) नगरीय से नगरीय
4) नगरीय से ग्रामीण

**प्रश्न 5. अंतर–राज्यीय प्रवास की ग्राम से नगर धारा में जनसंख्या के किस वर्ग की संख्या सर्वाधिक हैं?**

उत्तर : पुरुष वर्ग

**प्रश्न 6. हमारे देश में किस देश के आप्रवासियों की संख्या सर्वाधिक हैं?**

उत्तर : बांग्लादेश।

**प्रश्न 7. किस राज्य में आप्रवासियों की संख्या सर्वाधिक हैं?**

उत्तर : महाराष्ट्र

**प्रश्न 8. किस राज्य से उत्प्रवासियों की संख्या सर्वाधिक है?**

उत्तर : उत्तर प्रदेश

**प्रश्न 9. किस नगरीय समूहन में प्रवासी जनसंख्या का अंश सर्वाधिक हैं?**

उत्तर : बृहत् मुंबई।

**प्रश्न 10. वृहत् मुंबई में सर्वाधिक प्रवासी आने का क्या कारण हैं?**

उत्तर : इसमें अंतःराज्यीय प्रवास का भाग सर्वाधिक है। यह अंतर मुख्य रूप से राज्य के आकार के कारण है जिसमें ये नगरीय समूहन स्थित है।

**प्रश्न 11. भारत में पुरुषों और स्त्रियों के प्रवास के कारण भिन्न क्यों हैं?**

उत्तर : काम और रोजगार पुरुष प्रवास के मुख्य कारण है जबकि स्त्रियों विवाह के कारण प्रवास करती है।

**प्रश्न 12. किस राज्य में स्त्रियों के प्रवास का मुख्य कारण विवाह नहीं है?**

उत्तर : मेघालय।

**प्रश्न 13. भारत में किन दो राज्यों ने अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासियों से अच्छी मात्रा में विदेशी हुंडियां प्राप्त की है।**

उत्तर : पंजाब, केरल

## लघु उत्तरात्मक प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 14. प्रवास के प्रतिकर्ष एवं अपकर्ष कारक क्या हैं?**

उत्तर : **प्रतिकर्ष कारक** :– वे कारण जो लोगों को निवास स्थान अथवा उद्गम को छुड़वाने का कारण बनते हैं, प्रतिकर्ष कारक (Push Factor) होते हैं। जैसे भारत में लोग ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में मुख्यतः गरीबी, बेरोजगारी, कृषि भूमि पर जनसंख्या के भरण पोषण का अधिक दबाव, अवसंरचनात्मक सुविधाएं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, मनोरंजन इत्यादि के अभाव के कारण प्रवास करते हैं। इनके अलावा पर्यावरणीय कारक जैसे प्राकृतिक आपदाओं (बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकम्प इत्यादि) तथा राजनैतिक, अस्थिरता, अशांति स्थानीय संघर्ष भी प्रतिकूल परिस्थितियाँ उत्पन्न करते हैं।

**अपकर्ष कारक** :– ये गंतव्य स्थान के वे कारक है जो लोगों को अपनी

ओर आकर्षित करते हैं, लोग ग्रामों से नगरों की ओर आकर्षिक होते हैं। गाँवों को छोड़कर लोग दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता जैसे महानगरों में रोजगार के बेहतर अवसर, नियमित काम का मिलना, ऊँचा वेतन, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, मनोरंजन इत्यादि की सुविधाओं के उपलब्ध होने के कारण प्रवास करते हैं।

उद्‌गम प्रवास गंतव्य



**प्रतिकर्ष कारक**
(Push Factor)

- आर्थिक कारक
  - गरीबी
  - कृषि भूमि पर जनसंख्या का अधिक दबाव
  - बेरोजगारी
- अवसरंचनात्मक कारक
  - स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा सुविधाओं का अभाव
  - अवसंरचनात्मक सुविधाओं की कमी
- प्राकृतिक पर्यावरणीय कारक
  - प्राकृतिक आपदाएँ
- सामाजिक–राजनैतिक कारक
  - युद्ध, अशांति, राजनैतिक अस्थिरता

**अपकर्ष कारक**
(Pull Factor)

- रोजगार के बेहतर अवसर
- नियमित काम का मिलना
- ऊँचा वेतन
- शिक्षा के बेहतर अवसर
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ
- मनोरंजन के स्रोत
- शांति व स्थायित्व

**संकेत**
–नकारात्मक कारक
+सकारात्मक कारक

**प्रश्न 15. नीचे दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**




चित्र 2.1 क : निवास के अंतिम स्थान के अनुसार अंत:राज्यीय प्रवास दर्शाती प्रवास की धाराएँ (अवधि 0–9 वर्ष) भारत, 2001




चित्र 2.1 ख : निवास के अंतिम स्थान के अनुसार अंतर-राज्यीय प्रवास दर्शाती प्रवास की धाराएँ (अवधि 0–9 वर्ष) भारत, 2001

स्रोत : प्रवास सारणी, भारत की जनगणना, 2001

1) अंतः राज्यीय और अंतर – राज्यीय प्रवास में क्या अंतर है?

2) दोनों चित्रों में ग्रामीण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास करने वाली स्त्रियों की संख्या अधिक क्यों हैं?

3) ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में पुरुष प्रवास अधिक क्यों हैं?

उत्तर : 1) अंतः राज्यीय प्रवास किसी राज्य की सीमाओं के अन्दर ही होता है जैसे महाराष्ट्र के पुणे से मुम्बई जाकर रहना अंतःराज्यीय प्रवास है। अंतर–राज्यीय प्रवास में राज्य की सीमा से बाहर गंतव्य होता है जैसे महाराष्ट्र के पुणे से बंगलुरू (कर्नाटक) जाकर बसना।

2) इसका मुख्य कारण विवाह हैं, क्योंकि विवाह के बाद लड़कियों को मायके के घर को छोड़कर ससुराल जाकर रहना होता है।

3) पुरुष रोजगार तथा उच्च जीवन स्तर की तलाश में नगरों में प्रवास करते हैं।

**प्रश्न 16. नीचे दिए गए वृत्तारेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**




*चित्र 2.2 क : 0-9 वर्ष अवधि वाले पिछले निवास के अनुसार पुरुष प्रवास के कारण भारत, 2001*




*चित्र 2.2 ख : 0-9 वर्ष अवधि वाले पिछले निवास के अनुसार स्त्र प्रवास के कारण भारत, 2001*

1) पुरुषों और स्त्रियों के प्रवास के क्या कारण हैं?

2) कितनी प्रतिशत स्त्रियाँ काम और रोजगार के लिए प्रवास करती है।

3) विवाह के कारण प्रवास में स्त्रियों और पुरुषों का प्रतिशत कितना हैं?

उत्तर : 1) पुरुष काम / रोजगार के कारण तथा स्त्रियाँ विवाह के बाद पिता का

घर छोड़कर ससुराल की तरफ प्रवास करती है।

2) 3%

3) स्त्रियों का प्रतिशत – 65%

पुरुषों का प्रतिशत – 2%

**प्रश्न 17. उद्गम और गंतव्य स्थान की आयु एवं लिंग संरचना पर ग्रामीण–नगरीय प्रवास का क्या प्रभाव पड़ता है?**

उत्तर : ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में युवक रोजगार की तलाश में गाँवों से नगरों की ओर प्रवास करते हैं इसके ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की संख्या में कमी हो जाती हैं और नगरों में उनकी संख्या बढ़ जाती है। गाँवों में बूढ़े, बच्चे और स्त्रियाँ रह जाती है। उत्तरांचल, राजस्थान, मध्य प्रदेश और पूर्वी महाराष्ट्र से हाने वाले बाह्य प्रवास ने इन राज्यों की आयु एवं लिंग संरचना में असंतुलन पैदा कर दिया हैं ।

**प्रश्न 18. भारत में पुरुषों और स्त्रियों के प्रवास के कारण अलग–अलग है।'' क्यों? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : (1) भारत जैसे समाज में आज भी पुरुषो को महिलाओं से अधिक वरीयता दी जाती है। शिक्षा व रोजगार के लिए पुरुष ही अधिकतर गाँव से शहरों में प्रवास करते हैं।

(2) स्त्रियाँ अधिकतर विवाह के बाद ही एक–स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर जाती हैं।

(3) भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण है, मेघालय इसका अपवाद है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 19. प्रवास के कारणों की विवेचना कीजिए।**

**अथवा**

**''लोग सामान्य रूप से अपने जन्म स्थान से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। किंतु लाखों लोग अपने जन्म के स्थान और निवास को छोड़ देते हैं इसके विविध कारण हो सकते हैं। पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**प्रवास के प्रतिकर्ष एवं अपकर्ष कारकों की चर्चा कीजिए।**

उत्तर : **1) आर्थिक कारक**

ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर लोग खेती पर निर्भर करते हैं तथा सीमित कृषि भूमि पर जनसंख्या का अधिक दबाव होने से सभी को रोजगार नहीं मिल पाता है। रोजगार के अन्य अवसर भी उपलब्ध नहीं होते हैं नगर की सुविधाओं और आर्थिक अवसरों से आकर्षित होकर लोग नगरों में आकर बस जाते हैं। उद्‌गम स्थल पर बेरोजगारी, भूखमरी गरीबी इत्यादि प्रतिकर्ष कारक लोगों को अपना स्थान छोड़ने पर मजबूर कर देते हैं।

**2) अवसंरचनात्मक कारक**

ग्रामीण इलाकों में शिक्षा मुख्य रूप से उच्च शिक्षा का अभाव रहता है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन, मनोरंजन, उच्च जीवन स्तर हेतु आवश्यक सुख सुविधाओं की कमी लोगों को प्रवास करने हेतु मजबूर करती हैं ।

**3) सामाजिक–सांस्कृतिक कारक**

सामाजिक परम्पराओं के चलते प्रत्येक लड़की को विवाह के पश्चात् अपने ससुराल में जाकर रहना होता है जिसक कारण स्त्री जनसंख्या को प्रवास करना पड़ता है।

**4) राजनैतिक कारक**

युद्ध, अशांति, स्थानीय संघर्ष, राजनैतिक अस्थिरता जातीय या धार्मिक दंगों के चलते सुरक्षा की कमी के कारण लोग अपने घरों को छोड़कर अन्य सुरक्षित स्थानों की ओर प्रवास करते हैं। उदाहरण के लिए आंतकवाद के कारण कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों का मजबूरन देश के अन्य भागों में प्रवास कर जाना।

**5) प्राकृतिक / पर्यावरणीय कारक**

प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकम्प, सूनामी, चक्रवात, सूखा इत्यादि के घटित होने के कारण प्रभावित क्षेत्रों से लोग अन्य सुरक्षित स्थानों की ओर प्रवास कर जाते है।

**प्रश्न 20. प्रवास के परिणामों की चर्चा कीजिए।**

**अथवा**

**प्रवास के आर्थिक , जनांकिकीय, सामाजिक व पर्यावरणीय परिणाम स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**प्रवास के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों / परिणामों की स्पष्ट कीजिए।**

(नोट :– प्रस्तुत प्रश्न को 3 अंक या 5 अंक के प्रश्न के अनुसार शिक्षक की सहायता को विद्यार्थी तैयार करें।)

उत्तर : प्रवास किसी क्षेत्र पर अवसरों के असमान वितरण के कारण होता है। बदले में प्रवास के उद्गम और गंतव्य क्षेत्रों के लिए लाभ व हानि दोनों उत्पन्न करता है। परिणामों को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और जनांकिकीय संदर्भों में देखा जा सकता है :–

1) **आर्थिक परिणाम**

**सकारात्मक परिणाम :–**

i) उद्भव क्षेत्र प्रवासियों द्वारा भेजी गई राशि से लाभ प्राप्त करता है।

ii) अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई हुंडियाँ विदेशी विनिमय के प्रमुख स्रोत में से एक हैं।

iii) पंजाब, केरल, तमिलनाडु अपने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों से महत्वपूर्ण राशि प्राप्त करते हैं।

iv) यह रकम उद्गम क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

v) प्रवासियों द्वारा भेजी गई राशि का उपयोग भोजन, ऋणों की अदायगी, उपचार, विवाह बच्चों की शिक्षा, कृषि में निवेश इत्यादि के लिए किया जाता है।

vi) बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश इत्म्यादि के हजारों निर्धन गांवों की अर्थव्यवस्था के लिए ये रकम जीवनदायक रक्त का काम करती है।

vii) हरित क्रांति की सफलता के पीछे प्रवासी श्रमशक्ति की बहुत बड़ी भूमिका रही है।

**नकारात्मक परिणाम :–**

i) अनियंत्रित प्रवास ने भारत के महानगरों को अति संकुलित कर दिया है।

ii) महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली जैसे राज्यों में गंदी बस्तियों (स्लम) का विकास अनियंत्रित प्रवास का नकारात्मक परिणाम है। प्रवास के कारण इन राज्यों में रोजगार के अवसरों पर दबाव बढ़

रहा है।

2) **जनांकिकीय परिणाम**

**सकारात्मक परिणाम :–**

i) प्रवास से देश के अंदर जनसंख्या का पुनर्वितरण होता है।

ii) नगरों के विकास में गाँवों से नगरीय क्षेत्रों की ओर प्रवास का बहुत बड़ा योगदान है।

iii) नगरों में दक्ष, कुशल, अकुशल श्रमिकों का आगमन होता है। जनसंख्या में अर्जक जनसंख्या के अनुपात में वृद्धि होती है।

**नकारात्मक परिणाम :–**

i) ग्रामीण क्षेत्रों से कुशल और योग्य युवा वर्ग के प्रवास से ग्रामीण क्षेत्रों के जनांकिकीय संघटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

ii) ब्राह्य प्रवास से उत्तरांचल, राजस्थान, मध्य प्रदेश व पूर्वी महाराष्ट्र में आयु व लिंग संरचना में गंभीर असंतुलन उत्पन्न हो गया है।

iii) ऐसे ही असंतुलन गंतव्य राज्यों में भी उत्पन्न हो गये हैं।

3) **सामाजिक परिणाम**

**सकारात्मक परिणाम :–**

i) प्रवासी सामाजिक परिवर्तन के अभिकर्ताओं के रूप में कार्य करते हैं।

ii) नवीन प्रौद्योगिकियों, परिवार नियोजन, बालिका शिक्षा इत्यादि से संबंधित नए विचारों का नगरों से गाँवों में प्रचार–प्रसार होता है।

iii) विभिन्न संस्कृतियों का मिश्रण होता है।

iv) प्रवास के द्वारा विभिन्न संस्कृतियों के लोगों का मेलजोल बढ़ता है।

v) लोगों की मानसिकता व्यापक होती है, विचारों में खुलापन आता है।

**नकारात्मक परिणाम :–**

i) गुमनामी के कारण लोग अकेलापन महसूस करते हैं।

ii) प्रवासी समाज से कटकर अकेले पड़ जाते हैं।

iii) प्रवासियों में निराशा और हताशा की भावना आ जाती है जिससे लोग अपराध और नशीली दवाओं के सेवन जैसी असामाजिक गतिविधियों के चुगंल में फंस जाते हैं।

**4) पर्यावरणीय परिणाम**

i) गाँवों से नगरों की ओर प्रवास के कारण नगरों में भीड़–भाड़ बढ़ जाती है।

ii) भौतिक और सामाजिक ढ़ांचे, सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है तथा बढ़ती जनसंख्या के सामने यह कम पड़ने लगती है।

iii) नगरीय बस्तियों की अनियोजित व अनियंत्रित वृद्धि होने से जगह–2 मलिन बस्तियाँ बस जाती है। उदाहरण के लिए मुम्बई की धारावी बस्ती।

iv) प्राकृतिक संसाधनों का अत्याधिक शोषण होने लगता है जिसके कारण भू–जलस्तर में गिरावट, वायु प्रदूषण, गन्दे जल का निपटान व ठोस कचरे के प्रबंधन जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है।

v) नगरीय क्षेत्रों में क्रंकीट से अधिक निर्माण कार्य होने के कारण नगरीय क्षेत्रों का आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक तापमान हो जाता है जिससे नगर ऊष्मा टापू (Heat Island) बन जाते हैं।

**5) अन्य परिणाम / स्त्रियों पर प्रभाव**

i) पुरूषों के प्रवास के कारण पत्नियाँ अकेली पीछे छूट जाती हैं जिससे उन पर अतिरिक्त शारीरिक और मानसिक दबाव पड़ता है।

ii) शिक्षा और रोजगार के लिए स्त्रियों का प्रवास उन्हें स्वतंत्र और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाता है। परन्तु उनके शोषण के

अवसर भी बढ़ जाते हैं।

**प्रश्न 21. भारत में प्रवास की स्थानिक भिन्नता को किन्हीं पांच बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए?**

उत्तर : 1) भारत में गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब जैसे राज्य अपनी ओर अन्य राज्यों से प्रवासियों को आकर्षित करते हैं।

2) बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से प्रवासी दूसरे राज्यों में अप्रवास कर गये हैं।

3) दिल्ली, मुबंई, कोलकाता जैसे नगरीय समूहनों में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास अधिक हुआ है सबसे अधिक प्रवासी वृहत मुम्बई में आकर बसे हैं।

4) हाल के कुछ वर्षों में भारत के पड़ोसी देशों से आकर प्रवासी भारत में बसे हैं। भारत में सीमावर्ती राज्यों में इनसे बड़ी समस्याऐं पैदा हो रही हैं।

5) सबसे अधिक प्रवासी महाराष्ट्र में आए है तथा बिहार व उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक प्रवासी गए है।

**प्रश्न 22. बदलते समय के साथ—साथ प्रवास के कारणों एवं स्वरूप दोनों में परिवर्तन हुआ है। इस कथन को उचित उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।** (बहु—विषयक प्रश्न)

उत्तर : बदलते समय के साथ—साथ प्रवास के कारणों व स्वरूप में परिवर्तन को निम्न उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया जा सकता हैः—

1) समय के साथ प्रवास के कारणों ने धार्मिक यात्राओं, युद्ध अशान्ति, प्राकृतिक आपदाओं से लेकर रोजगार, शिक्षा, निवेश व बेहतर जीवन की दशाओं तक यात्रा तय की हैं।

2) आजादी के बाद से आज तक प्रवास के स्वरूप ने मजदूरों, व्यवसायियों, शिल्पियों, व्यापारियों से लेकर शिक्षित युवाओं व महिलाओं तक की यात्रा तय की है। वर्तमान में प्रवास के स्वरूप पर उदारीकरण व वैश्वीकरण का प्रभाव स्पष्ट प्रतिबिम्बित होता है और प्रवासी देश के विकास में अहम् भूमिका अदा कर रहे हैं।

3) उपनिवेशकाल के दौरान गिरमिट एक्ट नामक समयबद्ध अनुबंध के तहत लाखें मजदूरों को करारबद्ध करके रोपण कृषि के लिए कैरिबियन देशों में भेजा गया जिसके कारण उनकी जीवन दशा में आमूल परिवर्तन हो गया।

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**प्रश्न 23. A लोग सामान्य रूप से अपने जन्म स्थान से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए होते है।**

**B ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में प्रवास मुख्यतः गरीबी कृषि भूमि पर जनसंख्या के अधिक दबाव स्वास्थय सेवाओ, शिक्षा जैसी आधरभूत अवसंरचनात्मक सुविधाओं के अभाव इत्यादि के कारण प्रवास करते है।**

**1. A तथा B दोना सत्य है। तथा B, A की सही व्याख्या करता है।**

**2. A तथा B दोनो सत्य है तथा B, A की सही व्याख्या नही करता।**

**3. केवल A ठीक है।**

**4. केवल B ठीक है।**

उत्तर 2. A तथा B दोनो सत्य है तथा B, A की सही व्याख्या नही करता।

**प्रश्न 24. भारत से प्रवासी श्रमिक पश्चिमी द्वीप समूह में क्या करते हैं?**

**(क) रोपण कृषि (ग) उद्योग**

**(ख) खनन (घ) उद्यान कृषि**

उत्तर (क) रोपण कृषि

**प्रश्न 25. इनमें से क्या प्रवास का परिणाम है?**

**क. पर्यावरण का ह्रास ग. सामाजिक बदलाव**

**ख. जनसंख्या की सरंचना में परिवर्तन**

**घ. नए विचारो का प्रसार**

**1. केवल क और ग**

**2. केवल क और घ**

**3. ये सभी**

**4. कोई भी नही**

उत्तर 3. ये सभी

**प्रश्न 26. इनमें से कौन–सा अपकर्ष कारक है?**

**क. बेरोजगारी ख. गरीबी**

**ग. रोजगार** **घ. इनमें से कोई नही**

उत्तर ग. रोजगार

**प्रश्न 27. कौन–से नगरीय समूहन में प्रवासी जनसंख्या का अंश सर्वाधिक हैं?**

**क. मुम्बई नगरीय समूहन** **ग. दिल्ली नगरीय समूहन**

**ख. बंगलौर नगरीय समूहन** **घ. चेन्नई नगरीय समूहन**

उत्तर क. मुम्बई नगरीय समूहन

# अध्याय–3

# मानव विकास

**अवधारणा मानचित्र**

**मानव विकास**

**अर्थ**

लोगों के विकल्पों को बढ़ाना तथा जनकल्याण के स्तर को ऊँचा उठाना।

भारत में मानव विकास के कुछ महत्वपूर्ण सूचक

1. आर्थिक उपलब्धियों के सूचक
2. स्वस्थ जीवन के सूचक
3. सामाजिक सशक्तीकरण के सूचक

**विश्व में मानव** विकास सूचंकाक का कोटिक्रम

1. नार्वे – (0.963)
2. आस्ट्रेलिया – (0.955)
3. सवीडन – (0.949)

भारत में मानव विकास सूचकांक का कोटि क्रम (NHDR-2011)

1. केरल – (0.790)
2. दिल्ली – (0.750)
3. हिमाचल प्रदेश – (0.652)

**भारत में मानव विकास में विभिन्नता के कारण**

1. शैक्षिक उपलब्धियाँ
2. आर्थिक विकास का स्तर
3. सामाजिक व राजनीतिक कारण
4. योजना बद्ध विकास प्रारूप

**भारत में मानव विकास सूचकांक**

| | राज्य | मानव विकास सूचकांक (HDI) |
|---|---|---|
| उच्च मानव विकास सूचकांक | केरल | 0.790 |
| | दिल्ली | 0.750 |
| मध्यम मानव विकास सूचकांक | हिमाचल प्रदेश | 0.652 |
| | गोआ | 0.617 |
| निम्न मानव विकास सूचकांक | बिहार | 0.367 |
| | ओड़िसा | 0.362 |
| | छत्तीसगढ़ | 0.352 |

भारत का मानव विकास सूचकांक = 0.586

(2014, UNDP Report)

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (एक अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. मानव विकास सूचकांक (2012) के संदर्भ में विश्व के देशों में भारत का कौन–सा स्थान या कोटि थी?**

उत्तर : 136 वीं ।

**प्रश्न 3. भारत के किस राज्य में स्त्री साक्षरता निम्नतम तथा उच्चतम है?**

उत्तर : निम्नतम–बिहार, उच्चतम–केरल

**प्रश्न 4. जनसंख्या की तुलना में संसाधनों के आभाव के विषय में चिंता व्यक्त करने वाले पहले विद्वान कौन थे?**

उत्तर : सर राबर्ट माल्थस।

**प्रश्न 5. भारत के केंद्र, शासित प्रदेशों की उच्चतम तथा निम्नतम साक्षरता दर बताइए?**

उत्तर : उच्चतम–लक्षद्वीप (87,52), निम्नतम–दादरा और नगर हवेली (60.03)

**प्रश्न 6. भारत के किन राज्यों में 0–6 आयु वर्ग के बच्चों में लिंग अनुपात निम्नतम हैं?**

उत्तर : पंजाब, हरियाणा

**प्रश्न 7. मानव विकास क्या है?**

उत्तर : मानव विकास लोगों की रूचियों व विकल्पों को विस्तृत करने तथा उनके हितों व कल्याण के स्तर को उठाने की प्रकिया है। इसके लिए स्वस्थ जीवन सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है।

**प्रश्न 8. संयुक्त राष्ट्र ने कब सर्वप्रथम मानव विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया?**

उत्तर : 1990

**प्रश्न 9. भारत में औसत जीवन प्रत्याश कितनी है?**

उत्तर : 65 वर्ष

**प्रश्न 10. भारत के लिए, मानव विकास रिपोर्ट कौन तैयार करता है?**

उत्तर : भारत का नीति आयोग (पूर्व नाम योजना आयोग)

**प्रश्न 11. मानव विकास सूचकांक में विकास के किन कारकों को आधार बनाया गया है?**

उत्तर : दीर्घ आयु, शिक्षा तथा आय।

**प्रश्न 12. पंजाब और हरियाणा में गरीबी घटने का मुख्य कारण क्या है?**

उत्तर : कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 13. सामाजिक सशक्तिकरण मानव विकास का महत्वपूर्ण सूचक है। भारत के संदर्भ में स्पष्ट करें।**

उत्तर : मानव विकास तभी सार्थक है जब मनुष्य भूख गरीबी, दासता, बंधुआ मजदूरी, निरक्षरता आदि से मुक्त हो और यह तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति को इतना समर्थ बनाया जाए कि वह इन बंधनों से मुक्त हो सके इसलिए मानव विकास को पाने के लिए समाज के सभी वर्गों को साक्षर–स्वस्थ और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है।

**प्रश्न 14. उत्तरी भारत के अधिकांश राज्यों में मानव विकास के निम्न स्तरों के तीन कारण बताइए?**

उत्तर : **1) गरीबी** :– पंजाब एवं हरियाणा को छोड़कर, अन्य राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और असम में गरीबी के कारण मानव विकास नहीं हो पाया ह। इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय 2000 रुपये से भी कम है।

2) **निम्न साक्षरता दर** :– भारत में कुल साक्षरता दर की अपेक्षा इन राज्यों में साक्षरता दर काफी कम है। साक्षरता मानव विकास को दर्शाती है इसीलिए उत्तरी भारत में राज्यों में मानव विकास सूचकांक निम्न स्तर का है।

3) **निम्न स्वास्थ्य सुविधाएँ** :– जिन राज्यों में स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी नहीं हैं या गरीबों की पहुंच से बाहर है। उन राज्यों में मानव विकास पर विपरीत असर पड़ता है।

**प्रश्न 15. आर्थिक विकास किस तरह मानव विकास को प्रभावित करता है? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : आर्थिक विकास मनुष्यों की संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करता है। आर्थिक विकास को हम व्यक्ति की आय से मापते हैं। आय से ही कोई भी व्यक्ति प्राकृतिक या मानवरचित संसाधनों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य को पा सकता है। भारत में इस क्षेत्र में काफी विभिन्नता देखने को मिलती है। महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, दिल्ली जैसे राज्यों में प्रति व्यक्ति आय अधिक है जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा में कम है। इन राज्यों में लोगों द्वारा संसाधनों के उपभोग की क्षमता में अंतर पाया जाता है। जैसे पंजाब में एक व्यक्ति एक महीने में 690 रुपये अपने ऊपर व्यय करता है। जबकि उत्तर प्रदेश एवं बिहार में यह सिर्फ 520 रूपए व्यक्ति है।

**प्रश्न 16. मानव विकास सामाजिक एवं प्राकृतिक पर्यावरण से क्या संबंध है? उचित उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए?**

उत्तर : ऐसा माना जाता है कि मानव विकास की चरम स्थिति प्राप्त कर लेने पर हमें सभी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। ऐसा कुछ हद तक होता भी है। मनुष्यों के रहन–सहन के स्तर में सुधार आता है लेकिन यह विकास कभी–कभी चरम सामाजिक विषमताओं को भी जन्म देता है।

- मानव विकास के क्रम में पर्यावरण पर भी विपरीत असर पड़ता है। एक तरफ जहां हम प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण शोषण करते हैं वहीं दूसरी तरफ प्रदूषण भी फैलाते हैं।
- ये परिस्थितियां जैसे सामाजिक विषमता समाज में बेचैनी वर्ग संघर्ष को जन्म दे सकते हैं तथा प्रदूषण पृथ्वी के पर्यावरण को हानि पहुँचा रहा है।
- इन परिस्थितियों से बचकर ही हमें मानव विकास को सही अर्थों में उपलब्ध करने का प्रयास करना चाहिए।

**प्रश्न 17. मानव विकास का एक पहलू निम्नतर मानवीय दशाओं का होना भी रहा है। जो हमारे निर्धन लोगों के सामर्थ्य में लगातार कमी का**

**कारण बन गए हैं। इस कथन को तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) लोगों के सामाजिक सामर्थ्य में कमी विस्थापन और दुर्बल होते सामाजिक बंधंनों के कारण हुई हैं।

2) पर्यावरण प्रदूषण के कारण लोगों के पर्यावरणीय सामर्थ्य में कमी आई है।

3) बढ़ती बीमारियों और दुर्घटनाओं के कारण लोगों के व्यक्तिगत सामर्थ्य में कमी आई है।

**प्रश्न 18. आधुनिक विकास के तीन दुष्परिणाम बताइए?**

उत्तर : 1) आधुनिक विकास के कारण समाज में सामाजिक अन्याय बढ़ गया है। समाज का एक वर्ग अत्यधिक सुख–सुविधाओं का भोग कर रहा है जबकि दूसरी ओर एक वर्ग अति आवश्यक सुविधाओं को भी प्राप्त करने में असमर्थता महसूस कर रहा है।

2) आधुनिक विकास के कारण प्रादेशिक असन्तुलन देखने को मिलता है। कुछ राज्य विकास की दौड़ में काफी आगे हैं जैसे केरल, पंजाब, तमिलनाडु आदि वहीं बिहार, उड़ीसा, झारखंड, उत्तरप्रदेश जैसे पिछड़े राज्य भी है।

3) आधुनिक विकास ने पर्यावरण का निम्नीकरण किया है जो अत्यन्त चिंताजनक है।

## दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न (पाँच अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 19. भारत के लिए विकास अवसरों के साथ–साथ वंचनाओं का मिला–जुला थैला है। इस कथन की पुष्टि उपयुक्त तर्क देकर कीजिए। (CBSE 2011, Delhi)**

उत्तर : 1) भारत के विकसित महानगरीय क्षेत्रों के कुछ क्षेत्र ऐसे है जहाँ जनसंख्या के एक छोटे भाग की आने आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है दूसरी ओर भारत के इन्हीं शहरों में गंदी बस्तियाँ है जहाँ अति मूल भूत आवश्यकता का भी अभाव हैं।

2) भारत में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, गरीब किसान और गंदी बस्तियों में रहने वाले लोगों का एक बड़ा समूह है जो हाशिए पर है। दूसरी और चंद अमीर लोग विलासिता का जीवन जी रहे हैं।

3) स्त्रियों के साथ समाज में भेदभाव हो रहे हैं इनके रूप में जनसंख्या का एक बड़ा भाग कष्ट भोग रहा हैं।

4) हमने विकास के नाम पर अपनी पर्यावरणीय दशाओं का निम्नीकरण किया हैं और पारिस्थितिक संकट खड़ा कर दिया है।

5) हमारा तकनीकी ज्ञान अन्य देशों के मुकाबले में कम है। हमें अभी और विकास की आवश्यकता है जिससे हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग कर सके।

**प्रश्न 20. विकास सामान्य रूप से और मानव विकास विशेष रूप से सामाजिक विज्ञानों में प्रयुक्त होने वाली एक जटिल संकल्पना है। उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए।**

**(CBSE 2005)**

उत्तर : विकास सामान्य रूप से और मानव विकास विशेष रूप से सामाजिक विज्ञानों में प्रयुक्त होने वाली एक जटिल संकल्पना है क्योंकि युगों से यही सोचा जा रहा है कि यदि मानव विकास को एक बार प्राप्त कर लिया गया तो यह समाज की सभी सामाजिक, सांस्कृति तथा पर्यावरणीय समस्याओं का निदान कर पायेगी।

- मानव विकास एक ऐसी संकल्पना है जिसने एक ओर मानव जीवन की गुणवत्ता में अनेक महत्वपूर्ण सुधार किए हैं वहीं दूसरी ओर प्रादेशिक विषमताओं, सामाजिक भेदभाव, लोगों का विस्थापन, मानवीय मूल्यों का विनाश तथा पर्यावरणीय निम्नीकरण को बढ़ाया है।
- 1993 की मानव विकास रिपोर्ट में लोगों के बढ़ते सशक्तिकरण पर बल दिया गया था। रिपोर्ट ने शांति और मानव विकास लाने में नागरिक व समाज की सकारात्मक भूमिका को भी स्वीकारा।
- मानव विकास ने विश्व के सीमित संसाधनों बहुविध प्रयोगों को बढ़ाने में योगदान दिया है 18वीं सदी के बाद जनसंख्या और संसाधनों के बीच का अन्तर बढ़ा है। संसाधनों में थोड़ी वृद्धि हुई है जबकि जनसंख्या में विपुल वृद्धि हुई हैं।

**प्रश्न 21. मानव विकास क्यों आवश्यक है? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : लोगों के विकल्पों को बढ़ाना और जन कल्याण के स्तर को ऊँचा उठाना ही मानव विकास है। जन कलयाण से तात्पर्य दीर्घ स्वस्थ जीवन, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा व रहन–सहन के उच्च स्तर से है। इसलिए मानव विकास आवश्यक है :–

1) यह भौतिक पर्यावरण व संसाधनों के हितैषी है।

2) यह सामाजिक अशांति को कम करने तथा राजनैतिक स्थिरता को बढ़ाने में भी सहायक हो सकता है।

3) मानव विकास के सभी पक्षों का महत्वपूर्ण उद्देश्य मानवीय दशाओं को सुधारना हैं

4) मानव विकास उच्चतर उत्पादकता का साधन है क्योंकि कुशल व स्वस्थ श्रमिक अधिक उत्पादन करने में सहायक होते हैं।

**प्रश्न 22. भारत के विभिन्न राज्यों में संयुक्त सूचकांक मूल्य के साथ केरल (0.638) कोटिक्रम से सर्वोच्च है। इस कथन को ध्यान में रखते हुए कुछ कारकों का उल्लेख कीजिए जो इसके लिए उत्तरदाई हैं।**

उत्तर : भारत को मध्यम मानव विकास दर्शाने वाले देशों में रखा गया है। 172 देशों में इसका 136वां स्थान है। भारत के विभिन्न राज्यों में केरल 0.790 मानव विकास सूचकांक के मूल्य के साथ कोटिक्रम में सर्वोच्च है।

इसके लिए कई कारक उत्तरदायी हैं :–

1) शैक्षिक उपलब्धियाँ

2) आर्थिक विकास का स्तर

3) सामाजिक परिवेश

4) सरकारी प्रयास

5) योजनाबद्ध विकास प्रारूप

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**प्रश्न 23. स्वस्थ मस्तिष्क एक स्वस्थ शरीर में निवास करता है और एक स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ वातावरण विशेष रूप से स्वच्छ हवा, पानी, शोर मुक्त माहौल और कथनसरकार द्वारा चलाए गए कस मिशन की ओर संकेत करता है? और स्वच्छ परिवेश प्राथमिक आवश्यकताएँ है। यह**

**(क) स्मार्ट सिटी मिशन (ग) बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं**

**(ख) स्वच्छ भारत मिशन (घ) स्वास्थ्य मिशन**

उत्तर (ख) स्वच्छ भारत मिशन

**प्रश्न 24. A विकास मुक्ति है।**

**B समाज और पर्यावरण के बारे में ज्ञान तक पहुँच ही मुक्ति का मूलाधार है।**

**1. A तथा B दोनो सही है। तथा B, A की सही व्याख्या करता है।**

**2. A तथा B दोनो सही है तथा B, A की सही व्याख्या नही करता।**

**3. केवल A सही है।**

**4. केवल B सही है।**

उत्तर (क)

**प्रश्न 25. किस केन्द्रशासित प्रदेश में साक्षरता दर उच्चतम है?**

**क. अंडमान और निकोबार द्वीप ग. लक्ष्यद्वीप**

**ख. चंडीगढ़ घ. दमन और दीव**

उत्तर (ख) लक्ष्यद्वीप

**प्रश्न 26. UNDP द्वारा मानव विकास रिपोर्ट का सर्वप्रथम प्रकाशन कब हुआ?**

**क. 1990 ख. 1995**

**ग. 1993 घ. 1991**

उत्तर क. 1990

# अध्याय–4

# मानव बस्तियाँ

## अवधारणा मानचित्र




## एक अंक वाले प्रश्न / लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. ''बस्तियाँ विभिन्न आकार प्रकार की होती हैं''। बस्तियाँ के प्रकारों को निर्धारित करने वाले कारक कौन से हैं ?**

उत्तर : निर्मित क्षेत्र के विस्तार व अंतर्वास दूरी।

**प्रश्न 2. नगरीय संकुल की परिभाषा दीजिए ।**

उत्तर : एक नगरीय क्षेत्र के चारों ओर नगरों की एक श्रृखंला विकसित हो जाती है या कभी–कभी दो या दो से अधिक नगर एक साथ जुडकर एक बडा नगरीय परिदृष्य बनाते हैं, ऐसे क्षेत्र को नगरीय संकुल कहते है ।

**प्रश्न 3. ''कई बार बस्ती भौतिक रुप से एक दूसरे से पृथक इकाईयों में बँट**

**जाती है किन्तु उन सबका नाम एक ही रहता है। ऐसी बस्ती का नाम बताइए व उदाहरण भी दीजिए ।**

उत्तर : पल्ली बस्ती–पान्ना, पाड़ा, पाली, नंगला व ढाँणी ।

**प्रश्न 4. भारत के चार नगरीय संकुलो के नाम बताइये।**

उत्तर : मुंबई, दिल्ली, कोलकत्ता, चेन्नई ।

**प्रश्न 5. गैरिसन नगर किसे कहते है इसके दो उदाहरण दीजिए।**

उत्तर : जिन नगरों में सेना की छावनियाँ होती उन्हें गैरिसन नगर कहते है अंबाला, जालंधर, बबीना, उधमपुर इस प्रकार के नगर है।

**प्रश्न 6. ग्रामीण बस्तियों के प्रकार एवं क्षेत्रों को मिलाप करें :–**

| | |
|---|---|
| 1) गुच्छित बस्तियाँ | (क) मेघालय, उत्तरांचल |
| 2) अर्द्धगुच्छित बस्तियाँ | (ख) छत्तीसगढ़ हिमालय की निचली घाटी मध्य व निम्न गंगा का मैदान |
| 3) पल्ली बस्तियाँ | (ग) गंगा की उपजाऊ जलोढ़ मैदान, राजस्थान |
| 4) परिक्षिप्त बस्तियाँ | (घ) गुजरात के मैदान, पश्चिम बंगाल |

उत्तर : 1) ग 2) घ 3) ख 4) क

(एक अंक के लिए यह प्रश्न एक प्रकार की बस्ती से संबंधित हो सकता है।)

**प्रश्न 7. विकसित होने के समय के आधार पर निम्नलिखित नगरों को वर्गीकृत करें ?**

क) पाटलिपुत्र (पटना)

ख) हैदराबाद

ग) पांडिचेरी

उत्तर : क) पटना – प्रचीन

ख) हैदराबाद – मध्यकालीन नगर

ग) पांडिचेरी – आधुनिक नगर

**प्रश्न 8. महानगर एवं मेगानगर में क्या अंतर है ?**

उत्तर : दस लाख से पचास लाख की जनसंख्या वाले नगरों को महानगर तथा पचास लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों को मेगानगर कहते है।

**प्रश्न 9. भारत के दो प्रमुख खनन नगरों के नाम बताओ ?**

उत्तर : रानीगंज, झरिया ।

**प्रश्न 10. भारत में नगरीकरण के स्तर को किस प्रकार मापा जाता है ?**

उत्तर : भारत में नगरीकरण के स्तर का माप कुल जनंसख्या में नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत के रुप में किया जाता है।

**प्रश्न 11. भारत का सबसे बड़े नगरीय संकुल कौन सा है ?**

उत्तर : बृहत्त मुम्बई ।

**प्रश्न 12. भारत के उस महानगर का नाम बताइए जिसमें मलिन बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या का अनुपात सबसे अधिक है ?**

उत्तर : बृहत्त मुम्बई।

**प्रश्न 13. भारत के उपजाऊ जलोढ़ मैदानों तथा राजस्थान में किस प्रकार की बस्तियाँ पाई जाती हैं ?**

उत्तर : उपजाऊ जलोढ़ मैदानों में – गुच्छित बस्तियाँ
राजस्थान में – अर्धगुच्छित बस्तियाँ

**प्रश्न 14. भौतिक रुप से एक–दूसरे से पृथक अनेक इकाइयों में बँटी बस्ती जिसका नाम, नाम ही होता है । क्या कहते हैं ? (सी.बी.एस.ई.–2015)**

उत्तर : पुरवा बस्तियाँ ।

**प्रश्न 15. सड़क, रेल लाइन, नदी, नहर आदि के किनारों पर ग्रामीण बस्तियों का कौन–सा प्रतिरुप विकसित होता है ?**

उत्तर : रैखिक प्रतिरुप ।

**प्रश्न 16. भारत में नगरों कि किस वर्ग में नगरीय नजसंख्या का उच्चता प्रतिशत है ? (सी.बी.एस.ई.–2010)**

उत्तर : प्रथम वर्ग

**प्रश्न 17. मानव बस्ती का अर्थ बताइये । (सी.बी.एस.ई.–2011 व 2012)**

उत्तर : किसी भी प्रकार और आकार के घरों का संकुल जिनमें मनुष्य रहते है, मानव बस्ती कहते है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 18. भारत की ग्रामीण बस्ती एवं नगरीय बस्ती में आधारभूत अंतर स्पष्ट करें। (कोई तीन अंतर)**

उत्तर : भारत की ग्रामीण एवं नगरीय बस्ती में तीन आधारभूत अंतर निम्नलिखित है:–

**ग्रामीण बस्ती**

1) यहाँ के लोग अपने जीवन यापन के लिए अधिकतर प्राथमिक क्रियाकलापों पर निर्भर करते है जैसे – कृषि, पशुपालन आदि ।

2) ग्रामीण बस्तियों में उत्पादित सब्जी, फल–फूल, अनाज आदि जैसे उत्पाद, नगरीय बस्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

3) ग्रामीण लोग एक स्थान छोड़कर दूसरे स्थान जाकर बसने के बारे में कम सोचते हैं अतः उनमें सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होते है। ग्रामीण बस्तियों के निवासियों में क्षैतिज गतिशीलता कम होता है ।

**नगरीय बस्ती**

1) नगरीय बस्तियों में द्वितीयक एवं तृतीयक तथा विभिन्न प्रकार की सेवाओं की प्रधानता होती है ।

2) नगरीय बस्तियों के विनिर्माण उद्योग के उत्त्पाद ग्रामीण बस्तियों में जाते हैं। परिवहन एवं संचार माध्यम के जरिए यह कार्य संपन्न होता है।

3) शहरों में क्षैतिज गतिशीलता अधिक पाई जाती है अर्थात् लोग एक जगह जाकर बस जाते हैं।

4) उनमें सामाजिक संबंधों में औपचारिकता अधिक होती है ।

**प्रश्न 19. कोई नगर नगरीय संकुल कब बन जाता है ?**

उत्तरः कोई नगर नगरीय संकुल बन जाता है जब इसमें से किसी एक का समावेश हाता हैं

1) नगर एवं उससे संलग्न विस्तार

2) विस्तार सहित या बिना विस्तार के जब दो या अधिक नगर मिल जाते हैं।

3) एक नगर या उससे सटे हुए या एक से अधिक नगर और उन नगरों के क्रमिक विस्तार जैसे रेलवे कॉलोनी, विश्वविद्यालय परिसर, पत्तन क्षेत्र या सैनिक छावनी को मिलाकर नगरीय संकुल बन जाता है ।

**प्रश्न 20. पल्ली बस्तिया क्या है ? भारत के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम बताए जहां इस प्रकार की बस्तियां पाई जाती है ? (सीबीएसई–2013)**

उत्तर : वे बस्तियाँ जो किसी बडे गाँव से अलग छोटे–छोटे समूहों में बस जाती है लेकिन वे उसी बड़े गाँव का ही हिस्सा होती है इन्हें अलग–अलग जगहों में अलग–अलग नामों में पुकारा जाता है जैसे पल्ली, नंगला, ढाणी, पूर्वा आदि। ये बस्तियाँ छत्तीसगढ़ एवं हिमालय की निचली घाटियों में पाई जाती हैं।

**प्रश्न 21. भारत में ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन भैतिक कारकों को स्पष्ट कीजिए । (सीबीएसई–2015)**

**या**

**''बस्तियों के प्रकार या निर्मित क्षेत्र के विस्तार द्वारा निधार्रित होते हैं। फिर भी अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ अन्य प्रकार की ग्रामीण बस्तियाँ पाई जाती हैं।'' इन बस्तियों के प्रंकारों के लिए उत्तरदायी भौतिक कारकों का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर : भारत में ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए उत्तरदायी भौतिक कारक निम्नलिखित हैं :–

1) उच्चावच की प्रकृति–मानव अपने निवास हेतु ऊँचे क्षेत्रों को बाढ़ व जंगली जानवरों से सुरक्षित रहने के लिए चुना।
2) जल की उपलब्धता–कृषि व अपने ग्रामीण बस्तियां जल स्रोतों के निकट बसती हैं।
3) उर्वरक मृदा–मनुष्य बसने के लिए उस जगह का चुनाव करता है, जहाँ की मृदा कृषि के लिए उपयुक्त एवं उपजाऊ हो।
4) जलवायु मानव अपने निवास हेतु अनुकूल जलवायु में रहना पसंद करते हैं।

**प्रश्न 22. ''भारत में आधुनिक नगरों में से कई एक नगर अंग्रेजी शासन में विकसित हुए थे।'' इस कथन को प्रमाणित कीजिए ।**

**(सी.बी.एस.ई.–2011, 2012 व 2016)**

उत्तर : यह सच है कि भारत में आधुनिक नगरों में से कई नगर अंग्रेजी शासन में विकसित हुए थे –

– व्यापार के उद्देश्य से तटीय क्षेत्रों में नगरों का विकास किया गया ।
– केन्टोंमेन्ट कैम्प नगरों का विकास हुआ जैसे जी.टी.बी. नगर।
– विश्राम स्थलों को विकसित किया गया तथा पर्वतीय नगरो का

विकास किया गया ।

– मुम्बई, चेन्नई व कोलकत्ता जैसे प्रमुख नोड़ों पर अंग्रेजों ने अपनी पकड़ मजबूत की तथा उन्हें विकसित किया ।

**प्रश्न 23. "ग्रामीण बस्तियों के विपरीत नगरीय बस्तियाँ सामान्यतः संहत और विशाल आकार की होती हैं।" कथन का स्पष्टीकरण उचित तर्क द्वारा कीजिए ।**

उत्तर : ग्रामीण बस्तियों के विपरीत नगरीय बस्तियाँ सामान्यतः सहंत और विशाल आकार की होती है क्योंकि :–

– नगरीय बस्तियाँ अनेक प्रकार के अकृषि, आर्थिक व प्रशासकीय प्रकार्यों में संलग्न होती है।

– नगर अपने चारों ओर के क्षेत्रों से प्रकार्यात्मक रुप से जुड़ा हुआ होता है।

– वस्तुओं व सेवाओं के विनिमय के कारण नगर मण्डी शहरों व नगरों की श्रृखला से जुडे रहते हैं इसलिए नगर संहत व विशाल आकार के होते हैं।

**प्रश्न 24. नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिये तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

***भारत जनसंख्या सहित आकार के अनुसार (वर्गानुसार) नगरों की संख्या, 2001***

| वर्ग | जनसंख्या का आकार | संख्या | जनसंख्या (दस लाख में) | कुल नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत | प्रतिशत वृद्धि 1991–2001 |
|---|---|---|---|---|---|
| सभी वर्गों का योग | | 5161 | 285.35 | 100.00 | 31.13 |
| 1. | 1,00,000 और अधिक | 423 | 172.04 | 61.48 | 23.12 |
| 2. | 50,000–99,999 | 498 | 34.43 | 12.30 | 43.45 |
| 3. | 20,000–49,999 | 1386 | 41.97 | 15.00 | 46.19 |
| 4. | 10,000–19,999 | 1560 | 22.60 | 8.08 | 32.94 |
| 5. | 5,000–9,999 | 1057 | 7.98 | 2.85 | 41.49 |
| 6. | 5,000 से कम | 227 | 0.80 | 0.29 | 21.21 |

1) बीस हजार से कम जनसंख्या वाले नगरों की कुल संख्या ज्ञात करे।

उ. 2844 (1560+1057+227)

2) किस जनसंख्या आकार में नगरों की संख्या सबसे कम है ? इस जनसंख्या आकर के गनरों की संख्या बताइये ।

उ. 4 वर्ग (5000) से कम जनसंख्या वाले 227 नगर है।

3) इन नगरों की जनसंख्या तथा प्रतिशत वृद्धि बताइये।

उ. 8 लाख जनसंख्या, वृद्धि 21.21%

4) नगरों की किस जनसंख्या आकार में सर्वधिक प्रतिशत जनसंख्या रहती है ? इस जनसंख्या आकार के नगरों की कुल जनसंख्या कितनी है ?

उ. 100,000 और अधिक जनसंख्या आकार वाले नगरों में सर्वधिक प्रतिशत जनसंख्या 172.04 लाख है।

5) वर्ग 1 के नगरों में कुल नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत तथा प्रतिशत वृद्धि बताइये ।

उ. 61.48%

वृद्धि प्रतिशत – 23.12%

6) वर्ग 1 के नगरों में रहने वाली कुल नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत ऊँचा होने के दो कारण बताइये।

उ. क) रोज़गार के अधिक अवसर

ख) चिकित्सा शिक्षा की उत्तम सुविधायें

ग) गाँवों से नगरों में प्रवास

**प्रश्न 25. नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**



1. भारत की जनगणना नगरों को कितने वर्गों में वर्गीकृत करती है।

उ. छः (6) ।

2. किस वर्ग के नगरों की जनसंख्या सबसे अधिक है ?

उ. प्रथम वर्ग (I)

3. किस वर्ग के नगरों की नगरीय जनसंख्या सबसे कम है ?

उ. *VI* वर्ग

4. कुल नगरीय जनसंख्या में किस वर्ग के नगरों का सर्वधिक प्रतिशत भाग है?

उ. I वर्ग

5. कुल नगरीय जनसंख्या में किस वर्ग के नगरों का दूसरा स्थान है ?

उ. III वर्ग ।

6. दसरे (II) वर्ग के नगरों की जनसंख्या का आकार क्या है ?

उ. 50,000 से 99,999 ।

**प्रश्न 26. भारत में परिक्षिप्त ग्रामीण बस्तियों की विशेषताएँ बताइएँ :–**

उत्तर : भारत में परिक्षिप्त या एकाकी बस्तियों की प्रमुख विशेषताएँ हैं –

1. ये बस्ती प्रारुप सुदूर जंगलो या छोटो पहाड़ियों की ढालों पर खेतों या चारागाहों के आस पास दिखाई पड़ते हैं।
2. इनमें मकान एक दूसरे से दूर बने होते हैं और लोग अलग अलग या एकाकी रहते हैं।
3. मेघालय, उत्तरांचल व हिमाचल प्रदेश के अनेक भागों में यही बस्ती पाई जोती हैं ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 27. भारत की ग्रामीण बस्तियों को कितने प्रकारों में रखा जा सकता है? सभी के नाम लिखें एवं किन्हीं तीन का वर्णन करें ?**

**अथवा**

**गुच्छित बस्तियाँ तथा पल्ली बस्तियों में अंतर स्पष्ट करे । उपयुक्त उदाहरण से इसको विवरण दे।**

उत्तर : वृहत तौर पर भारत की ग्रामीण बस्तियों को चार प्रकारों में रखा सकते हैं। गुच्छित बस्तियाँ, अर्धगुच्छित बस्तियाँ, पल्ली व एकाकी। इनमें से प्रथम तीन का वर्णन नीचे दिया गया है :–

1) **गुच्छित बस्तियाँ** :– इस बस्तियों में घरों का समूह बहुत पास–पास होता है। इन गाँवों में आवास स्थान एवं खेत खलिहान और चारागाह क्षेत्र स्पष्ट रुप से अलग होते हैं। ये बस्तियाँ आयताकार, अरीय रैखिक आदि प्रतिरुपों में मिलती है और उपजाऊ जलोढ़ मैदानों में पाई जाती है सुरक्षा कारणों से बुंदेलखंड, नागालैंड में तथा जल के अभाव के कारण राजस्थान में ये बस्तियां मिलती हैं।

2) **अर्द्धगुच्छित बस्तियाँ** :– किसी बड़े गाँव में समाज का कोई वर्ग किन्हीं कारणों से मुख्य गाँव से दूर रहने लगता है । इस तरह अर्द्धगुच्छित बस्तियों का जन्म होता है । इस तरह की बस्तियाँ गुजरात एवं राजस्थान के कुछ भागों में पाई जाती है।

3) **पल्ली बस्तियाँ** :– इस प्रकार की बस्ती अनेक भागों बंटी होती हैं किन्तु बस्ती का नाम एक ही होती है इस बस्ती की इकाइयों को स्थानीय स्तर पर पान्ना, पाड़ा, पाली, नगला, ढाणी इत्यादि नाम से जानते हैं व ऐसे गाँव मध्य एवं निम्न गँगा के मैदान, छत्तीसगढ़ हिमालय की निचली घटियों में पाए जाते हैं।

**प्रश्न 28. प्रकार्य के आधार पर भारतीय नगरों को छह प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत करें। उदाहरण भी दीजिए ? (CBSE, 2011)**

उ. भारतीय नगरों को उनमें होने वाले कार्यों की प्रमुखता के आधार पर कई भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है उनमें से प्रमुख निम्नलिखित हैं :–

1) **प्रशासन शहर** :– वे शहर या नगर जहां उच्चतर क्रम के प्रशासनिक मुख्यालय होते हैं जैसे दिल्ली, चंडीगढ़ आदि ।

2) **औद्योगिक नगर** :– जिन नगरों में उद्योगों की प्रधानता हो जैसे – मुंबई, सेलम, जमशेदपुर ।

3) **परिवहन नगर** :– कुछ नगर पत्तन के रुप में आयात–निर्यात में संलग्न रहते हैं जैसे कांडला, कोच्चि, विशाखापट्नम् ।

4) **खनन नगर** :– वे नगर जो मुख्यतः खनन के लिए जाने जाते हैं। जैसे रानीगंज, झारिया, डिगबोई आदि ।

5) **गैरिसन (छावनी) नगर** :– जिन नगरों में सेन की छावनियां होती हैं। जैसे अंबाला, मेरठ।

6) **धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर** :– ऐसे नगर जो धार्मिक व सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विख्यात है। जैसे वाराणसी, मथुरा, अजमेर आदि।

**प्रश्न 29. भारतीय नगरों को उनके विकास के विशिष्ट गुणों के आधार पर कितने वर्गों में रखा जाता है?**

**अथवा**

**''भारत में नगरों का अभ्युदय प्रागैतिहासिक काल से हुआ है।'' उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः भारत में नगरों का विकास इतिहास के विभिन्न चरणों से प्रभावित रहा है। इस आधार पर नगरों को विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(1) **प्राचीन नगर**–इस काल में अधिकांश नगरों का विकास धार्मिक अथवा सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में हुआ है। उदाहरण के लिए प्रयाग (इलाहाबाद), पाटलिपुत्र (पटना) मदुरई।

(2) **मध्यकालीन नगर**–इस काल में अधिकांशतः नगरों का विकास रजवाड़ों व राज्यों के मुख्यालयों के रूप में हुआ। हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, आगरा इसके उदाहरण हैं।

(3) **आधुनिक नगर**–अंग्रेजों व अन्य यूरोपीय देशों ने अपनी प्रभाविता को प्रत्यक्ष रूप से अथवा रजवाड़ों पर नियंत्रण के माध्यम से प्रशासनिक केंद्रों, ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थलों, पत्तनों प्रशासनिक व सैन्य क्षेत्रों को नगरों के रूप में विकसित किया।

(4) **स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के नगर**–इस समय अनेक नगर प्रशासनिक केंद्रो जैसे–चंडीगढ़, भुवनेश्वर आदि व औद्योगिक केंद्र जैसे दुर्गापुर, भिलाई, बरौनी आदि के रूप में विकसित हुए।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 30. पास–पास बने घरो वाली ग्रामीण बस्ती को क्या कहते है?**

**(क) संहत** **(ग) अर्धग्रच्छित**

**(ख) पुरवे** **(घ) गुच्छित**

उत्तर (घ) गुच्छित

**प्रश्न 31. वे स्थान जहाँ नगरपालिका या कैंटोनमेंट बोर्ड या नोटीफाइड टाउन एरिया कमेटी है, क्या कहलाते है?**

**(क) महानगर** **(ग) जनगणना नगर**

**(ख) पर्यटन नगर** **(घ) प्रशासनिक नगर**

उत्तर (घ) प्रशासनिक नगर

**प्रश्न 32. एक नगरीय संकुल होता है।**

**(क) नगर व उसका संलग्न नगरीय बहिर्बद्ध**

**(ख) बहिर्बद्ध के सहित अथवा रहित दो अथवा अधिक संस्पर्शी नगर**

**(ग) एक अथवा अधिक संलग्न नगरो के बहिर्बद्ध से युक्त एक संस्पर्शी प्रसार नगर का निर्माण।**

**1. केवल क** **2. केवल ग**

**3. सभी सही है।** **4. कोई भी सही नही है।**

उत्तर 3 सभी सही है।

# अध्याय–5

# भू संसाधन एवं कृषि

## अवधारणा मानचित्र

### भू–उपयोग वर्गीकरण

1. वनों के अधीन क्षेत्र
2. गैर कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि
3. बंजर व व्यर्थ भूमि
4. स्थायी चारागाह क्षेत्र
5. कृषि योग्य व्यर्थ भूमि
6. वर्तमान परती भूमि
7. पुरातन परती भूमि
8. निबल बोया गया क्षेत्र
9. विविध तरू फसलों व उपवनों के अन्तर्गत क्षेत्र

### भू संसाधन एवं कृषि

#### कृषि फसल ऋतुएँ

- रबी की फसल–गेंहूँ चना सरसों।
- खरीफ की फसल–चावल, कपास, मोटे अनाज
- जायद की फसल–सब्जियाँ, फल, चारा फसलें।

#### प्रमुख फसलें

**प्रमुख फसलें**

खाद्यान्न फसलें : चावल, गेहूँ, मक्का, ज्वार
तिलहन फसलें : सरसों, मूंगफली, सोयाबीन
रेशेदार फसलें : कपास, जूट
अन्य फसलें : गन्ना, चाय काफी

#### कृषि के प्रकार

1. • सिंचित कृषि
   • रक्षित सिंचाई कृषि
   • उत्पादन सिंचाई कृषि
2. • वर्षा निर्भर कृषि
   • शुष्क भूमि कृषि
   • आर्द्र, भूमि कृषि

#### भारतीय कृषि की समस्याएँ

- मानसून पर निर्भरता
- छोटे व विखंडित खेत
- वाणिज्यीकरण का अभाव
- निम्न उत्पादकता
- भूमि सुधारों की कमी
- अल्प बेरोजगारी
- उपेक्षापूर्ण सरकारी नीति
- ऋणग्रस्तता

## कुछ तथ्य

1) खाद्यान्नों के उत्पादन में भारत का विश्व में स्थानः तृतीय (चीन एंव U.S.A के बाद)
2) रबी एवं खरीफ की मुख्य फसल :– रबी–गेहूँ, खरीफ–चावल
3) गेहूँ उत्पादन में अग्रणी राज्य :– उत्तर प्रदेश, पंजाब हरियाणा, राजस्थान
4) किन फसलों के उत्पादन में विश्व में भारत अग्रणी (प्रथम स्थान) है :– दालें, चाय
5) हरित क्रान्ति का आधार :– अच्छे बीज, उर्वरक एवं सिंचाई
6) चावल का प्रमुख उत्पादक राज्य :– पश्चिम बंगाल
7) मूंगफली का प्रमुख उत्पादक राज्य :– गुजरात
8) जूट उत्पादन का प्रमुख राज्य :– पश्चिम बंगाल
9) ज्वार उत्पादन प्रमुख राज्य–महाराष्ट्र
10) सरसों उत्पादन का प्रमुख राज्य–राजस्थान।
11) कुल तिलहन उत्पादन का प्रमुख राज्य–मध्यप्रदेश।
12) गन्ना का प्रमुख उत्पादक राज्य–उत्तरप्रदेश।

## एक अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1. फसल गहनता की गणना किस प्रकार की जाती है ?**

**या**

**शस्य गहनता से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर : एक ही क्षेत्र में एक कृषीय वर्ष में उगाई गई फसलों की संख्या को शस्य गहनता कहा जाता है। उसे ज्ञात करने का सूत्र है

$$\frac{\text{सकल बोया गया क्षेत्र}}{\text{निवल बोया गया क्षेत्र}} \times 100$$

**प्रश्न 2. 'दक्षिणी राज्यों तथा पश्चिम बंगाल में एक कृषि वर्ष में चावल की दो या तीन फसलें बोई जाती हैं – इसका प्रमुख कारण क्या है ?**

उत्तर : जलवायु अनुकूलता (उष्ण व आर्द्र जलवायु)

**प्रश्न 3. दालें मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता को बढानें में कैसे मददगार साबित हुई है ?**

उत्तर : ये फलीदार फसलें है जो नाईट्रोजन योगीकरण के द्वारा मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता को बढ़ाती हैं।

**प्रश्न 4. अल्प बेरोजगारी से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर : भारतीय कृषि में विशेषकर असिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अल्प बेरोजगारी पाई जाती है। फसल ऋतु में वर्ष भर रोजगार उपलब्ध नहीं होता क्योंकि कृषि कार्य लगातार गहन श्रम वाले नहीं है। इसी को अल्प बेरोजगारी कहतें हैं

**प्रश्न 5. सबसे अधिक एवं सबसे कम शस्य गहनता वाले राज्य कौन से है ?**

उत्तर : सर्वाधिक शस्य गहनता पंजाब में एंव सबसे कम–मिजोरम में है।

**प्रश्न 6. पश्चिम बंगाल में किसान चावल की कितनी फसले लेते है तथा उनके क्या नाम है ?**

उत्तर : पश्चिम बंगाल में किसान चावल की तीन फसले लेते हैं जिन्हें औंस, अमन तथा बोरों कहा जाता है।

**प्रश्न 7. अरेबिका, रोबस्ता व लिवेरिका क्या है ?**

उत्तर : ये तीनों कॉफी की किस्मों के नाम है।

**प्रश्न 8. विश्व में चावल के उत्पादन में भारत का क्या योग्दान है ?**

**(CBSE-2011)**

उत्तर : 21.71 (विश्व में दूसरा स्थान)

**प्रश्न 9. साझा संपत्ति संसाधन का क्या अर्थ है ? (CBSE-2011)**

उत्तर : साझा संपत्ति संसाधन पर राज्यों का स्वामित्व होता है। यह संसाधन पशुओं के लिये चारा, घरेलू उपयोग हेतु ईंधन, लकड़ी तथा वन उत्पाद उपलब्ध कराते है।

## तीन अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 10. भारत के तीनों भिन्न फसल ऋतुओं की किन्हीं दो–दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिये। (सी.बी.एस.ई. – 2014)**

उत्तर : भारत में निम्नलिखित तीन कृषि ऋतु होती है :–

1. **खरीफ ऋतु** :– यह ऋतु जून माह में प्रारम्भ होकर सितम्बर माह तक रहती है। इस ऋतु में चावल, कपास, जूट, ज्वार बाजरा व अरहर आदि की कृषि की जाती है। खरीफ की फसल दक्षिण पश्चिम मानसून के साथ सम्बद्ध है। दक्षिण पश्चिम मानसून के साथ चावल की फसल शुरू होती है।

2. **रबी ऋतु** :– रबी की ऋतु अक्टूबर–नवम्बर में शरद ऋतु से प्रारम्भ होती है। गेहूँ, चना, तोराई, सरसों, जौ आदि फसलों की कृषि इसके अन्तर्गत की जाती है।

3. **जायद ऋतु** :– जायद एक अल्पकालिक ग्रीष्मकालीन फसल ऋतु हैं जो रबी की कटाई के बाद प्रारम्भ होती है। इस ऋतु में तरबूज, खीरा, सब्जियां व चारे की फसलों की कृषि होती है।

**प्रश्न 11. फसलों के लिए आर्द्रता के प्रमुख स्रोत के आधार पर भारत में कृषि को कितने समूहों में वर्गीकृत किया जा सकता है? नाम लिखिए एंव प्रत्येक की दो विशेषताएँ बताइये।**

उत्तर : 1) सिंचित कृषि 2) वर्षा निर्भर कृषि,

1) सिंचित कृषि :–

- वर्षा के अतिरिक्त जल की कमी को सिंचाई द्वारा पूरा किया जाता है। इसका उद्देश्य अधिकतम क्षेत्र को पर्याप्त आर्द्रता उपलब्ध कराना है।
- फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराकर अधिकतम उत्पादकता प्राप्त कराना तथा उत्पादन योग्य क्षेत्र को बढ़ाना।

**2) वर्षा निर्भर कृषि** :–

- यह पूर्णतया वर्षा पर निर्भर होती है।
- उपलब्ध आर्द्रता की मात्रा के आधार पर इसे शुष्क भूमि कृषि व आर्द्र भूमि कृषि में बाँटते हैं।

**प्रश्न 12. 'हरित क्रान्ति' से क्या तात्पर्य है? इसकी सफलता के प्रमुख कारण क्या थे ?**

उत्तर : 1960–70 के दशक में खाद्यान्नों विशेषरूप से गेहूँ के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि की गयी। इसे ही हरित क्रान्ति कहा जाता है। खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि के लिये निम्न उपायों को अपनाया गया।

1. उच्च उत्पादकता वाले बीज।

2. रासायनिक उर्वरकों का उपयोग।

3. सिंचाई की सुविधा।

पंजाब, हरियाणा एवं प. उत्तर प्रदेश में हरित क्रान्ति के कारण गेहूँ के उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि हुई।

**प्रश्न 13. अंतर स्पष्ट करें :–**

1) बंजर भूमि तथा कृषि योग्य व्यर्थ भूमि।

2) शुद्ध बुआई क्षेत्र एंव सकल बोया गया क्षेत्र।

उत्तर : **1) बंजर भूमि** :– वह भूमि जो भौतिक दृष्टि से कृषि के अयोग्य है जैसे वन, ऊबड़–खाबड़ भूमि एंव पहाड़ी भूमि, रेगिस्तान एंव उपरदित खड्ड भूमि आदि।

**कृषि योग्य व्यर्थ भूमि** :– यह वह भूमि है जो पिछले पाँच वर्षों या उससे अधिक समय तक व्यर्थ पड़ी है। इस भूमि को कृषि तकनीकी के जरिये कृषि क्षेत्र के योग्य बनाया जा सकता है।

**2) शुद्ध बुआई क्षेत्र** :– किसी कृषि वर्ष में बोया गया कुल फसल क्षेत्र शुद्ध बुआई क्षेत्र कहलाता है।

**सकल बोया गया क्षेत्र** :– जोते एंव बोये गये क्षेत्र में शुद्ध बुआई क्षेत्र तथा शुद्ध क्षेत्र का वह भाग शामिल किया जाता है जिसका उपयोग एक से अधिक बार किया गया हो।

**प्रश्न 14. भारत में कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण किस प्रकार कृषि की गंभीर समस्याओं में से एक है ? कारण एंव परिणाम लिखिये ।**

उत्तर : भूमि संसाधनों के निम्नीकरण के कारण :–

1) नहर द्वारा अत्यधिक सिंचाई–जिसके कारण लवणता एंव क्षारीयता में वृद्धि होती है।

2) कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग।

3) जलाक्रांतता (पानी का भराव होना)।

4) फसलों को हेर–फेर करके न बोना, दलहन फसलों को कम बोना। सिंचाई पर अत्याधिक निर्भर फसलों को उगाना।

**परिणाम** :– 1) मिट्टी की उर्वरता शक्ति कम होना।

2) मिट्टी का अपरदन।

**प्रश्न 15. वर्तमान परती एवं पुरातन परती भूमि में क्या अंतर है ?**

उत्तर : **वर्तमान परती भूमि** :– यह वह भूमि जिस पर एक वर्ष या उससे कम समय के लिये खेती नहीं की जाती। यह भूमि की उर्वरत बढ़ाने का प्राकृतिक तरीका होता है।

**पुरातन परती भूमि** :– वह भूमि जिसे एक वर्ष से अधिक किन्तु पाँच वर्ष से कम के लिये खेती हेतु प्रयोग नहीं किया जाता।

**प्रश्न 16. ''किसी क्षेत्र के भू उपयोग अधिकतर उस क्षेत्र की आर्थिक क्रियाओं की प्रकृति पर निर्भर करता है। भारत में तीन उदाहरण देकर कथन की पुष्टि करें।**

1) **अर्थव्यवस्था का आकार** :– इसे उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य के संदर्भ में समझा जाता है। समय के साथ जनसंख्या बढ़ने के कारण भूमि पर दबाव पड़ता है तथा सीमांत भूमि को भी प्रयोग में लाया जाता है।

2) **अर्थव्यवस्था की संरचना** :– द्वितीयक तथा तृतीयक सेक्टरों में प्राथमिक सेक्टर की अपेक्षा अधिक तीव्रता से वृद्धि होती है। इस प्रक्रिया में धीरे – धीरे कृषि भूमि गैर कृषि संबंधित कार्यों में प्रयुक्त होती है।

3) **कृषि कलापों का योगदान** :– समय के साथ कृषि क्रिया कलापों का अर्थव्यवस्था में योगदान कम होता जाता है, परंतु भूमि पर कृषि कलापों का दबाव कम नहीं होता।

**प्रश्न 17. भारत में भू–संसाधनों का महत्व उन लोगों के लिए अधिक है जिनकी आजीविका कृषि पर निर्भर है। स्पष्ट कीजिए। (C.B.S.E.-2014)**

उत्तर : 1) द्वितीय एंव तृतीय क्रियाओं की अपेक्षा कृषि पूर्णतया भूमि पर आधरित है। भूमिहीनता का ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी से प्रत्यक्ष संबंध है।

2) भूमि की गुणवत्ता कृषि उत्पादन को प्रभावित करती है अन्य कार्यों की नही।

3) ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का स्वामित्व आर्थिक मूल्य के साथ–2 सामाजिक सम्मान से भी जुडा है।



**18. उपर्युक्त आरेख के आधार पर निम्नलिखित पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर है।**

**प्रश्न (A) कौन–कौन से संवर्गो में वृद्धि तथा कमी आई है ?**

उत्तर : **वृद्धि संवर्ग :–**

1) वन क्षेत्र
2) गैर कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि
3) वर्तमान परती भूमि
4) निवल बोया क्षेत्र

**गिरावट संवर्ग :–**

1) बंजर भूमि
2) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि
3) चरागाहों व तरू फसल क्षेत्र
4) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि के अतिरिक्त परती भूमि।

**प्रश्न (B) गैर कृषि कार्यों में अधिकतम वृद्धि दर का क्या कारण है ?**

उत्तर : भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलाव जैसे तृतीयक सेक्टर व औद्योगिक इकाई की ओर वृद्धि होना।

**प्रश्न (C) वर्तमान परती भूमि में वृद्धि के क्या कारण है ?**

उत्तर : वर्तमान परती क्षेत्र में समयानुसार काफी उतार चढ़ाव आते है जो फसल चक्र पर निर्भर है।

**प्रश्न (D) चरागाह भूमि में गिरावट के क्या कारण है ?**

उत्तर : चरागाह भूमि में गिरावट का प्रमुख कारण कृषि भूमि पर बढ़ता दबाव है। साझी चरागाहों पर गैर कानूनी तरीकों से कृषि विस्तार इसकी न्यूनता का कारण है।

**प्रश्न 19. भारत की दो प्रमुख पेय फसलों के नाम लिखिए। प्रत्येक फसल के दो महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।**

उत्तर : भरत की दो प्रमुख पेय फसलें–चाय और कहवा।

1) चाय के महत्वपूर्ण उत्पादक राज्य–असम, पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु
2) कहवा के महत्वपूर्ण उत्पादक राज्य–कर्नाटक, केरल व तमिलनाडु।

**प्रश्न 20. साझा संपत्ति संसाधन का छोटे कृषकों तथा महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन छोटे कृषकों तथा अन्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के जीवन यापन में इनका महत्व है क्योंकि भूमिहीन होने के कारण पशुपालन से प्राप्त आजीविका पर निर्भर है।

2) ग्रामीण इलाकें में महिलाओं की जिम्मेदारी चारा व ईंधन एकत्रित करने की होती है।

3) साझा संपत्ति संसाधन वन उत्पाद जैसे–फल, रेशे, गिरी, औषधीय पौधे आदि उपलब्ध कराती है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंकों वाले)

**प्रश्न 21. छोटी कृषि जोत और कृषि योग्य कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण भारतीय कृषि को दो प्रमुख समस्याएँ किस प्रकार है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ?**

उत्तर : भारतीय कृषि की प्रमुख दो समस्याएं :–

1. **छोटी कृषि जोत** :– बढ़ती जनसंख्या के कारण भूमि जोतों का आकार लगातार सिकुड़ रहा है। लगभग 60 प्रतिशत किसानों की जोतो का आकार तो एक हेक्टेयर से भी कम है और अगली पीढ़ी के लिए इसके और भी हिस्से हो जाते हैं जो कि आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं है। ऐसी कृषि जोतो पर केवल निर्वाह कृषि की जा सकती है।

2. **कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण** :– कृषि योग्य भूमि की निम्नीकरण कृषि की एक अन्य गंभीर समस्या है इससे लगातार भूमि का उपजाऊपन कम हो जाता है। यह समस्या उन क्षेत्रों में ज्यादा गंभीर है जहां अधिक सिंचाई की जाती है। कृषि भूमि का एक बहुत बड़ा भाग लवणता, क्षारता व जलाक्रांतता के कारण बंजर हो चुका है। कीटनाशक रसायनों के कारण भी उर्वरता शक्ति कम हो जाती है।

**प्रश्न 22. भारतीय कृषि के विकास में 'हरित क्रांति' की क्या भूमिका रही है ? वर्णन कीजिए ।**

उत्तर : भारत में 1960 के दशक में खाद्यान फसलों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए अधिक उत्पादन देने वाली नई किस्मों के बीज किसानों को उपलब्ध कराये गये। किसानों को अन्य कृषि निवेश भी उपलब्ध कराये गए, जिसे

पैकेज प्रौद्योगिकी के नाम से जाना जाता है। जिसके फलस्वरूप पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश , आंध्र प्रदेश, गुजरात, राज्यों में खाद्यान्नों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। इसे हरित क्रान्ति के नाम से जाना जाता है। हरित क्रान्ति की निम्नलिखित विशेषताएं है :–

1) उन्नत किस्म के बीज
2) सिंचाई की सुविधा
3) रासायनिक उर्वरक
4) कीटनाशक दवाईयां
5) कृषि मशीनें

**प्रश्न 23. भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्व है ?**

उत्तर : भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का अत्याधिक महत्व है।

1. देश की कुल श्रमिक शक्ति का 80 प्रतिशत भाग कृषि का है।
2. देश के कुल राष्ट्रीय उत्पाद में 26 प्रतिशत योगदान कृषि का है।
3. कृषि से कई कृषि प्रधान उद्योगों को कच्चा माल मिलता है जैसे कपड़ा उद्योग, जूट उद्योग, चीनी उद्योग।
4. कृषि से ही पशुओं को चारा प्राप्त होता है।
5. कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला ही नहीं बल्कि जीवन यापन की एक विधि है।

**प्रश्न 24. साझा संपत्ति संसाधन का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी मुख्य विशेषताएं बताइए?**

उत्तर : भूमि के स्वामित्व के आधार पर भूमि संसाधनों को दो भागों में बांटा जाता है:–

1) निजी भू–संपति।
2) साझा संपत्ति संसाधन।

निजी संपत्ति पर व्यक्तियों का निजी स्वामित्व या कुछ व्यक्तियों का सम्मिलित निजी स्वामित्व होता है जबकि साझा संपत्ति सामुदायिक उपयोग हेतु राज्यों के स्वामित्व में होती है। इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं –

1) पशुओं के लिए चारा, घरेलू उपयोग हेतु ईंधन, लकड़ी तथा साथ ही

अन्य वन उत्पाद जैसे फल, रेशे, गिरी, औषधीय पौधे आदि साझा संपति संसाधन में आते हैं।

2) आर्थिक रूप में कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के जीवन–यापन में इन भूमियों का विशेष महत्व है क्योंकि इनमें से अधिकतर भूमिहीन होने के कारण पशुपालन से प्राप्त अजीविका पर निर्भर हैं।

3) महिलाओं के लिए भी इनका विशेष महत्व है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में चारा व ईंधन लकड़ी के एकत्रीकरण की जिम्मदारी उन्हीं की होती है।

4) सामुदायिक वन, चारागाह, ग्रामीण जलीय क्षेत्र तथा अन्य सार्वजनिक स्थान साझा संपत्ति संसाधन के उदाहरण है।

**प्रश्न 25. 1990 के दशक की उदारीकरण नीति तथा उन्मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था ने भारतीय कृषि विकास को प्रभावित किया हैं स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) उदारीकरण नीति तथा उन्मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था ने ग्रामीण कृषि अवसंरचना के विकास में कमीतथा किसानों को मिलने वाले समर्थन मूल्य में कमी पैदा की है

2) इस नीति के कारण सरकार ने कृषि क्षेत्र की योजनाओं को पीछे कर दिया है। राष्ट्रीय आय का बहुत कम भाग कृषि विकास पर खर्च किया जाता है।

3) किसानों को बीजों उर्वरकों तथा कीटनाशकों पर मिलने वाली छूट में कमी आयी है।

4) ग्रामीण ऋण उपलब्धता में रूकावटें पैदा हुई है।

5) अंतर प्रादेशिक व अंतवैयक्तिक विषमता पैदा हुई है।

**प्रश्न 26. ''पिछले पचास वर्षों में कृषि उत्पादन व प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय बढो़तरी हुई है'' इस कथन की पुष्टि उपयुक्त तथ्यों द्वारा किजिए।**

उ.
- बहुत सी फसलों जैसे चावल तथा गेहूँ के उत्पादन तथा पैदावार में प्रभावशाली वृद्धि हुई है। दालों व जूट के उत्पादन में प्रथम व चावल, गेहूँ, गन्ना, मूंगफली में भारत दूसरा बड़ा उत्पादक देश है।
- सिंचाई के प्रसार ने देश में कृषि उत्पादन बढानें में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाई है।

- आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी बीजों की उत्तम किस्में रासायनिक खादों, कीटनाशकों तथा मशीनरी के प्रयोग के लिए आधार प्रदान किया है।
- देश के विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक कृषि, प्रौद्योगिकी का प्रसार तीव्रता से हुआ है। रासायनिक उर्वरकों की खपत में भी कई गुना वृद्धि हुई है।
- उत्तम बीज के किस्मों में कीट प्रतिरोधकता कम है अतः कीटनाशकों की खपत में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

**बहुविकल्पी प्रश्न**

**प्रश्न 27. 50 से.मी. से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में या जल सिचाई रहित प्रदेशो में किस प्रकार की कृषि की जाती है?**

**(अ) नम कृषि** **(स) शुष्क कृषि**

**(ब) पारम्परिक कृषि** **(द) आधुनिक कृषि**

उत्तर ब

**प्रश्न 28. सही मिलान कीजिए**

| | |
|---|---|
| **(i) शस्य गहनता** | **(a) रवी की ऋतु** |
| **(ii) शीतकालीन कृषीय ऋतु** | **(b) किसी खेत में एक कृषि वर्ष में उगाई जाने वाली फसलें** |
| **(iii) रेशेदार फसले** | **(c) गुजरात व महाराष्ट्र** |
| **(iv) रबड़ उत्पादक राज्य** | **(d) केरल** |
| **(v) कपास उत्पादक राज्य** | **(e) कपास तथा पटसन** |

उत्तर
1. (i) b (ii) a (iii) e (iv) d (v) c
2. (i) e (ii) d (iii) c (iv) b (v) a
3. (i) c (ii) b (iii) e (iv) d (v) a
4. (i) d (ii) a (iii) e (iv) b (v) c

उत्तर 1

**प्रश्न 29. निम्न में से कौन–सी हरित क्रांति की विशेषताएं है?**

**(a) उत्पादन में बढ़ोतरी**

**(b) सिंचाई के साधनों का विकास**

**(c) उर्वरक व कीटनाशको का प्रयोग**

**(d) मशीनीकरण**

**1. a व b**

**2. b व c**

**3. सभी सही हैं।**

**4. सभी गलत है।**

उत्तर 3.

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से कौन–सा भूमि उपयोग संवर्ग नही है?

(क) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि (ग) परती भूमि

(ख) शुद्ध बोया गया क्षेत्र (घ) सीमांत भूमि

उत्तर (घ)

# अध्याय–6

# जल संसाधन

## अवधारणा मानचित्र

**भारत के जल संसाधन**

- **धरातलीय जल संसाधन**
  1. नदियाँ
  2. तालाब
  3. झील
  4. लैगून, पश्च जल
- **भौम जल संसाधन**
  1. कुएँ
  2. नलकूप

**जल संरक्षण एवं प्रबन्धन**

- जल प्रदूषण से बचाव
- वर्षा जल संग्रहण
  - सर्विस कूप
  - पुनर्भरण कूप
  - झीलों द्वारा
  - जल संभर प्रबन्धन
- जल संभर
- जल पुनर्चक्रण
- वैधानिक व्यवस्थायें

---

**पृथ्वी पर जल वितरण**




**भारत में विश्व की जनसंख्या का प्रतिशत**




**भारत में जल की मात्रा का प्रतिशत**




## पाठ एक नजर में

- पृथ्वी का लगभग 71% धरातल पानी से आच्छादित है। परन्तु अलवणीय जल की मात्रा कुल जल का केवल 3% ही है।

- भारत में विश्व के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.45 प्रतिशत, जनसंख्या का लगभग 16% तथा जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग ही पाया जाता है।

- देश में एक वर्ष में वर्षण से प्राप्त कुल जल की मात्रा लगभग 4000 घन कि.मी. है। धरातलीय जल और पुनः पूर्ति योग्य भौम जल से 1869 घन कि.मी. जल उपलबध है।

- जल संभर प्रबंधन का संबंध धरातलीय और भौम जल संसाधनों के दक्ष प्रबंधन से है।

- तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जहाँ जल संग्रहण संरचना आवश्यक है।

- इसमें से केवल 60% अर्थात् 1122 घन कि.मी. जल का ही लाभदायक उपयोग किया जाता है।

- धरातलीय जल के चार मुख्य स्रोत है, नदियाँ, झीलें, तलैया और तालाब। भारत में कुल नदियों व उसकी सहायक नदियों जिनकी लम्बाई 1.6 कि.मी. से अधिक है। इनकी संख्या 10360 है।

- जनसंख्या वृद्धि, जल का अति उपयोग व पर्यावरण प्रदूषण के कारण जल दुर्लभता बढ़ती जा रही है।

- भारत में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और तमिलनाडु राज्यों में भौम जल का उपयोग बहुत अधिक है। जबकि छत्तीसगढ़, उड़ीसा, केरल राज्य भौम जल क्षमता का बहुत कम उपयोग करते हैं।

- भारत में सतह जल व भूमिगत जल का सबसे अधिक उपयोग कृषि क्षेत्र में होता हैं।

- जल में वाह्य पदार्थों जैसे सूक्षम, जीव, रासायनिक पदार्थ, आद्योगिक और अन्य अपशिष्ट आदि पदार्थों से प्रदूषित होता है।

- देश में गंगा और यमुना दो अत्यधिक प्रदूषित नदियाँ है।

- केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने देश में बहुत से जल–संभर विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम चलाए है।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न/एक अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1. भारत किन दो नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र बहुत बड़े है।**

उत्तर : भारत में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र बहुत बड़े है।

**प्रश्न 2. भारत के उन प्रमुख राज्यों के नाम बताइए जो अपने भौम जल का उपयोग क्षमता से कम करते हैं।**

उत्तर : छत्तीसगढ़, उड़ीसा, केरल ऐसे राज्य है जो अपनी भौम जल क्षमता से कम जल का उपयोग करते हैं।

**प्रश्न 3. किन राज्यों में लैगून व झीलों का प्रयोग धरातलीय जल संसाधनों के रूप में होता है?**

उत्तर : केरल, उड़ीसा और पं बंगाल राज्यों में।

**प्रश्न 4. 'जल गुणवत्ता' का अभिप्राय स्पष्ट करो।**

उत्तर : जलगुणवत्ता से तात्पर्य जल की शुद्धता या अनावश्यक बाहरी पदार्थों से रहित जल से है।

**प्रश्न 5. 'भारत की समुद तट रेखा विशाल व दंतुरित है। इसी कारण बहुत सी लैगून व झीलें बन गई है।' किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइयें जहाँ लैगून व झीलें प्रमुखतया है।**

उत्तर : केरल, उड़ीसा व पश्चिम बंगाल।

**प्रश्न 6. लैगून व झीलों में खारा जल है–इसका उपयोग किन क्षेत्रों में किया जाता है?**

उत्तर : इसका उपयोग मछलीपालन, चावल की कुछ किस्मों, नारियल आदि की सिंचाई में किया जाता है।

**प्रश्न 7. राष्ट्रीय जल संसाधन की गुणवत्ता की मॉनीटरिंग कौन–सी दो कम्पनियाँ करती हैं?**

उत्तर : केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.)

राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (एस.पी.सी.बी.)

**प्रश्न 8. भारत में जल प्रदूषण के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर : 1) वाहित मल निपटान **(CBSE - 2013)**

2) नगरीय वाही जल

3) उद्योगों से विषाक्त जल का स्राव

4) नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र

5) कृषित भूमि के ऊपर से बहता हुआ जल

**प्रश्न 9. भारत में जल की गुणवत्ता के निम्नीकरण का मुख्य कारण है।**

उत्तर : भारत की बढ़ती जनसंख्या तथा औद्योगिक विकास की तीव्र गति।

**प्रश्न 10. राजस्थान के अलवर जिले में चलाया जाने वाला जल संग्रहण कार्यक्रम का क्या नाम है?**

उत्तर : अरवारी पानी संसद।

**प्रश्न 11. यमुना नदी किन दो शहरों के बीच सबसे अधिक प्रदूषित है।**

उत्तर : दिल्ली और इटावा

**प्रश्न 12. ''हरियाली'' से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर : हरियाली केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित जल संभर विकास परियोजना है।

**प्रश्न 13. राष्ट्रीय जल नीति 2002 में जल आबंटन की प्राथमिकता क्या थी? (CBSE, 2007)**

उत्तर : पेय जल प्रमुख प्राथमिकता थी, उसके बाद सिंचाई, जलशक्ति, नौकायन, औद्योगिक और अन्य उपयोग है।

## तीन अंक वाले प्रश्न/लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 14. अलवणीय जल के बंटवारे पर विवाद वर्षों से चले आ रहे है तथा इनके बढ़ने की आशंका है इसके दो कारण बताइये।**

**अथवा**

**आधुनिक समय में विकास को सुनिश्चित करने के लिए जल का मूल्यांकन जल का कार्यक्षम उपयोग और संरक्षण आवश्यक हो गया है। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) आज धरातल पर मानव उपयोग के लिए अलवणीय जल का एक बहुत छोटा भाग ही उपलब्ध है। यह भी बढ़ती जनसंख्या, तकनीकी प्रगति व प्रदूषण के कारण घटता जा रहा है।

2) भारत में जल की उपलब्धता समय और स्थान के अनुसार भिन्न–भिन्न है। यह भी आज जलवायु परिवर्तनों के कारण और

जटिल होती जा रही है।

3) इन जल संसाधनों पर नियंत्रण करना आज विभिन्न राज्यों व प्रदेशों के मध्य विवाद एवं तनाव का विषय बनते जा रहे हैं।

अतः आज विकास को सुनिश्चित करने के लिए जल का मूल्यांकन, कार्यक्षम उपयोग एवं संरक्षण आवश्यक हो गया है।

**प्रश्न 15. भारत में उद्योग जल संसाधनों को प्रदूषित करने में किस प्रकार उत्तरदायी है। उदाहरण के साथ स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**भारत में तीव्र औद्योगिकरण जल संसाधनों का तेजी से ह्रास किया है, स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) उद्योगों से निकला अवशिष्ट पदार्थों को बिना शुद्ध किये नदियों व झीलों में डाला जाता है।

2) ये प्रदूषण तत्व जल जीवों को नुकसान पहुँचाते है।

3) रसायन चमड़ा, लुग्दी एवं कागज उद्योग सर्वाधिक नुकसान पहुँचाने वाले उद्योग

**प्रश्न 16. दक्षिण भारत की प्रमुख नदियों में अपने वार्षिक जल प्रवाह का अधिकतर भाग काम में लाया जाता है। लेकिन ब्रह्मपुत्र व गंगा नदियों के बेसिनों में ऐसा संभव नहीं हो पाया है। क्यों**

उत्तर : 1) गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदियों के बेसिनों में द.भारत की नदियों की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। इनका प्रवाह बहुत तीव्र एवं वर्ष पर्यन्त है।

2) गंगा व ब्रह्मपुत्र जैसे उत्तर भारतीय नदियों का धरातल मुलायम, समतल व नदी अवरोधों से मुक्त है। इसलिए इन नदियों के जल का अधिकांश भाग समुद्रों में चला जाता है। इसका प्रयोग नहीं होता।

3) दक्षिण भारत की नदियों में जल का अधिकांश भाग तालाबों व जलाशयों में एकत्र किया जाता है। इन नदियों पर जल प्रपात व अन्य अवरोध पाये जाते हैं इस कारण उनके जल का अधिकांश भाग प्रयोग में लाया जाता है।

**प्रश्न 17. भारत में जल संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक हैं? किन्हीं**

तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए?

उत्तर : 1) अलवणीय जल की घटती उपलब्धता

2) शुद्ध जल की घटती उपलब्धता।

3) जल की बढ़ती मांग।

4) तेजी से फैलते हुए प्रदूषण से जल की गुणवत्ता का ह्रास

**प्रश्न 18. भारत में कुछ राज्यों में भौम जल संसाधन के अत्यधिक उपयोग के तीन दुष्परिणामों का वर्णन कीजिए। (कोई तीन कारण)**

उत्तर : भौम जल संसाधन के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणाम :–

1) पंजाब, हरियाण और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भौम जल संसाधन के अत्यधिक उपयोग से भौमजल स्तर नीचा हो गया है।

2) राजस्थान और महाराष्ट्र में अधिक जल निकालने के कारण भूमिगत जल में फ्लुरोइड की मात्रा बढ़ गई है।

3) पं. बंगाल और बिहार के कुछ भागों में संखिया की मात्रा बढ़ गई है।

4) पानी को प्राप्त करने में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न 19. नीचे दी गई तालिका के आँकड़ों का अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।**

कुआँ और नलकूपों द्वारा कुल शुद्ध सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत

| राज्य | प्रतिशत |
|---|---|
| गुजरात | 86.6 |
| राजस्थान | 77.2 |
| मध्य प्रदेश | 66.5 |
| महाराष्ट्र | 65 |
| उत्तर प्रदेश | 58.21 |
| पं. बंगाल | 57.6 |
| तमिलनाडु | 54.7 |

1) किस राज्य में कुओं तथा नलकूपों द्वारा सिंचित क्षेत्र सर्वाधिक है तथा

क्यों?

2) किस राज्य में कुओं तथा नलकूपों द्वारा सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत निम्न है तथा क्यों?

उत्तर : 1) गुजरात राज्य – इस राज्य में नहरों का अभाव है।

2) तमिलनाडु – इस राज्य में तालाबों से नहरे निकाल कर सिंचाई अधिक होती है। यहाँ कुएँ खोदना मुश्किल कार्य है क्योंकि यह पठारी प्रदेश है।

**प्रश्न 20. नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**



1) पश्चिमी प्रवाही प्रमुख दो नदियों के नाम दीजिए।

उ. नर्मदा व तापी नदियाँ

2) जम्मू कश्मीर राज्य किस नदी बेसिन में स्थित है?

कृ सिन्धु नदी बेसिन।

3) गंगा नदी बेसिन में आने वाले प्रमुख दो राज्यों के नाम बताइये।

उ. उत्तर प्रदेश और बिहार।

**प्रश्न 21. नीचे दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (CBSE Exam 2011)**




Source: Earth Trend 2001, World Resource Institute, as given in Govt. of India (2002)

चित्र 6.2 : सतह जल का सेक्टर के अनुसार उपयोग    चित्र 6.3 : भूमिगत जल का सेक्टर के अनुसार उपयोग

1) कौन–सा क्षेत्रफल भौमजल निकासी का सबसे अधिक उपभोग करता है और क्यों?

उत्तर : कृषि क्षेत्र क्योंकि कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई की आवश्यकता की पूर्ति भौम जल द्वारा की जाती है।

2) घरेलू क्षेत्र में भौम जल का उपयोग कम क्यों है? दो कारण दीजिए।

उत्तर : क) कई स्थानों पर भौम जल पीने योग्य नहीं है।

ख) कई क्षेत्रों में भौम जल अधिक गहराई पर होता है।

**प्रश्न 22. नीचे दिए गए आरेख की सहायता से प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**




1) आरेख का उपयुक्त शीर्षकदीजिए।

कृ वर्षाजल संग्रहण की तकनीक।

2) इस विधि द्वारा वर्षा जल का संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? स्पष्ट करो?

कृ वर्षा के जल को छतों पर एकत्रित किया जाता है। उस एकत्रित जल को पाइप की सहायता से भूमिगत और फिर हैण्डपम्प द्वारा उसे निकाल कर जल का सदुपयोग किया जाता है।

## पाँच अंक वाले प्रश्न/विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 23. वर्षा जल संग्रहण किसे कहते है? वर्षा जल संग्रहण के आर्थिक व सामाजिक मूल्यों का विश्लेषण कीजिए। (किन्हीं चार का)**

**(CBSE - 2014)**

**अथवा**

**वर्षा जल संग्रहण के किन्हीं पांच उपयोगों का वर्णन करें।**

उत्तर : वर्षा जल संग्रहण विभिन्न उपयोगों के लिए वर्षा के जल को रोकने और एकत्र करने की विधि है।

**वर्षा जल संग्रहण के आर्थिक व सामाजिक मूल्य :—**

1) पानी के उपलब्धता को बढ़ाता है जिसे सिंचाई तथा पशुओं के लिए उपयोग किया जाता है।

2) भूमिगत जल स्तर को नीचा होने से रोकता है।

3) मृदा अपरदन और बाढ़ को रोकता है।
4) लोगों में सामूहिकता की भावना को बढ़ाता है।
5) भौम जल को पम्प करके निकालने में लगने वाली ऊर्जा की बचत करता है।
6) लोगों में समस्या समाधान की प्रवृत्ति बढ़ाता है।
7) प्रकृति से मधुर संबंध बनाने में सहायक होता है।
8) लोगों को एक–दूसरे के पास लाता है।
9) फ्लुओराइड और नाइट्रेटस जैसे संदूषकों को कम कर के भूमिगत जल की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

**प्रश्न 24. हमारे देश में जल संसाधन किन समस्याओं से जूझ रहा है व्याख्या कीजिए?**

उत्तर : जल मानव की आवश्यक आवश्यकताओं में आता है लेकिन आज जल संसाधन की प्रति व्यक्ति उपलब्धता दिनों दिन कम होती जा रही है। इससे जुड़ी समस्यायें निम्नलिखित है।

**1) जल की उपलब्धता में कमी** :– जनसंख्या वृद्धि एवं सिंचाई के साधनों में वृद्धि के कारण भूमिगत जल का दोहन बढ़ गया है जिससे भूमिगत जल का स्तर दिनों दिन घट रहा है। नगरों की बढ़ती जनसंख्या को पेय जल की आपूर्ति कठिन हो रहा है।

**2) जल के गुणों का ह्रास** :– जल का अधिक उपयोग होने से जल भंडारों में कमी आती है साथ ही उसमें बाह्रय अवांछनीय पदार्थ जैसे सूक्ष्म जीव औद्योगिक अपशिष्ट आदि मिलते जाते है जिससे नदियाँ जलाशय सभी प्रभावित होते हैं। इसमें जलीय तन्त्र भी प्रभावित होता है। कभी–कभी प्रदूषक नीचे तक पहुँच जाते हैं और भूमिगत जल को प्रदूषित करते हैं।

**3) जल प्रबन्धन** :– जल प्रबंधन के लिए देश में अभी भी पर्याप्त जागरूकता नहीं है। सरकारी स्तर पर बनी नीतियों एवं कानूनों का प्रभावशाली रूप से कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है इसीलिये प्रमुख नदियों के संरक्षण के लिए बनी योजनायें निरर्थक साबित हुई है।

**4) जागरूकता एवं जानकारी का अभाव** :– जल एक सीमित

संसाधन है हाँलाकि यह पुनः पूर्ति योग्य है, इसे सुरक्षित एवं शुद्ध रखना हमारी जिम्मेदारी है और इस तरह की जागरूकता का अभी देश में अभाव है।

**प्रश्न 25. जल संभर प्रबन्धन के लिए सरकार द्वारा उठाये गये प्रमुख कदम कौन से हैं? कम से कम चार बिन्दुओं में स्पष्ट करें?**

**अथवा**

**जल संभर प्रबंधन की व्याख्या करे। इसके मुख्य उद्‌देश्य क्या है?**

उत्तर : **जल संभर प्रबंधन** :– धरातलीय एवं भौम जल संसाधनों का दक्ष प्रबन्धन, जिसमें कि वे व्यर्थ न हो, जल संभर प्रबन्धन कहलाता है। इससे भूमि, जल पौधे एवं प्राणियों तथा मानव संसाधन के संरक्षण को भी विस्तृत अर्थ में शामिल करते हैं।

**प्रमुख कदम** :–

1) 'हरियाली' केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित जल संभर विकास परियोजना है। इस योजना से ग्रामीण जल संरक्षण करके पेय जल की समस्या को दूर करने के साथ–साथ वनरोपण, मत्स्य पालन एवं सिंचाई की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं।
2) नीरू–मीरु कार्यक्रम आन्ध्रप्रदेश में चलाया गया है। जिसका तात्पर्य है 'जल और आप'। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को जल संरक्षण की विधियाँ सिखाई गई है।
3) अरवारी पानी संसद–राजस्थान में जोहड़ की खुदाई एवं रोक बांध बनाकर जल प्रबन्धन किया गया है।
4) तमिलनाडु में सरकार द्वारा घरों में जल संग्रहण संरचना आवश्यक कर दी गई है। उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों में स्थानीय निवासियों को जागरूक करने उनका सहयोग लिया गया है।

**उद्‌देश्य** :–

1) कृषि और कृषि से संबंधित क्रियाकलापों जैसे उद्यान, कृषि, वानिकी और वन संवर्धन का समग्र रूप से विकास करना।
2) कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए।
3) पर्यावरणीय ह्रास को रोकना तथा लोगों के जीवन को ऊँचा उठाना।

**प्रश्न 26. जल संसाधनों के कम होने के उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। भारत में जल प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए किन्हीं दो वैधानिक उपायों को बताइए।** (CBSE Board-2013)

**अथवा**

**भविष्य में भावी पीढ़ी को जल के लिए संकटमय स्थिति में ग्रसित होना पड़ सकता है। इस स्थिति के उत्पन्न होने के कारणों की विवेचना करो।**

उत्तर : भारत में जल संसाधनों की कमी के कारण :—

1) **अत्यधिक उपयोग** :— बढ़ती जनसंख्या के कारण जल संसाधनों का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। घरेलू ही नहीं औद्योगिक क्षेत्र में भी जल अत्यधिक उपयोग इस कमी को और भी बढ़ा देता है।

2) **नगरीय क्षेत्रों का धरातल कंक्रीट युक्त होना** :— बढ़ते विकास व औद्योगिकरण के कारण अब नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी धरातल कच्चा नहीं है बल्कि कंक्रीट युक्त हो चुका है जिसमें भूमि के नीचे जल रिसाव की मात्रा में कमी होती जा रही है और भौम जल संसाधनों में कमी आ गई है।

3) **वर्षा जल संग्रहण के संदर्भ में जागरूकता की कमी** :— वर्षा जल संग्रहण के द्वारा संसाधनों का संरक्षण आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए जरूरत है लोगों को जागरूक करने की ताकि वो वर्षा जल के महत्व को समझे और विभिन्न विधियों द्वारा उसका संग्रहण व संरक्षण कर सकें। वर्षा जल संग्रहण घरेलू उपयोग भूमिगत जल पर निर्भरता को कम करता है।

4) **जलवायविक दशाओं में परिवर्तन** :— जलवायु की दशाओं में परिवर्तन के कारण मानसून में भी परिवर्तन आता जा रहा है। जिसके कारण धरातलीय व भौम जल संसाधनों में लगातार कमी आ रही है।

5) **किसानों द्वारा कृषि कार्यों के लिए जल की अति उपयोग** :— किसानों द्वारा कृषि कार्यों के लिए अत्यधिक धरातलीय व भौम जल का उपयोग जल संसाधनों में कमी ला रहा है। बढ़ती जनसंख्या की

आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्ष में तीन बार कृषि करने से जल संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है।

**वैधानिक उपाय :–**

(1) जल अधिनियम –1974 (प्रदूषण का निवारण और नियन्त्रण)

(2) पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम–1986

(3) जल उपकर अधिनियम– 1977

**प्रश्न 27. भारत में सिंचाई की बढ़ती हुई माँग के लिए उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए?**

उत्तर : भारत एक उष्ण कटिबन्धीय प्रदेश है इसलिए यहाँ सिंचाई की माँग अधिक है। सिंचाई की बढ़ती माँग के कारण निम्नलिखित है :–

- **वर्षा का असमान वितरण** :– देश में सारे वर्ष वर्षा का अभाव बना रहता है। अधिकांश वर्षा केवल(मानसून) वर्षा के मौसम में ही होती है इसलिए शुष्क ऋतु में सिंचाई के बिना कृषि संभव नहीं।
- **वर्षा की अनिश्चितता** :– केवल वर्षा का आगमन ही नहीं बल्कि पूरी मात्रा भी अनिश्चित है। इस उतार–चढ़ाव की कमी को केवल सिंचाई द्वारा ही पूरा किया जा सकता है।
- **परिवर्तन शीलता** :– वर्षा की भिन्नता व परिवर्तनशीलता अधिक है। किन्हीं क्षेत्रों में वर्षा अधिक होती है तो कहीं कम, कहीं समय से पहले तो कहीं बाद में। इसलिए सिंचाई के बिना भारतीय कृषि 'मानसून का जुआ' बनकर रह जाती है।
- **मानसूनी जलवायु** :– भारत की जलवायु मानसूनी है जिसमें केवल तीन से चार महीने तक ही वर्षा होती है। अधिकतर समय शुष्क ही रहता है जबकि कृषि पूरे वर्ष होती है इसलिए सिंचाई पर भारतीय कृषि अधिक निर्भर है।
- **खाद्यान्न व कृषि प्रधान कच्चे माल की बढ़ती माँग** :– देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण खाद्यान्नों व कच्चे माल की माँग में निरन्तर वृद्धि हो रही है। इसलिए बहुफसली कृषि जरूरी है जिसके कारण सिंचाई की माँग बढ़ रही है।

**प्रश्न 28. भारत में ''जलसंभर प्रबंधन'' और ''वर्षा जल संग्रहण'' धरातलीय जल संसाधनों के दक्ष प्रबंधन और संरक्षण की विधियाँ किस**

प्रकार है, स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2018)

उत्तर : **जल संभर प्रबंधन**

(i) जल संभर प्रबंधन द्वारा बहते जल को रोका जाता है।

(ii) इसके द्वारा भौम जल का संचयन और पुनर्भरण अनेक विधियों जैसे–अंतः स्रवण तालाब, पुनर्भरण से किया जाता है।

(iii) इसके अंतर्गत सभी संसाधनों प्राकृतिक तथा जल संभर सहित मानवीय संसाधनो के संरक्षण, पुनरुत्पादन को सम्मिलित किया जाता है।

(iv) नीरू–मीरू (आंध्रप्रदेश) तथा अरवारी पानी संसद (अलवर, राजस्थान के अंगर्तत लोगों के सहयोग से विभिन्न जल संगहण संरचनाएं जैसे–अंतः स्रवण तालाब ताल की खुदाई की गई है और बाँध बनाए गए है।

**वर्षा जल संग्रहण :**

(I ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत वर्षा जल संग्रहण सतह संचयन जलाशयों, जैसे–झीलों, तालाबों आदि में किया जाता है।

(ii) राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण ढाँचे जिन्हें कुंड अथवा टाँका के नाम से जानी जाती है, निर्माण घर में संग्रहीत वर्षा जल को एकत्र करने के लिए किया जाता है।

(iii) जल संग्रहण पानी की उपलब्धता को बढ़ाता है, भूमिगत जल स्तर को नीचा होने से रोकता है, फ्लोराइड और नाइट्रेटस जैसे संदूषकों को कम करने अवमिश्रिण भूमिगत जल की गुणवत्ता बढ़ाता है।

**प्रश्न 29. जल की बढ़ती माँग और घटती आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा चलाए गए जल क्रांति अभियान की विवेचना कीजिए।**

उत्तर जल क्रांति अभियान भारत सरकार द्वारा 2015–16 में आरंभ किया गया।

उद्देश्य – 1. जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करना।

2. स्थानीय निकायो, सरकारी संगठन एवं नागरिकों को सम्मिलित करके लोगो को जल सरंक्षण के विषय में जागरूक करना।

**इस अभियान के तहत किए गए कार्य–**

1. जल ग्राम बनाने के लिए देश के 672 जिलो में से एक ग्राम जिसमें जल की कमी है, उसे चुना गया है।

2. भारत के विभिन्न भागों मं 1000 हेक्टेयर मॉडलज कमांड क्षेत्र की पहचान की गई।

3. प्रदूषण को कम करने के लिए–

जल सरंक्षण और कृत्रिम पुनर्भरण

भूमिगत जल प्रदूषण को कम करना

देश के चयनित क्षेत्र में आर्सेनिक मुक्त कुँओ का निर्माण

4. लोगो में जागरूकता फैलाने के लिए जनसंचार माध्यमों का प्रयोग।

बहुविकल्पी प्रश्न

प्रश्न 30 वर्षा जल संग्रहण की विधी है–

अ. वर्षा जल को छतों से इकट्ठा करके नीचे हौज में इकट्ठा करना

ब. भूमिगत जल को प्रयोग में लाना

स. दूर स्थित नदियों के पानी को लाना

द. फालतू जल के बहाव को कुएँ तक ले जाने की विधी

तथा

1. केवल अ तथा ब

2. अ तथा द

3. सभी सही है।

4. कोई भी सही नही है।

उत्तर 2

प्रश्न 31. वर्षा का जल बहकर नदियों झीलों और तलाबों में चला जाता है उसे क्या कहते है?

अ. महासागरीय ब. पृष्ठीय जलन

स. भौम जल दृ अलवणीय जल

उत्तर ब

प्रश्न 32. वर्षण से प्राप्त जल कैसा होता है?

अ. वायुमंडलीय ब. पृष्ठीय

स. लवणीय द. अलवणीय

उत्तर द

**प्रश्न 33. A जल संसाधनो का तेजी से निम्नीकरण हो रहा है।**

**B जल प्रदूषण देश के विभिन्न भागो में विषैली धातुओं फ्लुओराइड और नाइट्रेटस के सकेद्रण के कारण होता है।**

**1. A तथा B दोनो ठीक है। तथा B, A की सही व्याख्या करता है।**

**2. A तथा B दोनो ठीक है तथा B, A की सही व्याख्या नही करता।**

**3. A ठीक है व B गलत है।**

**4. B ठीक है व A गलत है।**

उत्तर (क)

# अध्याय–7

# खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

**अवधारणा मानचित्र**

- खनिज
  - धात्विक खनिज
    - लौह युक्त
      लोहा, मैंगनीज
    - अलौह
      तांबा, बॉक्साइट
  - अधात्विक खनिज
    - ईंधन खनिज
      कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस
    - अन्य
      माइका, चूना पत्थर, ग्रेफाइट आदि

- ऊर्जा संसाधन
  - परंपरागत (अनवीकरणीय) (समाप्य)
    - कोयला
    - पेट्रोलियम
    - प्राकृतिक गैस
  - अपरंपरागत (नवीकरणीय) (असमाप्य संसाधन)
    - सौर ऊर्जा
    - पवन
    - जल विद्युत
    - जैविक

- एजेन्सीज जो खनिजों के अन्वेषण में संलग्न है
  - राष्ट्रीय अल्यूमिनियम कंपनी लि.
  - भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण (GSI)
  - तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ONGC (1956)
  - खनिज अन्वेषण निगम लि. MECL
  - राष्ट्रीय खनिज विकास निगम
  - भारतीय खान ब्यूरो
  - भारत गोल्ड माइन्स लि.
  - हिन्दुस्तान कॉपर लि.

**कुछ महत्वपूर्ण तथ्य**

**खनिजः संक्षिप्त विवरण**

| क्र.सं. | खनिज | उपयोग | प्रमुख क्षेत्र जहाँ पाया जाता है |
|---|---|---|---|
| 1. | लौह अयस्क | सभी उद्योगों का आधार | उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, कनार्टक आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु |
| 2. | मैंगनीज प्रदेश | मिश्र धातु बनाने में सहायक एवं लौहधातु की गलन भट्‌टी में प्रयोग | उड़ीसा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आन्ध्र |
| 3. | बाक्साइड | अल्यूमिनियम उद्योग में सहायक | उड़ीसा, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक |
| 4. | ताँबा | विद्युत संबंधी कार्यों में | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु |
| 5. | माइका / अभ्रक | विद्युत एवं इलेक्ट्रानिक मशीनरी में | झारखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान |

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (एक अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. खनिज की परिभाषा दीजिये।**

उत्तर : एक खनिज वह प्राकृतिक पदार्थ है जिसमें निश्चित रासायनिक व भौतिक गुण होते हैं। इनकी उत्पत्ति का आधार अजैविक, कार्बनिक या अकार्बनिक हो सकता है।

**प्रश्न 2. लौह अयस्क के कौन से दो मुख्य प्रकार भारत में पाये जाते हैं?**

उत्तर : हेमेटाइट एवं मैग्नेटाइट।

**प्रश्न 3. अन्य सभी अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की अपेक्षा सौर तापीय प्रौद्योगिकी अधिक लाभ प्रद है क्यों?**

उत्तर : ऊर्जा के अन्य गैर परम्परा गत साधनों की अपेक्षा सौर ऊर्जा उत्पादन में कम लागत आती है। सौर ताप हर जगह प्राप्त होती है तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

**प्रश्न 4. भारत के उत्तरी पश्चिमी प्रदेश की खनिज पट्‌टी किन खनिजों के लिये प्रसिद्ध है?**

उत्तर : तांबा, जिंक, बलुआपत्थर, ग्रेनाइट, संगमरमर जिप्सम आदि।

**प्रश्न 5. गेल (GAIL) की स्थापना क्यों की गई?**

उत्तर : गेल की स्थापना प्राकृतिक गैस के परिवहन एवं विपणन के लिये की गई।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 8. तांबे के दो लाभ बताइए। भारत के चार मुख्य ताँबा क्षेत्रों का उल्लेख करो। (बोर्ड परीक्षा–2013)**

उत्तर : तांबे के लाभ

1) बिजली की मोटरें, ट्रांसफार्मर, जेनरेटर्स आदि के बनाने तथा विद्युत उद्योग के लिए ताँबा अपरिहार्य धातु है।
2) यह एक आघातवर्द्धनीय तथा तन्य धातु हैं।
3) आभूषणों को मजबूती प्रदान करने के लिए इसे सोने के साथ मिलाया जाता है।

खनन क्षेत्र – झारखण्ड का सिंहभूमि जिला,
मध्यप्रदेश में बालाघाट
कर्नाटक में चित्रदुर्ग
राजस्थान में झुंझुनु, अलवर व खेतड़ी जिले।

**प्रश्न 9. मैंगनीज के दो लाभ बताओ तथा चार उत्पादक राज्यों का उल्लेख करो। (बोर्ड परीक्षा–2013)**

उत्तर : **लाभ :–**

1) लौह अयस्क के प्रगलन के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल है।
2) इसका उपयोग लौह मिश्र धातु तथा विनिर्माण में भी किया जाता है।

**खनन क्षेत्रः–** उड़ीसा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश व झारखण्ड।

**प्रश्न 10. 'मुम्बई हाई' और 'सागर सम्राट' क्यों प्रसिद्ध है।**

**या**

**अपटत वेधन क्या है? भारत से उदाहरण देकर समझाइये।**

उत्तर : समुद्र तट से दूर समुद्र की तली में मौजूद प्राकृतिक तेल को वेधन करके प्राप्त करना अपतट वेधन है।

खम्बात की खाड़ी के निकट अरब सागर में खनिज तेल के भण्डार प्राप्त हुए हैं। सागर तट से दूर 'बाम्बे हाई' नामक तेल क्षेत्र में 'सागर सम्राट' नामर्क जहाज से खुदाई से 1947 में तेल प्राप्त हुआ। यह क्षेत्र भारत में

सबसे अधिक तेल उत्पन्न करता है।

**प्रश्न 11. जैव ऊर्जा, ऊर्जा का संभावित स्रोत है। भारत जैसे विकासशील देश में यह ग्रामीण एवं शहरी जीवन को बेहतर बना सकता है। स्पष्ट कीजिए**

**या**

**जैव ऊर्जा की परिभाषा देते हुये इसके लाभ बताइये।**

उत्तर : i) जैव ऊर्जा उस ऊर्जा को कहा जाता है जिसे जैविक उत्पादों से प्राप्त किया जाता है। इसमें कृषि अवशेष, सीवेज का अवशेष व औद्योगिक अपशिष्ट शामिल होते हैं।

ii) जैव ऊर्जा पर्यावरण अनुकूल है। यह ग्रामीण जीवन में लोगो ंकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाकर उनके आर्थिक जीवन को बेहतर बनाएगा तथा जलाऊ लकड़ी पर निर्भरता को घटाएगां

iii) शहरी क्षेत्रों के विशाल मात्रा में निकलने वाले अपशिष्टों के उचित निपटान की समस्या का समाधान व उनकी ऊर्जा की पूर्ति को सुनिश्चित करेगा।

**प्रश्न 12 पवन–ऊर्जा पर संक्षिप्त टिप्पणी दो।**

**अथवा**

**पवन ऊर्जा पूर्ण रूपेण प्रदूषण मुक्त और ऊर्जा का असमाप्य स्रोत है। इसकी भारत में अपार संभावनाएँ है। स्पष्ट करो।**

उत्तर : पवन – ऊर्जा प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का असमाप्य स्रोत है। पवन की गतिज ऊर्जा को टरवाइन के माध्यम से विद्युत–ऊर्जा में बदला जाता है। संभावित पवनों व पछुआ पवनों जैसे स्थायी पवन प्रणालियाँ तथा मानसून पवनों को ऊर्जा के स्रोत के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। भारत में पवन ऊर्जा के लिए राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा कर्नाटक में अनुकूल परिस्थिति विद्यमान हैं।

गुजरात के कच्छ में लाम्बा का पवन ऊर्जा संयंत्र एशिया का सबसे बड़ा संयंत्र है। तमिलनाडु के तूतिकोरिन में भी पवन ऊर्जा का एक अन्य संयंत्र

है।

**प्रश्न 13. विशेषताओं के आधार पर ऊर्जा के परंपरागत एवं गैर परंपरागत साधनों में अन्तर स्पष्ट करें।**

**या**

**ऊर्जा के गैर परम्परागत साधनों को प्रोत्साहित करना क्यों आवश्यक है?**

उत्तर :

| ऊर्जा के परम्परागत साधन | गैर परम्परागत साधन |
|---|---|
| 1) कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा नाभिकीय ऊर्जा जैसे ईंधन के स्रोत समाप्य कच्चे माल का प्रयोग करते हैं। | 1) सौर, पवन, जल, भूतापीय ऊर्जा असमाप्य है। |
| 2) इन साधनों का वितरण बहुत असमान है। | 2) ये साधन अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित है। |
| 3) ये साधन पर्यावरण अनुकूल नही है अर्थात् पर्यावरण प्रदूषण में इनकी बड़ी भूमिका है। | 3) ये ऊर्जा के स्वच्छ साधन और पर्यावरण हितैषी है। |

## यह प्रश्न दीर्घ उत्तरीय भी हो सकता है

**प्रश्न 14. नाभिकीय ऊर्जा के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले खनिज कौन से हैं। भारत में इनके वितरण को समझाइए।**

उत्तर : नाभिकीय ऊर्जा के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले महत्वपूर्ण खनिज यूरेनियम और थोरियम है। (i)यूरेनियम निक्षेप धारवाड़ शैलों में पाये जाते हैं। (ii) राजस्थान के उदयपुर, अलवर, झूंझनू, मध्य प्रदेश के दुर्ग तथा महाराष्ट्र के भंडारा जिलों में यूरेनियम पाया जाता है। (iii) थोरियम केरल के तटीय क्षेत्र की बालू में मोनाजाइट और इल्मेनाइट से प्राप्त किया जाता है। मोनाजाइट निक्षेप केरल के पालाक्कड़ तथा कोलाम जिलों आन्ध्रप्रदेश के विशाखापटनम् तथा महानन्दी के डेल्टा में भी पाये जाते हैं।

**प्रश्न 15. भारत में पाए जाने वाले खनिजों की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए?**

**प्रश्न 16. भारत में खनिज तथा ऊर्जा संसाधनों के असमान वितरण का वर्णन उपयुक्त उदाहरण देकर कीजिए।**

**अथवा**

**भारत में खनिज असमान रूप से वितरीत है। स्पष्ट करे?**

उत्तरः (i) भारत में अधिकाशं धत्विक खनिज प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्र की प्राचीन क्रिस्टलीय शैलों में पाए जाते है।

(ii) कोयले का लगभग 97.10 भाग दामोदर, सोन, मदानदी और गोदावरी नदियों की घाटियों में पाया जाता है।

(iii) पैट्रोलियम के आरक्षित भंडार असम, गुजरात तथा मुंबई हाई में पाए जाते है। नए आरक्षित क्षेत्र कृष्णा – गोदावरी तथा कावेरी वेसिनों में पाए गए है।

**प्रश्न 17. रासायिक और भौतिक गुणों के आधार पर खनिजों को दो वर्गों में वर्गीकत कीजिए तथा प्रत्येक वर्ग के खनिज का एक उदाहरण दीजिए।**

उत्तरः रासायनिक व भौतिक गुणों के आधार पर खनिज दो प्रकार के होते है–

(i) धात्विक खनिज–लौह अयस्क, तांबा व सोना, मैंगनीज और वाक्साइट आदि धातु से प्राप्त होते है, इन्हें धात्विक खनिज कहते हैं।

(ii) अधात्विक खनिज– ये खनिज दो प्रकार के होते है। इनमें कुछ खनिज, कार्बनिक उत्पति के होते हैं, जैसे जीवाश्म ईधन, जिन्हें खनिज ईधन भी कहते है,जैसे कोयला और पैट्रोलियम। अन्य अकार्बनिक उत्पति के खनिज होते है। जैसे अभ्रक, चूना पत्थर और ग्रेफाइट आदि।

भारत में खनिज की पेटियों निम्नलिखित है–

1) उतर पूर्वी पठारी पट्टी
2) दक्षिण पश्चिमी पठारी पट्टी
3) उत्तरी पश्चिमी पट्टी

**प्रश्न 18. भारत में खनिजों की तीन प्रमुख विस्तृत पट्टियों का वर्णन कीजिए।**

उत्तरः 1) उतर पूर्वी पठारी पट्टी– इस पट्टी के अंतर्गत छोटा, नागपुर, पठार (झारंखंड), उड़ीसा का पठार, पं. बंगाल तथा छतीसगढ़ के कुछ भाग सम्मिलित है। यहां पर विभिन्न प्रकार के खनिज उपलब्ध है। इनमें लोह अयस्क, कोयला, मैंगनीज आदि प्रमुख है।

2) दक्षिणी परिचमी पठारी पट्टी–यह पट्टी कर्नाटक, गोआ, तमिलनाडु की उच्च भूमि और केरल में विस्तृत है। यह पट्टी लौह धातुओं तथा बॉक्साइट में समृद्व है।

3) उत्तर पश्चिमी पट्टी–यह पट्टी राजस्थान में अरावली और गुजराज के कुछ भाग पर विस्तृत है। यहां खनिज धारवाड़ क्रम की शैलों में पाये जाते है। जिनमें तांबा, जिंक, आदि प्रमुख खनिज है। गुजरात में पेट्रोलियम के निक्षेप है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 19. भारत में खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? हम उनका संरक्षण किस प्रकार कर सकते हैं?**

उत्तर : (i) खनिज समय के साथ समाप्त हो जाते हैं। भूगर्मिक दृष्टि से इन्हें बनने में लम्बा समय लगता है (ii) आवश्यकता के समय तुरन्त इनका पुनर्भरण नहीं किया जा सकता। (iii) सतत् पोषणीय विकास तथा आर्थिक विकास के लिए खनिजों का संरक्षण करना आवश्यक हो जाता है।

**संरक्षण की विधियाँ :**

1) इसके लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन, तरंग व भूतापीय ऊर्जा के असमाप्य स्रोतों का प्रयोग करना चाहिए।
2) धात्विक खनिजों में, छाजन धातुओं के उपयोग तथा धातुओं के पुर्नचक्रण पर बल देना चाहिए।
3) अत्यल्प खनिजों के लिए प्रति स्थापनों का उपयोग भी खनिजों के संरक्षण में सहायक है।
4) सामरिक व अति अल्प खनिजों के निर्यात को भी घटाना चाहिए।
5) सबसे उचित तरीका है खनिजों का सूझ–बूझ से तथा मितव्यतता से प्रयोग कराना है ताकि वर्तमान आरक्षित भण्डारों का लंबे समय तक प्रयोग किया जा सके।

**प्रश्न 20 सतत पोषणीय विकास की चुनौती के लिए आर्थिक विकास की चाह का पर्यावरणीय मुद्दों से समन्वय आवश्यक हैं। इन कथन की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर : i) भारत में संसाधनों के उपयोग के परंपरागत तरीकों के कारण बड़ी मात्रा में संसाधनों का अपव्यय हुआ है। अतः विकास को न रोकते हुये ऊर्जा के गैर परंपरागत साधनों का उपयोग हो।

ii) भारत में संसाधनों के वर्तमान उपयोग ने गंभीर पर्यावरणीय

समस्याओं को जन्म दिया है। जीवाश्म इंधनों का उपयोग सीमित हो। प्रदूषण से निपटने के उपाय अपनाये जायें।

iii) संसाधनों के अतिशोषण व अविवेक पूर्ण उपयोग ने समाज में असमानता व तनाव को बढ़ाया है। संसाधनों को बचाया जाय।

iv) संतत पोषणीय विकास भावी पीढ़ी के लिए संसाधनों के संरक्षण का आहवान करता है।

v) सतत पोषणीय विकास के लिए आर्थिक विकास के तरीकों व पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों के साथ समन्वय आवश्यक है। धात्विक खनिजों का पुनर्चक्रण हो। खनिजों के स्थानापन्न वस्तुओं का उपयोग हो।

**प्रश्न 21 भारत में अपरंपरागत ऊर्जा के पांच स्रोत्रो के नाम बताइए और प्रत्येक स्रोत्रो का एक संभावित क्षेत्र भी बताइए।**

उत्तरः अपरम्परागत ऊर्जा स्त्रांत–

(i) सौर ऊर्जा (ii) पवन ऊर्जा (iii) ज्वारीय ऊर्जा (iv) भूतापीय ऊर्जा

(v) जैव ऊर्जा

प्रत्येक स्त्रोत का एक संभावित क्षेत्र–

(i) सौर ऊर्जा – भारत के परिचमी भागों गुजराज व राजस्थान में और ऊर्जा के विकास की अधिक संभावनाएं है।

(ii) पवन ऊर्जा – पवन ऊर्जा के लिए राजस्थान, गुजराज, महाराष्ट्र, तथा कर्नाटक में अनुकूल परिस्थितियों विधमान है।

(iii) ज्वारीय ऊर्जा – भारत के पश्चिमी तट के साथ ज्वारीय ऊर्जा विकसित होने की व्यापक संभावनाएं है।

(iv) भूतापीय ऊर्जा – इसके लिए हिमालय प्रदेश, में विकसित होने की व्यापक संभावनाएं है।

(v) जैव ऊर्जा – ग्रामीण क्षेत्रों में जैव ऊर्जा विकसित होने की व्यापक संभावनाएं है।

**प्रश्न 22. ''ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोत्र अधिक आरंभिक लागत के बावजूद अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल तथा सस्ती उर्जा उपलब्ध कराते है'' । कथन की जाँच कीजिए।**

उत्तरः

– सौर, पवन, जल, भूतापीय ऊर्जा तथा जैव ऊर्जा के अपरंपरागत स्त्रोत है। ये सभी साधन पर्यारवरण अनुकूल है।
– ये समान रूप से वितरित है।
– ये अधिक आरंभिक लागत से प्रभावित होते है।
– ये साधन पारिस्थतिक–अनुकूल होते है।
– पवन ऊर्जा पूर्ण रूप से प्रदुषण मुक्त है।

– महासागरीय धाराएं ऊर्जा का अपरिमित भंडार–गृह है।

– जैव ऊर्जा ग्रामीण लोगो की आत्मनिर्भरता बढ़ाएगा तथा जलाऊ लकड़ी पर दबाव कम करेगा।

**बहुविकल्पी प्रश्न**

**प्रश्न 23. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज लौह धातु खनिज से संबंधित है?**

**अ. बाक्साइट** **ब. ताँबा**

**स. मैंगनीज** **दृ चाँदी**

उत्तर स. मैंगनीज

**प्रश्न 24. बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है–**

**अ. झारखण्ड** **ब. ओडिशा**

**स. छत्तीसगढ़** **द. महाराष्ट्र**

उत्तर ब ओडिशा

**प्रश्न 25. आभूषणों का सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए स्वर्ण के साथ किस धातू को मिलाया जाता है।**

**(i) अभ्रक व तांबा** **(ii) मैगनीज व अभ्रक**

**(iii) तांबा** **(iv) अभ्रक**

उत्तर (अ) (i) तथा (ii) (ब) केवल (iv)

(स) (iii) केवल (द) (iii) तथा (iv)

**प्रश्न 26. GAIL (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

**(i) 1986** **(ii) 1984**

**(iii) 1983** **(iv) 1985**

उत्तर (ii) 1984

**प्रश्न 27. निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण और प्रकाश फोटो वोल्टाइक प्रोद्योगिकी का उपयोग करता है?**

**(i) सौर लालटेन** **(ii) बायोगैस संयंत्र**

**(iii) सौर हीटर** **(iv) सौर वायु हीटर**

उत्तर (iii) सौर हीटर

**प्रश्न 28. भारत में सबसे पुराना तेल उत्पादक राज्य कौन सा है?**

**(i) गुजरात** **(ii) असम**

**(iii) महाराष्ट्र** **(iv) ओडिशा**

उत्तर (ii) असम

**प्रश्न 29. युक्त मिलान करे।**

| **सूची 1** | **सूची 2** |
|---|---|
| **1. बरौनी** | **a गुजरात** |
| **2. कोयली** | **b पश्चिम बंगाल** |
| **3. हतिदया** | **c बिहार** |
| **4. बीन्ना** | **d मध्य प्रदेश** |

a. 1. v 2. b 3. a 4. d
b. 1. a 2. c 3. b 4. d
c. 1. c 2. a 3. b 4. d
d. 1. c 2. a 3. d 4. b

उत्तर c.

# अध्याय–8

# निर्माण उद्योग

## अवधारणा मानचित्र

**विभिन्न आधारों पर विनिर्माण उद्योगों का वर्गीकरण**

**स्वामित्व के आधार पर**
- i) सार्वजनिक क्षेत्र
- ii) निजी क्षेत्र
- iii) मिश्रित क्षेत्र
- iv) सहकारी क्षेत्र

**उत्पाद के उपयोग के आधार पर**
- i) आधारभूत उद्योग
- ii) उपभोक्ता उद्योग
- iii) पूँजी वस्तु उद्योग
- iv) अर्धनिर्मित वस्तु उद्योग

**कच्चे माल के स्रोत के आधार पर**
- i) कृषि आधारित
- ii) खनिज आधारित
- iii) वन आधारित
- iv) पशु आधारित

**निर्मित वस्तुओं के स्वरूप के आधार पर**
- i) धातु आधारित
- ii) यंत्रिक इन्जीनियरिंग
- iii) रसायन आधारित
- iv) वस्त्र उद्योग
- v) खाद्य प्रसंस्करण
- vi) विद्युत निर्माण
- vii) इलेक्ट्रॉनिक
- viii) संचार उद्योग

**उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारक**

7. ऐतिहासिक कारक
6. औद्योगिक नीति
5. सस्ता व कुशल श्रम
4. परिवहन एवं संचार के साधन
3. बाजार एवं बैंकिंग व्यवस्था
2. शक्ति के साधन
1. उद्योगों के लिए कच्चा माल

## पाठ एक नजर में

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. पैट्रोकेमिकल उद्योग किसे कहते हैं?**

उत्तर : भूगर्भ से निकले खनिज तेल के परिशोधन के फलस्वरूप कई प्रकार के उत्पादन प्राप्त होते हैं। उसी को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करके कई प्रकार की वस्तुएँ बनती हैं। इसे ही पेट्रोकेमिकल उद्योग कहते हैं।

प्लास्टिक उद्योग, सिन्थेटिक वस्त्र उद्योग, उर्वरक आदि पेट्रोकेमिकल उद्योग के उदाहरण है।

**प्रश्न 2. ज्ञान आधारित उद्योग से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर : अति उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति, वैज्ञानिक, इंजिनियर आदि उत्पादन कार्य में विशिष्ट ज्ञान का उपयोग करते हैं। तो इसे ज्ञान आधारित उद्योग कहते हैं।

**प्रश्न 3. विजयनगर इस्पात संयन्त्र कहाँ स्थित है?**

उत्तर : हॉस्पेट (कर्नाटक) में।

**प्रश्न 4. वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर : देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करना वैश्वीकरण है। इस प्रक्रिया में वस्तुएं, सेवायें, श्रम पूँजी एवं संसाधन एक राष्ट्र से दूसरे राष्ट्र में स्वतन्त्र रूप से गमन करते हैं।

**प्रश्न 5. औद्योगिक प्रदेश किन्हें कहते हैं?**

उत्तर : किसी निर्धारित क्षेत्र में उद्योगों का संकेन्द्रण होना, श्रमिकों का अधिक होना, औद्योगिक कार्यों में ऊर्जा की खपत अधिक होना और उत्पाद का मूल्य अधिक होना, किसी प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश का दर्जा देते हैं।

**प्रश्न 6. विनिर्माण उद्योग से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर : कच्चे माल को मशीनों की सहायता से रूप बदल कर अधिक उपयोगी तैयार माल प्राप्त करने की क्रिया को विनिर्माण उद्योग कहते है।

**प्रश्न 7. पेट्रो रसायन सेक्टर के अन्तर्गत कार्य करने वाली किन्हीं दो सस्थाओं के नाम बताइये।**

उत्तर : 1) भारतीय पेट्रो रासायनिक कार्पोरेशन लिमिटेड (IPCL)

2) पेट्रोफिल्स कोआपरेटिव लिमिटेड

## लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 8. नई औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई? इस नीति के चार मुख्य उद्‌देश्यों का वर्णन कीजिए?**

उत्तर : नई औद्योगिक नीति की घोषणा 1991 में की गई। इस नीति के प्रमुख उद्‌देश्य निम्नलिखित हैं–

1) अब तक प्राप्त किए गए लाभ को बढ़ाना।
2) पुरानी औद्योगिक नीति की कमियों को दूर करना।
3) उत्पादकता और लाभकारी रोजगार में स्वपोषित वृद्धि को बनाए रखना है।
4) अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्राप्त करना है।

**प्रश्न 9. लोहा इस्पात उद्योग किसी देश के औद्योगिक विकास का आधार है। ऐसा क्यों?**

उत्तर : लोहा इस्पात उद्योग आधुनिक औद्योगीकरण की नींव हैं, क्योंकि :–

- यह उद्योग कई उद्योगों को आधारभूत सामान प्रदान करता है।
- यह आधुनिक मशीनों, परिवहन तथा यन्त्रों का आधार है इसलिए इसे उद्योगों की कुंजी भी कहा जाता है।

**प्रश्न 10. सूती वस्त्र उद्योग के दो सेक्टरों के नाम बताओ?**

उत्तर : दो सेक्टर हैं – हथकरघा सेक्टर और विद्युत–करघा सेक्टर। उत्पादन भी सीमित है।

**हथकरघा सैक्टर** : सैक्टर स्थानिक श्रम तथा कच्चे माल पर निर्भर करता है तथा इसका उत्पादन भी सीमित है।

विद्युत करघा सेक्टर में कपड़ा मशीनों द्वारा उत्पादित किया जाता है यह सेक्टर देश के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत भाग उत्पादित करता है।



चित्र – दुर्गापुर इस्पात संयन्त्र की अवस्थिति

**प्रश्न 11. (i) आरेख में दिए गए इस्पात संयंत्र को पहचानिए व उसका नाम लिखिए।**

उत्तर दुर्गापुर इस्पात संयंत्र

**(ii) इस संयंत्र के लिए जल के स्त्रोत का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर दामोदर नदी




**(iii) इस संयंत्र के लिए कोयला औश्र लोह अयस्क उपलब्ध कराने वाले खनन क्षेत्रों के नाम लिखिए।**

उत्तर कोयला – रानीगंज व सरिया

लौह अयस्क –नोआमंडी

**प्रश्न 12. (i) आरेख में दिए गए इस्पात संयंत्र को पहचानिए व बताइए कि यह किस**

**राज्य में स्थित है?**

उत्तर राउरकेला, उड़ीसा में स्थित है।

**(ii) इस संयंत्र के लिए कोयला औश्र लौह अयस्क उपलब्ध कराने वाले क्षेत्रों के नाम लिखिए।**

उत्तर कोयला – झरिया (झारखण्ड)

लोह अयस्क – सुंदरगढ़ व केंदुझर

**(iii) इस संयंत्र के लिए विद्युत शक्ति व जल के स्त्रोत के नाम लिखिए।**

उत्तर विद्युत शक्ति – हीराकुंड परियोजना से जल

कोइल व शंख नदियों से।

**प्रश्न 13. चीनी उद्योग एक मौसमी उद्योग क्यों है?**

उत्तर : चीनी उद्योग एक मौसमी उद्योग है क्योंकि :–

1) गन्ना अगर खेत से काटने के 24 घंटे के अंदर ही पेरा जाए (रस निकालना) तो अधिक चीनी की मात्रा प्राप्त होती है।

2) शुष्क ऋतु में गन्ने को खेत में नहीं रखा जा सकता। सूखने पर चीनी की मात्रा कम हो जाती है। इसलिए इसे काट कर फौरन मिलों तक भेजा जाना ज़रूरी है। मिले केवल उस मौसम में कार्य करती है जब उसे काटा जाता है।

3) गन्ने की पिराई का काम वर्ष भर नहीं होता केवल 4 से 6 महीने तक ही मिल चल पाती ह

**प्रश्न 14. भारी उद्योग किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिये?**

उत्तर : खनिज पदार्थों का उपयोग करने वाले आधारभूत उद्योगों को भारी उद्योग कहते हैं। इन उद्योगों में लगने वाला कच्चा माल भी भारी होता है तथा उत्पाद भी। ये उद्योग किसी भी देश के औद्योगिकरण की आधारशिला है। जैसे–लोहा–इस्पात उद्योग, मशीनरी उद्योग, इंजीनियरिंग समान बनाने के उद्योग भारी उद्योगों में गिने जाते हैं।

**प्रश्न 15. भारत की नई औद्योगिक नीति (1991) में किए गए छः उपायों का वर्णन करें?**

उत्तर : 1) औद्योगिक लाइसेंस व्यवस्था का समापन

2) विदेशी तकनीकी का निःशुल्क प्रवेश

3) विदेशी निवेश नीति

4) पूंजी बाजार की सुलभता

5) खुला बाजार

6) औद्योगिक अवस्थिति कार्यक्रम का उदारीकरण–इस नीति में उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण शामिल है।

**प्रश्न 16. रासायनिक व पैट्रोरासायनिक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रही तीन संस्थाओं का वर्णन करें।**

उत्तर : 1) भारतीय पैट्रोरासायनिक कार्पोरेशन लिमिटेड (IPCL) सार्वजनिक सैक्टर में है। यह विभिन्न प्रकार के पैट्रोरसायन जैसे–पॉलीमर, रेशों और देशों से बने संक्रियक (Intermediate) का निर्माण और वितरण करता है।

2) पैट्रो फितस कोऑपरेटिव लिमिटेड– यह भारत सरकार एवं संस्थानों का संयुक्त प्रयास है। यह पॉलिस्टर तन्तु, सूत और नाइलोन चिप्स का उत्पादन गुजरात स्थित बड़ोदरा एवं नलधारी संयन्त्रों में करता है।

3) सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी (CIPET) है जो पैट्रोकेमिकल उद्योग में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## विस्तृत प्रश्नोत्तर (5 अंक वाले)

**प्रश्न 17. भारत में चीनी मिले गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में क्यों संकेद्रित है? किन्हीं पाँच कारणों को स्पष्ट करें।**

उत्तर : 1) चीनी मिलों के लिए कच्चा माल गन्ना भार ह्रास वाली फसल है। अतः इसकी कटाई व पिराई लगभग साथ–साथ होनी चाहिए। अधिक देर होने पर गन्ने का रस सूख जाता है और खराब हो जाता हैं।

2) गन्ने को खेतों से अधिक दूर नहीं भेजा जा सकता क्योंकि इसमें परिवहन लागत अधिक लगती है।

3) गन्ने को अधिक समय तक भंडारण नहीं किया जा सकता क्योंकि गन्ने का रस समय के साथ सूख जाता है।

4) भारत में अधिकार चीनी मिले सहकारी क्षेत्र में है जिसमें किसानों की भागीदारी है। अतः चीनी मिले किसानों को गन्ना उत्पादन के खेतों के निकट होती है।

5) गन्ना उत्पादन क्षेत्र सघन जनंसख्या वाले क्षेत्र है जहाँ प्रचुर मात्रा में

सस्ता एवं कुशल श्रम चीनी मिलों को आसानी से प्राप्त हो जाता है।

**प्रश्न 18. भारत में किसी प्रदेश के उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारक स्पष्ट करें?**

उत्तर : **1) कच्चे माल की उपलब्धता** : सामान्यता उद्योग वहीं स्थापित होते है जहाँ कच्चा माल उपलब्ध होता है। जिन उद्योगों में निर्मित वस्तुओं का भार कच्चे माल के समीप लगाए जाते हैं।

**2) शक्ति के साधन** : किसी भी उद्योग की स्थापना से पहले उसकी शक्ति की आपूर्ति सुनिशिचित कर ली जाती है। एल्युमिनियम उद्योग शक्ति के साधन के नजदीक लगाए जाते हैं क्योंकि इसमें बिजली का बहुत अधिक उपयोग किया जाता है।

**3) परिवहन** : कच्चे माल को उद्योग केन्द्र तक लाने तथा निर्मित माल को बाजार तक ले जाने के लिए सस्ते तथा कुशल यातायात का प्रचुर मात्रा में होना आवश्यक हैं।

**4) बाजार** : उद्योगों का सारा विकास निर्मित माल की खपत के बाजर पर निर्भर करता है। बाजार की निकटता से उपभोक्ता को औद्योगिक उत्पाद सस्ते दाम पर मिल जाते हैं।

**5) श्रम** : सस्ते तथा कुशल श्रम की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता औद्योगिक विकास का मुख्य कारण है। कुछ उद्योग तो श्रम प्रधान ही होते हैं। इन्हें विशेष दक्षता वाले श्रमिकों की आवश्यकता होती हैं जैसे – फिरोजाबाद का चूड़ी उद्योग श्रम प्रधान उद्योग है।

**6) ऐतिहासिक कारक** : मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे केन्द्रों का औपनिवेशिक काल में ही विकास हो गया था मुर्शिदाबाद, भदोही, सूरत, बड़ौदा, प्राचीन समय से ही औद्योगिक केन्द्र के रूप में उभर आये थे।

**प्रश्न 19. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के विकसति एवं पूरे देश में वितरित होने के कारणों पर प्रकाश डालिए।**

उत्तर सूती वस्त्र उद्योग के विकसित होने के कारण–

(i) उष्णार्द्र जलवायु में कपास का उत्पादन

(ii) सूती वस्त्र उद्योग का परंपरा से विकसित होना।

वितरित होने के कारण

(iii) देश में बेहतर परिवहन तंत्र का विकास।

(iv) सस्ते स्थानिक श्रमिक

(v) पीढ़ी दर–पीढ़ी परंपरा

(vi) विद्युत शक्ति की उपलब्धता।

**प्रश्न 20. हुगली औद्योगिक प्रदेश के विकास से सहायक हुए कारकों की उदाहरणो सहित व्याख्या कीजिए।**

उत्तर (i) हुगली नदी सस्ता परिवहन उपलब्ध कराती है।

(ii) कोलकत्ता और हतिदय पत्तन आयात और निर्यात को सुविधा प्रदान करते है।

(iii) दामोदर घाटी और छोटा नागपुर क्षेत्र से शक्ति उपलब्ध है।

(vi) कच्चे माल के रूप में जूट निकटवर्ती स्थानों से उपलब्ध है।

(v) बिहार के घने बसे मार्गो, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में उपलब्ध सस्ते श्रम ने विकास में योगदान दिया है।

(vi) कोलकत्ता आंतरिक क्षेत्रों से रेलमार्ग और सड़क मार्गो से भली प्रकार जुड़ा है।

(vii) यहाँ जूट उद्योग के साथ्ज्ञ सूती वस्त्र, कागज़, इंजीनियरिंग, रासायनिक, उर्वरक और पैट्रोरासायनिक उद्योगो का विकास हुआ है।

**प्रश्न 21. इस चित्र को ध्यान से देखिये एवं नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिये –**



i) इस इस्पात संयंत्र का क्या नाम है और यह किस राज्य में स्थित है?

ii) इस संयंत्र के लिये लौह अयस्क एवं कोयला कहाँ से प्राप्त होता है?

iii) इस संयंत्र के लिये जल कहाँ से प्राप्त होता है?

iv) यह संयंत्र किस देश के सहयोग से स्थापित हुआ?

v) यह किस रेलमार्ग पर स्थित है?

उत्तर : i) भिलाई इस्पात संयन्त्र, छत्तीसगढ़

ii) डल्ली राजहरा हिल्स, तंदुला टैंक

iii) महानदी नदी

iv) रूस

v) कलकत्ता – मुम्बई रेलमार्ग

**प्रश्न 22. भारत में सूती वस्त्र उद्योग की क्या समस्याएं हैं?**

उत्तर : सूती वस्त्र उद्योग भारत का सबसे बड़ा संगठित उद्योग है परन्तु इस उद्योग की कई समस्याएं हैं :–

1) देश में लम्बे रेशेवाली कपास का उत्पादन कम है अतः इसे विदेशों से आयात करना पड़ता है।

2) सूती कपड़ा मिलों की मशीनरी पुरानी है अतः इसे विदेशों से आयात करना पड़ता है।

3) मशीनरी के आधुनिकीकरण के लिए स्वचालित मशीनें लगाना आवश्यक है जिसके लिए पर्याप्त पूंजी की आवश्यकता है।

4) देश में हथकरघा उद्योग में प्रतिस्पर्धा है।

5) विदेशों में भी चीन व जापान के तैयार वस्त्रों से अधिक स्पर्धा करनी पड़ रही है।

**प्रश्न 23. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? उन्होंने भारत के औद्योगिक विकास में किस प्रकार से सहायता की है?**

उत्तर : **क) उदारीकरणः**– उदारीकरण से अभिप्राय है निजी क्षेत्र से सभी प्रकार के प्रतिबंधों को हटाना ताकि वह क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धा के योग्य बन

सके। उदारीकरण की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित है।

1) औद्योगिक लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त करना।

2) विदेशी टेक्नोलॉजी का भारत में प्रयोग में स्वतंत्रता।

3) विदेशी निवेश का उदारीकरण।

4) खुला व्यापार।

**ख) निजीकरणः—**

1) निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक उद्योगों को सम्मिलित करना।

2) सरकार का प्रभुत्व समाप्त करना तथा नए क्षेत्र जैसे खनन, दूरसंचार, मार्ग निर्माण और व्यवस्था को व्यक्तिगत कंपनियों के लिए खोलना।

**ग) वैश्वीकरणः—**

1) इसके द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को संसार की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करना है।

2) इस प्रक्रिया के अंतर्गत सामान पूँजी सहित सेवाएँ, श्रम और संसाधन एक देश से दूसरे देश को स्वतंत्रतापूर्वक पहुँचाए जा सकते हैं।

उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण ने भारत के औद्योगिक विकास में निम्न प्रकार से सहायता की हैः—

1) विदेशी सहयोग में वृद्धि हुई है। विदेशी निवेश का बड़ा भाग घरेलू उपकरणों, वित्त सेवा, इलेक्ट्रानिक और विद्युत उपकरण तथा खाद्य व दुग्ध उत्पादकों में लगाया जा चुका है।

2) प्रतिस्पर्धा के परिणामस्वरूप कुछ भारतीय कंपनियों को भी लाभ हुआ है, उनको नई तकनीक में निवेश का अवसर प्राप्त हुआ। इसके फलस्वरूप यह कंपनियाँ अपने उत्पादन में वृद्धि करने में सफल रही।

3) टाटा मोटर, इँन्फासिस जैसी कम्पनियों ने विश्वभर में अपनी शाखायें खोली है।

4) छोटे उत्पादकों पर वैश्वीकरण का बुरा प्रभाव पड़ा। वे बड़ी कम्पनियों से प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर सकी।

बोकारों इस्पात संयंत्र को प्राप्त सुविधाएं–

1) इस संयंत्र की स्थापना परिवहन लागत न्यूनीकरण सिद्वात के आधार पर की गई थी। बोकारों और राऊरकेला संयुक्त रूप से राऊरकेला प्रदेश से लौह अयस्क प्राप्त करते हैं। और वापसी में मालगाड़ी के डिस्बे राउरकेला के लिए कोयला ले जाते है।

2) बोंकारो इस्पात संयंत्र दामोदर घाटी निगम से बिजली प्राप्त करता है। दामोदर–बोकारों, नदियों से जल तथा कोलकता से पतन सुविधाएं मिलती है।

3) यह संयंत्र क्योंझर से लोह अयस्क, झरिया से कोयला, पलामू से चूना पत्थर प्राप्त करता है।

**प्रश्न 24. मुंबई पुणे औद्योगिक प्रदेश के विकास में सहायक हुए कारकों की उदाहरणां सहित व्याख्या कीजिए।**

उत्तर (i) इस प्रदेश का विकास मुंबई में सूती वस्त्र उद्योग की स्थापना के प्रारंभ हुआ।

(ii) नम जलवायु के कारण मुंबई में सूती वस्त्र उद्योग का विकास हुआ।

(iii) स्वेज नहर के खुलने से मुंबई पत्तन के विकास को प्रोत्साहन मिला।

(iv) मुम्बई हाई पेट्रोलियम क्षेत्र और नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से इन प्रदेशों के विकास को विशेष बल मिला।

(v) सूती वस्त्र उद्योग के अतिरिक्त अभियांत्रिकीय वस्तुएँ पेट्रोलियम, परिशोधन, पेट्रोरसायन, चमड़ा, संश्लिष्ट और प्लास्टिक वस्तुएँ आदि यहाँ विकसित है।

(vi) इस उद्योग की आवश्यकता की पूर्ति के लिए पश्चिमी घाट प्रदेश में जल विद्युत शक्ति का विकास किया गया।

**प्रश्न 25. गुजरात औद्योगिक प्रदेश की प्रमुख पाँच विशेषताएं लिखे?**

**अथवा**

**अथवा गुजरात औद्योगिक प्रदेश के विकास के लिए उत्तरदायी किन्दी पाँच कारकों का वर्णन कीजिए। (CBSE 2017)**

उत्तर : 1) यह प्रदेश अहमदाबाद एवं बड़ोदरा के बीच स्थित है। यह प्रदेश

दक्षिण में बलसाद और सूरत तक या पश्चिम में जामनगर तक फैला हैं।

2) यह प्रदेश की सूती वस्त्र उद्योग का महत्वपूर्ण केन्द्र है। सूती वस्त्र उद्योग के अतिरिक्त पैट्रों, रसायनिक उद्योग, इंजीनियरिंग उद्योग, चीनी उद्योग एवं दवाई उद्योग यहाँ के प्रमुख उद्योग है।

3) इस प्रदेश को कपास उत्पादक क्षेत्र में स्थित होने के कारण कच्चे माल और बाजार दोनों का ही लाभ प्राप्त है।

4) इस प्रदेश के महत्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्र अहमदाबाद, बड़ोदरा, भरूच कोयली, सूरत बलसाद तथा जामनगर आदि हैं।

5) काँधला बन्दरगाह ने इस औद्योगिक प्रदेश के विकास में तेजी लाने में योगदान किया।

6) कोयली तेल शोधनशाला के कारण पेट्रो–केमिकल उद्योग स्थापित हुये।

**प्रश्न 26. छोटा नागपुर प्रदेश में लोहा व इस्पात उद्योग को स्थापित करने वाले कारकों का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर (i) कम लागत के लौह अयस्क की उपलब्धता – इस प्रदेश के आस–पास लौह अयस्क की खानें हे।

(ii) उच्च मात्रा में कच्चे माल की उपलब्धता – अन्य भारी कच्चा माल यथा कोयला, चूना पत्थर, मैंगनीज़, मीका आदि भरपूर मात्रा में उपलब्ध है।

(iii) सस्ते श्रम की उपलब्धता – बिहार, झारखण्ड, ओड़ीशा के निकटवर्ती क्षेत्रों से कम लागत में श्रम उपलब्ध हो जाता है।

(iv) गहन परिवहन सुविधा – रेलमार्ग व सड़क माग्र से यह प्रदेश भली प्रकार जुड़ा है।

(v) शक्ति – ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उष्मीय और जलविधुत शक्ति संयंत्रो का निर्माण दामोदर घाटी में पूरा किया गया है।

**प्रश्न 27. उपयुक्त मिलान करें**

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| 1. राउरकेला | a. पश्चिम बंगाल |
| 2. भिलाई | b. कर्नाटक |
| 3. दुर्गापुर | c. छत्तीसगढ़ |
| 4. भद्रावती | d. ओड़ीशा |

a. 1. d    2. c    3. a    4. b
b. 1. c    2. d    3. a    4. b
c. 1. d    2. a    3. b    4. c
d. 1. b    2. c    3. d    4. a

उत्तर a.

**प्रश्न 28. राउरकेला इस्पात संयंत्र की स्थापना के सहयोग से हुई।**

**1. रूस**

**2. जर्मनी**

**3. युनाइटेड किंगडम**

**4. फ्रांस**

उत्तर 2. जर्मनी

**प्रश्न 29. बोकारो इस्पात संयंत्र किस वर्ष स्थापित किया गया था?**

**1. 1964**

**2. 1962**

**3. 1659**

**4. 1963**

उत्तर 1. 1964

**प्रश्न 30. निम्नलिखित में से अयुग्म को छाँटिए।**

**1. शिमला**

**2. राउरकेला**

**3. मोहाली**

**4. देहरादून**

उत्तर 2. राउरकेला

**प्रश्न. 31 अयुग्ल जोड़े को छँाटिए।**

**(क) कृषि आधारित उद्योग – चीनी**

**(ख) वन आधारित उद्योग – जूट**

**(ग) निज आधारित उद्योग – लोहा इस्पात**

**(घ) पशु आधारित उद्योग – जमड़ा**

उत्तर (ख) वन आधारित उद्योग – जूट

प्रश्न 32. टाटा लोहा और इस्पात कंपनी को जल प्रदान करने वाली है।

(क) कोबानी नदी

(ख) ब्राह्मणी नदी

(ग) दामोदर नदी

(घ) खारकोई नदी

**प्रश्न 33. निम्नलिखित में से कौन–से दो जोड़े सही है?**

| **उद्योग** | **लौह अयस्क स्त्रोत** |
|---|---|
| **1. दुर्गापुर** | **नोआमंडी** |
| **2. राउरकेला** | **केंदुझर** |
| **3. भिलाई** | **केमान गुंडी** |
| **4. टाटा लोहा इस्पात** | **डतली राजहरा** |

उत्तर (a) 1 तथा 2

(b) 2 तथा 3

(c) 1 तथा 3

(d) 2 तथा 4

# अध्याय–9

# भारत के संदर्भ में नियोजन एवं सतत् पोषणीय विकास




प्रादेशिक नियोजन

**लक्ष्य क्षेत्र**

1) कमान नियंत्रित क्षेत्र
2) सूखाग्रस्त विकास क्षेत्र
3) पर्वतीय विकास क्षेत्र
4) रेगिस्तानी विकास क्षेत्र

**लक्ष्य समूह**

लघु कृषक विकास संस्था (SFDA)

सीमांत किसान विकास संस्था (MFDA)



## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. विकास के लिये लक्ष्य क्षेत्र की ओर इंगित कुछ प्रमुख कार्यक्रमों के उदारहण दीजिए।**

उत्तर : 1) कमांड क्षेत्र विकास योजना

2) सूखा प्रभावित क्षेत्र विकास योजना

3) पहाड़ी क्षेत्र विकास योजना

4) रेगिस्तानी क्षेत्र विकास योजना

**प्रश्न 2. सतत् पोषणीय विकास को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर : ''एक ऐसा विकास जो भविष्य में आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकता पूर्ति को प्रभावित किए बिना वर्तमान पीढ़ी द्वारा आवश्यकता की पूर्ति हेतु किया जाता है, सतत् पोषणीय विकास कहलाता है। उदाहरण स्वरूप – भौम जल का उपयोग करते समय इस बात का ध्यान रखना कि जलस्तर अधिक नीचे न जाने पाये और वर्षा जल या धरातलीय जल रिस कर अन्दर चला जाये।

**प्रश्न 3. हिमाचल प्रदेश के भरमौर जनजाति क्षेत्रों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले दो कारक कौन से है? (CBSE-2016)**

उत्तर: (i) कठोर जलवायु दशाएँ

(ii) आधार भूत संसाधनों का कम होना

**प्रश्न 4. इंदिरा गांधी नहर ने शुष्क क्षेत्र की पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और समाज को रूपांतरित कर दिया है। ''इस क्षेत्र की पर्यावरणीय परिस्थितियों पर इसके नकारात्मक एवं सकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव पड़े है। एक नकारात्मक व एक सकारात्मक प्रभाव को बताइए।**

**अथवा**

**''इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में उभरी दोहरी पर्यावरणीय समस्याओं की परख कीजिए। (CBSE, All India-2017)**

उत्तर : 1) वनीकरण और चरागाह विकास कार्यक्रम के कारण यहां की भूमि हरी भरी हो गई है। यह सकारात्मक प्रभाव है।

2) जल भराव व मृदा लवणता जैसी समस्याएँ नकारात्मक प्रभाव दर्शाती है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 5. खण्डीय नियोजन एवं प्रादेशिक नियोजन में अन्तर स्पष्ट करें।**

उत्तर : **खण्डीय नियोजन**– अर्थव्यस्था के विभिन्न सेक्टरों जैसे– कृषि, सिंचाई, विनिर्माण, ऊर्जा, परिवहन, संचार, सामाजिक अवसंरचना और सेवाओं के विकास के लिए कार्यक्रम बनाना और उन्हें लागू करना।

**प्रादेशिक नियोजन**– देश के सभी क्षेत्रों में आर्थिक विकास समान रूप से नहीं हो पाता। इसलिए विकास का लाभ सभी को समान रूप से पहुँचाने के लिए योजनाकारों ने प्रदेशों की आवश्यकता के अनुसार नियोजन किया। इस प्रादेशिक नियोजन कहते हैं।

**प्रश्न 6. ''भारत के विकास में प्रादेशिक विषमतायें है।'' इस कथन को उचित उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें?**

उत्तर : भारत के विकास में प्रादेशिक विषमताएं साफ झलकती हैः–

1) आन्तरिक भागों की तुलना में तटीय प्रदेश अधिक निर्धन है।
2) व्यापारिक कृषि के क्षेत्र में विकास अधिक व्यापक है। पंजाब व केरल के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विषमता कम है।
3) जनजातीय क्षेत्र अभी भी कम विकसित है।
4) भौतिक बाधाओं जैसे शुष्क जलवायु, ऊबड़–खाबड़ पर्वतीय व पठारी भूमि तथा बाढ़ से पीड़ित क्षेत्र आदि पिछड़े हुए हैं।
5) भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में साक्षरता दर से भी काफी विषमताएँ हैं और स्त्रियों की साक्षरता दर में भी काफी भिन्नता है।

**प्रश्न 7. मात्र कृषि एव पशुपालन के विकास से इंदिरा गाँधी नहर कमांड क्षेत्र में आर्थिक सतत पोषणीय विकास की अवधारणा को साकार नहीं किया जा सकता। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :
1) इन क्षेत्रों में कृषि और संबंधित क्रियाकलापों को अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों के साथ विकसित करना होगा।
2) इन क्षेत्रों का आर्थिक विविधीकरण करना पड़ेगा।
3) गाँवों की आबादी कृषि सेवा क्षेत्र और विपणन केन्द्रों को जोड़कर उनके बीच प्रकार्यात्मक संबंध स्थापित करना होगा।

**प्रश्न 8. नहर कमांड क्षेत्र में सिचाई के लिए जल प्रदान करने में इंदिरा गांधी नहर का महत्व स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**''इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में नहरी सिंचाई के प्रारंभ होने से उसकी पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था तथा समाज रूपांतरित हो गया है।'' इस कथन का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर : (i) कमान क्षेत्र में सिंचाई कमशः 1960 तथा 1980 में शुरू हुई। सिंचाई के प्रसार ने इस शुष्क क्षेत्र की परिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और समाज को रूपांतरित कर दिया।

(ii) पर्यारवणीय परिस्थियों पर सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं।

(iii) मृदा में लम्बे समय तक नहीं उपलब्धता सम्भव हो सकी हैं फलस्वरूप वनीकरण और चरागाह कार्यक्रयों से भूमि हरी–भरी हो गयी है।

(iv) प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था प्रत्यक्ष रूप से रूपांतरित हो गयी है तथा बोय गये क्षेत्र का विस्तार और फसलों की सघनता में वृद्वि हुई है। चना, बाजरा और ग्वार का स्थान गेहूं, कपास, मूंगफली और चावल ने ले लिया।

(v) वायु अपरदन और नहरी तंत्र में बालू निक्षेप की प्रक्रियाएं धीमी पड़ गयी है।

(vii) कृषि पशुधन उत्पादकता में अत्यधिक वृद्वि हुई है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 9. पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए नियोजन करते समय किन बातों का प्रमुखता से ध्यान दिया जाता है?**

उत्तर : पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए नियोजन करते समय वहाँ की भूआकृति, पारिस्थितिकी, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाता है। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित बातों को भी ध्यान में रखा जाता है।

1) सभी लोग लाभान्वित हों, केवल प्रभावशाली अथवा साधन सम्पन्न व्यक्ति ही नहीं।

2) स्थानीय संसाधनों और प्रतिभाओं का विकास।

3) जीविका निर्वाह अर्थव्यवस्था को निवेशोन्मुखी बनाना।

4) अंत प्रादेशिक व्यापार में पिछड़े क्षेत्रों का शोषण न करना।

5) पिछड़े क्षेत्रों की बाजार व्यवस्था में सुधार करके श्रमिकों को लाभ पहुँचाना।

6) परिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखना।

**प्रश्न 10. सूखा संभावी क्षेत्र विकास कार्यक्रम ये लोगों के लिए किस प्रकार के कार्यक्रम चलाये गये। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः (i) इस कार्यक्रम की शुरूवात चौथी पंचवर्षीय योजना में हुई, इसका उददेश्य सूखा संभावी क्षेत्रों में लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाना था व उसके प्रभाव को कम करने के लिए उत्पादन के साधनों को विकसित करना था।

(ii) पॉचवी पचंवर्षीय योजना में इस कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक श्रम की आवश्यकता वाले सिविल निर्माण कार्यो पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोज़गार दिया जा सके।

(iii) इसके अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं, भूमि विकास कार्यक्रमों वनीकरण, चारागाह विकास कार्यक्रम शुरू किये गये।

(iv) गॉवों में आधार भूत अवसंरचना–विघुत, सड़कों, बाजार ऋण सुविधाओं और सेवाओं पर बल दिया गया।

(v) इस क्षेत्र के विकास की रणनीति में जल, मिट्टी, पौधों, मानव तथा पशुजन–संख्या के बीच पारिस्थितिकीय संतुलन, पुनः स्थापन पर ध्यान देने पर बल दिया गया।

**प्रश्न 11. भरमौर क्षेत्र के विकास के लिए क्या कदम उठाये गये एवं इनके क्या सामाजिक एवं अर्थिक प्रभाव पड़े? स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**भरमौर में समन्वित जनजातीय विकास परियोजना लागू होने से हुए सामाजिक लाभों की विवेचना कीजिए।**

उत्तर : यह क्षेत्र विकास योजना भरमौर क्षेत्र के निवासियों की जीवन गुणवत्ता को सुधारने व हिमाचल के अन्य प्रदेशों के समानान्तर विकास के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इसके लिए निम्न कदम उठाये गये।

1) आधारभूत अवसंरचनाओं जैसे विद्यालयों, अस्पतालों का विकास

किया गया।

2) स्वच्छ जल, सड़कों, संचार तंत्र एवं बिजली की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया।

3) कृषि के नये एवं पर्यावरण अनुकूल तरीकों को प्रोत्साहित किया गया।

4) पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को प्रोत्साहित किया गया।

**समाजिक व आर्थिक प्रभावः–**

1) जनसंख्या में साक्षरता दर बढ़ी विशेषरूप से स्त्रियों की साक्षरता दर में वृद्धि हुई।

2) दालों एवं अन्य नगदी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई।

3) कुरीतियों जैसे बाल–विवाह से समाज को मुक्ति मिली।

4) लिंगानुपात में सुधार हुआ।

5) लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि हुई।

**प्रश्न 12. इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत् पोषणीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक किन्हीं पाँच उपायों का वर्णन कीजिए?**

उत्तर : 1) जल प्रबन्धन नीति का कठोरता से क्रियान्वयन करना।

2) सामान्यतः जल सघन फसलों को नहीं बोना चाहिए।

3) कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम जैसे नालों को पक्का करना, भूमि विकास तथा समतलन और बाड़बन्दी पद्धति प्रभावी रूप से कार्यान्वित की जाए ताकि बहते जल की क्षति मार्ग में कम हो सके।

4) जलाक्रान्त, वृक्षों की रक्षण मेखला का निर्माण और चारागाह विकास, पारितंत्र विकास से लिए अति आवश्यक है।

5) निर्धन आर्थिक स्थिति वाले भूआवदियों की कृषि के पर्याप्त मात्रा में वितीय और संस्थागत सहायता उपलब्धत कराना।

**प्रश्न 13. पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम किस पंचवर्षीय योजना में प्रारंभ किया गया?**

**1. तृतीय पंचवर्षीय योजना 2. पाँचवी पंचवर्षीय योजना**

**3. चतुर्थ पंचवर्षीय योजना** **4. छठी पंचवर्षीय योजना**

उत्तर : 2. पाँचवी पंचवर्षीय योजना

**प्रश्न 14. योजना आयोग द्वारा सूखा संभावी जिले के परिसीमन के लिए कितने प्रतिशत सिंचित क्षेत्र के मापदण्ड का प्रयोग किया?**

**1. 20%** **2. 25%**

**3. 30%** **4. 35%**

उत्तर 3. 30%

**प्रश्न 15. भरमोर जनजातीय क्षेत्र में कौन सी नदी बहती है?**

**1. रावी** **2. रावी व व्यास**

**3. झेलम** **4. झेलम व सतलुज**

उत्तर 1. रावी

**प्रश्न 16. विकास एक संकलपना है।**

**1. द्वि आयामी** **2. त्रिआयामी**

**3. बहुआयामी** **4. पंचम आयामी**

उत्तर 3. बहुआयामी

**प्रश्न 17. सतत पोषणीय विकास का अर्थ है।**

**1. संसाधनों का प्रयोग न करना**

**2. संसाधनों का विदोहन करना**

**3. संसाधनों का बुद्धिमता पूर्ण प्रयोग करना**

**4. संसाधनों का प्रयाग करना**

उत्तर 3. संसाधनों का बुद्धिमता पूर्ण प्रयोग करना

प्रश्न 18. भरमोर क्षेत्र से संबंधित गलत कथन का चयन करे।

1. भरमौर क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में स्थित है।

2. भरमौर क्षेत्र में अनेक उद्योग विकसि है।

3. भरमौर क्षेत्र के लोग ऋतु प्रवास करते है।

4. भरमौर क्षेत्र सम्निवत जनजातीय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल है।

# अध्याय–10

# परिवहन एवं संचार

**अवधारणा मानचित्र**

## परिवहन के साधन

- स्थल परिवहन
  - सड़क
  - रेलवे
  - पाइपलाइन
- जल परिवहन
  - अंतः स्थलीय
  - सागरीय व महासागरीय
- वायु परिवहन
  - राष्ट्रीय (घरेलू)
  - अंतर्राष्ट्रीय

## संचार

- व्यक्तिगत
  - पत्र
  - दूरभाष (टेलीफ़ोन)
  - तार (टेलीग्राम)
  - फैक्स
  - ई–मेल
  - इंटरनेट आदि
- सार्वजनिक
  - रेडियो
  - टेलीविजन
  - सिनेमा
  - उपग्रह (सेटेलाइट)
  - समाचार पत्र, पत्रिकाएँ
  - सम्मेलन एवं गोष्ठियाँ
  - पुस्तकें

## (अति लघुउत्तरीय प्रश्न) एक अंक वाले प्रश्न

**प्रश्न 1. जी.टी. रोड किन दो राष्ट्रीय महामार्गों में विभाजित है?**

उत्तर : 1) राष्ट्रीय महामार्ग (एन.एच. 1) न.1 दिल्ली से अमृतसर तक।

2) राष्ट्रीय महामार्ग (एन.एच. 2) न.1 दिल्ली से कोलकत्ता तक।

**प्रश्न 2. भारतीय रेल तंत्र को कितने मंडलों में बांटा गया है?**

उत्तर : 16 रेल मंडलों में बांटा गया है

**प्रश्न 3. भारत की उस वायु सेवा का नाम बताइये जो अन्तर्राष्ट्रीय सेवा प्रदान करती है?**

उत्तर : एयर इंडिया सेवा।

**प्रश्न 4. राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 1 का विस्तार बताइये?**

उत्तर : इलाहाबाद से हल्दिया (1620 किलोमीटर) गंगा नदी।

**प्रश्न 5. भारत में राष्ट्रीय स्तर पर सड़कों के विकास के लिए कौन सी सर्वोच्च संस्था उत्तरदायी है?**

उत्तर : भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्रधिकरण (BSE - 2017) NHAI

**प्रश्न 6. शेरशाह सूरी ने शाही राजमार्ग क्यों बनवाया? (CBSE-2015)**

उत्तर : अपने साम्राज्य को सुदृढ़ करने के लिये।

**प्रश्न 7. राज्य महामार्ग किसे कहते हैं?**

उत्तर : जिस मार्ग के द्वारा राज्य की राजधानी को जिला मुख्यालयों एवं महत्वपूर्ण नगरों से जोड़ा जाता है उसे राज्य महामार्ग कहते हैं। इसके निर्माण एवं रख रखाव का दायित्व राज्य सरकार का होता है।

**प्रश्न 8. जल परिवहन कितने प्रकार का होता है?**

उत्तर : दो प्रकार का होता है :–

1) अन्तः स्थलीय जल परिवहन

2) महासागरीय जल परिवहन

**प्रश्न 9. भारत में किस प्रकार की सड़कें अधिकतम क्षेत्रों को आपस में जोड़ने का काम करती है? (CBSE 2017)**

उत्तर : ग्रामीण सड़के

**प्रश्न 10. 'परिवहन जाल' किसे कहते हैं?**

उत्तर : अनेक स्थानों को परस्पर मार्गों की श्रेणियों से जोड़ने पर जिस प्रारूप का निर्माण होता है उसे परिवहन जाल कहते हैं।

## लघुउत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 11. राष्ट्रीय महामार्ग विकास प्राधिकरण की मुख्य परियोजनाएँ कौन सी है। संक्षिप्त वर्णन कीजिए?**

उत्तर : भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण ने देश भर में विभिन्न चरणों में कई प्रमुख परियोजनाओं की जिम्मेदारी ले रखी है जैसे कि:—

1) **स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना** :— इसके अंतर्गत 5846 किमी. लंबी 4 से 6 लेने वाले उच्च सघनता वाले यातायात गलियारे शामिल हैं जोकि देश के चार महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता व चेन्नई को आपस में जोड़ता है।

2) उत्तर—दक्षिण तथा पूर्व—पश्चिम गलियारों को जोड़ना है।

1) North-South Corridor – Sri Nagar to Kanyakumari (4,016 km)

2) East-West Corridor – Silchar (Assam) to Porbander Gujrat (3,640 km)

**प्रश्न 12. भारतीय कोंकण रेलवे का निर्माण कब हुआ। इसका विस्तृत वर्णन कीजिए? (2016)**

उत्तर : भारतीय कोंकण रेलवे का निर्माण 1998 में हुआ। इसकी प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :—

1) यह रेल मार्ग रोहा (महाराष्ट्र) को कर्नाटक के मंगलौर से जोड़ता है। यह 760 किमी लंबा है।

2) यह रेलमार्ग 146 नदियों व धाराओं तथा 2000 पुलों एवं 91 सुरंगो को पार करता है।

3) इस मार्ग पर एशिया की सबसे लम्बी (6.5 कि.मी.) सुरंग भी है।

4) इस परियोजना में कर्नाटक, गोवा तथा महाराष्ट्र राज्य शामिल है।

**प्रश्न 13. भारतीय रेल की मुख्य समस्याएँ क्या हैं?**

उत्तर :
- मरूस्थली क्षेत्रों में रेत के टिब्बे के कारण तथा वन प्रदेश व दलदली क्षेत्रों में रेलमार्ग में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।
- पहाड़ी क्षेत्रों पर तथा नदियों पर पुल बनाना अत्यधिक खर्चीला होता है।
- भारत/रेलवे का पुराना–संरचनात्मक ढांचा भी एक बहुत बड़ी समस्या है।

**प्रश्न 14. मुक्त आकाश नीति क्या है?**

उत्तर : सरकार ने अप्रैल 1992 में भारतीय निर्यातकों को मदद देने तथा उनके निर्यात को प्रतियोगिता पूर्ण बनाने के लिए नौभार के लिए एक मुक्त आकाश नीति शुरू की थी। इसके अन्तर्गत विदेशी निर्यातक का संगठन कोई भी मालवाहक वायुयान देश में ला सकता है।

**प्रश्न 15. भारत में उपग्रह संचार के किन्हीं तीन लाभों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर :
- उपग्रह, संचार की एक विधा है और ये संचार के अन्य साधनों का नियमन करते हैं।
- उपग्रह के उपयोग से एक विस्तृत क्षेत्र का सतत् व सारिक दृश्य प्राप्त होने के कारण यह आर्थिक व सामरिक कारणों से महत्त्वपूर्ण है।
- उपग्रह से प्राप्त चित्रों द्वारा मौसम का पूर्वानुमान व प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।
- सीमा क्षेत्रों की चौकसी के लिए भी उपग्रह अति महत्त्वपूर्ण हैं।

**प्रश्न 16. ''नगरीय क्षेत्रों में बढ़ता हुआ परिवहन व संचार तन्त्र हमारा विकास तो कर रहा है साथ ही कई प्रकार की समस्याओं को भी जन्म दे रहा है।'' इस कथन को उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : नगरीय क्षेत्रों में बढ़ता परिवहन व संचार तन्त्र जहाँ ट्रैफिक जाम व वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं को बढ़ा रहा है वहीं पहाड़ी व पठारी क्षेत्रों में यह कई और समस्याओं को भी जन्म दे रहा है। जैसे 2013 की हिमाचल सुनामी (केदारनाथ में) इसी का परिणाम है।

- नगरीय क्षेत्रों में बढ़ता परिवहन एवं संचार तन्त्र अनेक बीमारियों को

जन्म दे रहा है।

- नगरों में बढ़ती भीड़–भाड़ पर्यावरण प्रदूषण, तनाव व सामाजिक समस्याओं को जन्म दे रहा है।
- आज हमारा इको तन्त्र भी प्रभावित हो रहा है।

**प्रश्न 17. 'सीमा सड़क संगठन' की स्थापना कब व क्यों हुई?**

उत्तर : मई 1960 में 'सीमा सड़क संगठन' की स्थापना, देश की उत्तरी व उत्तरी–पूर्वी सीमा से सही सड़कों के सुधार के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने तथा रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। यह एक अग्रणी बहुमुखी निर्माण अभिकरण है। इसने अति ऊँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में चंडीगढ़ को मनाली व लेह से जोड़ने वाली सड़क बनाई।

**प्रश्न 18. 'देश की प्रगति में रेलवे का गहन योगदान है।' स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**भारतीय रेल मेंवाष्पचालित इंजनों के स्थान पर डीज़ल व विधुत इंजन को लाया गया है। कथन की समीक्षा करे।**

उत्तर : भारतीय रेल जाल विश्व के सर्वधिक लम्बे रेल जालों में से एक है। देश के आर्थिक विकास में इसका अत्याधिक योगदान है :–

1) रेलों द्वारा कोयला सबसे अधिक ढोया जाता है। इसके अधिक भारी कच्चे माल की ढुलाई भी रेल द्वारा होती है।
2) रेल तैयार माल को भी विभिन्न बाजारो तक पहुँचाती है।
3) विदेशों से आयातित माल को आन्तरिक भागों के बाजारों तक भी रेल पहुँचाती है।
4) कोयले द्वारा चलित वाष्प इंजनों के प्रतिस्थापन से रेलवे स्टेशनों के पर्यावरण में सुधार हुआ है।

इस प्रकार रेल यात्रियों को व माल को भारी संख्या में दूर–दराज के स्थापनों तक ले जाती है और साथ ही कृषि व उद्योगों के विकास की गति को तेज़ कर देश के आर्थिक विकास में भी आवश्यक योगदान देती है।

**प्रश्न 19. पाइप लाइन परिवहन की विशेषताएँ बताइए।**

**अथवार**

**परिवहन साधन के रूप में पाइपलाइनों की महत्ता के किन्हीं पाँच बिंदुओं का विश्लेषण कीजिए। (CBSE-2019)**

उत्तर : 1) किसी भी प्रकार की जलवायु में धरातल पर आसानी से बिछाई जा सकती है।

2) लम्बे समय तक उपयोग करने पर सस्ती पड़ती है।

3) समय की बचत होती है।

4) प्रदूषण नहीं करती।

5) तरल व गैसीय–पदार्थो के परिवहन के लिए उपयोगी है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 20. भारत में परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में सड़क परिवहन अधिक उपयोगी क्यों माना जाता है?**

उत्तर : 1) सड़के अपेक्षाकृत अधिक उबड़–खबड़ और ढलुआ भूमि पर भी बनाई जा सकती है।

2) सड़के द्वार से द्वार तक सेवा प्रदान करती है।

3) सड़क परिवहन अन्य परिवहन के साधनों की पूरक हैं।

4) शीघ्र खराब होने वाले सामान जल्दी से ढोये जा सकते हैं।

5) थोड़ी दूरी की मात्रा के लिए अपेक्षाकृत अधिक सुविधा जनक है।

6) सड़कों का निर्माण एवं रखरखाव अपेक्षाकृत आसान है तथा लागत कम है।

**प्रश्न 21. भारत में सर्वाधिक प्रभावी व अधुनातन वैयक्तिक संचार प्रणाली कौन–सी है? उसकी विशेषताएं बताओ।**

**अथवा**

**वैयक्तिक संचार तंत्र में इंटरनेट सर्वाधिक प्रभावी संचार प्रणाली है स्पष्ट करें।**

उत्तर : सभी वैयक्तिक संचार तन्त्रों में इंटरनेट सबसे प्रभावी व अधुनातन संचार प्रणाली है। इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं :–

1) इंटरनेट विभिन्न मदों पर विस्तृत जानकारी सहित आंकड़े भी उपलब्ध कराता है।
2) नगरीय क्षेत्रों में इसका व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जाता है।
3) यह उपयोग कर्त्ता को ई–मेल के माध्यम से कम लागत में सूचनाओं की अभिगम्यता प्रदान करते है।
4) ई–कामर्स तथा इलेक्ट्रिक लेन–देन के लिए यह अधिकाधिक प्रयोग में लाया जा रहा है।
5) इमेल के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त होती।

**प्रश्न 22. भारत में अन्य सड़कों की श्रेणी के अन्तर्गत कौन–सा दो प्रकार की सड़के शामिल हैं – वर्णन करो।**

उत्तर : भारत में अन्य सड़कों के दो प्रकार :–

1) सीमावर्ती सड़कें
2) अन्तर्राष्ट्रीय महामार्ग

**सीमावर्ती सड़कें :–**

1) सीमावर्ती सड़कें सीमा सड़क संगठन के अन्तर्गत आती है।
2) देश के उत्तरी एवं उत्तरी पूर्वी सीमा से सटे राज्यों के आर्थिक विकास एवं रक्षा दृष्टि से इन सड़कों का विकास किया गया।
3) बी.आर.ओ. ने चण्डीगढ़ से मनाली होते हुए लेह तक औसतन 4270 मीटर वाली सड़क का निर्माण किया।

**अन्तर्राष्ट्रीय महामार्ग:–**

1) पड़ोसी राष्ट्रो से सद्भावना व मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों को बनाये रखने के लिए इनका विकास किया गया।
2) लाहौर को दिल्ली से बाघा बोर्डर के द्वारा जोड़ा गया तथा इसी प्रकार पड़ोसी देशों नेपाल व बांग्लादेश को अन्तर्राष्ट्रीय महामार्गो के द्वारा जोड़ा गया है।

**प्रश्न 23. "भारतीय रेल नेटवर्क माल ढुलाई एवं यात्रियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है और साथ ही भारत के आर्थिक विकास में योगदान देता है।" भारतीय रेलवे के अब तक के सुधारों को देखते हुए उपयुक्त कथन को सत्यापित करें। (CBSE-2012)**

**उत्तरः** (i) भारतीय रेल द्वारा मीटर तथा नेरो गेज को ब्राँड गेज में बदलने के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू किया गया है।

(ii) वाष्पचलित इंजनो के स्थान पर डीज़ल और विद्युत इंजनों को लाया गया है।

(iii) रेलों की गति बढ़ने के साथ–साथ उनकी ढुलाई क्षमता भी बढ़ गयी है। मेट्रो रेल शुरू की गयी है।

(iv) रेलमार्गों का विस्तार अन्य राज्यों में भी किया गया है। कोंकण रेलवे का निर्माण किया गया है जो भारतीय रेल की बड़ी उपलब्धि है जिसके कारण पश्चिमी तट के साथ–साथ मुम्बई –मंगलौर थिरुवन्तपुरम तक यात्रा सम्भव  हो सकती है।

(v) रेलवे आरक्षण को कम्प्युटराइज्ड किया गया तथा रेलवे स्टेशनों व रेलगाड़ियों में सुविधाओं को उन्नत किया गया है।

**प्रश्न 24. ''भारत में सड़कों का वितरण नहीं है'' उपयुक्त तर्कों के द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। (CBSE-2015, 2016 Compt.)**

**अथवा**

**भारत में सड़क धनत्व को निर्धारित करने वाले काराकों की विवेचना करे।**

**उत्तरः** सड़कों के असम वितरण के लिए उत्तरदायी कारक हैः–

(a) न्यू भाग–(i) पर्वत (ii) पठार (iii) मैदान तथा (iv) मरूस्थल

(b) आर्थिक विकासः (i) कृषि विकास (ii) औद्योगिक विकास

(c) जनसंख्या वितरणः (i) उच्च (ii) मध्यम (iii) निम्न

(d) सरकारी नीतियाँ

(e) जलवायु

(विस्तार करें)

**प्रश्न 25. भारत के अंतः स्थलीय जलमार्ग प्राधिकरण की भूमिका की परख कीजिए। अन्तः स्थलीय जल परिवहन, परिवहन की एक महत्वपूर्ण विधा क्यों हैं? (CBSE-2016)**

**उत्तरः** (a) (i) राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास  अनुरक्षण तथा नियमन के लिए अतः स्थलीय प्राधिकरण 1986 में स्थापित किया गया।

(ii) इस प्राधिकरण ने तीन अतः स्थलीय जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया।

(iii) प्राधिकरण ने 10 अन्य जलमार्गों की पहचान की जिनका कोटि उत्तपन (upgradahon) किया जा सकेगा।

(b) **अतः स्थलीय जल परिवहन की महत्ता:–**

(i) यह परिवहन का सस्ता साधन है। स्थल व भारी सामग्री के परिवहन के लिए उपयुक्त है मार्गों के निर्माण एवं रखरखाव पर खर्च नहीं होता

(ii) यह ईंधन–दक्ष तथा परिस्थितिकी अनुकूल प्रणाली है।

(iii) यात्री तथा माल वहन दोनों के लिए परिवहन की एक महत्वपूर्ण विद्या है।

**प्रश्न 26. भारत में रेल परिवहन आम जनता के लिए परिवहन की मुख्य विधा लगातार क्यों बना हुआ है। स्पष्ट कीजिए। (CBSE-2016)**

**उत्तरः** (i) भारतीय रेल जाल विश्व के सर्वाधिक लंबे रेल जालों में से एक है।

(ii) यह माल एंव यात्री परिवहन को सुगम बनाने में योगदान देता है।

(iii) यह देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देता है।

(iv) यह विविध संस्कृति के लोगों को एक साथ लाने का अनूठा कार्य करता है।

(v) भारतीय रेल देश को उत्तर से दक्षिण तथा पश्चिम से पूर्व को जोड़ती है।

(vi) यह परिवहन का एक सस्ता साधन है।

**भारत के प्रमुख रेमलंडल व उनके मुख्यालय :–**

| **रेल–मंडल** | **मुख्यालय** |
|---|---|
| सेंट्रल | मुंबई (सी.एस.टी.) |
| ईस्टर्न | कोलकाता |
| ईस्ट सेंट्रल | हाजीपुर |
| ईस्ट कोस्ट | भुवनेश्वर |
| नार्दन | नई दिल्ली |
| नार्थ सेंट्रल | इलाहाबाद |
| नार्थ इस्टर्न | गोरखपुर |
| नार्थ ईस्ट फ्रंटियर | मालीगाँव (गुवाहाटी) |
| नार्थ वेस्टर्न | जयपुर |
| सदर्न | चेन्नई |
| साउथ सेंट्रल | सिकंदराबाद |
| साउथ ईस्टर्न | कोलकाता |

| | |
|---|---|
| साउथ ईस्ट सेंट्रल | बिलासपुर |
| साउथ वेस्टर्न | हुबली |
| वेस्टर्न | मुंबई (चर्च गेट) |
| वेस्ट सेंट्रल | जबलपुर |

**प्रश्न 27. "भारत का सड़क जाल संसार के विशालतम सड़क जालों में से एक है"। उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि करें।**

उत्तर : 1) भारतीय सड़कों की कुल लंबाई 54.8 लाख किलोमीटर है।

2) प्रतिवर्ष सड़को द्वारा लगभग 85 प्रतिशत यात्री तथा 70 प्रतिशत भर यातायात का परिवहन किया जाता है।

3) सड़को का संकेद्रण नगरों एवं उनके आस पास के क्षेत्रों व ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों से रहा है।

4) सड़को के विकास हेतु अनेक परियाजनाओं को लागू किया गया।

5) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांवो को अन्य सड़कों से जोड़ा गया।

6) अनेक सुपर एक्सप्रेस वे का निर्माण किया गया।

**प्रश्न 28. भारत में जल परिवहन के महत्व का विशलेषण करे तथा इसकी लोकप्रियता कम होने के कारण बताइए।**

**अथवा**

**"भारत में जलमार्ग परिवहन की एक महत्वपूर्ण विधा है"। कथन के प्रकाश में जल परिवहन के महत्व को स्पष्ट करे। (CBSE 2019)**

**अथवा**

**"भारत में जलमार्ग यात्री तथा माल वहन दोनों के लिए परिवहन की एक महत्वपूर्ण विधा है"। उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। (CBSE 2019)**

उत्तर 1. यह परिवहन का सबसे सस्ता साधन है।

2. भारी एवं स्थूल सामग्री के परिवहन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

3. इसमें मार्ग बनाने की आवश्यकता नहीं होती।

4. भारत तीन ओर से जल से घिरा है। तथा लंबी तट रेखा है।

5. यह ईधन दक्ष तथा पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन प्रणाली है।

6. जलमार्ग देश के परिवहन में लगभग 1 प्रतिशत का योगदान देता है।

7. इसके अंतर्गत नदियाँ, नहरे, पश्चजल व संकरी खाड़ियाँ आदि आती है।

जल परिवहन की लोकप्रियता कम होने के कारण

1. रेल साधन से प्रतिस्पर्धा

2. सिंचाई के कारण जल का व्यपवर्तन

3. जल निकायों का खराब रखरखाव।

**प्रश्न 29. भारत में पाइपलाइनें परिवहन हेतु अत्यधिक सुविधाए एवं सक्षम परिवहन प्रणाली है। कथ्ज्ञन की परख कीजिए। (2019 CBSE)**

उत्तर 1. पाईप लाइनों के द्वारा ठोस पदार्थो को भ्ज्ञी घेल या गास में बदल कर परिवहित किया जा सकता है।

2. तेल और प्राकृतिक गैस को ताप संयंत्र केंद्रो औश्र उर्वरक संयंत्र को भेजा जाता है।

3. पश्चिम भारत में अंकेलेश्वर कोयली, मुंबई–हाई कोयाली तथा हजीरा वियजपुर – जगदीशपुर का निर्माण किया गया है।

4. गुजरात से मथुरा तक गैस लाईन बिछाई गई ।

5. यह परिवहन का सुरक्षित साधन है।

**प्रश्न 30. राष्ट्रीय महामार्ग की विशेषतायें लिखिये।**

**अथवा**

**भारत के राष्ट्रीय महामार्गो की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (CBSE-2018)**

उत्तर : 1) इन मार्गों को केंद्र सरकार द्वारा निर्मित एवं अनुरक्षित किया जाता है।

2) इन मार्गों का उपयोग अंतर्राज्यीय परिवहन, सामरिक क्षेत्रों तक रक्षा

सामग्री एवं सेना के आवागमन के लिये होता है।

3) ये मार्ग राज्यों की राजधानियों, प्रमुख नगरों, महत्वपूर्ण पत्तनों तथा रेलवे जंक्शनों को जोड़ते हैं।

4) 2008–09 में इन मार्गों की कुल लम्बाई 70934 थी।

5) ये मार्ग देश की कुल सड़कों की लम्बाई का 1.67 प्रतिशत है।

6) इन मार्गों का रखरखाव NHAI (भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण) करता है।

**भारत के प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे–**

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली | – | इन्दिरा गांधी हवाई अड्डा |
| मुंबई | – | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हवाई अड्डा |
| चेन्नई | – | मीनाम्बकम् हवाई अड्डा |
| अमृतसर | – | राजासांसी हवाई अड्डा |
| तिरूवन्तपुरम | – | तिरूवन्तपुरम हवाई अड्डा |

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

**प्रश्न 31. ऐसा विकल्प चुने जो गोल्डन चतुर्भुज द्वारा जोड़े गए शहरों के सही नाम दर्शाता हो।**

**1. आगरा – बड़ोदरा – मदुरै – पुर्णिया**

**2. दिल्ली – मुंबई – चैन्नई – कोलकाता**

**3. चण्डीगढ़ – अहमदाबाद – विजयवाड़ा – खड़गपुर**

**4. श्रीनगर – जयपुर – बंगलौर – वाराणासी**

उत्तर : 2. दिल्ली – मुंबई – चैन्नई – कोलकाता

**प्रश्न 32. पूर्व पश्चिम गलियारा जोड़ता है।**

**1. सिलचर और पोरबंदर को**

**2. श्रीनगर और कन्याकुमारी को**

**3. पोरबंदर और गुवहाटी को**

**4. सिलचर और चुरू**

उत्तर 1. सिलचर और पोरबंदर को

**प्रश्न 33. संकीर्ण गेज के रेल की चौड़ाई कितनी होती है?**

**1. 0.762 मीटर** **2. 0.742 मीटर**

**3. 0.752 मीटर** **4. 0.772 मीटर**

उत्तर 1. 0.762 मीटर

**प्रश्न 34. निम्नलिखित में से कौन सा राजमार्ग वाराणसी कन्याकुमार को जोड़ता है।**

**1. एन एच 5** **2. एन एच 7**

**3. एन एच 11** **4. एन एच 9**

उत्तर 2. एन एच 7

**प्रश्न 35. "ऑल इंडिया रेडियो" को वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है?**

**1. दूरदर्शन** **2. लोकवाणी**

**3. आकाशवाणी** **4. बुलेटिन**

उत्तर 3. आकाशवाणी

**प्रश्न 36. एन आर एस ओ का कार्यलय कहा स्थित है?**

**1. मुंबई** **2. हैदराबाद**

**3. पुना** **4. दिल्ली**

उत्तर 2. हैदराबाद

**प्रश्न 37. गलत युग्म की पहचान करे**

| I | II |
|---|---|
| **रेलवे जौन** | **मुख्यालय** |
| **1. वेस्टर्न** | **मुंबई** |
| **2. नार्दन** | **नई दिल्ली** |
| **3. नार्थ ईस्टर्न** | **हाजीपुर** |
| **4. ईस्टर्न** | **कोलकाता** |

उत्तर 3. नार्थ ईस्टर्न

**प्रश्न 38. निम्नलिखित में से कौन सा संचार साधन वैयक्तिक नहीं है?**

**1. सम्मेलन** **2. इंटरनेट**

**3. तार** **4. फैक्स**

उत्तर 1. सम्मेलन

**प्रश्न 39. भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय जलमार्ग कौन सा है?**

**1. रा. ज. मा. 2** **2. रा. ज. मा. 5**

**3. रा. ज. मा. 1** **4. रा. ज. मा. 4**

उत्तर 3. रा. ज. मा. 1

# अध्याय–11

# अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

## अवधारणा मानचित्र



## सारणी

| पतन | राज्य | प्रमुश विशेषता | पृष्ठ प्रदेश |
|---|---|---|---|
| 1. कांडला | गुजरात | भारी मात्रा में पेट्रोलिम उर्वरकों को ग्रहण करना। | |
| 2. मुंबई | महाराष्ट्र | देश का सबसे बड़ा पतन। विदशी व्यापार का अधिकांश भार संचालित करता हैं। क्योंकि उत्तरी अफ्रीका, उत्तर अमेरिका व यूरोप के सामान्य मार्ग के निकट स्थित है। | मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व राजस्थान। |
| 3.जवाहरलाल नेहरू/ नहाशेवा | महाराष्ट्र | विशालतम कंटेनर पतन है। | |
| 4. मार्मागाओ | गोआ | जुआरी नदमुख के मुहाने पर स्थित प्राकृतिक बंदरगाह | कर्नाटक, गोआ, दखिणी महाराष्ट्र |
| 5. न्यूमंगलौर | कर्नाटक | लौह अयस्क के निर्यात की आवश्यकता की पूर्ति | कर्नाटक |

| पतन | राज्य | प्रमुश विशेषता | पृष्ठ प्रदेश |
|---|---|---|---|
| 6. कोच्चि | केरल | प्राकृतिक बंदरगाह स्वेज कोलंबो मार्ग के पास अवस्थित | केरल दक्षिणी कर्नाटक व दक्षिणी पश्चिमी तमिलनाडु |
| 7. कोलकाता | कोलकाता / हुगली की नदी | नदी द्वारा लाई गई गाद की प्रमुख समस्या अधिक संकुलता नेपाल व भूटान को सेवाएँ प्रदान करता है। | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, प. बंगाल, सिक्किम |
| 8. हल्दिया | कोलकाता | कोलकाता की संकुलता कम करने के लिए बनाया गया। | |
| 9. पारादीप | उड़ीसा | सबसे गहरा पोताश्रय | उडीसा झारखण्ड, छत्तीसगढ़ |
| 10. विशाखापट्नम | आंध्रप्रदेश | भू आबद्ध पतन लोह अयस्क, पेट्रोल का निपटान करता | आंध्रप्रदेश व तेलगाना |

| पतन | राज्य | प्रमुश विशेषता | पृष्ठ प्रदेश |
|---|---|---|---|
| 11. चेन्नई | तमिलनाडू | पुराना व कृत्रिम पतन<br>उथले जल के कारण<br>विशाल पोतो के प्रतिकूल है। | तमिलनाडु व पुडुच्चेरी |
| 12. एन्नोर | तमिलनाडू | चेन्नई पतन के दबाव को कम करने के लिए निर्मित | |
| 13. तूतीकोरिन | तमिलनाडू | चेन्नई पतन के दबाव को कम करने के लिए निर्मित। | |

## लघुउतरीय प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. भारत के विदेशी व्यापार की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए?**

उत्तर : (i) भारत का विदेशी व्यापार सदा ही प्रतिकूल रहा है। (ii) आयात का मूल्य निर्यात के मूल्य से सदा ही अधिक रहा है। विश्व के सभी देशों के साथ भारत के व्यापारिक संबंध है। (iii) वस्त्र, अयस्क व खनिज, हीरे आभूषण तथा इलेक्ट्रानिक वस्तुएँ भारत के मुख्य निर्यात है। पेट्रोलियम हमारे देश का सबसे बड़ा आयात है।

**प्रश्न 2. पृष्ठ प्रदेश किसे कहते हैं? (CBSE-2011, 2016)**

उत्तर : **पृष्ठ प्रदेश** :– (i) वह क्षेत्र जो इसकी सेवा करता है तथा इससे सेवा प्राप्त करता है बन्दरगाह का पृष्ठप्रदेश कहलाता है। (ii) पृष्ठ प्रदेश की सीमाओं का सीमांकन मुश्किल होता है क्योंकि यह क्षेत्र सुस्थिर नहीं होता। (iii) अधिकतर मामलों में एक पत्तन का पृष्ठ प्रदेश दूसरे पत्तन के पृष्ठ प्रदेश का अतिव्यापन कर सकता है।

**प्रश्न 3. भारत के निर्यात में परम्परागत वस्तुओं के निर्यात में कमी आई है।' इस कथन की पुष्टि उचित उदाहरणों से कीजिए।**

उत्तर : (i) भारत के निर्यात में परम्परागत वस्तुओं के निर्यात में कमी आई है। कृषि उत्पादों के अन्तर्गत कॉफी, मसाले, चाय व दालों जैसी परम्परागत वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आई है।

(ii) जिसका मुख्य कारण है – कड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा। इस क्षेत्र में श्रीलंका हमारा प्रमुख प्रतिस्पर्धा है।

(iii) वस्त्रोद्योग क्षेत्र में भी भारत पर्याप्त उपलब्धि नहीं प्राप्त कर सका। इसमें चीन व अन्य पूर्व एशियाई देश हमारे प्रमुख प्रतिस्पर्धी है।

**प्रश्न 4. मुम्बई पत्तन देश को सबसे बड़ा पत्तन है, कैसे?**

उत्तर : 1) यह एक प्राकृतिक बन्दरगाह है, जहां गहरे जल के कारण बड़े–बड़े जहाजों के लिए सुरक्षित सुविधाएं हैं।

2) यह पत्तन मध्यपूर्व, भूमध्य सागरीय देशों, उत्तरी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोप के देशों के सामान्य मार्ग के निकट है।

3) यह भारत का एक महत्त्वपूर्ण औद्योगिक व व्यापारिक केन्द्र है।

**प्रश्न 5. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से देश कैसे लाभ प्राप्त करते हैं? वर्णन कीजिए।**

उत्तर : (i) आज की जटिल अर्थव्यवस्था से बड़े से बड़ा राष्ट्र भी पूर्णतया

आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है। प्रत्येक देश में कुछ वस्तुएं उसकी आवश्यकता से अधिक है तो कुछ वस्तुएं कम होती है।

(ii) इस प्रकार प्रत्येक देश अपनी आवश्यकता से कम वस्तुएं आयात करता है तथा अधिक वस्तुओं का निर्यात करता है, जिससे सभी देशों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

(iii) किसी देश की आर्थिक उन्नति उसके अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर काफी हद तक निर्भर करती है।

**प्रश्न 6. पत्तनों को ''अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार'' क्यों कहते हैं?**

उत्तर :
- समुद्री पत्तन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार कहते हैं।
- पत्तन जहाज के लिए गोदी, सामान, उतारने लादने तथा भंडारण की सुविधाएं प्रदान करते हैं।
- पत्तन अपने पृष्ठ प्रदेशों से वस्तुएं इकट्ठा करने का काम करते हैं, जहां से उन वस्तुओं को अन्य स्थानों पर भेजा जाता है।

**प्रश्न 7. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये भारत में कई प्रयास किये। ऐसे किन्हीं तीन प्रयासों का उल्लेख करें।**

उत्तर : भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रारूप लगातार बदलता रहा है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् हमारे वैदेशिक व्यापार मूल्य में काफी वृद्धि हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए किए गए प्रमुख प्रयास हैं :–

1) भारत सरकार द्वारा उद्योगों में उदारीकरण की नीति को अपनाया गया।
2) विनिर्माण के क्षेत्र में अत्याधिक विकास।
3) भारत का विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बनना।
4) बाजारों की विविधरूपता।

**प्रश्न 8. 'कोलकाता पत्तन को ब्रिटिश भारत की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था किन्तु अब उसने एक पत्तन के रूप में अपनी सार्थकता काफी हद तक खो दी है। स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**कोलकाता समुद्री पतन के समक्ष उपस्थित प्रमुख समस्या का**

**उल्लेख कीजिए।**

उत्तर : 1) यह पत्तन हुगली नदी द्वारा लाई गाद की समस्या से जूझता रहा है।

2) विशाखापत्तनम प्रायद्वीप और अनुषंगी पत्तन हल्दिया की ओर निर्यात के अधिक परिवर्तन के कारण इस पत्तन ने काफी हद तक अपनी सार्थकता खो दी है

3) इस पतन पर अधिक संकुलता बढ़ गई है।

**प्रश्न 9. भारत के व्यापार की दिशा का वर्णन कीजिये।**

उत्तर : 1) भारत के व्यापार की दिशा में रोचक परिवर्तन हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका जो 2003–2004 में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझीदार था 2011–2012 में वह खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गया।

2) 2016–17 में भारत का अधिकतम आयात असियन देशों के साथ है।

3) भारत इसके अतिरिक्त पश्चिम यूरोप के देशों यू.के., बेल्जियम, इटली, फ्राँस स्विटजरलैण्ड आदि के साथ महत्वपूर्ण व्यापारिक सम्बन्ध बनाये हुये है।

4) कनाडा, रूस, ए एशिया व अफ्रीकी देशों के साथ भी भारत के निरन्तर व्यापारिक सम्बंध है।

